www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 03 अक्टूबर 2023 ■ वर्ष – 65 ■ अंक –169 ■ पृष्ठ –12 ■ मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

PM GatiShakti | आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

## छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को समर्पित मोदी सरकार

## ₹ 26 हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का राष्ट्र को समर्पण और शिलान्यास



### राष्ट्र को समर्पण

**एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का नगरनार स्टील प्लांट**
- बस्तर के स्थानीय समुदाय का सपना हुआ पूरा
- हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार
- भारत और दुनिया के स्टील मानचित्र पर स्थापित हुआ बस्तर

**जगदलपुर-दंतेवाड़ा रेल लाइन का दोहरीकरण**
- बेहतर यात्री और माल परिवहन कनेक्टिविटी
- देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान

**अंतागढ़ – ताड़ोकी नई रेल लाइन**
- छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भाग तक सीधा रेल संपर्क
- आदिवासी बहुल क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक उत्थान का नया युग

**राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (पुराना रा. रा. - 78) के कुनकुरी से छत्तीसगढ़-झारखण्ड सीमा खंड का 2 लेन मय पेव्ड शोल्डर में चौड़ीकरण एवं उन्नयन**
- छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच यात्री और माल की निर्बाध आवाजाही
- जशपुर, सरगुजा एवं आसपास के क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक विकास

### शिलान्यास

**बोरीडांड-सूरजपुर रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना**
- छत्तीसगढ़ को देश के उत्तरी एवं पश्चिमी भाग से जोड़ने का सुविधाजनक मार्ग
- स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन

**अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जगदलपुर रेलवे स्टेशन का उन्नयन**
- स्थानीय पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा
- रेल उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर सुविधाएं

### शुभारंभ

**ताड़ोकी-रायपुर DEMU ट्रेन सेवा**
- अंतागढ़ से तारोकी तक ट्रेन सेवा का विस्तार
- विद्यार्थियों, व्यापारियों और व्यवसायियों को लाभ

## श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर कमलों द्वारा

### गरिमामयी उपस्थिति

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नारायण चंदेल
विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा

श्री दीपक बैज
सांसद

श्री अरुण साव
सांसद

**दिनांक: 3 अक्टूबर, 2023 | समय: 1100 बजे | स्थान: लालबाग मैदान, जगदलपुर**







D-14/23-24

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण DD NEWS पर देखें

## भारतीय रेल

RailMinIndia पर हमें फॉलो करें

CMYK

CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 3 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –169 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23





बिहार सरकार की जातीय गणना रिपोर्ट में कई खामियां : उपेंद्र — पृष्ठ 2

■ भारत-कनाडा बिगाड़ : सावधान, आगे खाई है!
■ स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न मांगने वाले देश से निर्यातक देश में ... — पृष्ठ 6

■ तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने लिया नया संविधान बनाने का संकल्प
■ जस्टिन ट्रूडो की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने की कोशिश ... — पृष्ठ 7

रोइंग में भारत के नाम दो सिल्वर और तीन कांस्य — पृष्ठ 8

# कांग्रेस ने निकाली 90 विधानसभा क्षेत्रों में भरोसा यात्रा

**रायपुर**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने भरोसा यात्रा निकाला। प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में भरोसा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन विधानसभा के सेलूद, गाड़ाडीह, जामगांव, रानीतराई में भरोसा यात्रा में शामिल हुये। प्रभारी कुमारी सेलजा उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव अंबिकापुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत सक्ती, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, सह-सचिव विजय जांगिड़ सरगुजा में शामिल हुये। भरोसा यात्रा में हर विधानसभा क्षेत्रों में मोटर साईकिल रैली भी निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये तथा यात्रा का समापन हर विधानसभा क्षेत्रों में सभा के रूप में हुआ।

## भूपेश बघेल पाटन में हुए शामिल



**बुलेट में निकले भूपेश**- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन विधानसभा में कांग्रेस की भरोसा यात्रा में शामिल हुए। भूपेश बघेल बुलेट में कार्यकर्ताओं के साथ भरोसा यात्रा में निकले। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांधी के सुराज का संदेश दिया।

**कांग्रेस भरोसा यात्रा लोगों की जन भावनाओं का प्रतीक : भूपेश**

कांग्रेस की ओर से आज प्रदेश की हर विधानसभा में गांधी और शास्त्री जयंती पर कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के हर समाज का व्यक्ति कह रहा है कि उसे कांग्रेस पर भरोसा है क्योंकि उसने जो कहा वो किया। दूसरी ओर जब रमन सिंह जी के मुख्यमंत्रित्व काल के 15 बरस पूरे होने जा रहे थे तो समाज का हर वर्ग उनसे दुखी था। भाजपा का हर नेता कमीशनखोरी में डूबा हुआ था। भाजपा के 15 साल में किसानों को न 2100 रूपए प्रति क्विंटल का दाम मिला और न हर साल बोनस का वादा पूरा हुआ।

दूसरी ओर कांग्रेस ने आते ही कर्ज माफी का वादा पूरा किया और प्रदेश के 18 लाख किसानों के 9000 करोड़ का कर्ज माफ किया। किसानों को 2500 रूपए प्रति क्विंटल देने का वादा निभाया और इस साल तो 2640 रूपए मिल रहे है।

भाजपा की मोदी सरकार ने बोनस पर रोक लगाई तो कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू करके इनपुट सब्सिडी देना शुरू किया। आज छत्तीसगढ़ का किसान देश का सबसे खुशहाल किसान है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के आदिवासी देश के सबसे खुशहाल आदिवासी है। भाजपा के राज में आदिवासी महुआ सड़को पर फेंकने पर मजबूर थे, अब कांग्रेस सरकार महुआ 30 रूपए किलो में खरीदती है। इतना ही नहीं अब 7 की जगह 67 तरह के लघु वनोपज समर्थन मूल्य पर खरीदती है। तेंदूपत्ता के संग्राहक खुश हैं कि 2500 की जगह 4000 रुपए प्रति मानक बोरा मिल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की रमन सिंह सरकार ने जनता का भरोसा गंवा दिया था और कांग्रेस की भूपेश सरकार ने जनता का भरोसा जीता है। हर वर्ग का भरोसा जीता है।

# बिहार में ओबीसी, एससी-एसटी की आबादी 84 फीसदी

## जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बना

**पटना**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 27 फीसदी हैं। सबसे ज्यादा 14.26 फीसदी यादव हैं। ब्राह्मण 3.65 फीसदी, राजपूत (ठाकुर) 3.45 फीसदी हैं। सबसे कम संख्या 0.60 फीसदी कायस्थों की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जारी की गई जातीय गणना रिपोर्ट का विवरण साझा करने के लिए मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने राज्य की नौ पार्टियों से इस बैठक में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जातीय गणना और सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी देगी।

**प्रभारी मुख्य सचिव ने जारी की किताब**-बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने जातीय गणना पर एक किताब जारी की है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। इसमें 2 करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। अनुसूचित जाति 19.65फीसदी, अनुसूचित जनजाति 1.68फीसदी और सामान्य वर्ग 15.52फीसदी है।

बिहार की आबादी में करीब 82 फीसदी हिंदू और 17.7 फीसदी मुसलमान हैं। बिहार में 2011 से 2022 के बीच हिंदुओं की आबादी घटी है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 फीसदी और मुस्लिम आबादी 16.9 फीसदी थी।



■ **बिहार में 13 करोड़ 7 लाख से ज्यादा है आबादी**
■ **गणना के अनुसार 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं**
■ **सबसे कम संख्या 0.60 फीसदी कायस्थों की संख्या**
■ **मुख्यमंत्री नीतीश ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक**

**जातीय गणना के आंकड़े**

| वर्ग | आंकड़े (प्रतिशत में) |
|---|---|
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 36 फीसदी |
| पिछड़ा वर्ग | 27 फीसदी |
| अनुसूचित जाति | 19.65 फीसदी |
| अनुसूचित जनजाति | 1.68 फीसदी |
| सामान्य वर्ग | 15.52 फीसदी |

**धर्म के आधार पर आबादी**

| धर्म | - | आबादी |
|---|---|---|
| हिंदू | - | 81.99 |
| मुस्लिम | - | 17.7 |
| ईसाई | - | 0.057 |
| सिख | - | 0.011 |
| बौद्ध | - | 0.085 |
| जैन | - | 0.009 |
| अन्य | - | 0.127 |

बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी, एसटी की आबादी 84 प्रतिशत हैं। इसलिए भारत के जातिगत आंकड़े जानना ज़रुरी है। जितनी आबादी, उतना हक, ये हमारा प्रण है : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

ये आंकड़े वंचितों, उपेक्षितों और गरीबों के समुचित विकास और तरक्की के लिए समग्र योजना बनाने और हाशिए के समूहों को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने में देश के लिए नजीर पेश करेंगे : लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो

जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है, बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी : नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार

बिहार की आबादी में सबसे ज्यादा अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी है। उन्हें नौकरी में मौजूदा आरक्षण 18 फीसदी दिया जा रहा है। 27 फीसदी ओबीसी के लिए 12 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। मौजूदा समय में बिहार में ईबीसी और ओबीसी को मिलाकर 30 फीसदी के रिजर्वेशन का प्रावधान है। इसमें 18 फीसदी ईबीसी को और 12 फीसदी ओबीसी को आरक्षण मिल रहा है। जबकि जाति आधारित गणना के मुताबिक इनकी संख्या बढ़कर 63 फीसदी हो गई है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति -प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी को किया नमन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर उन्हें नमन किया और विनम्र श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि गांधी जी ने केवल अहिंसा के लिए ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और किसानों के अधिकारों के लिए भी समर्पित भाव से कार्य किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### तृणमूल कांग्रेस का राजघाट पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और अन्य योजनाओं के लिए धन की मांग को लेकर सोमवार को राजघाट पर विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और फिर पार्टी नेताओं के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए।

### जात-पात पर बांटते हैं विकास विरोधी : मोदी

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास विरोधी लोग पहले भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे और आज भी खेलते हैं। वो तब भी जात-पात के नाम पर लोगों को बांटते थे और आज भी यही पाप कर रहे हैं। मोदी का यह बयान बिहार में जातिगत गणना के आंकड़े जारी होने के कुछ देर बाद आया।

### कांग्रेस सांसद राहुल ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था

**अमृतसर।** राज्य में सत्तारूढ़ आप के साथ 'झगड़े' के बीच, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को अपने निजी दौरे पर पवित्र सिख तीर्थस्थल हरमंदिर साहिब, जिसे स्वर्ण मंदिर कहा जाता है, में मत्था टेका। कांग्रेस नेताओं ने कहा, यह निजी दौरा है, राजनीतिक नहीं।

### बसपा, जीजीपी मिलकर लड़ेंगे मप्र विधानसभा चुनाव

**भोपाल।** राज्य में लगातार जनाधार खो रहे दो राजनीतिक संगठनों - बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) ने राज्य की 230 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

# जनता के आक्रोश की अभिव्यक्ति है बस्तर बंद : कांग्रेस

## बस्तर के निवासी, आदिवासी, व्यापारी, मजदूर, किसान, नौकरीपेशा सभी बंद के समर्थन में

**रायपुर**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोदी सरकार द्वारा नगरनार संयंत्र को बेचने के विरोध में कांग्रेस ने बस्तर के लोगों के साथ मिलकर मंगलवार को बस्तर बंद का आह्वान किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बस्तर की जनता के आक्रोश की अभिव्यक्ति है बस्तर बंद। बस्तर के निवासी, आदिवासी, व्यापारी, मजदूर, किसान, नौकरीपेशा सभी बंद के समर्थन में है। बस्तर के आदिवासियों ने अपनी जमीन एनएमडीसी के नगरनार स्टील प्लांट को दी थी। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के जरिए इस जमीन का मकसद बस्तर का विकास था। आदिवासियों ने अपनी जमीन मुआवजे के लिये नहीं दी थी बल्कि इसलिए दी थी कि आने वाले समय में उनको रोजगार मिल सके और साथ ही क्षेत्र का विकास हो।



श्री शुक्ला ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट को विनिवेश सूची में डाले जाने पर मजदूर संगठनों, किसानों में भारी नाराजगी दिखाई थी। इसके विरोध में वर्तमान मुख्यमंत्री और तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल के नेतृत्व में विशाल पदयात्रा निकाली गई। जिसमें 10 ग्राम पंचायत के प्रभावित किसान, 12 गांवों के हितग्राही और संयुक्त मजदूर किसान संगठन, स्टील श्रमिक यूनियन भी शामिल थे। कांग्रेस की ओर से सरकार बनने से पहले विधानसभा अशासकीय संकल्प लाया गया था और सरकार बनने के बाद बकायदा शासकीय संकल्प लाकर इसके बेचने का विरोध किया गया था। उस संकल्प में कांग्रेस सरकार की ओर से कहा गया था कि अगर मोदी सरकार इसे बेचना ही चाहती है तो इसे राज्य सरकार को सही कीमत लेकर बेच दे और राज्य सरकार इसे चलाएगी। लेकिन केंद्र सरकार ने नियमों में परिवर्तन करके राज्य सरकार को बोली लगाने से रोक दिया है। साफ है कि मोदी सरकार इसे अपने मित्र उद्योगपतियों को बेचना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता नगरनार मामले में चुप्पी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# आज बस्तर आएंगे पीएम मोदी



■ **26 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास**

**रायपुर**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ आएंगे। वह लगभग 11 बजे अपराह्न में जगदलपुर, बस्तर पहुंचकर 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का इस्पात संयंत्र भी शामिल है। लगभग तीन बजे पूर्वाह्न में प्रधानमंत्री तेलंगाना के निजामाबाद पहुंचेंगे, जहां वे बिजली, रेल व स्वास्थ्य जैसे महत्त्वपूर्ण सेक्टरों की लगभग 8000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को गति देने की पहल के अनुकूल प्रधानमंत्री बस्तर जिले में नगरनार स्थित एनएमडीसी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी सड़क हादसे में घायल, रायपुर रिफर

**जगदलपुर/बीजापुर**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक विक्रम मंडावी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि मंडावी के कंधे की हड्डी फैक्चर हुई है। उन्हें रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है। यह हादसा मोदकपाल थाना क्षेत्र में भरोसे की यात्रा के दौरान हुआ है।



मिली जानकारी के मुताबिक, विधायक मंडावी बीजापुर से भरोसे के सम्मेलन में शामिल होने कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधियों के साथ मद्देड के लिए रवाना हुए थे. इस दौरान मोदकपाल के पास बाइक से गिरने से विधायक विक्रम मंडावी सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष घायल हो गए। बेहतर इलाज के लिए विधायक मंडावी और नगर पालिका अध्यक्ष को जिला चिकित्सालय लाया गया है। बताया जा रहा कि इस हादसे में विधायक विक्रम मंडवी का कालर बोन टूट गई है। उन्हें एयर एंबुलेंस से रायपुर लाया जा रहा है।

# 3 लाख के इनामी आतंकी सहित 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने फरार चल रहे आईएसआईएस के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। वह पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था और दिल्ली में रह रहा था। उस पर 3 लाख रुपए का इनाम था। शाहनवाज पर आईएसआईएस मॉड्यूल से संबंध रखने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक शाहनवाज से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया दिल्ली पुलिस ने एनआईए के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ मोहम्मद अरशद वारसी और रिजवान नाम के संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है।



■ पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था शाहनवाज

**बम बनाने का सामान बरामद**-अधिकारियों ने बताया कि इनके पास से बम बनाने की ट्यूब, केमिकल्स और प्लास्टिक भी बरामद हुई है। इसके अलावा इनके पास से पिस्तौल और कारतूस भी मिले हैं। इतना ही नहीं उनके पास से बम बनाने का लिटरेचर भी बरामद हुआ है। इसमें कैसे केमिकल को प्रोक्योर करना है? कैसे बम बनाना है? जैसी जानकारी दी गई है। पुलिस के मुताबिक उसने वैस्टर्न इंडिया, सदर्न इंडिया, गुजरात और अहमदाबाद में रेकी की थी।

# भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 50 से ज्यादा नाम तय

**रायपुर**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली में रविवार को हुई बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 50 से ज्यादा सीटों पर नाम तय हो गया है. संभवतः आज या कल बीजेपी की दूसरी जारी हो सकती है. जानकारी के मुताबिक बिरनपुर हिंसा में मारे गये भुवनेश्वर साहू के पिता को टिकट मिल सकती है. वहीं ईश्वर साहू को साजा से उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा है. इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव लोरमी से उम्मीदवारी कर सकते हैं. वहीं पूर्व सीएम रमन सिंह राजनांदगांव से ही चुनाव लड़ सकते हैं. साथ ही तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी और विजय शर्मा भी चुनाव लड़ सकते हैं।

## जल्द जारी हो सकती है सूची

**संभावित प्रत्याशियों के नाम-**

राजनांदगांव- डॉ. रमन सिंह
बिलासपुर- अमर अग्रवाल
रामपुर- ननकीराम कंवर
भिलाईनगर- प्रेमप्रकाश पांडेय
बिल्हा- धरमलाल कौशिक
जाँजगीर- नारायण चंदेल
मस्तूरी- कृष्णामूर्ति बांधी
बेलतरा- रजनीश सिंह
कुरुद- अजय चंद्राकर
आरंग- खुशवंत सिंह
बसना- संपत अग्रवाल
साजा- ईश्वर साहू
रायपुर उत्तर- पुरंदर मिश्रा
रायपुर दक्षिण- बृजमोहन अग्रवाल
रायपुर पश्चिम- राजेश मूणत
रायपुर ग्रामीण- मोतीलाल साहू
लोरमी- अरुण साव
तखतपुर- धर्मजीत सिंह
वैशालीनगर- रिकेश सेन
बैकुंठपुर- भैयालाल राजवाड़े
कोटा- प्रबल प्रताप सिंह
पत्थलगांव- गोमती साय
रायगढ़- ओपी चौधरी
कवर्धा- विजय शर्मा
डोंगरगांव- भरत वर्मा
नारायणपुर- केदार कश्यप
जगदलपुर- किरण देव
बीजापुर- महेश गागड़ा
कोंडागांव- लता उसेंडी
अंतागढ़- विक्रम उसेंडी
धरसींवा- अनुज शर्मा
बलौदाबाजार- टंकराम वर्मा
बेमेतरा-राहुल टिकरिया
भरतपुर सोनहट- रेणुका सिंह
महासमुंद- योगेश्वर सिन्हा
जशपुर- रायमुनि भगत
सीतापुर- रामकुमार टोप्पो
चन्द्रपुर- संयोगिता सिंह जूदेव
पाली तानाखार- रामदयाल उइके
कटघोरा- प्रेम पटेल
जैजेपुर-कृष्णकांत चंद्रा
पामगढ़- संतोष लहरे
डौंडी लोहारा- वीरेंद्र साहू
दुर्ग शहर- गजेंद्र यादव
दुर्ग ग्रामीण- ललित चंद्राकर
मनेंद्रगढ़- श्याम बिहारी जयसवाल
भाटापारा-शिवरतन शर्मा
पंडरिया- विश्वेसर पटेल
मुंगेली- पुन्नूलाल मोहिले

# महाराष्ट्र में ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचला

**बुलढाणा**, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बुलढाणा में नांदुरा-मलकापुर राज्य राजमार्ग पर एक भयानक दुर्घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचल दिया। इस हादसे में पांच की मौके पर ही मौत हो गई। मलकापुर के एसडीपीओ देवराम गवली ने कहा कि यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई, जब सेब की खेप से लदा एक ट्रक हाइवे से उतरकर सड़क मरम्मत कार्यों में लगे 10 श्रमिकों पर चढ़ गया। पुलिस ने बताया कि चालक मौके से भाग गया। एसडीपीओ देवराम गवली ने बताया कि पीड़ित मुख्य सड़क से काफी दूर थे और ऐसा लग रहा था कि ट्रक रास्ता भटक गया था, जिससे यह त्रासदी हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी। उसने ट्रक छोड़ दिया। फिलहाल वह फरार है और हमने उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस भीषण हादसे में पांच श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच अन्य बुरी तरह घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है।

# मणिपुर में छात्रों की हत्या मामले में चार गिरफ्तार

**इंफाल**, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। मणिपुर में 2 छात्रों की हत्या के आरोप में सीबीआई ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें 2 महिलाएं हैं। इन्हें चुराचांदपुर से पकड़ा गया है। जांच एजेंसी सभी आरोपियों को असम के गुवाहाटी ले गई है। गिरफ्तार लोगों में हत्या का मुख्य आरोपी और उसकी पत्नी भी है। मुख्यमंत्री एन बीरेन ने भी चार लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इनके नाम पाओमिनलुन हाओकिप, एस. मालस्वान हाओकिप, लिंग्नेइचोन बाइट और टिन्नुपिंग हैं। उन्होंने कहा कि हम दोषियों को मौत की सजा दिलाएंगे।

उधर, चार आरोपियों के गिरफ्तारी का विरोध भी शुरू हो गया है। चुराचांदपुर में प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तार लोगों को बेकसूर बताते हुए 48 घंटे में रिहाई की मांग की। उन्होंने रविवार रात से जिले में बंद का ऐलान कर दिया। इसके बाद राज्य में सेल्युलर इंटरनेट बैन 6 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया। वहीं, लापता बच्चों के परिजन ने दैनिक भास्कर से कहा कि जब तक शव बरामद नहीं हो जाते, तब तक उन्हें शांति नहीं मिलेगी। मणिपुर में 23 सितंबर को इंटरनेट बहाली के बाद मैदानी इलाकों से 27 और पहाड़ से 14 युवाओं के गायब होने की जानकारी सामने आई थी। इनका अब तक पता नहीं चला है।

कुकी संगठन ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पर कुकी समाज के 2 नाबालिगों सहित 7 लोगों के अपहरण का आरोप लगाया है।

**सम्मान** | चिकित्सा में 2023 के नोबेल का ऐलान- प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास के लिए किया काम

# कोरोना के खिलाफ टीकों के लिए कैटालिन व वीसमैन को पुरस्कार

**स्टॉकहोम, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। हंगेरियन-अमेरिकी बायोकेमिस्ट कैटालिन कारिको और अमेरिकी चिकित्सक-वैज्ञानिक ड्रू वीसमैन को कोविड-19 टीकों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) तकनीक विकसित करने के लिए मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है।**

*नोबेल समिति ने सोमवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए प्रदान किया गया है, जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास को सक्षम किया है।*

***नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने की घोषणा***

*इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की।*

*चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हो गई है। अब मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और गुरुवार को साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा होगी। इसके अलावा नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में इस पुरस्कार के विजेता की घोषणा नौ अक्टूबर को की जाएगी। पुरस्कारों में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी दस लाख अमेरिकी डॉलर या दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। धनराशि अवॉर्ड के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की छोड़ी हुई वसीयत से आती है। 1896 में उनका निधन हो गया था।*

**जनता का प्यार मुझे हर प्रदर्शन में अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित करती है : वरुण शर्मा**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण शर्मा, जिन्होंने 'फुकरे' फ्रेंचाइजी में चूचा का किरदार निभाया है, ने कहा कि यह फिल्म उनके दिल में एक विशेष स्थान रखती है। उन्हें यह अविश्वसनीय लगता है कि वह अभी भी दर्शकों को कैसे हंसा रहे हैं। हाल ही में, मुंबई के सबसे आइकॉनिक सिंगल-स्क्रीन सिनेमा में से एक, गेयटी गैलेक्सी में एक ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने वरुण के टैलेंट की पुष्टि की, उन्होंने 'फुकरे' फ्रेंचाइजी में चूचा के रूप में अपनी भूमिका दोहराई थी। इसके बारे में बात करते हुए, वरुण ने कहा कि दर्शकों से इतना प्यार पाकर मैं वास्तव में विनम्र महसूस कर रहा हूं। जनता का प्यार और स्वीकार्यता ही मुझे हर प्रदर्शन में अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित करती है।

# बच्चों में मोटापे के जोखिम को बढ़ा सकते हैं फिजी पेय पदार्थ

## शिशु के आहार पैटर्न की शुरुआत में सोडा देना, बचपन में ही शरीर में वसा के स्तर को प्रभावित करना है



**न्यूयॉर्क,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। शिशुओं को शुरुआत में फॉर्मूला मिल्क और फिजी (गैस मिश्रित) पेय पदार्थ देने से बचपन से ही शरीर में वसा के उच्च स्तर का खतरा बढ़ जाता है। एक शोध में पाया गया कि जिन शिशुओं को कम से कम छह महीने या उससे अधिक समय तक स्तनपान कराया गया था, उनमें नौ साल की उम्र तक शरीर में वसा का प्रतिशत उन लोगों की तुलना में कम था, जिन्हें छह महीने तक स्तन का दूध नहीं मिला था। अमेरिका में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो अंसचुट्ज मेडिकल कैंपस की एक टीम के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला, 'जिन बच्चों को 18 महीने से पहले सोडा नहीं दिया गया था, उनमें भी नौ साल की उम्र में वसा का द्रव्यमान कम था।' जर्मनी के हैम्बर्ग में यूरोपियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज (ईएएसडी) की चल रही वार्षिक बैठक में प्रस्तुत निष्कर्ष इस सिद्धांत का समर्थन करता है कि जिस तरह से बच्चे को बचपन में खिलाया जाता है, वह बाद में जीवन में मोटापे के प्रति उनकी संवेदनशीलता से जुड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालय की प्रमुख शोधकर्ता कैथरीन कोहेन ने कहा कि शिशु के आहार पैटर्न, विशेष रूप से

- **शिशुओं को कम से कम छह महीने तक कराया गया स्तनपान**
- **700 से अधिक मां-बच्चे के जोड़ों के डेटा का किया विश्लेषण**

छोटी स्तनपान अवधि, शुरुआत में सोडा देना और उनके संयुक्त प्रभाव बचपन में ही शरीर में वसा के स्तर को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अध्ययन इस कमजोर जीवन चरण के दौरान बच्चे को बिना किसी पोषण मूल्य वाला ऊर्जा-सघन पेय सोडा देने में देरी करने के संभावित महत्व का भी समर्थन करता है। टीम ने 700 से अधिक मां-बच्चे के जोड़ों के डेटा का विश्लेषण किया। भर्ती के समय माताओं की औसत आयु 29 वर्ष थी, 51 प्रतिशत शिशु लड़के थे।

इसके बाद शोधकर्ताओं ने शिशुओं को स्तनपान की अवधि (छह महीने या अधिक बनाम छह महीने से कम) के अनुसार समूहीकृत किया, जिस उम्र में उनके बच्चे को पूरक आहार देना शुरू किया गया था। (चार महीने या उससे पहले या पांच महीने और उससे अधिक)। साथ ही जिस उम्र में उन्हें सोडा से परिचित कराया गया था उस पर थी बात रखी। (18 महीने या अधिक बनाम 18 महीने से कम)। उन्होंने पाया कि जिन शिशुओं को छह महीने से कम समय तक स्तनपान कराया गया था, उनमें नौ साल की उम्र में औसतन छह महीने या उससे अधिक समय तक स्तनपान करने वाले शिशुओं की तुलना में शरीर में 3.5 प्रतिशत अधिक वसा थी।

# तनाव पाचन समस्याओं का प्रमुख कारण



**लखनऊ,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट की समस्याओं का तनाव से क्या संबंध है? लगभग 80 प्रतिशत मामलों में तनाव गैस, कोलाइटिस और अमाइलॉइडोसिस जैसी विभिन्न पाचन समस्याओं को पैदा करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (आईएसजी), उत्तर प्रदेश चैप्टर के विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया है। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. पुनित मेहरोत्रा ने कहा कि कई स्टडी में पाया गया है कि तनाव मस्तिष्क और आंत के बीच संचार को बाधित कर सकता है, जिससे विभिन्न प्रकार की पाचन समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

यह आंत के संकुचन और विश्राम को परेशान करता है जो यह निर्धारित करता है कि भोजन आंतों के माध्यम से कितनी तेजी से आगे बढ़ता है। इससे विभिन्न समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अंत:स्रावी तंत्र शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को सक्रिय करने के लिए स्टेरॉयड हार्मोन का उत्पादन बढ़ाता है, जिसमें कोर्टिसोल भी शामिल है। यह पाचन को भी प्रभावित कर सकता है और आंतें किन पोषक तत्वों को अवशोषित करती हैं। उन्होंने कहा कि पुराने तनाव वाले व्यक्तियों में चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम (आईबीएस), सूजन आंत्र रोग (आईबीडी) और पेप्टिक अल्सर जैसे विकार होने की अधिक संभावना है। इस बीच, केजीएमयू के मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर सुमित रूंगटा ने एनएएफएलडी (गैर-अल्कोहल फैटी लीवर रोग) के बढ़ते मामलों का हवाला दिया। रूंगटा ने कहा कि दो दशक पहले, यह उन मरीजों में होता था, जो शराब का सेवन करते थे या हेपेटाइटिस बी या सी से पीड़ित थे।



# सेकंड प्रग्नेंसी की अफवाहों के बीच पैपराजी से बचती नजर आई अनुष्का शर्मा, वीडियो वायरल

**मुंबई,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की प्रेग्नेंसी की अफवाह जोरों पर है। उन्होंने फोटोग्राफरों को पोज देने से इनकार कर दिया, जिससे उनकी प्रेग्नेंसी की अटकलों को और हवा मिल गई। एक्ट्रेस के दूसरी बार प्रेग्नेंट होने की खबर है। हालांकि कपल ने अभी तक सेकंड प्रग्नेंसी की अनाउंसमेंट नहीं की है। हालांकि, हाल ही में जो वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, उसमें अनुष्का ढीले कपड़ों में अपनी कार की सीट पर बैठी हैं और फोटो खिंचवाने से बचने की कोशिश कर रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वीडियो प्रेग्नेंसी के दावे सामने आने से पहले लिया गया था। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ आदित्य चोपड़ा निर्देशित फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली अनुष्का ने दिसम्बर 2017 में भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली से शादी की। दंपति ने 11 जनवरी, 2021 को अपने पहले बच्चे, बेटी वामिका का स्वागत किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्ट्रेस जल्द ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक में नजर आएंगी। यह फिल्म 5 साल के अंतराल के बाद अनुष्का की स्क्रीन पर वापसी का प्रतीक है और नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# सारेगामा ने शुरू किया कॉन्टेस्ट हम भोजपुरी सुपरस्टार

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। सारेगामा ने कॉन्टेस्ट हम भोजपुरी सुपरस्टार शुरू किया है। सारेगामा इंडिया के एक्सक्यूटिव वॉइस प्रेसिडेंट कुमार अजित ने बताया कि यदि आपमें गाने और डांस करने की प्रतिभा है तो 'हम भोजपुरी सुपरस्टार' आपके लिए एक परफ़ेक्ट मौका है। इस कांटेस्ट में आपको 45 सेकेंड या उससे ज्यादा में अपना हुनर का प्रदर्शन करते हुए वीडियो बनाकर वाट्सएप नंबर 8657008866 पर भेजना है और हम भोजपुरी सुपर स्टार बनने का मौका पाना है।

उन्होंने कहा कि अक्सर कहा जाता है कि भोजपुरी में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन बेहतर मंच नहीं मिलने की वजह से वे गुमनामी में खो जाते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जिनमें प्रतिभा है और जिनको लगता है कि उन्हें कोई मौका नहीं मिल रहा है, वे अब 2 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक हम भोजपुरी सुपरस्टार कॉन्टेस्ट में भाग ले सकते हैं। कुमार अजित ने बताया कि जब सब लोग अपने सिंगिंग और डांसिंग के वीडियो 30 नवम्बर तक सबमिट कर देंगे, उसके बाद 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक उनकी स्क्रूटनी की जाएगी और सबसे पहले टॉप 100 का सलेक्शन होगा। जिसे सारेगामा हम भोजपुरी द्वारा प्रशिक्षित भी किया जाएगा। उसके बाद टॉप 50, टॉप 20 और टॉप 10 का सेलेक्शन होगा। अंत में जनवरी महीने में टॉप 5 प्रतिभागियों का चयन होगा और उन्हें सारेगामा अपने लेवल से सुपर स्टार के रूप लॉन्च करेगी। इसमें मेल और फ़ीमेल दोनों शामिल हो सकते हैं।

इस अवसर पर सारेगामा के संजय चौरसिया, निशांत, नेहा, श्रीरंग, सिद्धार्थ, गायिका शिल्पी राज, गायक रंजीत सिंह, विजय चौहान, शिवम् सिंह, रंजन सिन्हा, अभय पांडेय के साथ अन्य कलाकार उपस्थित थे।

# माहिरा खान ने अपने प्रेमी सलीम करीम से की शादी



**मुंबई,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तानी स्टार माहिरा खान, जिन्होंने 2017 की भारतीय फिल्म 'रईस' में शाहरुख खान के साथ अभिनय किया था, ने अपने ब्वॉयफ्रेंड सलीम करीम के साथ शादी कर ली है। माहिरा ने वीकेंड पर शादी की और ये उनकी दूसरी शादी है। 2007 में उन्होंने अपने पहले पति अली अस्करी से शादी की थी। हालांकि, 2015 में दोनों अलग हो गए। उनका एक 13 साल का बेटा अजलान है। माहिरा की मैनेजर मलीहा रहमान द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में एक्ट्रेस को शानदार आइवरी पेस्टल लहंगे में देखा जा सकता है। वह घूंघट में नजर आ रही हैं। दोनों एक दूसरे को गले लगाते दिख रहे है।

मलीहा रहमान ने कैप्शन में लिखा कि माहिरा खान और सलीम करीम के लिए प्यार और प्रार्थना, उनकी शादी के इस खूबसूरत छोटे वीडियो में देखा जा सकता है। उनका आने वाला जीवन खुशियों से भरा रहे।

माहिरा हफीज खान ने अपने करियर की शुरुआत 2006 में वीजे के रूप में की थी। एक्ट्रेस को रोमांटिक-ड्रामा 'हमसफर' में खिरद हुसैन की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। उन्होंने बड़े पर्दे पर आतिफ असलम के साथ रोमांस फिल्म 'बीओएल' से डेब्यू किया। उन्होंने सफल पाकिस्तानी फिल्म 'बिन रोये', 'हो मन जहां' और 'सुपरस्टार' में भी काम किया है। उन्होंने स्पोर्ट्स वेब सीरीज 'बरवान खिलाड़ी' से बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू किया था।

# गांधीवादी विचारधारा के बहुत बड़े प्रशंसक हैं अभिनेता इकबाल खान

**मुंबई,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। लोकप्रिय टीवी अभिनेता मोहम्मद इकबाल खान ने गांधी जयंती के अवसर पर कहा कि वह गांधी जी की विचारधारा के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। अभिनेता ने कहा कि मैं गांधीवादी विचारधारा का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। इसे 1893 से 1914 तक दक्षिण अफ्रीका में और बाद में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वयं महात्मा गांधी द्वारा तैयार किए गए सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक विचारों के संग्रह के रूप में समझा जा सकता है।

'क्रैकडाउन', 'कैसा ये प्यार है' जैसे शो में अपने अभिनय से पहचान बनाने वाले इकबाल ने जिक्र किया कि वह सत्य और अहिंसा की उस विचारधारा का पालन करते हैं जो गांधी ने देश को सिखाया था। अभिनेता ने कहा कि सत्य और अहिंसा गांधीवादी विचारधारा के दो बुनियादी आधार हैं। 'सत्य और अहिंसा' शब्द संस्कृत के लिया गया है। अभिनेता ने कहा कि गांधी के सत्य का मतलब अपने प्रति और दुनिया के प्रति सच्चा होना था। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को न केवल सच बोलना चाहिए बल्कि अपने कर्मों और आचरण में भी सच्चा होना चाहिए। अभिनेता ने आगे कहा कि अहिंसा की बात करें तो, गांधी ने अहिंसा को न केवल हिंसा की अनुपस्थिति के रूप में देखा, बल्कि एक ऐसी चीज के रूप में भी देखा जिसमें प्रेम शामिल है। उन्होंने कहा था कि किसी और पर हिंसा करना भी स्वयं पर हिंसा है। अभिनेता ने कहा कि अपने दैनिक जीवन में मैं सही काम करने और बाकी सब भगवान पर छोड़ने और अपने अधिकारों के लिए खड़े होने में विश्वास करता हूं।

# खाने के शौकीन होने के चलते चैताली और भाविन के बीच बनी खास बॉन्डिंग



**मुंबई,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिंगर-कंपोजर चैताली छाया ने हाल ही में अपना ट्रैक 'आई लव यू मेरी जान' जारी किया है। उन्होंने अभिनेता भाविन भानुशाली के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया है, जो 'सोशल करेंसी' और 'दे दे प्यार दे' में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। भाविन 'आई लव यू मेरी जान' के म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे। कंपोजर ने साझा किया कि खाने के बेहद शौकीन होने के चलते दोनों के बीच खास जुड़ाव हो गया।

'आई लव यू मेरी जान' में एक आकर्षक धुन और एक प्रभावशाली लय है जो इसे आगामी उत्सवों के लिए एक आदर्श साउंडट्रैक बनाती है। चैताली ने इससे पहले 'ड्रीमगर्ल 2' की 'मैं मरजावांगी', जिसमें आयुष्मान खुराना थे और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में भी काम किया है। एक्टर के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, सिंगर-कंपोजर ने कहा कि भाविन भानुशाली जनरेशन-जेड के दिल की धड़कन हैं इसलिए वह 'आई लव यू मेरी जान' के लिए बिल्कुल उपयुक्त थे। उनके साथ काम करना रोमांचक था और वह किसी आनंद से कम नहीं था। उन्होंने आगे बताया कि इसके अलावा, हम दोनों बहुत ज्यादा खाने के शौकीन हैं!



# सोशल मीडिया की थकान आपको विश्वास करने, गलत सूचना साझा करने पर कर सकती है मजबूर

**सिंगापुर,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि जो लोग सोशल मीडिया से थक गए हैं या उत्साहित हैं वह गलत सूचनाओं पर विश्वास करते हुए उन्हें ऑनलाइन साझा करते हैं। गलत सूचना के उदाहरण के रूप में कोविड-19 फर्जी खबरों का उपयोग करते हुए अध्ययन में पाया गया कि सोशल मीडिया की थकान का अनुभव करने वाले आत्ममुग्ध व्यक्ति गलत सूचना साझा करने की अधिक संभावना रखते हैं। साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित यह अध्ययन सिंगापुर, संयुक्त राज्य अमेरिका, मलेशिया, चीन, थाईलैंड, वियतनाम, इंडोनेशिया और फिलीपींस के प्रतिभागियों के 8,000 से अधिक सर्वेक्षण प्रतिक्रियाओं पर आधारित है।

नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर (एनटीयू सिंगापुर) के शोधकर्ताओं ने कहा कि लाखों उपयोगकर्ता समाचार और मनोरंजन के स्रोत और संचार के साधन के रूप में सोशल मीडिया पर भरोसा करते हैं, इसलिए सोशल मीडिया की थकान और इसके परिणामों को संबोधित करना जरूरी है।

एनटीयू के वी किम वी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड इंफॉर्मेशन में सहायक प्रोफेसर, प्रमुख लेखक सैफुद्दीन अहमद ने कहा कि सोशल मीडिया की थकान सूचना का अधिभार पैदा करती है जो सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के संज्ञानात्मक निर्णय को बाधित करती है।

ऐसी परिस्थितियों में, व्यक्ति अभिभूत हो जाते हैं और अपने सामने आने वाली गलत सूचनाओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने के लिए संघर्ष करते हैं, चाहे वह कोविड-19 से संबंधित हो या अन्य विषयों से संबंधित हो।

सोशल मीडिया थकान के इस प्रभाव का एक और स्पष्टीकरण यह है कि कैसे सोशल मीडिया एल्गोरिदम विवादास्पद सनसनीखेज और भावनात्मक रूप से आरोपित सामग्री को प्राथमिकता देते हुए कार्य करते हैं। ऐसी सामग्री के बार-बार संपर्क में आने से व्यक्ति इसे सटीक मान सकते हैं। अहमद ने कहा कि हमने दिखाया है कि व्यक्ति अपनी संज्ञानात्मक क्षमता और आत्ममुग्धता जैसे गहरे व्यक्तित्व लक्षणों के कारण अनजाने में गलत सूचना फैलाने में योगदान दे सकते हैं।

सोशल मीडिया साक्षरता के महत्व और सोशल मीडिया थकान को कम करने की पहल पर जोर देते हुए निवारक उपायों को आकार देने के लिए इस तरह की अंतर्दृष्टि का लाभ उठाया जा सकता है। इसके अलावा टीम ने पाया कि सभी आठ देशों में आत्ममुग्धता में उच्च अंक और संज्ञानात्मक क्षमता में कम अंक पाने वाले व्यक्तियों में सोशल मीडिया की थकान के कारण गलत सूचना साझा करने की सबसे अधिक संभावना थी।

अहमद ने समझाया कि उच्च स्तर की थकान के साथ ये व्यक्ति गलत सूचना साझा कर सकते हैं क्योंकि वे आलोचनात्मक सोच लागू किए बिना ध्यान आकर्षित करने और सामाजिक प्रभाव हासिल करने की कोशिश कर रहे होंगे।

# एलओसी से सटे गुरेज में किसान आलू दफनाने को कोल्ड स्टोरेज नहीं जमीन का करते हैं इस्तेमाल

■ सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। जैसे ही उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले की गुरेज़ घाटी में सर्दी की ठंडक महसूस होने लगती है, गहरी परंपराओं और अपनी भूमि से गहरा संबंध रखने वाले स्थानीय किसान कोल्ड स्टोरेज के लिए सदियों पुरानी प्रथा को अपनाते हैं और ताजा आलुओं को वे जमीन में दफना देते हैं ताकि सर्दियों के भयानक दिनों में वे जीवित रहने के लिए उनका इस्तेमाल कर सकें। दरअसल बर्फ से जमी हुई धरती के नीचे आलू को दफनाने की कालातीत तकनीक आने वाले कई महीनों तक उनके संरक्षण और उपयोगिता को सुनिश्चित करती है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह प्राचीन भंडारण विधि गुरेज के लिए अद्वितीय नहीं है, यह पूरे गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रचलित है, जो स्थानीय लोगों की अपने पर्यावरण के अनुकूल ढलने की सरलता और साधन संपन्नता का प्रमाण है।

जमीन से गहरा जुड़ाव रखने वाले एक स्थानीय किसान गुलाम रसूल कहते थे कि हमारे पूर्वजों ने हमें आलू संरक्षण की कला सिखाई थी। हम बर्फ से जमी हुई धरती में गहराई तक खुदाई करते हैं, जैसा उन्होंने किया था, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे आलू उतने ही ताजा रहें जितने पहले थे। वे कहते थे कि यह सिर्फ खेती नहीं है, यह जीवन जीने के तरीके को संरक्षित करना है।

- **प्रत्येक आलू में हमारी विरासत का एक टुकड़ा**

गुरेज की समृद्ध और काली मिट्टी से भरे अपने हाथों से आलुओं को दफनाने की प्रक्रिया में जुटी नसरीना बानो कहती थी कि जब हम अपने आलू को दफनाते हैं, तो हम सिर्फ भोजन का भंडारण नहीं कर रहे हैं, हम कड़ी मेहनत और समर्पण की यादें संग्रहीत कर रहे हैं। प्रत्येक आलू में हमारी विरासत का एक टुकड़ा होता है।

जानकारी के लिए गुरेज घाटी पहले से ही भारत के आलू उत्पादन में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है, जो सालाना लगभग 15,000 टन इस स्टार्चयुक्त प्रधान पदार्थ का उत्पादन करती है। हालांकि, जो चीज गुरेज को अलग करती है वह है इसकी अनूठी जलवायु और उपजाऊ मिट्टी, जो इसे आलू की खेती के लिए एक आदर्श क्षेत्र बनाती है। समुद्र तल से लगभग 8,000 फीट की ऊंचाई वाली यहां की ऊंचाई अद्वितीय चुनौतियां प्रस्तुत करती है, लेकिन कृषि के लिए विशिष्ट लाभ भी प्रस्तुत करती है।

इस साल की शुरुआत में, वैश्विक खाद्य और पेय पदार्थ कंपनी पेप्सिको तब सुर्खियों में आई जब उसने गुरेज के किसानों से आलू खरीदने की योजना की घोषणा की। वर्ष 1989 में भारतीय बाजार में प्रवेश करने वाली अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगम पेप्सिको का यह कदम सुदूर घाटी और इसकी पारंपरिक कृषि पद्धतियों को सबके समक्ष उजागर करता था।

यही नहीं कश्मीर के सबसे खूबसूरत गांवों में से एक तुलैल गांव, इस कृषि उद्यम में सबसे आगे है। यहां लगभग हर परिवार अपनी आजीविका के लिए आलू की खेती पर निर्भर है। तुलैल के निवासियों के लिए, उनके आलू सिर्फ फसल नहीं हैं, वे गर्व और जीविका का स्रोत हैं।

वर्ष 2015 में कश्मीर को पर्यटन के लिए खोले जाने के बाद गुरेज घाटी के आलू उद्योग की संभावनाएं सामने आईं। इसकी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता की ओर आकर्षित पर्यटकों की आमद ने घाटी की कृषि पेशकशों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से, लगभग 40,000 लोगों की आबादी वाली वैली, हर साल लगभग छह महीने तक कश्मीर के बाकी हिस्सों से कटी रहती है, जिससे चिकित्सा और आवश्यक आपूर्ति की कमी होती है।

रायपुर, मंगलवार 3 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# पुरानी पेंशन योजना लागू करे केन्द्र

पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में शासकीय कर्मचारियों का विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया था जिसमें 20 राज्यों के लाखों कर्मचारी शामिल हुए। इसका आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के तत्वावधान में किया गया था। 'पेंशन शंखनाद महारैली' के नाम से आयोजित इस रैली का उद्देश्य मौजूदा राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के बजाय पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाना था। इतनी विशाल संख्या में हुए प्रदर्शन से साफ है कि कर्मचारियों का रुझान पुरानी पेंशन योजना की ओर है और उसे नयी पेंशन योजना बिलकुल रास नहीं आ रही है। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार पुरानी योजना को फिर से लागू करना चाहिये क्योंकि वही कर्मचारियों के पसंद की है और उनके हित में भी।

वैसे तो इस मसले को राजनैतिक दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिये लेकिन यह सच है कि नयी योजना को भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार व उसके शासित ज्यादातर राज्यों की सरकारों का समर्थन है। दूसरी तरफ जहां गैर भाजपायी सरकारें हैं और उन राज्यों के कर्मचारी हैं, वे पुरानी स्कीम चाहते हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पंजाब में तो इसे लागू करने का फैसला भी लिया जा चुका है। रविवार को एकत्र हुआ कर्मचारियों का हुजूम बतलाता है कि यह मुद्दा न केवल इस साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों पर बल्कि 2024 में निर्धारित लोकसभा चुनावों पर भी असर करेगा।

उल्लेखनीय है कि 2004 में यूपीए की सरकार ने पुरानी योजना की जगह पर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की थी जो शेयर बाजार और अन्य निवेशों पर आधारित है। शेयर बाजार की स्थिति के आधार पर रिटर्न का भुगतान होता है। पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) में सेवानिवृत्ति के समय अंतिम मूल वेतन (बेसिक सैलरी) के 50 फीसदी तक निश्चित पेंशन मिलती है। एनपीएस में रिटायरमेंट के समय निश्चित पेंशन की कोई गारंटी नहीं होने से यह कर्मचारियों की पसंद नहीं रह गयी है। पुरानी पेंशन योजना में कर्मचारियों के वेतन से कोई कटौती नहीं होती थी जबकि एनपीएस में कर्मचारियों के वेतन से 10 फीसदी की कटौती होती है। इतना ही नहीं, नई पेंशन स्कीम में ग्रेच्युटी प्राविडेंट फंड उपलब्ध नहीं है। पुरानी पेंशन स्कीम में यह सुविधा कर्मचारियों को मिलती है। पुरानी पेंशन योजना के और भी कई फायदे हैं। ओपीएस में रिटायर होने के बाद कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ता और मेडिकल बिलों की सुविधा भी दी जाती है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 20 लाख रुपये तक की ग्रेजुएटी की रकम भी मिलती है। इस योजना के तहत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के समय की तनख्वाह की आधी राशि के बराबर की पेंशन मिलती है जिसका निर्धारण तत्कालीन वेतनमान एवं महंगाई सूचकांक के अनुसार होता है। साथ ही, कर्मचारी की मौत होने पर यह राशि उसके परिजनों को दी जाती है।

इस तरह देखें तो वर्तमान परिस्थितियों में यही पेंशन स्कीम कर्मचारियों के व्यापक हित में है। तत्कालीन सरकार ने जब इसे बन्द किया था तब का आर्थिक परिदृश्य काफी अलग था। देश की अर्थव्यवस्था बड़ी ऊंचाइयों पर थी। 1991 में आई नयी अर्थप्रणाली ने कार्पोरेट जगत को गतिशील बना दिया था जिसमें शेयर बाजारों में किया गया निवेश शर्तिया तौर पर फायदेमंद साबित होता था। 2008 की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी ने निजी सेक्टर को काफी कमजोर किया था, बावजूद इसके कि भारत पर मंदी का बड़ा असर नहीं पड़ा था, लेकिन शेयरों में निवेश करना जोखिम पर आधारित अधिक हो चला था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के अदूरदर्शितापूर्ण निर्णयों से भारत की अर्थव्यवस्था मुट्ठी भर कारोबारियों के लिये ही फायदेमंद रह गई है। पहले उद्योग-धंधों का स्वरूप विकेन्द्रित था। अब कुछ ही लोगों के शेयर उछाल मारते दिखते हैं जबकि ज्यादातर कम्पनियों के शेयरों में निवेश करना फायदे की गारंटी नहीं रह गई है। पुरानी पेंशन व्यवस्था की मांग करना एवं नयी योजना को नकारना दरअसल निवेश बाजार की गिरती साख का प्रतीक है। कर्मचारियों को पेंशन उनकी उम्र भर की कड़ी मेहनत से अर्जित की हुई होती है जिस पर उसकी सामाजिक सुरक्षा का पूरा भार होता है। इसी पेंशन के बल पर वे अपने बचे सपनों को पूरा करते हैं। बची आयु की रोजी-रोटी का जुगाड़ उसकी पेंशन से ही होता है और उसकी मृत्यु के बाद उसकी विधवा एवं नाबालिग बच्चों का भरण-पोषण भी इसी के जरिये सम्भव है। इस मुद्दे को इस लिहाज से नहीं देखा जाना चाहिये कि इसे किसने लागू किया या बन्द किया। इसका सम्बन्ध लाखों शासकीय कर्मचारियों के जीवन से जुड़ा हुआ है।

कुछ अरसा पहले राजस्थान में पुरानी पेंशन की बहाली का ऐलान सर्वप्रथम हुआ जिसका वहां के कर्मचारियों ने दिल से स्वागत किया है। हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी भी इससे खुश हैं। छत्तीसगढ़ में भी यही स्थिति है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पुरानी स्कीम का समर्थन करते हुए केन्द्र सरकार से निवेदन किया है कि दिल्ली के कर्मचारियों को पुरानी योजना के अनुसार पेंशन देने का ऐलान करे। कर्मचारियों की मांग जायज है अत: केन्द्र सरकार को चाहिये कि उनकी इच्छा के अनुरूप पुरानी पेंशन योजना बहाल करे। देखना होगा कि सामान्य रूप से जायज मांगों को पूरा करने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार इस बार कर्मचारियों की बात मानती है या नहीं। उन्हें इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिये। इससे राजकोष पर भार तो बढ़ेगा लेकिन कर्मचारियों के व्यापक हित में उसे इस पहलू पर ध्यान नहीं देना चाहिये।

# भारत-कनाडा बिगाड़ : सावधान, आगे खाई है!

अक्सर कहा जाता है कि किसी देश की विदेश नीति, उसकी घरेलू नीति का ही विस्तार होती है। लेकिन, हरेक सामान्यीकरण की तरह, इस सूत्र में भी एक हद तक ही सच्चाई है। भारत और कनाडा के रिश्तों में ताजा बिगाड़ के सिलसिले में इस सच्चाई को याद रखना और भी जरूरी है। आखिरकार, कहा-सुनी के ताजा चक्र में कनाडा और भारत, एक-दूसरे पर विदेशी नीति के कदमों से, घरेलू तुच्छ राजनीतिक हित साधने के ही तो आरोप लगा रहे हैं। अगर भारत सरकार, कनाडा की टूडो सरकार पर, अपने राजनीतिक लाभ के लिए, कनाडा को आधार बनाकर खासतौर पर भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगे, खालिस्तान समर्थकों के प्रति नरमी बरतने से लेकर उन्हें संरक्षण देने तक के आरोप लगा रही है, तो दोनों देशों के रिश्तों में मौजूदा बिगाड़ आया ही टूडो के अपने देश की संसद में खड़े होकर यह आरोप लगाने के बाद आया है कि कनाडा निवासी किंतु भारत में आतंकवाद के लिए वांछित, खालिस्तान समर्थक नेता, निज्जर की हत्या में, भारतीय एजेंसियों का हाथ लगता है।

विदेश नीति के कदमों से सीधे-सीधे घरेलू राजनीतिक स्वार्थ साधे जाने के आरोपों के बाद, मामला सिर्फ कहा-सुनी तक सीमित नहीं रह सकता था और नहीं रहा है। टूडो के संसद में उक्त आरोप लगाने के बाद ही, कनाडा ने सुरक्षा मामलों से जुड़े भारत के एक शीर्ष राजनयिक अधिकारी को निष्कासित भी कर दिया तथा बात और भी बिगाड़ते हुए, उसका नाम मीडिया में लीक भी कर दिया। जवाब में भारत ने भी, आरोपों को सिरे से खारिज करने के साथ ही, कनाडा के एक राजनयिक को इसी प्रकार निष्कासित कर दिया। दोनों ओर से एक-दूसरे देश के लिए प्रतिकूल ट्रेवल एडवाइजरी जारी किए जाने के एक चक्र के बाद, अंतत: भारत ने कनाडा के लिए वीजा सेवाओं पर भी रोक लगा दी है। उसके ऊपर से कनाडा पर कूटनीतिक सुविधाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए, उसे भारत में अपने मिशन को सिकोड़ने के लिए भी कह दिया गया।

दुर्भाग्य से, भारत के इस 'मुंह तोड़' जवाब के बाद भी, कनाडा के पांव पीछे खींचने और तनाव में कमी के, कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। उल्टे इस बीच कनाडा ने निज्जर मामले में अपने आरोपों पर यह कहकर जोर और बढ़ा दिया है कि उसके पास भारतीय कूटनीतिज्ञों के संवादों के रूप में खुफिया जानकारियां हैं, जो संदेहों को पुख्ता करती हैं। इस दौरान उसने यह कहकर कि ये साक्ष्य उसे फाइव आईज़ नाम की, पांच पश्चिमी देशों की साझा खुफिया व्यवस्था में शामिल एक अन्य देश के जरिए हासिल हुए हैं, इस मामले में अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी ताकतों को भी खींच लिया है। फाइव आईज़ में अमेरिका तथा कनाडा के अलावा यूके, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड भी शामिल हैं। भारत की मुश्किलें बढ़ाते हुए, अमेरिका समेत इन पश्चिमी ताकतों ने भी इन खुफिया जानकारियों को आम तौर पर स्वीकार ही किया है और कनाडा के आरोपों को गंभीर बताते हुए, भारत से जांच में सहयोग करने का ही आग्रह किया है। अब तक यह भी एक प्रकार से साफ ही हो चुका है कि टूडो जिन खुफिया जानकारियों की दुहाई दे रहे हैं, वास्तव में फाइव आईज़ के हिस्से के तौर पर खुद अमेरिका द्वारा ही मुहैया कराई गई थीं।

जाहिर है कि यहां आकर यह विवाद, महज भारत-कनाडा विवाद नहीं रह गया है बल्कि कहीं बड़ा रूप ले चुका है। वास्तव में इस विवाद के टूडो के संसद के बयान के जरिए सार्वजनिक होने के बाद से, यह जानकारी भी सामने आ चुकी है कि इससे पहले से कनाडा, भारत के साथ यह मामला उठा रहा था। यहां तक कि जी-20 के दौरान, विशेष रूप से मोदी-टूडो की उप-वार्ताओं में न सिर्फ यह मुद्दा उठा था बल्कि उस पर तीखे मतभेद भी सामने आए थे। इतना ही नहीं, उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया था और भारत तथा कनाडा के बीच बात बिगड़ने से बचाने की कोशिश की थी। बहरहाल, इस विवाद के सामने आने के बाद से पश्चिमी ताकतों का आम तौर पर जो रुख देखने को मिल रहा है, उससे इतना तो साफ ही है कि भारत उनसे, बीच-बचाव कराने से ज्यादा मदद या समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है।



राजेन्द्र शर्मा

**कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है।**

इसे देखते हुए, कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है, जिसका वह भारत को और दबाकर अपने खेमे में बांधे रखने के लिए इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेगा। कहने की जरूरत नहीं है कि मोदी राज में भारत में जिस तरह वास्तविकता में कानून का राज कमजोर हुआ है और एन्काउंटर से लेकर बुलडोजर तक के 'न्याय' को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसने शेष दुनिया की नजरों में "यह भारत की नीति नहीं है" के हमारे खंडनों की साख को बहुत घटा दिया है। इज़रायल की मोसाद जैसी एजेंसियों की इसी तरह की कार्रवाइयों को वर्तमान भारतीय शासन किस तरह अनुकरणीय उदाहरण की तरह देखता है, जाहिर है कि यह भी बाकी दुनिया से छुपा हुआ नहीं है। लेकिन, यह किसी को नहीं भूलना चाहिए कि इज़रायल, पश्चिमी ताकतों के समर्थन के बल पर ही, दूसरे देशों की धरती पर अपने विरोधियों को खत्म या लिक्विडेट करने की कार्रवाइयां जारी रखे सका है। और सब कुछ के बावजूद भारत, पश्चिमी ताकतों के वैसे अकुंठ समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है, जैसा समर्थन जाहिर है कि पश्चिम के अपने ही घरेलू राजनीतिक नीतिगत कारणों से, इज़रायल को सहज उपलब्ध है।

इन हालात में भारत को सरकार के घरेलू समर्थकों को संतुष्ट करने के लिए जैसे को तैसा जवाब देने के लालच में फंसने के बजाय, बारीक तथा धीरज की मांग करने वाले, कूटनीतिक तरीकों से ही रिश्तों की इस उलझी हुई गांठ को खोलने की कोशिश करनी चाहिए। कनाडा के लिए वीजा सेवाएं बंद करने जैसे कदम, ऐसी ही जवाबी प्रतिक्रिया के साथ, टकराव को और बढ़ाने के अलावा, कनाडा में रह रही भारतीय मूल के लोगों की खासी आबादी के लिए और कनाडा पढ़ने जाने वाले छात्रों की विशाल संख्या के लिए भी, परेशानी बढ़ाने का ही काम करेंगे। याद रहे कि पिछले साल कनाडा ने तीन लाख से ज्यादा भारतीयों के लिए वीजा दिए थे और भारत ने उससे थोड़े ही कम कनाडावासियों के लिए। इस विशाल संख्या को, बिगड़े रिश्ते की गांठ को खोलने के साधन के रूप में इस्तेमाल करने में ही समझदारी है, न कि उसे गुरुगांठ में तब्दील करने का बहाना बनाने में।

इधर देश के अंदर, कनाडा स्थित नामित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी, गुरुपतवंत सिंह पन्नू की पंजाब स्थित संपत्तियों को जब्त करने के फौरन बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआइए) ने अपनी कार्रवाइयों का दायरा और बढ़ाया है। उसने कनाडा, अमेरिका, यूएई, आस्ट्रेलिया आदि में जमे, ऐसे 19 वांछितों की सूची जारी कर, उनके ओसीआई कार्ड रद्द कराने की तथा उनकी भारत स्थित संपत्तियों की पहचान से शुरू कर, आर्थिक मुश्कें कसने की कार्रवाइयां शुरू कर दी हैं। ये कार्रवाइयां सबसे पहले तो इन सभी के लिए भारत के दरवाजे बंद करेंगी। ये कार्रवाइयां चूंकि मूलत: अपने बचाव की कार्रवाइयां हैं, इसलिए इन पर अगर कोई वास्तविक सवाल उठ सकता है तो यही कि ये कदम पहले ही क्यों नहीं उठा लिए गए? जहां तक विदेश में शरण लिए बैठे खालिस्तान का प्रचार करने वालों का सवाल है, सीधे उन पर इन कदमों का खास असर तो शायद नहीं पड़े, पर ये कदम कम से कम उन्हें शरण देने वाले देशों के सामने भारत की चिंताओं की गंभीरता को तो रेखांकित करेंगे ही और उनकी भारतविरोधी गतिविधियों पर कुछ अंकुश लगाने का भी काम कर सकते हैं।

फिर भी इस सिलसिले में यह याद रखना चाहिए कि भारत में खालिस्तानी आतंकवाद-विरोधी सक्रियता, सिर्फ कनाडा आदि में बैठे खालिस्तान समर्थकों पर घेरा कसने का काम ही नहीं करेगी, वह खुद हमारे देश में खालिस्तान समर्थकों को पब्लिसिटी मुहैया कराने का भी काम करती है। दूसरे शब्दों में इस मामले में अनुपात तथा संयम का सहारा लेना इसलिए और भी जरूरी है कि कहीं भेड़िया आया, भेड़िया आया का शोर मचाने के चक्कर में, भेड़िये को न्यौत ही नहीं लिया जाए और पंजाब में, जहां अब तक खालिस्तानी आतंकवाद का शायद ही कोई समर्थन है, वास्तव में यह समस्या खड़ी ही नहीं हो जाए। यही इस मामले में विदेश नीति को संकीर्ण घरेलू नीति का विस्तार बनाने का, सबसे बड़े खतरा है। पंजाब में आतंकवाद के दौर तथा पंजाब के आतंकवाद की समस्या से उबरने के संघर्ष के अनेक प्रेक्षक, यह याद दिलाते हैं कि जिस तरह आतंकवाद की समस्या को विस्फोटक रूप दिलाने में, आतंकवाद-विरोधी छद्म युद्ध के तत्कालीन शासकों के कदमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी, उसी प्रकार मौजूदा शासन का अनुपातहीन सिख-आतंकवाद विरोधी गर्जन-तर्जन, आतंकवाद को पुनर्जीवित करने में ही मददगार हो सकता है। याद रहे कि मौजूदा शासन को, सिख आतंकवाद का हौवा दिखाकर, उसके विरोध के बहाने हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक गोलबंदी को आगे बढ़ाना नागवार नहीं होगा। यह भी याद रहे कि सबसे बढ़कर सिख आतंकवाद/खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों के संदर्भ के चलते, पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही भारत और कनाडा के संबंध काफी खुरदुरे बने रहे थे और पिछले एक-डेढ़ दशक में ही उनमें सुधार हुआ था।

अब्दुर्रहीम खानखाना उर्फ रहीमदास ने कहा है:

"रहिमन देख बड़ेन को, लघु न दीजिए डार।
जहां काम आवै सुई, कहा करै तलवार।"

यह नहीं भूलना चाहिए कि कूटनीति का क्षेत्र, सुई का क्षेत्र है, वहां तलवार चलाना, काम बिगाड़ ही सकता है। बहरहाल, विदेश मंत्री जयशंकर, हाल के संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अमेरिका के दौरे के आखिर तक, जिस तरह के सुर की ओर बढ़ते नजर आए, उससे कुछ उम्मीद बनती है कि वर्तमान भारतीय शासन भी अब तक इस विवाद ने जो रूप लिया है, उस पर शेष दुनिया की प्रतिक्रिया से सबक लेकर, यहां से टकराव की जगह, समाधान का ही रास्ता तलाश करेगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न मांगने वाले देश से निर्यातक देश में बदल दिया

■ **तीर्थंकर मित्र**

हरित क्रांति के वास्तुकार मनकोम्बु संबाशिवम स्वामीनाथन के लिए हरा जीवन का रंग था, जिसने भारत की छवि को भीख मांगने के कटोरे से अन्न भरी टोकरी में बदल दिया। एम एस स्वामीनाथन के मन में जीवन पर्यन्त आखिरी सांस तक यह धारणा बनी रही कि भूख गरीबी का सबसे खराब रूप है।

विचारों और विचारधारा के व्यक्ति, स्वामीनाथन ने चावल और गेहूं की उच्च उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने के लिए साथी वैज्ञानिक नॉर्मनबोरलॉग और अन्य के साथ सहयोग किया। इन उत्कृष्ट कृषि वैज्ञानिकों के कार्य के लिए इससे अधिक उपयुक्त समय पर फलीभूत होने वाला और क्या हो सकता था, क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बड़े पैमाने पर उभर रहे खाद्य संकट से निपटने के लिए राष्ट्र से एक दिन का भोजन छोड़ने का आह्वान किया था।

**कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे, लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।**

देश को खाद्य संकट से उबारने के लिए शास्त्री के पास स्वामीनाथन से बेहतर कोई कप्तान नहीं हो सकता था। सामने आई चुनौती का जवाब देना केरल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के लिए कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं थी।

1943 के मानव निर्मित बंगाल अकाल से बहुत स्वामीनाथन बहुत प्रभावित हुए, जिसके परिणामस्वरूप 30 लाख लोगों की मृत्यु हो गई थी। उस समय वह केरल विश्वविद्यालय के छात्र थे। उन्होंने गरीब किसानों को अधिक उत्पादन करने में मदद करने के लिए कृषि अनुसंधान का उपयोग करने का मन बनाया था। अनजाने में, वह उस व्यक्ति के शब्दों को लागू करने का निर्णय ले रहे थे जिन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कहा था-'कृषि इंतजार नहीं कर सकती।'

कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे, लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।

हालांकि स्वामीनाथन का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन उन्हें जल्द ही यह एहसास हो गया कि भारत में कृषि को अकाल और ग्रामीण आजीविका दोनों से लड़ने के लिए हथियार बनाया जाना चाहिए। उनके साथ काम करने वाले लोगों के साथ मिलकर उनके प्रयासों से चार फसल मौसमों में देश की फसल की पैदावार 120 लाख टन से लगभग दोगुनी होकर 230 लाख टन हो गई।

उपरोक्त आंकड़ों का अक्सर उपहास किया जाता है। लेकिन तथ्य यह है कि इससे अनाज आयात पर देश की निर्भरता ख़त्म हो गई। चीजों की उपयुक्तता में, स्वामीनाथन को उच्च उपज वाले गेहूं और चावल की किस्मों को पुरस्कृत करने में उनकी भूमिका के लिए पहली बार विश्व खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

भारत की अर्थव्यवस्था और स्थिति को बदलने वाले वैज्ञानिक को मैग्सेसे, पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण सहित कई सम्मानों से नवाजा गया, लेकिन भारत रत्न नहीं। शायद उनकी उपलब्धियां इस कसौटी पर खरी नहीं उतरीं और न ही उनकी लॉबी इतनी मजबूत थी।

अगर तत्कालीन महत्वपूर्ण व्यावहारिकता की बात करें तो स्वामीनाथन की विजय अधिक उर्वरक और पानी के अनुप्रयोग के प्रति उत्तरदायी नये सामान्य उपभेदों या 'पौधे के प्रकार' की क्षमता को पहचानने में निहित है। यह याद रखने की जरूरत है कि उनके पास भाखड़ा नांगल बांध और दामोदर घाटी निगम की सुविधाएं थीं। स्वामीनाथन कृषि विज्ञान के नवीनतम विकास से अवगत थे। इसके साथ-साथ उनकी क्षमता भी थी, जो पूरे देश में फसल क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए नौकरशाही कठोरता और राजनीतिक प्रतिष्ठान के माध्यम से काम करने वाले वैज्ञानिकों के समूह के बीच दुर्लभ थी।

भारतीय कृषि क्षेत्र आज बेहतर स्थिति में है। लेकिन अभी एम एस स्वामीनाथन जैसे व्यक्तित्व का अभाव है जो मिशनरी उत्साह के साथ कृषि क्षेत्र के लिए रणनीतिक उद्देश्यों का पालन करेगा।

किसी को सी सुब्रमण्यम और बीशिव रामकृष्णन जैसे मंत्रियों और नौकरशाहों को उनका हक देना चाहिए जो वैज्ञानिक राय को महत्व देते थे और साहसिक निर्णय ले सकते थे। बोरलॉग के मैक्सिकन गेहूं के 18,000 टन बीजों का आयात करना एक ऐसा निर्णय था जिसका उल्लेख किया जाना चाहिए। स्वामीनाथन नहीं रहे, लेकिन उनके विचार और उत्साह अल्पपोषण से लेकर पर्यावरणीय क्षरण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी उभरती चुनौतियों का समाधान निकालने में लगे हुए हैं।

हो सकता है इस राज्य (पंजाब) के मुख्यमंत्री से उर्वरक की बढ़ती कीमतों का कारण पूछने पर एक किसान को जेल में डाल दिया गया होगा, और उर्वरक मूल्य वृद्धि की समस्या ने इस प्रख्यात वैज्ञानिक को परेशान कर दिया होगा, और उन्होंने इसे कम करने के लिए खुद ही रास्ता तैयार कर लिया होगा। स्वामीनाथन के कितने ही सपने अधूरे रह गये। लेकिन उन्हें किसी भी हालत में नहीं छोड़ा जा सकता, अधूरा नहीं छोड़ा जा सकता है।

स्वामीनाथन द्वारा जलाई गई मशाल को आगे बढ़ाना युवा ब्रिगेड पर निर्भर है। वह और उनकी टीम भारत से होने वाले वैश्विक खाद्य निर्यात के 40 प्रतिशत के लिए पूरे श्रेय के पात्र हैं। जलवायु परिवर्तन और घटते संसाधनों के साथ चुनौती बड़ी है। स्वामीनाथन ने इसका पूर्वाभास किया और एक 'सदाबहार क्रांति' की कल्पना की, जिसे 'पारिस्थितिकी क्षति के बिना निरंतर उत्पादकता में सुधार' द्वारा शुरू किया जा सकता है। ऐसी उनकी दृष्टि थी।

## गुरवाणी विचार

# उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे

जीवन पदवी हरि के दास जिन मिलिआ आतम परगसु।
हरि का सिमरन सुन मन कानी सुख पावहि हरि दुआर परनि।
आठ पहर धिआइऔ गोपाल नानक दरसन देख निहाल।

इन पंक्तियों द्वारा पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि ये पंक्तियां गुरु ग्रंथ साहिब के 200 अंग पर सुशोभित है। जो प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन हर वक्त करते रहते हैं। सही मायने में ही प्रभु के दास हैं। हर के सेवक को उच्च आत्मिक दर्जा प्राप्त हो जाता है। उनसे जो भी प्राणी मिलता है उस पर भी इस बात का असर हो जाता है और उन्हें भी आत्मिक ज्ञान मिल पाता है अर्थात उनकी आत्मा को भी प्रकाश मिल जाता है इसीलिए मन को संबोधित करते हुए समस्त जीवों को समझा रहे हैं कि-

ऐ मेरे मन हर वक्त ध्यान लगा कर प्रभु परमात्मा का नाम सुना कर उस की ऐसी संगत में जाया कर जहां केवल प्रभु नाम का कीर्तन कथा होती रहती हो, क्योंकि वहां प्रभु परमात्मा का निवास होता है-विच संगति हरि प्रभु बसे जीओ।

हमें कहीं बैकुंठ जाने का प्रयास नहीं करना है क्योंकि गुरुदेव समझा रहे हैं कि साध संगत में ही बैकुंठ है इसलिए हर वक्त साध संगत में जाकर कीर्तन सुनना, प्रभु परमात्मा का सिमरन करना ही असल बैकुंठ की प्राप्ति है। प्रभु परमात्मा जपते रहने पर प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष नजरें इनायत हो पाएगी। उनकी कृपा दृष्टि मिल जाने पर ही हमारा कल्याण हो पाएगा।

हमें कहीं जंगलों में, पहाड़ों में जाकर तपस्या करने की जरूरत नहीं है परन्तु गृहस्थ जीवन में रह कर अपना कार-विहार करते हुए अपने घर अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए वह भी जरूरी है। कार विहार करते हुए मन प्रभु परमात्मा से जुड़ा रहना चाहिए।

नामा कहे त्रिलोचना मुख ते राम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि-
उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे।

अतएव गृहस्थ आश्रम को सब से अच्छा माना गया है। वन-कंदराओंस में रहने वाले साधु संन्यासी को भी गृहस्थी के घर जाकर भिक्षा मांगनी पड़ती है तभी उनका उदर पोषण हो पाता है। बिना गृहस्थी के उनका भी गुजारा नहीं हो पाता इसीलिए गुरुदेव समझा रहे हैं गृहस्थ में रहकर अपना कार विहार करते हुए मन निरंकार से जुड़े रहना चाहिए।

याद रहे कि हमें हमारे पूर्व जनमों के कुछ अच्छे पुण्य कर्मों के कारण हमें यह मानव जनम मिला है इसलिए हमें चाहिए कि प्रत्येक श्वांस का उपयोग प्रभु सिमरन करने में लगाना है इसलिए गुरवाणी हमें समझा रही है-

राम सिमर राम सिमर ऐहो तेरो काज।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# भारत ग्लोबल साउथ की सशक्त आर्थिक आवाज

भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्तरूप दिया गया था। समय-समय में सरकारें बदलती रहीं और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढ़ता रहा। आज वर्तमान में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है। दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नालॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है। अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति में भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है।

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है। अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का निर्माण करवाया था।

यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है। आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, ब्राजील, इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है।

भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं। गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि- मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्तिसंपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।

**संजीव ठाकुर**

## मिस्त्र में पुलिस मुख्यालय में आग लगने से 25 घायल

**काहिरा।** मिस्त्र के स्वेज नहर शहर इस्माइलिया में एक सुरक्षा निदेशालय में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से कम से कम 25 लोग घायल हो गए। सरकारी नाइल टीवी ने यह जानकारी दी। आग बुझाने के लिए स्थानीय नागरिक सुरक्षा और सशस्त्र बलों को तैनात किया गया है, जबकि आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चला है। इस बीच, घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाने के लिए 30 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गयी हैं। रिपोर्ट में बताया है कि पुलिस मुख्यालय में लगी आग चौथी मंजिल तक पहुंची गयी है।

# देश विदेश

# तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने लिया नया संविधान बनाने का संकल्प



■ सभी राजनीतिक दलों और समाज के सभी वर्गों को इस प्रयास में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया

**अंकारा,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने संसद के नए कार्यकाल में एक नया संविधान बनाने का संकल्प लिया है। राष्ट्रपति ने सभी राजनीतिक दलों और समाज के सभी वर्गों को इस प्रयास में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

एर्दोगन ने संसद के नए विधायी वर्ष के उद्घाटन समारोह में एक भाषण में कहा, अब हमारे सामने एक नया कार्य और एक नया अवसर है। इसका उद्देश्य हमारे देश को एक नया और नागरिक संविधान देना है। उन्होंने कहा, हम सभी दलों, सभी सांसदों (संसद के सदस्यों), सभी सामाजिक वर्गों और इस मुद्दे पर अपनी राय और प्रस्ताव रखने वाले सभी लोगों को रचनात्मक समझ के साथ एक नए संविधान के आह्वान में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। एर्दोगन ने कहा कि उनकी सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए सभी प्रकार के समझौतों के लिए तैयार है, और वे अन्य राजनीतिक अभिनेताओं से भी इसी तरह के रचनात्मक दृष्टिकोण की उम्मीद करते हैं। एर्दोगन वर्तमान संविधान के स्थान पर एक नए संविधान पर जोर दे रहे हैं।

पुराना संविधान 1982 में अनुमोदित किया गया था और तब से इसमें 19 बार संशोधन किया गया है। 2017 में अंतिम संशोधन ने राष्ट्रपति प्रणाली की शुरुआत की और संसदीय प्रणाली को समाप्त कर दिया। 2003 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से एर्दोगन देश का नेतृत्व कर रहे हैं। वह 2017 में एक संवैधानिक जनमत संग्रह के बाद 2018 में तुर्की के पहले कार्यकारी राष्ट्रपति बने, जिसने तुर्की संसदीय प्रणाली को राष्ट्रपति प्रणाली में बदल दिया।

## जस्टिन ट्रूडो की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने की कोशिश शर्मनाक : मस्क



ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्मों के लिए पंजीकरण अनिवार्य करने के बाद दी प्रतिक्रिया

**सैन फ्रांसिस्को,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने सोमवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने की कोशिश के लिए आलोचना की और इसे शर्मनाक बताया।

उन्होंने कनाडा सरकार द्वारा ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्मों के लिए पंजीकरण अनिवार्य करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की। लेखक-पत्रकार ग्लेन ग्रीनवाल्ड ने एक्स पर पोस्ट किया- दुनिया की सबसे दमनकारी ऑनलाइन सेंसरशिप योजनाओं में से एक से लैस कनाडाई सरकार ने घोषणा की है कि पॉडकास्ट की पेशकश करने वाली सभी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवाओं को अनुमति के लिए औपचारिक रूप से पंजीकृत होना चाहिए। ट्रूडो कनाडा में अभिव्यक्ति की आज़ादी को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। शर्मनाक। जब उनके एक अनुयायी ने पोस्ट किया कि ट्रूडो को अपना नाम बदलकर फाल्सेड्यू कर लेना चाहिए, तो टेक अरबपति ने रोते हुए चेहरे वाले इमोजी के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की।

## तुर्की ने कुर्द विद्रोहियों के खिलाफ हवाई हमले किए शुरू

**अंकारा।** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक में हवाई हमले किए और प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 20 ठिकानों को नष्ट कर दिया। देश के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार शाम मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि तुर्की के हवाई हमलों ने गारा, हाकुर्क, मेटिना और कंदील में पीकेके ठिकानों को निशाना बनाया। सैन्य अभियान रविवार सुबह दो हमलावरों द्वारा राजधानी अंकारा में तुर्की के आंतरिक मंत्रालय की इमारत के सामने बम हमले का प्रयास करने के बाद शुरू हुआ, जिसमें दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए। आत्मघाती बम विस्फोट करने के बाद एक हमलावर की मौत हो गई, जबकि दूसरे को पुलिस ने गोली मार दी।

## सुडोकू 6335

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 3 अक्टूबर, 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 5

### राशिफल

मेष -शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ स्वादिष्ट भोजन करने तथा आनंदपूर्वक समय व्यतीत करने का योग बनेगा। भविष्य के लिए आप बेहतर आर्थिक योजना बना सकेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

वृषभ -आज का दिन उत्साह और प्रसन्नतापूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहने से सुख और आनंद की अनुभूति होगी। सगे-संबंधियों या मित्रों से उपहार मिलेगा। कहीं घूमने जाना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को खुशहाल बनाएगा।

मिथुन -आज संयमशील और विचारपूर्ण व्यवहार आपको बहुत से अनिष्टों से बचा लेंगे। आपके वाणी- व्यवहार से गलतफहमी पैदा न हो इस बात का ध्यान रखें। शारीरिक कष्ट, मन को भी अस्वस्थ बनाएंगे।

कर्क -आकस्मिक धन प्राप्ति का लाभ होगा। आज का दिन अत्यंत रोमांचक और आनंदप्रद बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मुनाफा वाले सौदे होंगे। पुत्र और पत्नी से लाभ होगा।

सिंह -आज का दिन नौकरी और व्यवसाय के लिए लाभदायक है। अपने काम से सभी को प्रभावित करेंगे। दृढ़ता और आत्मविश्वास के कारण अपने काम को अच्छी तरह से पूरा कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

कन्या -आपका आज का दिन धार्मिक काम में व्यतीत होगा। किसी धार्मिक स्थान पर जा सकेंगे। विदेश जाने का अवसर मिलेगा। दोस्तों से लाभ मिलेगा। कार्यालय में उच्च अधिकारियों से बातचीत में सावधान रहें।

तुला -आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक -आज आपके दैनिक काम में परिवर्तन हो सकेगा। आज पूरी तरह से मनोरंजन और मौजमस्ती के मूड में रहना चाहेंगे। मित्रों और परिवार के सदस्यों का साथ मिल सकेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

धनु -आज आपको वित्तीय लाभ हो सकेगा। नौकरी में लाभ और आय में वृद्धि होगी। सहकर्मियों से मदद मिलती रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर-परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी।

मकर -आपको मानसिक भय और उलझन रहेगी, जिसके कारण आप को योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। संतान की चिंता हो सकती है।

कुंभ -मन में भय और सुस्ती के कारण आप निराशा का अनुभव करेंगे। परिवार में संघर्ष और निकटस्थ लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। समय पर भोजन नहीं मिल सकेगा। नींद नहीं ले पाएंगे। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मीन -आज नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। भाइयों के साथ आनंद के पल गुजारेंगे। मानसिक स्वस्थता के साथ निर्णय ले सकेंगे। विरोधियों के समक्ष आपकी जीत होगी। किसी के साथ प्रेम संबंध में बंधने की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## सेना प्रमुख तंजानिया की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए सोमवार को तंजानिया की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। मंत्रालय ने कहा कि सेना प्रमुख की यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए है। इसमें कहा गया है कि वह तंजानिया के कई गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा और बैठकों में शामिल होंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा, अपनी यात्रा के दौरान, सीओएएस के तंजानिया गणराज्य की राष्ट्रपति महामहिम सामिया सुलुहु हसन से मुलाकात करने की संभावना है। इसमें कहा गया कि सेना प्रमुख रक्षा मंत्री स्टरगोमेना लॉरेंस टैक्स और रक्षा बल के प्रमुख जनरल जैकब जॉन मकुंडा से भी मुलाकात करेंगे। इसमें कहा गया है कि सेना प्रमुख ज़ांज़ीबार का भी दौरा करेंगे जहां वह राष्ट्रपति हुसैन अली म्विनी से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा 101वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड के कमांडर जनरल सैदी हामिसी सैदी के साथ बातचीत का भी कार्यक्रम है। जनरल मनोज पांडे राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज को भी संबोधित करेंगे और मेजर जनरल विल्बर्ट ऑगस्टीन इबुगे कमांडेंट और संकाय के साथ बातचीत करेंगे।

# मेक्सिको में चर्च की छत गिरने से नौ की मौत



**मेक्सिको सिटी,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। मैक्सिकन शहर स्यूदाद माडेरो में एक चर्च की छत गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई है और 40 अन्य घायल हो गए हैं। मैक्सिकन सार्वजनिक सुरक्षा सचिवालय के क्षेत्रीय विभाग द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तमाउलिपास राज्य के सुरक्षा विभाग ने एक्स लिखा, इस हादसे में नौ लोगों की मौत और 40 के घायल होने की सूचना मिली है। आगे की जानकारी बचाव कार्य पूरा होने के बाद ही मिलेगी। मीडिया ने बताया कि बचावकर्मी अन्य 30 लोगों की तलाश कर रहे हैं जिनके मलबे में फंसे होने की आशंका हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग ने एक्स पर कहा, दस लोगों के मरने और 60 के घायल होने की सूचना है, जिनमें से 23 को अस्पताल ले जाया गया। दो लोगों की हालत नाजुक है।

## मेक्सिको में सड़क दुर्घटना में 10 क्यूबाई प्रवासियों की मौत

मेक्सिको सिटी। क्यूबा के 27 नागरिकों को ले जा रहा एक मालवाहक ट्रक दक्षिण मेक्सिको के सीमावर्ती राज्य चियापास में पलट गया। जिससे उसमें सवार 10 महिलाओं की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि पिजिजियापान-टोनाला राजमार्ग के तटीय क्षेत्र में सुबह-सुबह यह दुर्घटना हुई। बताया गया है कि, प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था, उसने इकाई पर नियंत्रण खो दिया और पलट गई।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**जनता के आक्रोश की ...**

का विरोध किया गया था। उस संकल्प में कांग्रेस सरकार की ओर से कहा गया था कि अगर मोदी सरकार इसे बेचना ही चाहती है तो इसे राज्य सरकार को सही कीमत लेकर बेच दे और राज्य सरकार इसे चलाएगी। लेकिन केंद्र सरकार ने नियमों में परिवर्तन करके राज्य सरकार को बोली लगाने से रोक दिया है। साफ है कि मोदी सरकार इसे अपने मित्र उद्योगपतियों को बेचना चाहती है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता नगरनार मामले में चुप्पी साधे बैठे है। कांग्रेस, भाजपा के बस्तर के और पूरे छत्तीसगढ़ के नेताओं से पूछना चाहती है कि वे नगरनार को बेचने के विरोध में हैं या नहीं? अगर भाजपा के नेताओं ने नगरनार को बेचने का खुला विरोध नहीं किया तो बस्तर के आदिवासी और गैर आदिवासी दोनों इसका जवाब ठीक तरह से देंगे। कांग्रेस पार्टी नगरनार को बचाने के लिए कृतसंकल्प है इसीलिए 3 अक्टूबर को बस्तर बंद का आह्वान किया गया है। बस्तर के आदिवासियों को भाजपा सरकार सिर्फ शोषण का पात्र समझती है यही उसकी भूल है। बस्तर नगरनार को नहीं बिकने देगा। नगरनार को बचाएंगे, बस्तर को बचाएंगे।

**आज बस्तर आएंगे ...**

स्टील लिमिटेड के इस्पात संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। यह संयंत्र 23,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह ग्रीनफील्ड परियोजना का संयंत्र है, जहां उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात निर्मित होगा। नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का इस्पात संयंत्र हजारों लोगों को संयंत्र में और अनुषांगिक व सहयोगी उद्योगों में रोजगार के अवसर देगा। इलाके के सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी लाकर यह संयंत्र बस्तर को दुनिया के इस्पात मानचित्र में दर्ज कर देगा।

देशभर में रेल अवसंरचना में सुधार लाने के बारे में प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना के अनुरूप कार्यक्रम के दौरान अनेक रेल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जायेगा। प्रधानमंत्री अंतागढ़ व तारोकी के बीच नई रेल लाइन और जगदलपुर और दंतेवाड़ा के बीच डबल रेल लाइन परियोजना का लोकार्पण करेंगे। वे बोरीडांड ङ्क सूरजपुर रेल लाइन को दो-तरफा बनाने की परियोजना तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे।

प्रधानमंत्री तारोकी ङ्क रायपुर डेमू रेल सेवा को भी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन रेल परियोजनाओं से राज्य के जनजातीय इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। रेल अवसंरचना में सुधार और नई रेल सेवाओं से स्थानीय लोगों को सुविधा होगी तथा इलाके में आर्थिक विकास को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के 'कुनकुरी से छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा खंड' पर सड़क उन्नयन परियोजना का भी लोकार्पण करेंगे। इस नई सड़क से सड़क कनेक्टिविटी में सुधार आयेगा और क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा।

## वर्ग पहेली 6335

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. सम्मोहित
३. गणेश
५. गर्व, घमंड
६. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
७. श्रीकृष्ण के भाई
८. अंधाधुंध, लगातार
१३.आवरणहीन, उजागर (उर्दू)
१५. प्रारब्ध, भाग्य
१६. मददगार
१७. निखार, दीप्ति
१८. खिताब, पदवी
२०. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
२२. संतुलित नापतौल किया गया
२३. नई नवेली दुल्हन

**ऊपर से नीचे:-**

१. धीमी हँसी
२. गलतफहमी, भ्रम, भ्रांति (उर्दू)
३. अव्यवस्था, घपला
४. पत्थरबाजी
५. अल्पवयस्क, मासूम, निर्दोष
९. हठात्
१०. तहकीकात
११. सौर-मंडल का एक ग्रह
१२. नुमाइंदा
१४. नाक़ाबिलियत
१७. प्रकाशित, आलोकित (उर्दू)
१९. पृथ्वी, संबंधी
२०. विपत्ति, प्रेत-बाधा (उर्दू)
२१. कानन, विपिन

### वर्ग पहेली-6334

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सं | २ तु | ष्ट | ■ | ■ | 3 को | षा | ४ ल | य |
| प | ■ | रं | ■ | ५ बा | व | ला | ■ | ह | ■ |
| ६ ला | ग | त | मू | ल्य | ■ | ७ ह | र | जा | ८ ना |
| भ | ■ | ■ | ■ | ९ का | ज | ल | ■ | ■ | मु |
| ■ | १० अ | स्ता | ११ च | ल | ■ | ■ | १२ अं | त | रा |
| ■ | ग्र | ■ | रि | ■ | १३ नि | य | ति | ■ | द |
| १४ रा | ज | १५ प | त्र | ■ | प | ■ | १६ म | १७ न | ■ |
| म | ■ | र | ■ | १८ कं | ट | १९ क | ■ | क | ■ |
| २० रा | घ | व | ■ | ग | ■ | २१ टा | ल्स | टा | २२ य |
| ज्य | ■ | २३ श | य | न | क | क्ष | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408


## आज का इतिहास

1735 - फ्रांस और छठे कैरल सम्राट ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1831 - मैसूर (अब मैसुरु) पर ब्रिटेन ने क़ब्ज़ा किया।
1880 - पहले मराठी संगीत नाटक 'संगीत शाकुन्ताल' का पुणे में मंचन किया गया।
1915 - नेवादा के प्लेजेंट वैली में 7.8 रिक्टर पैमाने का भूकंप आया।
1932 - इराक यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ।
1977 - पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया।
1978 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहला और दुनिया के दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ।
1984 - भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गयी।
1992 - गीत सेठी ने विश्व पेशेवर बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीता।
1994 - भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया।
1995 - चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति।
1999 - आण्विक पदार्थों के आवागमन और आण्विक दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सं.रा. अमेरिका तथा रूस ने संयुक्त संकट केन्द्र की स्थापना की।
2002 - नोबेल शान्ति पुरस्कार के लिए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर को संयुक्त रूप से देनी की सिफ़ारिश की गई।
2003 - पाकिस्तान ने हल्फ-ङ्कङ्क मिसाइल का परीक्षण किया।
2004 - लश्कर-ए-तैयबा का राजनीतिक संगठन दो हिस्सों में बंटा।
2006 - संयुक्त राष्ट्र संघ के नये महासचिव दक्षिण कोरिया के बान की मून होंगे।
2008 - टाटा मोटर्स के चेयरमैन रतन टाटा ने सिंगूर से नैनो कार परियोजना अन्यत्र ले जाने की घोषणा की।

**सराहना** *ग्रामीण पर्यटन में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है चीन*

# ग्रामीण पर्यटन में चीन को यूएनडब्ल्यूटीओ की प्रशंसा मिली

**बीजिंग, 2 अक्टूबर (एजेसियां)। चीन ग्रामीण पर्यटन में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है। संयुक्त राष्ट्र का विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) उत्सुकता से चीन के इनबाउंड और आउटबाउंड पर्यटन बाजार की व्यापक बहाली की प्रतीक्षा कर रहा है। हाल ही में पर्यटन बाजार सूचना और प्रतिस्पर्धा के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ की प्रभारी सैंड्रा कारवाओ ने एक साक्षात्कार में यह बात कही। सैंड्रा कारवाओ ने कहा कि चीन एक बड़ा पर्यटन देश है। चीन का विकास विश्व पर्यटन उद्योग के लिये काफी महत्वपूर्ण है।**



उनका मानना है कि सभी लोग चीन से इनबाउंड और आउटबाउंड पर्यटन में वृद्धि का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। कई पर्यटन स्थल भी चीनी पर्यटकों के जल्द से जल्द लौटने के लिए उत्सुक हैं।

सैंड्रा कारवाओ ने अपील की कि ग्रामीण विकास को राष्ट्रीय नीति समर्थन से अलग नहीं किया जा सकता। चीन इन देशों में से एक है, जो ग्रामीण विकास में पर्यटन उद्योग की भूमिका को सबसे अधिक महत्व देता है। चीन ने इसके लिए विशिष्ट नीतियां बनाई हैं। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि कैसे चीन बुनियादी ढांचे के निर्माण आदि विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों का समर्थन करता है। ये महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण पर्यटन के विकास में चीन का एक बड़ा लाभ उसके विशाल घरेलू पर्यटन बाजार में निहित है। इस बात के बारे में सैंड्रा कारवाओ ने कहा, इसका मतलब है कि पूरे साल में पर्यटन बाजार में पर्याप्त मांग रहेगी, जिससे बुनियादी ढांचे और सेवाओं के निर्माण में चीन सक्षम है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन एक पूरक भूमिका निभाता है।

## नए स्तर पर पहुंची चीन की वन्यजीव सुरक्षा

**बीजिंग।** 'विश्व पशु दिवस' की शुरुआत 13वीं शताब्दी में एक इतालवी भिक्षु सेंट फ्रांसिस की पहल से हुई थी। वह लंबे समय तक जंगल में रहा था और जानवरों के साथ 'भाई और बहन' का रिश्ता स्थापित किया था। फ्रांसिस ने इंसानों और जानवरों के बीच सामान्य और सभ्य रिश्ता स्थापित करने का आदर्श पेश किया। उनकी याद में लोगों ने 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस के रूप में नामित किया है। जानवरों की रक्षा करना दुनिया के दस पर्यावरण संरक्षण कार्यों में से है। 1920 के दशक से, विभिन्न देशों के पर्यावरण समूहों ने 4 अक्टूबर को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की हैं।

## दुनिया को जानें

# पाकिस्तानी सैटेलाइट लॉन्च करेगा चीन का चंद्र मिशन

**इस्लामाबाद,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन का चंद्रमा पर नया चांग ई 6 मिशन 2024 की पहली छमाही में लॉन्च किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वह एक पाकिस्तानी सैटेलाइट को भी चंद्रमा पर ले जाएगा। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने सोशल मीडिया साइट वीबो पर एक बयान में कहा है कि चांग ई 6 मिशन 2024 की पहली छमाही में चंद्रमा पर लॉन्च किया जाएगा। द न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, मिशन पाकिस्तान, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए), फ्रांस और इटली से चंद्रमा पर पेलोड ले जाएगा। चांग ई 6 मिशन फ्रांसीसी उपकरणों को ले जाएगा जो रेडियोधर्मी गैस का परीक्षण करेंगे। इसी तरह ईएसए के नेगेटिव आयन डिटेक्टर और इटली के वैले ब्रेट रडार सिस्टम को भी इस मिशन द्वारा चंद्रमा पर ले जाया जाएगा। द न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्यूबसैट नाम का पाकिस्तान का उपग्रह भी चंद्रमा की कक्षा में भेजा जाएगा। चीन अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन परियोजना में तेजी ला रहा है और इसके अधिक अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां होने की उम्मीद है।

# खेल जगत

## वर्ल्ड कप में विराट करेंगे रनों की बौछार: वीरेंद्र सहवाग



**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को उम्मीद है कि विराट कोहली विश्व कप में कई सारे शतक बनाएंगे और टूर्नामेंट के हाईएस्ट रन-स्कोरर बनेंगे। 2011, 2015 और 2019 के बाद विराट कोहली अपने चौथे वनडे विश्व कप में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2019 विश्व कप में कोहली ने 9 पारियों में 55.37 की औसत से 443 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक शामिल हैं। सहवाग ने क्रिकबज से कहा, 'चीकू (विराट कोहली) ने 2019 विश्व कप में एक भी शतक नहीं बनाया। इस साल मुझे उम्मीद है कि वह कई शतक बनाएंगे और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होंगे। उम्मीद है कि भारत वर्ल्ड कप जीते और फिर, मैं चाहता हूं कि उसे कंधों पर उठाया जाए और मैदान का एक चक्कर लगाया जाए। ठीक वैसे ही जैस सचिन तेंदुलकर के समय किया गया था।' 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य सहवाग ने कहा कि कोहली और कप्तान रोहित शर्मा आगामी टूर्नामेंट जीतने के हकदार हैं।

## भारत की पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को हरा जीत के साथ पूल ए में शीर्ष स्थान पाया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय और गुरजंट सिंह के परस्पर तालमेल वाले खेल तथा मध्य पंक्ति में अनुभवी मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद व नीलकांत शर्मा द्वारा बराबर आगे गेंद बढ़ाई गेंद पर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत ने बराबर पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के मैदानी गोल के भी खूब मौके बनाने के साथ भुनाए भी। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर मनदीप सिह की हैट्रिक, अभिषेक के दो बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत भारत की पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को सोमवार को हंगजू (चीन) में 19 वें एशियाई खेलों मे अपने पांचवें व अंतिम मैच में 12-0 से हरा कर जीत के साथ 'पंजे' के साथ पूल ए में शीर्ष स्थान पाया। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिए स्ट्राइकर ललित उपाध्याय, गुरजंट सिंह, आक्रामक मिडफील्डर नीलकांत ने भी एक मैदानी तथा अमित रोहिदास ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत की एक और बड़ी जीत में उसके सात खिलाडियों ने गोल किए और इसमें उसने सात मैदानी गोल किए और पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत अब पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से 4 अक्टूबर को सेमीफाइनल में भिड़ेगी।

अपने अंतिम पूल मैच से पहले ही सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली

■ **भारत की बांग्लादेश पर 12-0 से जीत में हरमनप्रीत व मनदीप की हैट्रिक**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह के मैच के शुरू के पांच मिनट में मिले दोनों पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से दागे गोल से पहला क्वॉर्टर खत्म होने से पहले 2-0 की बढ़त ले ली थी। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मनदीप सिंह को और दूसरा जर्मनप्रीत को गलत ढंग से रोकने पर मिला। सुमित मध्यरेखा से गेंद को निकले और तेजी से बाएं से डी में पहुंचे अभिषेक की ओर सरकाई और उनसे मिली गेंद को मनदीप सिंह से तेज जमीनी फ्लिक से खूबसूरत मैदानी गोल कर मैच के 18 वें मिनट में 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। अभिषेक के बाएं से जोरदार फर्राटे पर ललित उपाध्याय ने डी के भीतर गेंद संभाली तेज फ्लिक से मैच के 23 वें मिनट में बेहतरीन मैदानी गोल से स्कोर 4-0 और अगले ही मिनट पेनल्टी कॉर्नर पर लौटती गेंद को मनदीप सिंह ने दाएं डी में संभाल मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को 5-0 से आगे कर दिया। अमित रोहिदास ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर तेज ड्रैग फ्लिक से गोल कर भारत को 6-0 से आगे कर दिया था।हाफ टाइम तक स्कोर यही रहा।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीसरे क्वॉर्टर के दूसरे मिनट पर में एक पेनल्टी कॉर्नर पर एक और बेहतरीन ड्रैग फ्लिक से गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को 7-0 से आगे कर दिया। अभिषेक ने सुमित के लंबे बेहतरीन क्रॉस पर डी के भीतर गेंद संभाल चौथा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले मैदानी गोल कर भारत को 8-0 से आगे कर दिया। मनदीप सिंह ने चौथा क्वॉर्टर शुरू होते ही अभिषेक से 'एरियल पास' पर मिली गेंद को डी में संभाल मैच का अपना तीसरा गोल अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत की बढ़त 9-0 कर दी। आक्रामक सेंटर हाफ नीलकांत शर्मा अकेले ही मिनट हॉकी की कलाकारी दिखा मैदानी गोल कर भारत को 10-0 से तथा खेल खत्म होने से चार मिनट पहले सुमित के तेज क्रॉस पर गुरजंट ने गोल कर भारत की बढ़त 11-0 कर दी। हार्दिक के बेहतरीन अभियान पर मिली गेंद को गुरजंट ने संभाला और इसे अभिषेक ने संभाल अगले ही मिनट डी के भीतर मौका ताड़ कर मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को 12-0 से आगे कर दिया। यह मैच का अंतिम गोल साबित हुआ।

## टीम इंडिया देश के लिए स्वर्ण जीतने को बेताब : ऋतुराज



**हांगझोऊ,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में पुरुषों की टी20 प्रतियोगिता के लिए भारत के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा कि एशियन गेम्स में अन्य खेल के एथलीटों से मिलने से उन्हें एहसास हुआ कि देश का प्रतिनिधित्व करने का क्या मतलब है। गायकवाड़ एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे, जब वे मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नेपाल से भिड़ेंगे। गायकवाड़ ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'क्रिकेट में, हमारे पास विश्व कप, आईपीएल और घरेलू टूर्नामेंट हैं। हम उस तरह के माहौल और परिस्थितियों के आदी हैं लेकिन यहां आकर हमें वास्तव में एथलीटों के बारे में पता चला। 'मुश्किल से दो या चार साल में उन्हें देश के लिए खेलने और प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है। हम इस यात्रा से खुश हैं और हमें पता चला कि कैसे यह विशेष है। यह देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए के बारे में बहुत कुछ खास दर्शाता है। एशियाई खेलों में, हर कोई देश के लिए स्वर्ण जीतने और पोडियम पर खड़े होने के लिए उत्सुक है।' चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी के कार्यकाल में मिली सीख के बारे में बात करते हुए गायकवाड़ ने खुलासा किया, 'मुझे उनसे (धोनी) बहुत सी चीजें सीखने को मिली, लेकिन हर व्यक्ति की शैली अलग होती है। उनकी शैली अलग है। व्यक्तित्व अलग है और मेरा व्यक्तित्व थोड़ा अलग है। मैं वैसा ही बनने की कोशिश करूंगा।'

**एशियाई खेलों में पुरुषों की टी20 प्रतियोगिता के लिए एशियन गेम्स में अन्य खेल के एथलीटों से मिलने से उन्हें एहसास हुआ कि देश का प्रतिनिधित्व करने का क्या मतलब है: ऋतुराज गायकवाड़, कप्तान भारत**

### एशियन गेम्स में खेलना भारतीय क्रिकेटरों के लिए गर्व की बात: वीवीएस लक्ष्मण

हांगझोऊ। 19वें एशियाई खेलों में टी20 टूर्नामेंट के लिए भारतीय पुरुष टीम के कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में भाग लेना पूरी टीम के लिए एक शानदार अवसर है और इससे खिलाड़ियों को भी काफी फायदा होता है। सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। टीम मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नेपाल से भिड़ने के लिए तैयार है। लक्ष्मण ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह बहुत अलग है। हमने कभी नहीं सोचा था कि हम चीन में क्रिकेट खेलेंगे, लेकिन यह पूरी टीम के लिए एक बड़ा अवसर है क्योंकि एशियाई खेलों में भाग लेना इन सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत गर्व की बात है। इसलिए, वास्तव में इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा हूं। 'आयोजकों ने एक अच्छा बुनियादी ढांचा तैयार किया है और मुझे उम्मीद है कि जब हम मैच खेलना शुरू करेंगे तो हमें समर्थन मिलेगा। जब महिला टीम यहां खेली तो उन्हें काफी समर्थन मिला, उन्हें अपनी क्षमता का एहसास हुआ और उन्होंने स्वर्ण पदक जीता' टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जयसवाल, शिवम दुबे, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, शाहबाज अहमद, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, अवेश खान, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, वाशिंगटन सुंदर और राहुल त्रिपाठी शामिल हैं। मैच चीन के हांगझोऊ में झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में आयोजित किए जाएंगे, जहां भारतीय महिला टीम ने प्रतियोगिता के शुरुआती दिनों में स्वर्ण पदक जीता था।



**मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में भाग लेना पूरी टीम के लिए एक शानदार अवसर है और इससे खिलाड़ियों को भी काफी फायदा होता है: वीवीएस लक्ष्मण, कोच, भारतीय पुरुष टीम**

## स्केटिंग में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने जीते कांस्य पदक



**हांगझोउ,** 2 अक्टूबर (एजंसियां)। भारतीय पुरुष और महिला स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले टीमों ने सोमवार को एशियाई खेलों में रोलर स्केटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज महिला रिले में, कार्तिक जगदीश्वरन, हीरल साधु और आरती कस्तूरी राज की भारतीय तिकड़ी ने 4:34.861 का समय लिया और चीनी ताइपे (4:19.447) और दक्षिण कोरिया (4:21.146) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। पांच टीमों के बीच हुए मुकाबले में ईरान और थाईलैंड ने क्रमश: चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया।

वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत के विक्रम राजेंद्र इंगले, सिद्धांत राहुल कांबले और आनंदकुमार वेलकुमार की तिकड़ी ने पुरुषों की रिले में 4:15.126 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय टीम ने 4:10.128 का समय लिया और तीसरे स्थान पर रही। चीनी ताइपे (4:05.692) ने दक्षिण कोरिया (4:05.702) को पीछे छोड़ते हुए पुरुषों की रिले रेस में भी स्वर्ण पदक जीता।

इससे पहले, हांगझोऊ 2023 में महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में आरती कस्तूरी राज पांचवें स्थान पर रही थीं, जबकि हीरल साधु बाहर हो गई थीं। पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में आनंदकुमार वेलकुमार और सिद्धांत राहुल कांबले क्रमश: छठे और सातवें स्थान पर रहे थे।

वहीं, विक्रम राजेंद्र इंगले पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में पोडियम पर जगह बनाने से चूक गए थे और चौथे स्थान पर रहे थे। इसी स्पर्धा में आर्यनपाल सिंह घुमन सातवें स्थान पर रहे। महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर स्प्रिंट में कार्तिक जगदीश्वरन पांचवें स्थान पर रहीं थी।

## सब जूनियर हॉकी में हरियाणा और यूपी का बोलबाला



**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के झाँसी में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन सोमवार को हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की जबकि हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश हॉकी सब जूनियर पुरुष वर्ग में अपने-अपने मैचों में विजयी रहे। दिन के पहले मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 4-2 से हराया। हॉकी हरियाणा ने सीमा (35%, 60%) और दीया (37%, 54%) के माध्यम से ठोस बढ़त बनाई। इस बीच, हॉकी पंजाब के लिए कौर गगनदीप (25%) और तनु रानी (56%) ने एक-एक गोल किया। दूसरे मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी हिमाचल को 14-0 से हराया। उत्तर प्रदेश हॉकी के लिए गोल स्कोरर रश्मी पटेल (6%, 41%), चौहान श्रद्धा (12%, 18%, 50%, 59%), लकी कुमार (13%, 35%, 43%), और रश्मी रायकवार (21%, 29%, 33%, 55%, 56%) रहे। सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 3-1 से हराया। सचिन (7%, 44%) ने हॉकी हरियाणा के लिए दो गोल किये जबकि अमित (54%) ने भी एक गोल किया। हॉकी पंजाब के लिए एकमात्र गोल सुखदेव सिंह (43%) ने किया। चौथे मैच में सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी चंडीगढ़ ने हॉकी उत्तराखंड को 12-4 से हराया। कप्तान सूरज कुमार साह (10%, 16%, 24%, 42%, 57%) ने उदाहरण पेश करते हुए हॉकी चंडीगढ़ के लिए पांच गोल किए।

## सार संक्षेप

### वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद : शादाब खान

**हैदराबाद।** पाकिस्तानी टीम के उप-कप्तान शादाब खान बीते कुछ समय से फॉर्म में नहीं है, लेकिन उन्हें लगता है कि वो वर्ल्ड कप में वो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब ने इस साल 11 वनडे मैचों में सिर्फ 13 विकेट लिए हैं। इसके अलावा, पिछले महीने एशिया कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने पांच मैचों में 40.83 की औसत से केवल छह विकेट लिए, जिसके कारण पाकिस्तान को टूर्नामेंट में काफी संघर्ष करना पड़ा। क्रिकबज ने शादाब के हवाले से कहा, 'क्रिकेट के दृष्टिकोण से एशिया कप अच्छा नहीं रहा, लेकिन यही क्रिकेट की खूबसूरती है। आप अपनी गलतियों से सीखते हैं और अच्छा क्रिकेट खेलने का अवसर हमेशा मिलता है। एशिया कप हारने के बाद, हमें अच्छा आराम मिला और मेरा मानना है कि यह अब एक कौशल का खेल नहीं बल्कि एक मानसिक खेल है। यह विश्व कप है, जब आप मानसिक रूप से तनावमुक्त होते हैं तो आप अच्छे निर्णय ले सकते हैं। 'मैं समझता हूं कि मेरा हालिया फॉर्म अच्छा नहीं है, लेकिन मेरे पास कौशल है। बस जब आप प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं, तो आप मानसिक रूप से थोड़ा निराश होते हैं लेकिन कौशल के मामले में कोई समस्या नहीं है। मानसिक पहलू से चीजें बदल गई हैं। आराम मिलने के बाद मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं और उम्मीद है कि हम विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### वर्ल्ड कप से पहले राशिद खान ने शफीक स्टानिकजई पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** विश्व कप से पहले अफगानिस्तान के प्रमुख लेग स्पिनर राशिद खान ने 'अतीत के समझौतों' को लेकर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी शफीक स्टानिकजई पर हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रशीद ने स्टैनिकजई से टीम के बारे में गलत जानकारी फैलाना बंद करने को कहा, साथ ही दावा किया कि 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले विश्व कप के लिए अफगानिस्तान के पास अब तक की सबसे फिट और बेस्ट टीम है।

## सुतीर्था-अहिका ने रचा इतिहास भारत ने टेबल टेनिस में जीता ब्रॉन्ज



**हांगझोऊ,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियन गेम्स में सुतीर्था-अहिका मुखर्जी को सेमीफाइनल में नॉर्थ कोरिया की सुयोंग चा और सुगयोंग पाक ने 4-3 से हराया। इस हार के बाद भी जोड़ी ने नया इतिहास रचा और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। अहिका-सुतीर्था टेबल टेनिस में एक अनोखी जोड़ी हैं। चाहे मेंटली हो या फिजिकली दोनों एक दूसरे से काफी अलग हैं। खासकर सुतीर्था, वो एक ओवरवेट जरूर हैं लेकिन इससे उनके खेल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, वो अपनी स्थिति से खुश हैं और ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में खेल रहे हैं जब दुबला-पतला होना आम बात है। सोमवार को अहिका और सुतिर्था ने एक रोमांचक लड़ाई लड़ी। भारतीय जोड़ी एशियाई खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पहला रजत पदक जीतने की कोशिश कर रही थी, लेकिन पहला गेम हारने के बाद वापसी करने वाली उत्तर कोरियाई जोड़ी ने उन्हें रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। अहिका और सुतीर्था एक कड़े मुकाबले में 11-7, 8-11, 11-7, 8-11, 9-11, 11-5, 2-11 से मैच हार गईं। एशियाई खेलों में अपना पहला पदक जीतने पर अहिका ने कहा, 'यह बेहद खास है। प्रतियोगिताएं बहुत कठिन हैं। हम एक ही अकादमी (कोलकाता में) से हैं और एक-दूसरे के खेल को अच्छी तरह से जानते हैं। हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन जीत नहीं सके।' भारतीय, विश्व टेबल टेनिस में एक अद्वितीय जोड़ी है जो अपने रैकेट की सभी चार सतहों पर अलग-अलग रबर के साथ खेलती है।

## अजय जडेजा बने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के मेंटर

■ **वर्ल्ड कप 2023 का आगाज भारत की सरजमीं पर 5 अक्टूबर से होने वाला है। इससे पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अजय जडेजा को अपनी टीम का मेंटर नियुक्त किया**



**तिरुवनंतपुरम,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। वर्ल्ड कप 2023 का आगाज भारत की सरजमीं पर 5 अक्टूबर से होने वाला है। इससे पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अजय जडेजा को अपनी टीम का मेंटर नियुक्त किया है। जडेजा ने 13 एकदिवसीय मैचों में भारत की कप्तानी की और कुल मिलाकर 196 मैच खेले। जिसमें तीन विश्व कप खेलने के अलावा, उनके नाम छह शतक और 30 अर्द्धशतक के साथ 37.47 की औसत के साथ 5359 रन हैं। अजय जडेजा इस प्रारूप में आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनकी सबसे यादगार एकदिवसीय पारियों में से एक 1996 क्रिकेट विश्व कप क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में 25 गेंदों में 45 रन की पारी थी, जिसमें तेज गेंदबाज वकार यूनिस के खिलाफ अंतिम दो ओवरों में 40 रन बनाना भी शामिल था।

उन्होंने 1992 से 2000 तक भारत के लिए 15 टेस्ट भी खेले, जिसमें 26.18 की औसत से 576 रन बनाए। जिसमें उनके नाम चार अर्धशतक और 96 का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर था। जडेजा, जिन्होंने 1988 में हरियाणा के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया, 111 प्रथम श्रेणी और 291 लिस्ट ए मैच खेले। मैच फिक्सिंग के कारण पांच साल के प्रतिबंध के कारण उनके अंतरराष्ट्रीय करियर में रुकावट आने के बाद, जडेजा ने अभिनेता के रूप में कुछ फिल्मों में काम किया। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की अनुमति मांगने की उनकी याचिका को दिल्ली उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था, लेकिन जडेजा दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए वापस आए और बाद में राजस्थान टीम के कप्तान-सह-कोच बन गए। फिर, जडेजा ने क्रिकेट कमेंट्री में कदम रखा और 2015-16 सीज़न में दिल्ली टीम के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें हांगकांग पर जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक सविता की अगुआई में अब तक अजेय पिछली उपविजेता भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें अब मंगलवार को हांगकांग से हंगजू (चीन) में अपना अंतिम पूल मैच जीत कर एशियाई खेलों में पूल ए से सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर लगी हैं। भारत ने पांच बार चैंपियन रह चुकी दक्षिण कोरिया से रविवार को अपना पिछला मैच एक-एक गोल से ड्रॉ खेला था। अनुभवी लिंकवूमैन नवनीत कौर और संगीता कुमारी ने भारत के लिए अब तक तीन मैचों में चार चार गोल किए हैं। भारत और दक्षिण कोरिया के अब तक तीन तीन मैचों में दो दो जीत एक एक ड्रॉ के साथ सात-सात अंक हैं। भारत अपने मजबूत गोलअंतर के कारण अपने पूल में अभी शीर्ष पर है।

बेशक भारत की टीम हांगकांग के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन मॉडर्न हॉकी में कोई भी टीम बड़े मंच पर किसी भी टीम को हल्के लेने की गलती नहीं कर सकती है। भारत ने तीन मैचों में 20 गोल किए हैं और अब तक मात्र एक गोल दक्षिण कोरिया के खिलाफ ही खाया है जबकि हांगकांग को अभी अपनी पहली जीत की तलाश है। भारत और हांगकांग की महिला हॉकी टीम अब तक अब तक मात्र एक बार 2013 में एशिया कप में भिड़ी हैं और तब भारत 13-0 से जीता था।

■ **भारत की कोशिश मैदानी गोल के ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने पर होगी**

भारत को दक्षिण कोरिया के खिलाफ इसलिए एक एक से ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा था क्योंकि वह मिले पेनल्टी कॉर्नर का खासतौर खेल के आखिरी क्वॉर्टर में ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाया था। दक्षिण कोरिया के खिलाफ हालांकि भारत के लिए बराबरी का गोल ड्रैग फ्लिकर दीप ग्रेस एक्का के फ्लिक पर गोलरक्षक के पैड से लगकर वापस लौटती गेंद पर नवनीत कौर ने किया था। भारत की कोशिश हांगकांग के खिलाफ मंगलवार को मैदानी गोल करने के साथ ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की होगी। भारत की चीफ कोच यांकी शॉपमैन को सबसे बड़ी कमी पेनल्टी कॉर्नर पर माहिर ड्रैग फ्लिकर की खल रही है क्योंकि पूरी तरह फिट होने के कारण उसे अपनी तुरुप की ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर एशियाई खेलों के लिए उपलब्ध नहीं हैं।



**हम एक और जीत दर्ज करने को बेताब हैं: सविता**

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने हांगकांग के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'इन एशियाई खेलों में हमारे लिए हर मैच अहम है और हमारा आगाज दमदार रहा है लेकिन हम क्षणिक भी ढील गवारा रनहीं कर सकते हैं। हांगांग एक जुझारू टीम है और हमारे सामने जो भी प्रतिद्वंद्वी होती है हम उसका सम्मान करते हैं। हमारा हांगकांग के खिलाफ मैच में फोकस अपने खेल, अपनी रणनीति और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर रहेगा। हम एक और जीत दर्ज करने को बेताब हैं।'

### सुडोकू 6335 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

# [अर्थ जगत]

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

## सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# कच्चे तेल की तेजी से चालू खाता घाटा बढ़ा, रुपया दबाव में

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देखने को मिला है, जिससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ने और आने वाले समय में रुपये पर और अधिक दबाव की आशंका बढ़ गई है। देश अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है और वैश्विक कीमतों में किसी भी वृद्धि से आयात खर्च बढ़ जाता है। चूंकि कच्चा तेल खरीदने के लिए बड़ा भुगतान डॉलर में करना पड़ता है, इसलिए अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया कमजोर होता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड जुलाई-सितंबर की तिमाही में 29 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद सोमवार को 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया, जो लगभग दो दशकों में सबसे बड़ी तीसरी तिमाही बढ़त है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड पहले से ही 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास मंडरा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 83 रुपए के निचले स्तर पर आ गई है।



- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देखने को मिला
- भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ने और आने वाले समय में रुपये पर और अधिक दबाव की आशंका बढ़ गई

पिछले सप्ताह जारी आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) अप्रैल-जून तिमाही में सात गुना बढ़कर 9.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि इससे पहले की तिमाही में यह आंकड़ा 1.3 अरब डॉलर था। तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और वैश्विक बाजारों में मांग में गिरावट के कारण निर्यात में कमी आई है जिससे इसके और बढ़ने की संभावना है।

वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए कैड जीडीपी का 1.1 प्रतिशत था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के अनुसार, तेल की ऊंची कीमतों, उच्च कोर आयात और सेवाओं के निर्यात में और मंदी के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही में 'सीएडी का पर्याप्त विस्तार' जीडीपी के 2.4 प्रतिशत तक हो जाएगा। आगे चलकर बहुत कुछ वैश्विक बाज़ारों में तेल की कीमतों पर निर्भर करेगा।

आरबीआई रुपए को सहारा देने के लिए बाजार में डॉलर जारी कर रहा है, लेकिन इससे भारतीय मुद्रा की गिरावट को रोका नहीं जा सका है। इससे सितंबर में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी गिरावट आई है। आरबीआई द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि 22 सितंबर तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह गिरकर 590.7 अरब डॉलर के चार महीने के निचले स्तर पर आ गया। तीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 8.2 अरब डॉलर घट गया विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट चिंता का कारण है क्योंकि आरबीआई के पास अपने बाजार हस्तक्षेप के माध्यम से रुपए में अस्थिरता रोकने के लिए कम गुंजाइश बची है।

# 2024 में ग्लोबल लेवल स्तर पर डिजिटल आईडी वेरिफिकेशन 70 बिलियन से अधिक हो जाएगी

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। डिजिटल आइडेंटिटी वेरिफिकेशन की संख्या 2024 में 70 बिलियन से ज्यादा हो जाएगी, जो पिछले साल की 61 बिलियन की संख्या से 16 प्रतिशत अधिक है। एक नई रिपोर्ट सोमवार को सामने आई। जुनिपर रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, अकाउंट टेकओवर और कार्ड-नॉट-प्रेजेंट फ्रॉड से निपटने के लिए बिजनेस द्वारा मजबूत बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन मैथर्ड को अपनाने से यह वृद्धि हो रही है।

इस तरह की धोखाधड़ी के खिलाफ बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन मैथड अत्यधिक प्रभावी हैं, स्पूफिंग को रोकने के लिए जीवंतता जांच का उपयोग किया जाता है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2024 में 37 बिलियन के साथ बैंकिंग में चेक की सबसे बड़ी मात्रा देखी जाएगी, जो ग्लोबल आइडेंटिफिकेशन मार्केट के 53 प्रतिशत के बराबर है।

लेखक माइकल ग्रीनवुड ने कहा, 'चेहरे की पहचान की असली ताकत अतिरिक्त जांच हैं, जिन्हें जोड़ा जा सकता है। चेहरे की पहचान के शीर्ष पर उम्र का अनुमान लगाने से वेरिफिकेशन को ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सकता है।' उन्होंने कहा कि वेरिफिकेशन सिस्टम जो एक चरण में कई जांच कर सकती हैं, लिगेसी सिस्टम

- पिछले साल की 61 बिलियन की संख्या से 16 प्रतिशत अधिक है



की तुलना में काफी मजबूत यूजर एक्सपीरियंस प्रदान करती हैं, और अगले कुछ सालों में आम हो जाएंगी।

आइडेंटिटी वेरिफिकेशन वेंडर्स को सर्विस तक आसानी से पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए कोर बैंकिंग सिस्टम प्रोवाइडर्स के साथ साझेदारी करनी चाहिए, अन्यथा वे बेहतर-कनेक्टेड कंपटीटर्स से हार जाएंगे। रिपोर्ट में सुरक्षा को मजबूत करने और यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन के साथ-साथ निष्क्रिय जांच के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# बुजुर्गों के लिए कांगड़ा बैंक की ऋण योजना शुरू

**नई दिल्ली**, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में प्रवासी हिमाचलियों द्वारा चलाये जा रहे कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड ने बच्चों द्वारा त्यागे या प्रताड़ित बजुर्गों की मदद के लिए एक ऋण योजना शुरू की है। बैंक के अध्यक्ष लक्ष्मी दास ने यहां इसकी घोषणा करते हुये कहा कि महानगरों में कुछ सालों से बजुर्ग माता पिता को त्यागने/प्रताड़ित करने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखने में मिल रही है और उम्र के अंतिम पडाव में बजुर्ग लोगों को खाने और दवाई तक जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता है क्योंकि माँ बाप अपनी जीवन भर की जमा पूंजी बच्चों के कैरियर और शादी विवाह आदि पर खर्च कर देते हैं और बच्चे बाद में उनसे किनारा कर लेते हैं। माता पिता को दयनीय स्तिथि में छोड़ कर स्वतन्त्र जीवन यापन करना शुरू कर देते हैं जिससे बजुर्ग मानसकि और आर्थिक तौर पर पूरी तरह टूट जाते हैं।

उन्होंने कहा कि यह योजना कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड के सदस्यों के लिए लागू की गयी है जिसके अंतर्गत ऐसे बजुर्गों को अपनी चल-अचल सम्पति जैसे मकान, फ्लैट, जेवर, प्लाट आदि को गिरबी रख कर बैंक उनकी जरूरतों के अनुरूप ऋण प्रदान करेगा तथा बैंक उन्हें यह ऋण मासिक /पाक्षिक तौर पर उनकी जरूरतों के अनुसार उनको प्रदान करेगा।

# त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग के बीच कारों, एसयूवी के दाम बढ़े

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग के बीच ऑटोमोबाइल निर्माताओं ने 1 अक्टूबर से कारों और एसयूवी के दाम बढ़ा दिये हैं जिससे उपभोक्ताओं

- उपभोक्ताओं को अब इनके लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी

को अब इनके लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने थार, स्कॉर्पियो, एक्सयूवी 300 और एक्सयूवी 700 मॉडल की कीमतें 81 हजार रुपए तक बढ़ा दी हैं, जबकि दक्षिण कोरियाई ऑटो प्रमुख किआ ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी सेल्टोस और बहुउद्देशीय वाहन कैरेंस की कीमत 50 हजार रुपए बढ़ाई है। देश की दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी हुंडई ने अपनी एसयूवी वेन्यू और टक्सन की कीमतों में 48 हजार रुपए तक की बढ़ोतरी की है। जापानी कार निर्माता होंडा ने अपने लोकप्रिय सिटी और अमेज़ मॉडल की कीमत में लगभग आठ हजार रुपए की मामूली बढ़ोतरी की है। कार निर्माता दावा करते रहे हैं कि पिछले



साल लागत बढ़ने के बावजूद उन्होंने उसका बोझ ग्राहकों पर नहीं डालने का फैसला किया। स्पष्ट रूप से, चूंकि इन लोकप्रिय मॉडलों की मांग स्थिर बनी हुई है, उनमें से कुछ के पास ग्राहकों की प्रतीक्षा सूची भी है। किआ इंडिया ने कहा कि कंपनी ने शुरुआती कीमतों को एक परिचयात्मक पेशकश के रूप में पेश किया था और अब उसके सेल्टोस के मामले में छह महीने के बाद संशोधन किया गया है। कार निर्माता एक-दूसरे की कीमतों पर नजर रखते हैं क्योंकि वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में बाजार हिस्सेदारी खोना नहीं चाहते हैं। इसलिए, कीमतें बढ़ने पर उनके लिए एक-दूसरे का अनुसरण करना असामान्य नहीं है।

## सार संक्षेप

### सरकार ने यूआईडीएआई के सीईओ अमित अग्रवाल का कार्यकाल बढ़ाया

**नई दिल्ली**। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने यूनिक आईडेंटिफिकेशन ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के सीईओ के रूप में अमित अग्रवाल के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल को 2 नवंबर 2023 से एक वर्ष के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। यानी 2 नवंबर 2024 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अग्रवाल (यूआईडीएआई) के सीईओ रहेंगे। अग्रवाल 1993 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। एसीसी ने कानून मंत्रालय के विधायी विभाग में सचिव रीता वशिष्ठ को 2 अक्टूबर 2023 से उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक यानी 31 जुलाई 2025 या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारत सरकार के सचिव के पद और वेतन में अस्थायी रूप से अपग्रेड कर कानून मंत्रालय के केंद्रीय एजेंसी अनुभाग के प्रभारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी।

### इंडिगो का दिल्ली-ईटानगर मार्ग पर परिचालन शुरू

**कोलकाता**। इंडिगो ने सोमवार से दिल्ली-ईटानगर मार्ग पर सीधी उड़ानें शुरू कीं। एयरलाइन ने कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह अरुणाचल प्रदेश के लिए सीधे विमान संपर्क विकसित करने की इंडिगो के प्रयासों की दिशा में में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। इससे उस क्षेत्र में न केवल यात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देता है बल्कि व्यापार को भी बढ़ावा देता है, जिससे समग्र आर्थिक विकास होता है। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, 'पूर्वोत्तर के लिए सम्पर्क सुविधाएं बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर, हम दिल्ली और ईटानगर के बीच सीधी उड़ान शुरू करके खुश हैं। यह रणनीतिक विस्तार न केवल यात्रियों को विस्तारित यात्रा विकल्प प्रदान करता है, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के मनमोहक परिदृश्यों को देखने के इच्छुक लोगों के लिए रोमांचक अवसर भी खोलता है।'

# वैश्विक अर्थव्यवस्था बदतर स्थिति में जा रही है, सावधान रहें : श्रीधर वेम्बू

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) कंपनी ज़ोहो के सह-संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने सोमवार को चेतावनी दी कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति बदतर होने की संभावना है, कंपनियों से सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है।

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में वेम्बू ने कहा कि ज़ोहो ने सितंबर में सभी भौगोलिक क्षेत्रों में विकास में धीमी गति देखी है। उन्होंने पोस्ट किया, 'हमने सितम्बर में सभी देशों और उत्पादों में विकास में काफी धीमी गति देखी।' वेम्बू ने कहा कि हमारे राजस्व स्रोतों की भौगोलिक और उत्पाद-वार विविध प्रकृति को देखते हुए, 'मुझे संदेह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था बदतर स्थिति में जा रही है'। उन्होंने कहा, 'आगे से सावधान रहें।' जैसे ही आईटी कंपनियां जुलाई-सितंबर अवधि की कमाई के लिए तैयार हो रही हैं, ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने मांग में लगातार कमजोरी की भविष्यवाणी की है, और कहा है कि निरंतर मैक्रो अनिश्चितता उनकी वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी।



'हमारा मानना है कि छोटे आकार और विवेकाधीन परियोजनाओं की कम संख्या के साथ-साथ ग्राहक निर्णय लेने में देरी और कुछ मामलों में जीती गई परियोजनाओं की रैंप-अप से पैदा हुई शून्यता से निकट अवधि में राजस्व और मार्जिन दोनों में निराशा होगी। पिछले महीने, ज़ोहो ने अपने 55 से अधिक व्यावसायिक अनुप्रयोगों में 100 मिलियन उपयोगकर्ताओं को पार कर लिया। पिछले वर्ष कंपनी का वार्षिक राजस्व 1 बिलियन डॉलर तक पहुडुचने के बाद यह वृद्धि हुई।

- सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) कंपनी ज़ोहो के सह-संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने सोमवार को चेतावनी दी
- वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति बदतर होने की संभावना है, कंपनियों से सावधानी बरतने का आग्रह किया

ज़ोहो ने कहा कि उसने 2008 में अपने उपयोगकर्ताओं की संख्या 1 मिलियन से बढ़ाकर 15 साल बाद 100 मिलियन कर ली है! 50 मिलियन उपयोगकर्ताओं को पिछले पांच वर्षों में जोड़ा गया है। वेम्बू के अनुसार, 'यह किसी भी संगठन के लिए एक प्रभावशाली मील का पत्थर है, लेकिन एक बूटस्ट्रैप्ड कंपनी के रूप में हमारे लिए यह विशेष रूप से सुखद है जिसने कभी भी बाहरी पूंजी नहीं जुटाई है। और हमने अभी तक काम पूरा नहीं किया है!' ज़ोहो के 150 से अधिक देशों में व्यवसाय हैं।

# बढ़ती चुनौतियों के बीच डंजो के सह-संस्थापक दलवीर सूरी ने कंपनी को कहा अलविदा

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। वेतन में देरी और छंटनी के बीच गंभीर नकदी संकट का सामना कर रही घरेलू त्वरित किराना डिलीवरी प्रदाता डंज़ो के सह-संस्थापक दलवीर सूरी ने कंपनी को अलविदा कह दिया है। एनट्रैकर की रिपोर्ट के अनुसार, डंज़ो के सीईओ कबीर बिस्वास ने कहा कि डंज़ो में व्यवसाय में सूरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बिस्वास ने कहा, 'वह अब कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहते हैं और डंज़ो के साथ 6 से ज्यादा साल बिताने के बाद, वह नई यात्राएं करने के लिए आगे बढ़ने की योजना बना रहे हैं।' यह कदम तब आया जब डंज़ो व्यवसाय के पुनर्गठन में संगठन-व्यापी बदलाव कर रहा है। कंपनी ने अभी तक वित्तीय वर्ष 2023 के लिए अपनी वित्तीय स्थिति का खुलासा नहीं किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2012 में 54.3 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज



- वेतन में देरी और छंटनी के बीच गंभीर नकदी संकट का सामना कर रही घरेलू त्वरित किराना डिलीवरी प्रदाता डंजो के सह-संस्थापक दलवीर सूरी ने कंपनी छोड़ी

किया, जबकि घाटा 464 करोड़ रुपए था। इस बीच डंज़ो की रिलायंस इंडस्ट्रीज और गूगल जैसे मौजूदा समर्थकों के साथ-साथ नए निवेशकों से 35 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाने की संभावना है। कंपनी कथित तौर पर कम से कम 150-200 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। कई रिपोर्टों के अनुसार, डंज़ो अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 30-40 प्रतिशत की और कटौती कर सकता है। कंपनी ने कथित तौर पर प्रभावित कर्मचारियों को सूचित किया है कि उन्हें जनवरी में अपना पूर्ण और अंतिम भुगतान प्राप्त होगा। धन की कमी के कारण डंज़ो अपने कर्मचारियों के वेतन में देरी कर रहा है। इसके सह-संस्थापक और सीईओ बिस्वास के अनुसार, स्टार्टअप लागत में कटौती के लिए कंपनी बेंगलुरु में अपना कार्यालय भी खाली कर सकती है।

# जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 22 रिंगिट गिरकर 3667 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.10 सेंट की गिरावट के साथ 55.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# दुनिया भर में हीरे की कीमतों में आई गिरावट

**न्यूयॉर्क,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस साल कच्चे हीरे की कीमतों में गिरावट आई है। क्योंकि महामारी के बाद कई उपभोक्ता विलासिता की वस्तुओं से दूर हो रहे हैं। यह जानकारी मीडिया ने दी। ज़िम्निस्की ग्लोबल रफ डायमंड इंडेक्स के अनुसार, कीमतें एक साल में सबसे कम हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग विश्लेषक इस मंदी का कारण आभूषण की बिक्री में गिरावट को बता रहे हैं। वैश्विक हीरा विश्लेषक पॉल जिम्निस्की ने कहा उपभोक्ताओं द्वारा आभूषणों के बजाय सेवाओं को चुनने के कारण हीरे की कीमतें कम हुई हैं। विश्लेषकों के अनुसार, महामारी के बाद अब लोग बाहर खाना खा रहे हैं, यात्रा कर रहे हैं और विलासिता की वस्तुओं के बजाय अनुभवों पर पैसा




- इस साल कच्चे हीरे की कीमतों में गिरावट आई
- महामारी के बाद कई उपभोक्ता विलासिता की वस्तुओं से दूर हो रहे

खर्च कर रहे हैं। सीएनएन ने एक स्वतंत्र हीरा विश्लेषक एडहान गोलान के हवाले से कहा, 'हीरा पूरी तरह से उपभोक्ता-संचालित बाजार है।' हीरे के आभूषणों के लिए दुकानदारों की मांग कच्चे हीरे की कीमतों और कुछ हद तक खुदरा कीमतों को प्रभावित करती है। खुदरा विक्रेताओं ने विज्ञापन में करोड़ों डॉलर खर्च करके उपभोक्ता मांग को बढ़ावा दिया। कच्चे हीरे की बिक्री में दो रिकॉर्ड तोड़ने वाले वर्षों के बाद कीमतों में गिरावट आई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 और 2022 में प्राकृतिक हीरे के आभूषणों की मांग अब तक के उच्चतम स्तर पर थी। उद्योग विश्लेषकों को सर्दियों की छुट्टियों के दौरान और 2024 की शुरुआत में खुदरा बिक्री में उछाल की उम्मीद है। दुनिया की सबसे बड़ी हीरा कंपनी डी बीयर्स के प्रवक्ता डेविड जॉनसन ने भविष्यवाणी की है कि आगामी महीनों में कच्चे हीरे की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है।

# अडाणी ने मुंबई में अपना पहला 400 केवी ग्रिड चालू किया

**मुंबई,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की वाणिज्यिक राजधानी में बिजली की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने मुंबई की पहली 400-केवी ग्रिड लाइन शुरू की है। एक अधिकारी ने यहां सोमवार को यह जानकारी दी। खारघर विक्रोली ट्रांसमिशन लिमिटेड की नई लाइन से मौजूदा ट्रांसमिशन और वितरण क्षमता बढ़ेगी और शहर में 1000 मेगावाट बिजली उत्पादन बढ़ेगा। शहर में हाल के वर्षों में 12 अक्टूबर 2020 और 27 फरवरी 2022 को दो बड़ी ग्रिड विफलताएं देखी गईं, जिससे आपूर्ति कई घंटों के लिए ठप हो गई। इस पर राजनीतिक हंगामा भी हुआ। एक अधिकारी ने कहा, 'खारघर-विक्रोली लाइन भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को कम करने के समाधान के रूप में मुंबई शहर में अतिरिक्त 1,000 मेगावाट विश्वसनीय बिजली लाएगी। इस परियोजना के

- देश की वाणिज्यिक राजधानी में बिजली की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने मुंबई की पहली 400-केवी ग्रिड लाइन शुरू की : अडाणी



चालू होने से, मुंबई को अपनी नगरपालिका सीमा के भीतर 400 केवी ग्रिड मिल गया है, जिससे इसकी बिजली ग्रिड के भीतर आयात क्षमता में वृद्धि हुई है और विश्वसनीयता और स्थिरता में सुधार हुआ है।

इस परियोजना की योजना एक दशक से अधिक समय से चल रही थी और शहर के बिजली आपूर्तिकर्ताओं के बीच कथित प्रतिद्वंद्विता सहित विभिन्न कारणों से इसमें देरी हुई। एईएसएल ने लाइन बिछाने के दौरान कई चुनौतियों का सामना किया, मुख्य रूप से कठिन इलाकों में।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग' योजना का शुभारंभ

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इंजीनियरिंग एवं मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग' योजना का 3 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे अपने निवास कार्यालय से ऑनलाइन शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस योजना में ख्याति प्राप्त एलन कैरियर इंस्टिट्यूट ने सीएसआर के तहत नि:शुल्क कोचिंग देने सहमति दी है।

प्रदेश के शासकीय स्कूलों में अध्यनरत 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन और एलन इंस्टिट्यूट के मध्य एम ओ यू पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग तथा मेडिकल पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन कोचिंग योजना की घोषणा की थी।

स्कूल शिक्षा विभाग की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के अनुसार प्रदेश के कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तथा कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों तथा चार शहर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा प्री-मेडिकल नीट तथा प्री-इंजीनियरिंग आईआईटी की बेहतर रूप से तैयारी हेतु ऑनलाइन कोचिंग प्रदान की जाएगी। कोचिंग राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इस



- प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों तथा चार शहर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा में कोचिंग सेंटर के माध्यम से प्री-मेडिकल तथा प्री-इंजीनियरिंग की दी जाएगी कोचिंग
- कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को मिलेगी कोचिंग
- चयन के लिए कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य
- ख्याति प्राप्त एलन कैरियर इंस्टीट्यूट देगा नि:शुल्क कोचिंग
- एमओयू पर आज होंगे हस्ताक्षर

संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से कोचिंग सेंटर की स्थापना की तैयारी कर प्रवेश प्रारंभ कर दिया गया है।

स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना में मेरिट क्रम अनुसार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। विद्यार्थी को संबंधित विकासखंड, शहर के शासकीय स्कूलों में कक्षा 12 वीं का नियमित विद्यार्थी होना अनिवार्य होगा। विकासखंड मुख्यालय की स्कूलों में कक्षा 12 वीं में जीव विज्ञान तथा गणित संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे। प्रत्येक कोचिंग सेंटर में 75 से 100 विद्यार्थियों का प्रवेश दिया जाना है। इसमें प्री-मेडिकल तथा प्री-इंजीनियरिंग के लिए अधिकतम 50-50 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएगी। यह कक्षाएं शाम 3 बजे से 6.30 बजे तक संचालित होंगी। इस संबंध में विषय विशेषज्ञ नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों का नियमित आकलन तथा शिक्षकों की कक्षाओं के अध्यापन का भी अवलोकन किया जाएगा। योजना के संबंध में पालकों का फीडबैक भी लिया जाएगा। ऑनलाइन कक्षाओं की यह विशेषता रहेगी कि यह टू-वे संवाद रहेगा अर्थात विद्यार्थी विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पूछ सकेंगे। जेईई एवं नीट के लिए अलग-अलग कक्षाएं प्रदेश में संचालित आत्मानंद विद्यालय एवं अन्य विद्यालय में संचालित होंगी। प्रत्येक कोचिंग केंद्र में भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान एवं गणित विषय के लिए नोडल शिक्षक तथा एक मुख्य नोडल अधिकारी प्रिंसिपल अथवा सीनियर लेक्चरर स्टाफ के नियुक्त किए गए हैं। ऑनलाइन कोचिंग प्रदाता संस्थान विद्यार्थियों के रिपोर्ट कार्ड का विश्लेषण विद्यार्थियों का फीडबैक पालकों का फीडबैक इत्यादि इस कार्यक्रम की सघन मॉनिटरिंग हेतु मॉनिटरिंग अधिकारी भी नियुक्त किया जा रहे हैं।

# राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज यहाँ राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। हरिचंदन ने पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें भी पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, उपसचिव दीपक अग्रवाल, नियंत्रक संजय विश्वकर्मा सहित राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



राज्यपाल हरिचंदन ने इस अवसर पर गांधी जी और शास्त्री जी के देश के प्रति अविस्मरणीय योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी अहिंसा के पुजारी थे। पूरा विश्व इस तथ्य पर अत्यंत आश्चर्यचकित हुआ कि गांधी जी ने अहिंसात्मक तरीके से ब्रिटिश शासन से भारत को मुक्ति दिलाई। गांधी जी ने वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ किया जिससे शासक वर्ग की नींव हिलने लगी और अंत में वर्ष 1947 को भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। गांधी जी इसके अलावा समाज की कुरीतियों, अस्पृश्यता जातिवाद, लैंगिक असमानता आदि के खिलाफ थे। वे समाज सुधार पर भी बराबरी से ध्यान देते थे। यूनाईटेड नेशन ऑर्गेनाईजेशन ने गांधी जी के योगदान को याद करते हुए गांधी जंयती के दिन को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

राज्यपाल ने कहा कि भारत के दूसरे प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी अपने देश के प्रति अटूट समर्पण के व्यक्ति थे। प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल अनेक चुनौतियों से भरा था, लेकिन इस कठिन समय के दौरान उनके नेतृत्व ने राष्ट्र पर एक अमिट छाप छोड़ी।

शास्त्री जी की विशेषताओं में से एक उनकी सादगी थी। वह एक साधारण जीवन जीते थे और अपनी मितव्ययिता के लिए जाने जाते थे। उनका आदर्श वाक्य, 'जय जवान, जय किसान' सशस्त्र बलों और कृषि समुदाय दोनों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का उदाहरण देता है।

शास्त्री जी के नेतृत्व का सबसे कठिन समय 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान था, संघर्ष के दौरान उनके नेतृत्व ने उन्हें पूरे देश का सम्मान और प्रशंसा दिलाई। हम सबको गांधीजी और शास्त्रीजी के योगदान को याद रखना चाहिए और उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए।

# तेंदुआ खाल बेचने के फिराक में घूम रहा तस्कर गिरफ्तार



**गरियाबंद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के पीपरछेड़ी थाना पुलिस ने तेंदुआ की खाल बेचने के फिराक में घूम रहे एक तस्कर को ग्राम चिंगरमाल के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से तेंदुआ की खाल बरामद हुई है। अतरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही की गई है। आरोपी आज सुबह पीपरछेड़ी से ग्राम चिंगरमाल जाने के कच्ची मार्ग में तेंदुआ की खाल रख ग्राहक तलाश रहा था। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपी का नाम नंद कुमार ठाकुर पिता मया राम ठाकुर उम्र 45 है जो कि गरियाबंद जिले के छुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रसेला का रहने वाला है। उसके विरुद्ध वन्य जीव सरंक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,29,39,51 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया है। एएसपी ने बताया कि खाल की कीमत लगभग 40 हजार रुपए है। कार्यवाही में थाना प्रभारी संतोष साहू, प्रधान आरक्षक रवि लहरे, आरक्षक घनश्याम जांगडे, स्पेशल टीम प्रधान आरक्षक मनीष वर्मा, आरक्षक सुशील पाठक, गंगाधर सिन्हा, अजय राजपुत, चुमेश्वर ध्रुव शामिल थे।

# गांधी जयंती पर मुख्य न्यायाधीश ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हे नमन किया

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय भवन में मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। इस मौके पर उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशगण, महाधिवक्ता, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, भारत के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल, वरिष्ठ अधिवक्तागण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



- पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जंयती के अवसर पर किया याद

महात्मा गांधी के 154वें जयंती के अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने आगंतुको को संबोंधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी, जिन्हें प्यार से बापू के नाम से जाना जाता है, वह न केवल एक नाम है, बल्कि एक अद्वितीय प्रतिष्ठा की संस्था हैं, जो जाति, धर्म व राष्ट्र की सीमा से परे है। उन्होंने उच्च न्यायालय को न्यायिक व्यवस्था का उच्चतम संस्थान बताते हुए न्याय एवं निष्पक्षता का केन्द्र बताया। महात्मा गांधी के आदर्शों को सम्मान देने हेतु यूनाइटेड नेशन जनरल असेम्बली द्वारा आज के दिन को विश्व अंहिसा दिवस घोषित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज के दिन आत्मावलोकन करने एवं बापू के आदर्शो से प्रेरणा लेते हुए देश को साफ-सुथरा, प्रतिष्ठित एवं शांति बढ़ाने हेतु कार्य करने की आवश्यकता बतायी। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जंयती के अवसर पर याद करते हुए व्यक्त किया कि उनकी सादगी एवं निर्णायकता के लिए उन्हें देश भर में सराहा जाता है।

कार्यक्रम को महाधिवक्ता सतीश चन्द्र वर्मा, छ.ग. उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल वहाब खान तथा भारत के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा द्वारा भी संबोधित किया गया।

# गांजा तस्करी करते दो सगे भाई गिरफ्तार

## लगातार दूसरे दिन पुलिस की कार्रवाई

**गरियाबंद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। देवभोग पुलिस ने लगातार दूसरे दिन अवैध गांजा जप्त है। मामले में दो आरोपी भी गिरफ्तार किए है। दोनो सगे भाई है। अतरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने 27 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ दो अंतरराजीय तस्कर को किया गिरफ्तार है। गांजा की कीमत 2 लाख 70 हजार रूपए है। आरोपी ह्ष्ठ 24 स्न 4909 नंबर की बाइक में प्लास्टिक बोरी में अवैध गांजा रखकर ग्राम मालगांव (उड़ीसा) से छत्तीसगढ़ के ग्राम बरही जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पुलिस ने मार्ग में नाकाबंदी कर पकड़ लिया। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर रिमांड में भेज दिया है। आरोपी के नाम ईश्वर नायक और लोकनाथ नायक है। जो उड़ीसा के नवरंगपुर जिले के ग्राम काकुडि आम के रहने वाले है। कार्यवाही में देवभोग थाना प्रभारी गौतम चंद्र गावड़े सहित पूरे स्टाफ शामिल रहा।



## मेजर ध्यानचंद कप

# ऑल इंडिया वूमेन हॉकी टूर्नामेंट में बहतरई बिलासपुर की टीम ने जीता फाइनल

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मेजर ध्यानचंद कप ऑल इंडिया वूमेन हॉकी टूर्नामेंट 2023 में छत्तीसगढ़ की टीम स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य खेल अकादमी छत्तीसगढ़ (आवासीय एक्सीलेंस सेंटर) बहतरई बिलासपुर ने आज एक रोमांचक मुकाबले में साई मुंबई को 4 के मुकाबले 5 गोल से पराजित कर फाइनल मुकाबला जीत लिया। अमरावती तेलंगाना में आयोजित इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की टीम शुरूआत से ही बेहतर प्रदर्शन कर फाइनल में पहुंची थी। फाइनल मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गीता यादव, रुक्मणी, अनीता, संपदा और ममता सभी ने 1-1 गोल दागे। इस जीत पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का, संचालक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा सहित कोच, मैनेजर एवं खेलप्रेमियों ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।




- साई मुबई को 5-4 से किया पराजित

इससे पहले हुए मुकाबले में स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य खेल अकादमी छत्तीसगढ़ (आवासीय एक्सीलेंस सेंटर) बहतरई बिलासपुर की टीम ने पटना को 4-0 से, कोलकाता को 2-0 से पराजित किया और स्टील प्लांट दिल्ली से 1-1 गोल की बराबरी कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले मैच में गीता यादव ने 2 गोल, दूसरे मैच में जाह्नवी ने 01 गोल और सेमीफाइनल में मधु सीडर ने 01 गोल दागे थे। इसके अलावा टीम के अन्य सदस्य संप्रदाय निर्मलकर, ममतेश्वरी लहरे, रुक्मणी खुसरो, अनीता खुसरो, यशोदा, मीनाक्षी उमरी, भूमिका धनकर, दामिनी खुसरो, करुणा साहू, अक्षिता आहूजा, अंजलि बंजारे, ट्विंकल, डोली, स्मिता ने भी पूरे टूर्नामेंट में बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट के हेड कोच विकास पाल, मैनेजर आरती शेंडे, अनीस अहमद की भी इस टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सरकार क्यों नहीं कर रही जांच: मूणत

## प्रदेश में पीएससी को लेकर बवाल जारी

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पीएससी रिजल्ट पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीजेपी लगातार रिजल्ट में गड़बड़ी और सीटों की खरीदी-बिक्री का आरोप लगा रही है। इसी कड़ी में आज पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोलै। सरकार भ्रष्टाचारियों को सरंक्षण दे रही है. खनिज माफियाओं, दारू माफियाओं को कांग्रेस पार्टी पर भरोसा हो गया है. सीजीपीएससी का इतना बड़ा घोटाला आने के बाद सरकार संज्ञान में लेकर जांच क्यों नहीं करती? हाईकोर्ट के निर्णय आने के बाद भी मुख्यमंत्री संज्ञान में लेकर जांच की घोषणा क्यों नहीं कर सकते हैं? क्क्स्ट चेयरमैन से रिश्ते क्या कहलाते हैं? आगे कहा की भाजपा कार्यकर्ता विकास को खोजने दूरबीन लेकर निकलने वाले हैं। रायपुर की जनता को पौने 5 साल में क्या दिया बताएं। एक भी ऐसा काम बताएं जिसका भूमिपूजन और लोकार्पण किया हो।



# सरकार के काम और लोगो के विश्वास के दम पर फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी: सैलजा

## कुमारी शैलजा ने कांग्रेस की भरोसे यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**अंबिकापुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आज से कांग्रेस की भरोसे की यात्रा की शुरुआत हो गई है. इस दौरान छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा एक दिवसीय सरगुजा दौरे पर पहुची. दरसअल अंबिकापुर के राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय से छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ,डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव, लुंड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने हरी झंडी दिखाकर कांग्रेस की भरोसे की यात्रा का शुभारंभ किया गया. यह यात्रा अंबिकापुर के कांग्रेस कार्यालय से लखनपुर तक निकाली गई.



इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सैकड़ो की संख्या में भरोसा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया. इधर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि इस भरोसा यात्रा की शुरूआत जहाँ से हुई है. वहा से लेकर यहाँ सभी लोग खुश नजर आ रहे है. चाहे वह बाजार हो, ग्रामीण क्षेत्र हो सभी लोग इस कांग्रेस की सरकार के 5 सालों में खुश नजर आ रहे है साथ ही कहा कि कांग्रेस की सरकार बनेगी अपने दम पर, काम के दम पर, लोगो के विश्वास के दम पर, केंद्रीय नेतृत्व के दम पर जरूर बनेगी और भरोसा नाम इसीलिए आया है. इधर विपक्षी पार्टी भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 15 सालों में लोगों से किस तरह से झूठ बोला गया है.

इधर भरोसा यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने टिकट बटवारें को लेकर कहा कि टिकट बटवारें में किसी तरह से विलंब नही हो रहा है. लेकिन हर चीज को देखा जा रहा है और जल्द ही टिकट बटवारा करने की बात कही है और हमारी प्रोसेस चल रही है. जिसमें कल ही स्क्रीनिंग कमेटी बैठक हुई है. इधर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी ने सरगुजा संभाग में विधायकों के चहेरे बदलने की बात कही हैं और हमारे द्वारा हर विधानसभा में सर्वे कराया जा रहा है और अभी भी सर्वे जारी है साथ ही लोगो के मुताबिक क्या होना चाहिए इस पर भी मंथन किया जा रहा है.

# तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क पर बैठी गायों को कुचला

- एक के बाद एक बस, बोलेरो समेत 5 गाड़ियों में भिड़ंत, 1 चालक की हालत गंभीर

**रायगढ़,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के पूंजी पथरा थाना क्षेत्र स्थित बंजारी मंदिर के समीप खतरनाक मोड़ पर सोमवार सुबह करीब 11:00 बजे बोलेरो बस समेत 5 वाहनों की क्रमवार टक्कर हो गई। इस घटना में एक ट्रेलर और मौजूदा वहां टक्कर के बाद सड़क के नीचे पलट गए। वहीं घटना में ट्रेलर चालक के सिर पर गंभीर चोट आने के कारण उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को सुबह 11 बजे कोयला लोड करके जा रही ट्रेलर का चालक लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए सड़क पर बैठी गाय को कुचल दिया। इसके बाद पीछे से आ रही दूसरी कोयला लोड ट्रेलर वाहन के चालक ने पहले बोलेरो वाहन को पीछे से ठोकर मार दिया। फिर बस को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी माजदा गाड़ी से जा टकराई। सरिया लोड माजदा वाहन से टक्कर के बाद उक्त ट्रेलर और माजदा वाहन दोनों सड़क के नीचे गिरकर पलट गए। सूचना मिलने पर पुलिस वाहन 112 मौके पर पहुंची। जिसमें पदस्थ आरक्षक सुरेश मिंस ने ट्रेलर वाहन चालक को लहूलुहान हालत में ट्रेलर से बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा।



इस दौरान सड़क पर दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसे पुलिस ने पुन: चालू कराने के लिए जेसीबी वाहन बुलाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे करवाया। तब कहीं जाकर यातायात फिर से प्रारंभ हो सका। पुलिस के बताए अनुसार बस वाहन में सवार यात्रियों को चोट नहीं आई है। वहीं पीछे से बोलेरो वाहन को टक्कर लगने के कारण केवल वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। घटना में पांचो वाहन क्षतिग्रस्त हैं लेकिन अच्छी बात यह है कि किसी व्यक्ति की जान नहीं गई है। गाय को कुचलना के मामले में रिपोर्ट लिखाने पूंजीपथरा थाना कोई आवेदक नहीं पहुंचा है। रिपोर्ट लिखे जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन से कट कर दो टुकड़ो में बंटा अज्ञात युवक का शरीर

- मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी पुलिस

**रायगढ़,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित रेलवे फाटक बंद होने के पश्चात जब मालगाड़ी ट्रेन गुजरी तब फाटक के दोनों और खड़े लोगों ने दो हिस्से में पड़े हुए एक अज्ञात व्यक्ति की लाश को देखा। जिसकी सूचना पर चक्रधर नगर और जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 8 बजे जब चक्रधर नगर चौक के समीप स्थित रेलवे फाटक बंद हुआ। तब फाटक के दोनों और बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। कुछ समय बाद वहां से मालगाड़ी के पार होने के बाद जब फाटक खोला गया, तब राहगीरों की नजर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पर पड़ी। जिसका कमर के नीचे का हिस्सा गायब था। आसपास में देखने पर करीब 5 फीट दूर रेल पटरी के बीच पत्थर के किनारे शरीर का दूसरा हिस्सा भी नजर आया। जिसकी सूचना चक्रधर नगर थाना प्रभारी प्रशांत राव को दी गई। सूचना मिलने पर वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां से रेलवे जीआरपी को जानकारी देने के पश्चात शव को रेल पटरी से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मृतक के विषय में अब तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस के मुताबिक मृतक अज्ञात है और उसके परिजनों की तलाश की जा रही है।



**NECC**

| 03.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.15 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |
| डिलीवरी | 530 सैकड़ा | | |
| दर्जन अंडा 75 रु. | | | |
| मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु. | | | |

CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

# भीड़ में छिपे अपराधी

हाल ही में समाप्त हुए गणेश विसर्जन की झांकियों के दौरान रायपुर पुलिस ने अपने कर्तव्य पालन का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 52 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से चाकू, कैंची, ब्लेड, उस्तरे, पेंचकस आदि बरामद हुए। कुछ के पास से बरामद शराब की बोतलों के कारण उन्हें भी गिरफ्त में लिया गया। ये लोग भीड़ में शामिल सादी वर्दी में पुलिस वालों द्वारा पकड़े गये जो ऐसे लोगों पर नज़र रखने के लिये ही तैनात किये गये थे। अन्य शहरों की पुलिस को भी इस तरीके को अपनाना चाहिये। इससे होने वाले अपराधों की रोकथाम तो हो ही सकेगी, पहले कहीं और अपराध कर चुके तत्वों के भी हाथ लगने की सम्भावना होती है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग आदि जैसे बड़े शहरों में इस तरह के कई आयोजन सारे साल होते रहते हैं। इस तरीके को स्थायी प्रक्रिया बनाना चाहिये।

अक्सर ही किसी भी पर्व या त्यौहारों में निकलने वाले जुलूसों या भीड़-भाड़ वाले स्थलों में असामाजिक तत्व हथियार लेकर घुसते हैं। वे आपराधिक मंशा से ही इनमें शामिल होते हैं। नये कृत्यों को अंजाम देने के लिये ये भीड़ में शामिल होते हैं और उनका मकसद पकड़े जाने पर इनसे हमला कर निकल भागने का होता है अथवा वे आपसी रंजिश को भुनाने के लिये हथियारों के साथ घुसते हैं। इसके चलते कई बार बड़े झगड़े या मारपीट होती है। ऐसे में लोगों पर ये तत्व अपने पास रखे हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकते। कई बार निर्दोषों पर भी ये तत्व हमला कर देते हैं। दुर्ग में ही गणेश विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच हुई मारपीट इतनी बढ़ गई कि राहुल साहू नामक एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसके तीन साथी गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। ऐसी घटनाओं को देखते हुए कहा जा सकता है कि लोगों के पास रखे सभी तरह के ऐसे हथियार या सामग्रियां पहले ही जब्त हो जानी चाहिये जिनसे किसी का नुकसान हो सकता है। हर साल और लगभग सभी तरह के आयोजनों में ऐसी घटनाएं होती हैं।

पुलिस के पास ऐसा कोई उपाय नहीं है कि वह किसी भी आयोजन में शामिल लोगों की जांच-पड़ताल कर सके। ऐसे में सबसे अच्छा उपाय यही हो सकता है कि भीड़ में शामिल होकर पुलिस वाले इन पर निगरानी करें और शक होने पर खतरनाक व अवैध वस्तुओं को अपने कब्जे में ले। इसके साथ ही ऐसे तत्वों पर होने वाली कानूनी कार्रवाई से भविष्य में होने वाले अपराध घटेंगे। धीरे-धीरे अगर असामाजिक तत्वों को भीड़ में पुलिस के छिपे होने का डर बैठेगा तो वे आईंदा से हथियार लेकर आना ही बंद कर देंगे। अन्य शहरों की पुलिस को भी इसका अनुसरण होना चाहिये।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर- चश्मा किसके लिए बनवाना है?
बबलू- टीचर के लिए।
डॉक्टर- पर क्यों?
बबलू- क्योंकि उन्हें मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को असफल करने अनेक हथकंडे अपना रही कांग्रेस : अरुण साव

**जगदलपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। 3 अक्टूबर का दिन जगदलपुर और बस्तरवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। माँ दन्तेश्वरी की पावन धरा पर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हो रहा है। जगदलपुर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री बस्तर और जगदलपुर को कई बड़ी सौगात देंगे। ऐसे समय मे छग की भूपेश सरकार बस्तर में पीएम के कार्यक्रम को असफल करने अनेक हथकंडे अपना रही है। लोगों को जगदलपुर आने से रोक रही है। फिर भी कांग्रेस इस ओछी राजनीति में सफल नही होगी। उपरोक्त बाते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने कही।



प्रधानमंत्री के आगमन के एक दिन पूर्व लालबाग के मुख मंच पर साव पत्रकारों को सम्भोधित कर रहे थे। 3 अक्टूबर सोमावर को आयोजित भाजपा की महा परिवर्तन यात्रा रैली को प्रधानमंत्री सम्भोधित करेंगे। रैली को लेकर संभागभर के लोगों में भारी उत्साह है। चूंकि मोदी जब से प्रधानमंत्री का दायित्व सम्भाला गाँव-गरीब किसान और हर वर्ग की चिंता की इसी आधार पर अनेक गरीब कल्याण योजना शुरू किए। चाहे वह आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, गरीबों को मुक्त राशन देने की योजना समेत अनेक योजनाओं के जरिये देश के करोड़ो लोग लाभान्वित हो रहे है, ऐसे में छग प्रदेश कांग्रेस सरकार के पेट मे दर्द होता है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि जब-जब जनहित के कार्य होते है, कांग्रेस षडयंत्र करने में जुट जाती है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते कहा जब प्रधानमंत्री का 3 को जगदलपुर दौरा है तो कांग्रेस को इसी दिन जगदलपुर बंद की क्यो आवश्यकता पड़ गई। वास्तव में कांग्रेस घबराई हुई है, डरी हुई है। उन्हें मालूम है प्रधानमंत्री बस्तरवासियों को बड़ी सौगात देने जा रहे है यह कांग्रेस को पच नही रह है। देश के प्रधानमंत्री के आगमन पर बस्तर बंद का कांग्रेस का फैसला लोकतंत्र की हत्या है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कई गम्भीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भूपेश तानाशाही रवैया अपनाया रहे है। बस्तर की जनता को विकास से दूर रखने की कांग्रेस की मंसूबा बस्तर की जनता असफल करने का निर्णय लिया है। पीएम सौगात लेकर बस्तर आ रहे है, तो भूपेश और दीपक के पेट मे दर्द हो रहा है। बस्तर को लूटने और बर्बाद करने वाले कांग्रेस षडयंत्र में तूली है, यह दुर्भाग्य है। ऐसे अवसर पर राजनीति करना रोड़े अटकाना सरकार की ओछी राजनीति है। प्रेसवार्ता में भाजपा बस्तर संभाग प्रभारी व राजनांदगांव के सासंद संतोष पांडे, केदार कश्यप, दिनेश कश्यप, किरण देव, कमलचंद भंजदेव, जी वेंकट, विद्याशरण तिवारी, योगेंद पांडे, संजय पांडे, आलोक ठाकुर, आलोक अवस्थी, राजेन्द्र बाजपाई उपस्थित थे।

# भूपेश राज में बस्तर में आई शांति : लखमा

**जगदलपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा रविवार को कोर्रापाड व पुनपल्ली पहुंचे जहां लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ आत्मीय स्वागत किया। इसे देख स्वयं मंत्री खुद को रोक नहीं पाये और उन्होंने ढोल बजाकर ग्राम वासियों का अभिवादन किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार जो कहती है वो करती है चाहे वो कर्जमाफी हो या 2500 में धान खरीदी या फिर आदिवासी दिवस की छुट्टी देनी हो। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने से बस्तर में शांति हो रही है, नक्सल प्रभावित इलाको में आज राशन, बिजली, पानी, रोड पहुंच रहा है। आज पोलमपल्ली में डामररोड का निर्माण हो रहा है इसके साथ ही मिसमा, टिन, भेजी, रेगडगट्टा, गुफ्नपल्ली में रोड का निर्माण करवाये जाने की पहल की जा रहा है। 15 साल की भाजपा की रमन सिंह सरकार लोगों के राशन कार्ड में नाम काटने का काम करती थी, आज हमारी सरकार सभी वर्ग के लोगों का राशन कार्ड बनवाकर वितरण करने का काम कर रही हैं। कोंटा के लोग भाजपा को वोट देते समय याद रखें की सलवा जुडूम इनकी ही देन थी। आदिवासियों को आपस में लड़ाने का काम, पूरा गांव के गांव खाली कराने का कोई जिम्मेदार है तो वो भाजपा की रमन सरकार है। क्या ऐसे लोगो को पुन्-वोट देकर सलवा जुडूम को लाना है। ऐसे लोगों को वोट मांगने का अधिकार नही है। मनीष कुंजाम दो बार विधायक रहा लेकिन जनता के लिए कुछ भी नहीं कर पाया। लोगों को डरा धमका कर रैली में आने के लिए कहता है। मुझ पर बेबुनियाद आरोप लगाने का काम करता है। ऐसे लोग समाज का कभी भला नहीं कर सकते है। ये केवल लोगों को भ्रमित करने का काम करते है किसी के बहकावे में नही आना है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही आदिवासियों के हित में काम करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी।



**कोर्रापाड़ और पुनपल्ली बाइक में पहुंचे उद्योग मंत्री**

**गरीब के जेब में पैसा डाल रही भूपेश सरकार:** कवासी लखमा ने कहा कि आने वाले समय में पुनपल्ली में 50 लाख की लागत से खेल मैदान का निर्माण करवाया जायेगा। आज आपके गांव में बिजली, पानी, सड़क पहुंच चुका है, और भी कोई समस्या है तो मुझे अवगत कराये। हमारी सरकार विभिन्न योजना गोबर खरीदी, गौ मूत्र खरीदी, तेंदुपत्ता खरीदी, महुआ खरीदी, धान खरीदी आदि के माध्यम से गरीब के जेब में पैसा डालने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# एनएचआरसीसीबी ने दिया स्वच्छता का संदेश



**जगदलपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय मानवअधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो बस्तर शाखा की टीम ने आज गांधी जयंती के अवसर पर आड़ावाल क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

**गांधी जयंती पर आड़ावाल क्षेत्र में श्रमदान कर की सफाई**

इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए संगठन के संभागीय अध्यक्ष जगमोहन सोनी एवं महिला विंग जिला अध्यक्ष मनीषा देवांगन ने कहा कि बापू ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था, इसी सपने को साकार करने शासन स्तर पर स्वच्छ भारत अभियान का आगाज किया गया, जिसके तहत लगातार जागरूकता फैलायी जा रही है कि हम अपने आस-पास के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# समाज के हर वर्ग का भरोसा जीता कांग्रेस ने : सुशील

**जगदलपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि कांग्रेस ने आज भरोसा यात्रा निकाला। आज छत्तीसगढ़ के हर समाज का व्यक्ति कह रहा है कि उसे कांग्रेस पर भरोसा है, क्योंकि उसने जो कहा वो किया। दूसरी ओर जब रमन सिंह के मुख्यमंत्री काल के 15 बरस पूरे होने जा रहे थे, तो समाज का हर वर्ग उनसे दुखी था। भाजपा का हर नेता कमीशनखोरी में डूबा हुआ था। खुद रमन सिंह भाजपा में कैसे कमीशनखोरी से दुखी थे इसीलिए तो उन्हें कहना पड़ा था। एक साल कमीशनखोरी छोड़ दो तीस साल तक सत्ता से कोई नहीं हटा सकता। भाजपा के 15 साल में किसानों को न 2100 रुपए प्रति च्ंिटल का दाम

मिला और न हर साल बोनस का वादा पूरा हुआ। दूसरी ओर कांग्रेस ने आते ही कर्ज माफ़ी का वादा पूरा किया और प्रदेश के 18 लाख किसानों के 9000 करोड़ का कर्ज़ माफ किया। उन्होंने कहा कि किसानों को 2500 रुपए प्रति च्ंिटल देने का वादा निभाया और इस साल तो 2640 रुपए मिलने वाला है। भाजपा की मोदी सरकार ने बोनस पर रोक लगाई तो कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना देना शुरु किया। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का किसान देश का सबसे खुशहाल किसान है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के आदिवासी देश के सबसे खुशहाल आदिवासी हैं। इस दौरान महापौर सफिरा साहू, अध्यक्ष कविता शाहू, शकील रिजवी सहित अन्य उपस्थित थे।



**कहा - भाजपा हर वर्ग को सिर्फ ठगने का काम करती रही**

पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लोकार्पण से पहले ही बेचने की साजिश

उन्होंने कहा कि बस्तर के नगरनार में एनएमडीसी द्वारा लगाया गया इस्पात संयंत्र 100 प्रतिशत मुनाफा देने वाला संयंत्र है। केन्द्र की मोदी सरकार व भाजपा अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से षडयंत्रपूर्वक लोकार्पण से पहले ही बेचने की साजिश कर रहा है, जो देश व छत्तीसगढ़ की जनता के खिलाफ व देशद्रोह है। उक्त षड्यंत्रपूर्वक कार्यवाही के खिलाफ कांग्रेस पार्टी लगातार लड़ाई लड़ रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने उक्त मुद्दे को लेकर 3 अक्टूबर को बस्तर बंद का आव्हान किया है।

पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक रेखचंद जैन, महापौर सफीरा साहू, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू, सरिता तिवारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कर रही कार्य : लखमा

**सुकमा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में बस्तर संभाग के आदिवासी समाज में आक्रोश दिख रहा है। कल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्टील प्लांट का उद्घाटन किया जाना है आदिवासी समाज निजीकरण और स्थानीय लोगो की भर्ती लेने की मांग करते हुए और कल स्टील प्लांट के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। उक्त बातें मंत्री कवासी लखमा ने प्रेसवार्ता करते हुए कही। बता दें कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मंत्री लखमा अपने विधान सभा क्षेत्र में लगातार दौरा कर रहे हैं। सोमवार को मंत्री कवासी लखमा ने पत्रकारों के साथ दोरनापाल रेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को बताया साथ ही सरकार के पांच साल पूरे होने को है इन 5 सालो में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए कार्यों का लेखा- जोखा पूरे 90 विधानसभा में आज जनता के सामने रखने की बात कही।



**भाजपा शासन काल में 700 गांव और 3000 स्कूल हुई बंद**

जगरगुंडा किस्टाराम और कोर्रापाड़, पुनपल्ली का दौरा करने के बाद भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते हुए मंत्री लखमा ने कहा कि भाजपा शासन काल में 700 गांव खाली कर दि गई जिसके कारण लोग आंध्रप्रदेश, तेलंगाना पलायन कर को मजबूर हुए और तीन हजार स्कूलों को बंद किया था जिसे हमारे कांग्रेस सरकार ने फिर से खोल रही है। किसानों को सहूलियत को देखते हुए जगरगुंडा, किस्टाराम जैसे अंदरूनी जगहों में धान खरीदी केंद्र खोला जायेगा। 2024 के चुनाव में 2800 >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भरोसा यात्रा निकाल कांग्रेसियों ने भरी हुंकार



**जगदलपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी-शास्त्री जयंती पर सोमवार सुबह कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं के साथ संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन कांग्रेस भवन से सदभावना यात्रा पर निकले। चांदनी चौक, एसबीआइ चौक, गोलबाजार चौक व शहर के अन्य मुख्य मार्गों से होकर यात्रा शहीद स्मारक, सिरहासार चौक पहुंची, जहां गांधी प्रतिमा के समक्ष शीश झुकाकर विधायक रेखचंद जैन व अन्य कांग्रेसियों ने माल्यार्पण किया। चआंधी में तूफान में सेवा दल मैदान में च, बापू अमर रहे जैसे नारों के बीच रैली वापस कांग्रेस भवन पहुंची। श्री जैन ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य तथा अन्य कांग्रेसियों के साथ हाथों में झाड़ू थाम स्वच्छता का संदेश दिया।

**सेवा दल कार्यकर्ताओं के साथ नारेबाजी करते विधायक रेखचंद जैन शामिल हुए प्रभात फेरी में**

**दोपहर में निकाली भरोसा यात्रा**- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर सोमवार को दोपहर में भरोसा यात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्गों समेत विभिन्न चौक- चौराहों से होकर गुजरी। इस दौरान खूब नारेबाजी की जाती रही। भरोसा यात्रा के दौरान विधायक- संगठन प्रभारी, जिलाध्यक्ष समेत कांग्रेस के विभिन्न संगठन-प्रकोष्ठ के सैकड़ों पदाधिकारी- कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं सुबह गांधी जयंती पर आयोजित सदभावना यात्रा में विधायक रेखचंद जैन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, सेवा दल संगठक पूरन ठाकुर, उपेंद्र बांधे, सालू राव, दीनमानी, तारा, रुत नायर, मातियस नम्रशील, ललित धनपुल, खिलेनन पटेला, दिनेश विश्वकर्मा, निहाल सिंह, करण राव, तारा यादव, नेरी नाग, संजना, वन्दना, मल्लिका, निक्की, लक्ष्मी, साहूल, पिलदीना सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री बस्तर की जनता को स्टील प्लांट न बेचने की गारंटी दें : रेखचंद जैन

**जगदलपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने सोमवार को प्रधानमंत्री से अपील करते वीडियो संदेश जारी किया है। लगभग सवा दो मिनट के संदेश में श्री जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह मांग की है कि वे बस्तर की जनता को इस बात की गारंटी दें कि नगरनार स्थित एनएमडीसी का स्टील प्लांट नहीं बेचा जाएगा। ज्ञात हो कि कल यानी तीन अक्टूबर को प्रधानमंत्री श्री मोदी का जगदलपुर प्रवास प्रस्तावित है और यहां लालबाग मैदान में उनकी जनसभा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। एक दिन पहले रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगरनार स्थित स्टील प्लांट को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते सम्पूर्ण बस्तर बंद का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने भी स्टील प्लांट को लेकर कड़ी बयानबाजी की है। मुख्यमंत्री ने कहा है की अगर केंद्र सरकार प्लांट का संचालन करने में असमर्थ है तो वह इसे राज्य सरकार को सौंप दे। जगदलपुर विधायक के द्वारा वीडियो संदेश जारी करने को कांग्रेस पार्टी के इसी स्टैंड से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

**35 लाख लोगों को दें गारंटी:** नगरनार जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा है। लगभग दो दशक से इसकी स्थापना प्रक्रिया जारी थी। स्टील प्लांट स्थापना के लिए नगरनार क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों के किसानों से जमीन अधिग्रहित की गई है। बस्तर के औद्योगीकरण के लिए स्टील प्लांट की स्थापना को मील का पत्थर माना जाता रहा है। यही कारण है कि विकास समर्थकों ने क्षेत्र के हजारों किसान परिवारों को भूमि देने के लिए राजी करने में महती भूमिका निभाई है। स्थानीय युवकों को रोजगार प्रदान करने, अर्थार्जन आदि से इस प्लांट को जोड़कर देखा जाता रहा है। अब जब उत्पादन शुरु होने की बारी आई है, तो आरोप लगाए जा रहे हैं कि केंद्र सरकार इसे निजी हाथों में बेचना चाहती है। इस बात से नाराज विधायक जैन के इस वीडियो को केंद्र सरकार के रवैये से जोड़कर देखा जा रहा है। यही कारण है कि बस्तर की 35 लाख जनता के लिए उन्होने प्रधानमंत्री से गारंटी मांगी है।

**जनता से समर्थन देने की अपील:** विधायक रेखचंद जैन ने नगरनार मामले को लेकर तीन अक्टूबर को बुलाए गए कांग्रेस के बंद को व्यापक समर्थन देने की अपील भी की है। वीडियो में उन्होंने आम जनमानस, संघ- संगठनों, युवाओं, किसानों आदि से कांग्रेस के बंद का समर्थन करने की अपील भी की है।

# ट्रक में भारी मात्रा में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का परिवहन करते 3 आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक अशोक लीलैंड 16 चक्का ट्रक क्रमांक यूपी 32 एलएन 3549 में 890 पेटी अंग्रेजी शराब गोवा स्पेशल व्हिस्की पौवा 180 एम एल, प्रत्येक पेटी में 48 नग कुल 42720 नग पौवा 7689.60 लीटर बाजार कीमत 51,26,400/- रुपए का नगरनार पुलिस ने बरामदकिया है। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के दृष्टिगत उड़ीसा राज्य से अंतर्राज्यीय मार्ग से होने वाली अवैध वस्तुओं की तस्करी की रोकथाम के अंतर्गत की जा रही जांच के दौरान झारखंड से आ रहे 16 चक्का ट्रक में आटे एवं धान भूसा के बोरियों तथा काले रंग के त्रिपाल से ढककर अवैध अंग्रेजी शराब को ट्रक में छिपाकर छत्तीसगढ़ में खपाने के लिए लाया जा रहा था जिसे थाना प्रभारी नगरनार शिवानंद सिंह के नेतृत्व में नगरनार पुलिस के द्वारा थाना नगरनार क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ ओडिसा बॉर्डर धनपूंजी नाका पर पकड़ा गया जिसकी तलाशी लेने पर 3 आरोपी - मुकेश कुमार यादव पिता गुलाब उम्र उम्र 21 वर्ष, अजय कुमार पिता चंद्रपाल सिंह उम्र 27 वर्ष दोनों निवासी ग्राम पोस्ट नरी थाना पैलानी जिला बांदा उतर प्रदेश। दीपू मंडल पिता संतोष मंडल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर थाना टुंडी जिला धनबाद झारखंड यादव, 30 बोरी आटा एवं 20 नग धान भूसा बोरी से छिपा कुल 890 पेटी अंग्रेजी शराब गोवा स्पेशल व्हिस्की पौवा 180 एम एल प्रत्येक पेटी में 48 नग कुल 42,720 नग पौवा, 7689.6 लीटर कीमती 51,26,400 रुपए बरामद हुआ। अवैध अंग्रेजी शराब भारी मात्रा में बरामद होने के कारण सभी सामान एवं ट्रक, को जप्त किया गया एवं तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बाद थाना नगरनार में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपिया को जेल दाखिल किया ।



# स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधि, आम नागरिकों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा



**भानुप्रतापपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा अभियान और स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर रविवार को नगर में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें सफाई कर्मी के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, गणमान्य नागरिक ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर समस्त नागरिकों को समय निकालकर श्रमदान के इस अभियान में सहयोग की अपील की थी और गांधी जयंती के अवसर पर हर गली मोहल्ले को सेवाग्राम बनाने में अपना योगदान देने हेतु प्रयास करने का आव्हान किया था। 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान का आह्वान किया गया था। इसी के तहत रविवार को भानुप्रतापपुर में सार्वजनिक स्थलों जैसे चौक-चौराहा, गलियां, तालाब, धार्मिक स्थलों और कार्यालय की सफाई की वही सफाई श्रमदान के अंतर्गत भानुप्रतापपुर के मुक्तिधाम व कब्रिस्तान में विशेष रूप से अभियान चलाया गया। जिसमें भानुप्रतापपुर एसडीएम प्रतीक जैन,नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ,वरिष्ठ पार्षद भगवान सिंह कुंजाम, पार्षद मनीष योगी,पार्षद रूपेंद्र मरकाम, एल्डरमैन नमन झाबक जैन,विधायक प्रतिनिधि मुकेश चंद्राकर,वरिष्ठ नागरिक चंद्रमौली मिश्रा, सीएमओ हेमंत कुमार नेताम, इंजीनियर राकेश सिदार, रोहित कश्यप, रामेश्वर वर्मा, महेश धूव, तुलाराम साहू, गणेश मिश्रा ,व्यवसाई निर्मल शिवहरे,रिजवान खान व युवा साथी, स्कूल के छात्र व मुस्लिम संगठन के युवा शामिल हुए।

### एसडीएम ने स्वयं झाड़ू लगाकार मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

एसडीएम प्रतीक जैन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जंयती पर सभी नागरिक स्वच्छता का संकल्प लें और अपने आस पास के क्षेत्र की सफाई कर राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। नागरिक स्वच्छता अभियान को केवल एक दिन की मुहिम न माने, बल्कि इसे निरंतर व्यवहार में लाकर अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुये आम नागरिकों से इस अभियान में जुडने का आह्वान किया। उन्होंने आमजन सहित प्रतिनिधियों से श्रमदान कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर श्रमदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी अपने व्यस्त समय में से थोड़ा समय स्वच्छता के लिए अवश्य निकालें और स्वच्छता से जुड़े।

# आत्मानंद विद्यालय में छात्रों ने किया शहीदों को नमन

**दंतेवाड़ा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दंतेवाड़ा में मेरी मिट्टी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसकी शुरूआत प्राचार्य बी.बी. चक्रवर्ती एवं अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं के द्वारा माँ सरस्वती, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं मिट्टी के कलश एवं देश की मिट्टी के पूजन से हुआ।



- मेरी मिट्टी, मेरा देश कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां
- बच्चों में देश भक्ति की भावना जगाने अभिनव पहल

विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना जागृत करने हेतु स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर शहीदों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने मिट्टी से मूर्तियाँ एवं विभिन्न कलाकृतियाँ बनाई। वीर शहीदों के पोट्रेट एवं पेंटिंग्स बनाए गए। विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरपालिका क्षेत्र में रहने वाले बच्चों एवं शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने अपने घरों से लाई गई मिट्टी एवं दीपकों को अंजली में रखकर प्राचार्य के द्वारा सभी छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों को देश की समृद्धि एवं विकास में भागीदारी, देश के प्रति निष्ठा एवं सम्मान की शपथ दिलवाई गई।

प्राचार्य के द्वारा वीरों की गौरव गाथा बच्चों को बताई गई एवं उनके पदचिन्हों पर चलकर देश का सम्मान बनाए रखने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया। बच्चों ने शहीदों के सम्मान में जय घोष किया। वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की झाँकी प्रस्तुत कर विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने उनके बलिदान को सादर नमन कर, कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक प्रभारी टी. विजयलक्ष्मी, हेमलता साहू, वरिष्ठ व्याख्याता पुष्पलता बघेल द्वारा किया गया। विशेष सहयोग संध्या सिंह, दीपाली कदम, विजय गंजीर एवं अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं का रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षकाएँ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हल्बारास में मद्य निषेध दिवस आयोजित

### ग्रामीणों को बताए नशे के दुष्परिणाम



**दंतेवाड़ा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार आज से गांधी जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी निर्देश के अनुपालन में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों एवं नगरीय निकायों में मद्य निषेध सप्ताह कार्यक्रम 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इसमें नशे से होने वाली बीमारियों एवं उनकी दुष्परिणाम के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 2 अक्टूबर को कुआकोंडा विकासखंड के हल्बारास में मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए एवं नशा से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में लोगों को बताया गया एवं नशे से दूर रहने हेतु संकल्प लिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच/ सचिव एवं समाज कल्याण विभाग के उप संचालक संतोष टोप्पो, वरिष्ठ लिपिक लुकेश कुमार वर्मा, मनोज मिश्रा, डाटा एंट्री आपरेटर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# गांधी जयंती पर स्वच्छता की शपथ दिलाई



**भानुप्रतापपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता ही सेवाअभियान के अंतर्गत 1 अक्टूबर को महाविद्यालय परिसर एवं कैंटीन की साफ- सफाई किया गया! 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154वीं जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पूजार्चना एवं माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारी- कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को आईक्यूएसी समन्वयक एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

शपथ के उपरांत प्रभारी प्राचार्य श्यामानंद डेहरिया द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के जीवन चरित्र तथा उनके द्वारा दिखाए गये सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने, उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक एवं छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वच्छता को हमें अपने जीवन में अपनाना होगा। जो घर, आंगन तक ही सीमित न रहकर हमारे मन व कर्म मे भी हो।

इस अवसर पर स्पोर्ट्स एवं रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, स्नेहा रितेश नाग, उपासना निषाद, ईश्वर लाल सिन्हा, श्रीदाम ढाली, टुपेश कोसमा, डीके बांधे सहित राष्टीय सेवा योजना स्वयंसेवक, सामान्य बालक छात्रावास, पीएमटी बालक एवं कन्या छात्रावास के विद्यार्थी सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नगर पहुंची कारगिल की माटी



**बचेली,** 2 अक्टूबर। 24 सितंबर को मां दंतेश्वरी की पावन धरा से प्रारंभ हुई ये यात्रा रायपुर से श्रीनगर होते हुए द्रास सेक्टर कारगिल पहुंची। जहां पर विधिवत पूजा पाठ के साथ सेना के अधिकारियों एंव जवानों ने बलिदान क्षेत्र की माटी से भरा कलश यात्रा के संयोजक संदीप दीक्षित श्रीमती सीमा दीक्षित को सौंपा। माटी कलश 30/09/ 2023 रायपुर पहुंचा, जहां वीआईपी चौक स्थित राम मंदिर पर कुछ संस्थाओं एवं समाजसेवियों ने यात्रियों के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ-साथ कलश पूजन भी किया। इस अवसर पर श्री राम मंदिर के व्यवस्थापक समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी शशि व्यास, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संघ की श्रीमती बबीता नेत्थानी, वीरेंद्र चौबे, विष्णु दास मानिकपुरी,हिमांश तिवारी,अनिमेष सिंह ठाकुर, मधु तिवारी सहित मातृशक्ति एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बचेली पहुंच कर माटी को वन, जल संरक्षण समिति के कार्यालय में दर्शनार्थियों के लिए रखा गया हैं।

# रासेयो जैतपुरी ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान निकाली नशामुक्ति रैली

**कोण्डागांव,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी जिला कोंडागांव में 2 अक्टूबर को राष्टपिता महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर की साफ सफाई के साथ-साथ गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन के प्रेरक प्रसंग व नशा के दुष्प्रभाव से शारीरिक बीमारियों की परेशानियों से परिचित कराया। नशामुक्ति गीत के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी के मार्गदर्शन में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन हुआ। जिसमें शिक्षक सुखदेव मरकाम देवेंद्र दीवान, सहित एनएसएस के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

# छग स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने ली शपथ नहीं देंगे वोट कांग्रेस को

**कोण्डागांव,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ जिला इकाई कोंडागांव ने गांधी जयंती के अवसर पर धरना स्थल डीएनके मैदान में कांग्रेस को वोट नहीं करने का शपथ लेने के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया, शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े लगभग 2000 सफाई कर्मचारी शामिल हुए। विष्णुदास कुलदीप जिला अध्यक्ष स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने कहा गांधी जयंती के अवसर पर आज हमने शपथ ली है कि हम अनिवार्य मतदान करेंगे, आस पड़ोस के लोगों को मतदान करने प्रेरित करेंगे, लेकिन कांग्रेस को वोट नहीं करेंगे, हम चार तारीख से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं, हमारी मांगों को लेकर सरकार ध्यान नहीं दे रही है जिससे मजबूर होकर हमें शपथ लेना पड़ रहा है। अभी आचार संहिता लगने में काफी कम समय बचा है।

# सीमा सुरक्षा बल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चलाया सफाई अभियान




**भानुप्रतापपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। 81 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल ने 01 अक्टूबर 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। 81 वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट श्री राकेश सिन्हा के नेतृत्व में वाहिनी के सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण और अन्य कार्मिकों ने अपना योगदान दिया। श्री राकेश सिन्हा कमांडेंट 81 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल ने कहा कि स्वच्छता की जिम्मेवारी सिर्फ सरकारी तंत्र की नहीं है, हम सबकी है। हम सब मिलजुलकर स्वच्छता के लिए काम करेंगें तभी हमारा देश स्वच्छ होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास के क्षेत्र को प्रतिदिन साफ करना चाहिए और कहा कि सार्वजनिक स्थानों की सफाई की जिम्मेदारी प्रत्येक भारतीय की है, इसके लिए हम सभी को पॉलीथिन का उपयोग नहीं करना चाहिए और कचरे को निर्धारित स्थान पर ही रखना चाहिए । इस अवसर पर 81वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के सभी कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और स्वच्छता अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण एवं वार्ड की हॉस्पिटल के स्टाफ के साथ सफाई किया और स्वच्छता मिशन का समर्थन किया। कमांडेंट महोदय ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के साथ पुरुष, महिला एवं इमरजेंसी वार्ड का दौरा किया और मौजूद मरीजों का हाल चाल पूछा एवं उनको स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर हॉस्पिटल के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ अखिलेश ध्रुव एवं डॉ. प्रीति सिंह तथा 81 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के द्वितीय कमान अधिकारी श्री राजेश कुमार, एवं श्री प्रशांत मिंज, उप कमांडेंट, श्री विकास कुमार यादव, श्री प्रवीण कुमार, श्री पदम सिंह, श्री आशीष कुमार शर्मा सहायक कमांडेंट , डॉ. फैज़ अहमद खान उप कमांडेंट (एमओ) एवं डॉ दिनेश रवि सहायक कमांडेंट(एमओ) भी उपस्थित थे।

# एनएमडीसी परियोजना के प्रशासनिक भवन में मनाया गया गांधी जयंती



**बचेली**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2, अक्टूबर को बचेली परियोजना के प्रशासनिक भवन में गांधी जयंती मनाया गया। इस शुभ दिन के अवसर पर बचेली परियोजना के अधिशासी निदेशक बी. वेंकटश्वरलु द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ-साथ कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सभी ने माल्यार्पण कर गांधी जी को याद किया।

इस कार्यक्रम में पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक, धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक), मधुसूदन राव, महाप्रबंधक ( संयंत्र विद्युत), एमएम अग्रवाल, उप महाप्रबंधक (सिविल), गौरंगा घोरई महाप्रबंधक (यांत्रिक) प्लांट, टी शिव कुमार, खानप्रबंधक, जागेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष, एसकेएमएस, टी.जे. शंकर राव, सचिव, एसकेएमएस, देबाषीष पॉल, अध्यक्ष, एमएमडब्ल्यू ,अन्य विभागाध्यक्षगण तथा कर्मचारीगण सम्मलित हुए थे।

अधिशासी निदेशक ने कार्यक्रम के दौरान ही गांधी द्वारा दिए गए शिक्षाओं को याद कर जीवन में अमल लाने की बात कही ताकि समाज की प्रगति में हर एक अभिन्न हिस्सा बन सके। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर स्वच्छता मिशन कार्यक्रम आज समापन किया और प्रशासनिक भवन में ही साफ-सफ़ाई करवाई।

# विश्व हृदय दिवस पर शिविर




**भानुप्रतापपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में रेडक्रास इकाई एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त आयोजन किया गया! शिविर में भानुप्रतापपुर हमर लैब प्रभारी डॉ कमलकांत हत्गियां द्वारा हार्टअटैक, कैंसर, मधुमेह, मोटापा, रक्तचाप, आदि बीमारियों के कारण एवं बचाव संबंधित जानकारी प्रदान की गई! जीवनशैली में नियमित योग एवं व्यायाम को शामिल करते हुए जंकफूड से परहेज की सलाह दी गई! महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्यामानंद डेहरिया ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और दीर्घायु जीवन के लिए हृदय का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है! हम सभी को बेहतर स्वास्थ्य के उपायों पर काम करना चाहिए!

शिविर का आयोजन रेडक्रास प्रभारी सुषमा चालकी द्वारा एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच व उपचार तथा जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था! शिविर में स्वास्थ्य विभाग से शाश्वत सर, श्रीमती रत्ना पाल तथा महाविद्यालय से अंग्रेजी विभागाध्यक्ष स्नेहा रितेश नाग एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए!

# कांग्रेस ने जीता समाज के हर वर्ग का भरोसा : अवधेश

**दंतेवाड़ा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस भरोसा यात्रा के बाद राजीव भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। इसमें जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम, विधायक श्रीमती देवती कर्मा, विमल सलाम, राजकुमार तामो, सलीम रजा उस्मानी, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।



### भूपेश सरकार ने किया छत्तीसगढ़ का समग्र विकास

पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के पांच साल पूरे होने वाले हैं। कांग्रेस की ओर से आज प्रदेश की हर विधानसभा में गांधी और शास्त्री जयंती पर कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन किया गया। इसी तरह दंतेवाड़ा विधानसभा में भी यह यात्रा निकाली गई। आज छत्तीसगढ़ के हर समाज का व्यक्ति कह रहा है कि उसे कांग्रेस पर भरोसा है, क्योंकि उसने जो कहा वो किया। दूसरी ओर जब रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के 15 बरस पूरे होने जा रहे थे, तो समाज का हर वर्ग उनसे दुखी था। भाजपा का हर नेता कमीशनखोरी में डूबा हुआ था, खुद रमन सिंह भाजपा में कैसे कमीशनखोरी से दुखी थे। इसीलिए तो उन्हें कहना पड़ा था, एक साल कमीशनखोरी छोड़ दो तीस साल तक सत्ता से कोई नहीं हटा सकता। भाजपा के 15 साल में किसानों को न 2100 रुपए प्रति क्विंटल का दाम मिला और न हर साल बोनस का वादा पूरा हुआ। दूसरी ओर कांग्रेस ने आते ही कर्ज़ माफ़ी का वादा पूरा किया और प्रदेश के 18 लाख किसानों के 9 हजार करोड़ का कर्ज़ माफ़ किया। किसानों को 2500 रुपए प्रति क्विंटल देने का वादा निभाया, और इस साल तो 2640 रुपए मिल रहे हैं। श्री गौतम ने बताया कि भाजपा की मोदी सरकार ने बोनस पर रोक लगाई तो कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू करके इनपुट सब्सिडी देना शुरु किया। आज छत्तीसगढ़ का किसान देश का सबसे खुशहाल किसान है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के आदिवासी देश के सबसे खुशहाल आदिवासी हैं। भाजपा के राज में आदिवासी महुआ सड़कों पर फेंकने पर मजबूर थे, अब कांग्रेस सरकार महुआ 30 रुपए किलो में खरीदती है। इतना ही नहीं अब 7 की जगह 67 तरह के लघु वनोपज समर्थन मूल्य पर खरीदती है। भाजपा शासनकाल में 3 हजार स्कूल बंद किए गए थे। कांग्रेस ने न केवल बंद स्कूलों को खोला बल्कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना से 700 से अधिक स्कूल खोले। पूरे प्रदेश के स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए 1100 करोड़ रुपए दिए गए। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज भी खुले और प्रदेश को चार नए मेडिकल कॉलेज भी मिले। कांग्रेस सरकार में धनवन्तरी दवा दुकानें शुरु की गई, जिसमें लाखों लोगों को 71 प्रतिशत तक सस्ती दवाओं की सुविधा मिली है। कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश के हर घर में बिजली बिल हाफ कर दिया है जिससे ज़रूरतमंद परिवारों की बहुत बचत हुई है। कांग्रेस की सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लौटाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से लेकर सहायिकाओं तक सबकी तनख्वाह बढ़ाई। बेरोजगारों को हर माह 2500 रुपए का भत्ता मिल रहा है। कुल मिलाकर भाजपा की रमन सिंह सरकार ने जनता का भरोसा गंवा दिया था और कांग्रेस की भूपेश सरकार ने जनता का भरोसा जीता है वर्ग का भरोसा जीता है।

# एनएसएस ने गोद ग्राम ईरागांव में चलाया स्वच्छता



**भानुप्रतापपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। एनएसएस सालहे के स्वयं सेवकों ने एक साथ मिलकर आश्रित गोद ग्राम ईरागांव में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाकर गांधी के सपनों को साकार करने का लघु प्रयास कर रहे है। उन्होंने ग्रामीणों व स्थानीय शासकीय सेवकों को साथ लेकर स्वच्छता शपथ के साथ यह कार्य सम्पादित किए द्य इस दौरान पंचायत परिसर, स्कूल परिसर, रंगमंच, सड़क, शौचालय, तालाब, गली आदि स्थानों का सफाई कार्य सम्पादित किए। वहीं मोर माटी -मोर देश के तहत प्रत्येक घरों से मुट्ठी भर चांवल व मिट्टी का संग्रहण कार्य किया गया। तथा स्थानीय सरपंच गैन् दसिंह हिड़को के हाथ पौधरोपण कराया गया। जल संग्रहण हेतु सोखता गड्ढा बनाया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक बीएस नेताम, रमेश दर्पट्टी, स्वयंसेवक वेदिका हिड़को, प्रियंका हिड़को, हर्षिका हिडको, संजीता सलाम, बसंत सलाम, रुचिका, सहित स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांग्रेस भरोसा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**दंतेवाड़ा**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर दंतेवाड़ा में भी कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आज कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाली। इसमें दंतेवाड़ा प्रभारी शंकर राव, जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम और विधायक श्रीमती देवती कर्मा एवं पूर्व जिला जिला पंचायत अध्यक्ष छविन्द्र कर्मा सहित हजारों कांग्रेसी शामिल हुए।

कांग्रेस की भरोसा यात्रा गीदम के हारम से शुरू हुई, इसके बाद बड़े पनेड़ा, गीदम शहर, गुमड़ा, बालपेट, भैरमबंद, मांझीपदर होते हुए दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय पहुंची, जहां आंवराभाटा के दुर्गा मंडप में एक बड़ी सभा भी हुई। लगभग 2 हजार से ज्यादा संख्या में कांग्रेसियों ने 25 किलो मीटर की यह यात्रा पूरी की। इस दौरान बाईक से भी कांग्रेसी साथ रहे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन के साथ यह यात्रा जारी रही। पूरे रास्ते भर ग्रामीणों को प्रदेश कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया गया।

दंतेवाड़ा विधानसभा की भरोसा यात्रा गीदम ब्लॉक हारम चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लालबहादुर शास्त्री एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर यात्रा निकाली गई। यात्रा गीदम फॉरेस्ट नाका होते हुए गुमड़ा, बालपेट, भैरमबन्द, मांझीपदर , होते हुए आवराभाटा पहुंची, आवराभाठा में सभा को जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने संबोधित करते हुऐ कांग्रेस की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा पर हमला बोला, कांग्रेस सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और केंद्र की भाजपा सरकार की जनता विरोधी नीतियों उनकी देश विरोधी, मानसिकता से लोगों को अवगत कराया। भरोसा यात्रा में

**■ जगह-जगह नुक्कड़ सभा कर निकाली गई यात्रा**
**■ जिला अध्यक्ष अवधेश के नेतृत्व में हजारों शामिल**

विधायक श्रीमती देवती कर्मा, जिला संगठन प्रभारी शंकर राव, प्रदेश सयुक्त महासचिव छविंद्र कर्मा, प्रदेश सचिव राजकुमार तामो, प्रदेश सचिव पूजा साव, प्रदेश सचिव पुष्पा नाग, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस सुलोचना कर्मा, अल्प संख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष मनु वर्गिश, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री प्रशासन रितेश जैन, जिला महामंत्री/प्रवक्ता विमल सलाम, महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, महामंत्री संगठन सलीम रजा उस्मानी, कोषाध्यक्ष जयदीप मालवीय, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कमलोचन्द सेठिया, अमूलकर नाग, संतोष दुबे, तपन दास, भास्कर राठौर, गंगू कश्यप, भीमा मंडावी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा , जिला देवादल अध्यक्ष मुकुंद ठाकुर, महिला सेवादल सरस्वती नाग, अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष आशिफ रजा, जिला महामंत्री किरण जयसवाल, किरंदुल नगरीय निकाय के अध्यक्ष मृणाल राय, राजेन्द्र मृणाल राय,केकेसी जिला अध्यक्ष कमलु अतरा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राकेश मंडावी, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष पुरुषोत्तम दुर्गा, जितेंद्र कश्यप, इंदिरा ठाकुर, गीतांजलि कुशवाह, बीना साहू, एवं सभी जिला मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बस्तर बंद का सरकारी आयोजन लोकतंत्र की हत्या व सत्ता का खुला दुरुपयोग : लता उसेंडी

**कोण्डागांव**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जगदलपुर आगमन के दौरान मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के मंच से कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा बस्तर बंद का आह्वान किया जाना, उनकी सहमति को दर्शाता है। भूपेश बघेल का यह कृत्य न केवल प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या है, बल्कि उनके तानाशाही रवैये को भी स्पष्ट करता है। उक्त बातें कहते हुए भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने आगे कहा है कि अपने ही प्रदेश में बंद को समर्थन कर जन सुविधाओं को रोकने, व्यापार को नुकसान पहुंचाने और प्रधान मंत्री के आगमन के दौरान लॉ एंड आर्डर की स्थिति निर्मित करने का प्रयास करने वाले भूपेश बघेल को एक मिनट भी मुख्य मंत्री की कुर्सी पर बैठने का अधिकार नहीं है, उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस के बस्तर बंद के आह्वान को ओछी राजनीति और सत्ता का दुरुपयोग करार देते हुए कहा कि मुख्य मंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रदेश की जनता को प्रधान मंत्री की सभा में जाने से रोक रहे हैं। यह लोकतंत्र पर कांग्रेस की तानाशाही है, जिसे बस्तर और छत्तीसगढ़ की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। हर बाधा को पार कर बस्तर भाजपामय होगा। परिवर्तन यात्रा को पूरे प्रदेश में मिले अपार जनसमर्थन से कांग्रेस की नींद उड़ गई है।



मुख्य मंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ही नहीं, बल्कि इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और गांधी परिवार के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं। इनकी जुबान और हरकतों से बदहवासी बरस रही है। मुख्य मंत्री बे सिर पैर की बातें कर रहे हैं तो उनके कठपुतली प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी समाज को आपस में लड़ाने का काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की सड़कों पर गड्ढे तक न भर पाने वाले मुख्य मंत्री नगरनार संयंत्र चलाने का दावा करने चले हैं। हजारों करोड़ के कई घोटालों से घिरी टीम भूपेश बघेल अगर चाहती है कि उन्हें घोटाला करने के लिए कोई केंद्रीय संस्थान सौंप दिया जाए, तो यह संभव नहीं है। वैसे भी गांधी, खडगे और भूपेश को समझ में आ गया है कि छत्तीसगढ़ नकाब में छिपे उनके असली चेहरे को पहचान गया है और जनता ने प्रदेश में फिर से कमल खिलाने का निर्णय ले लिया है।

# मोदी की सभा होगी सफल बंद की राजनीति निंदनीय

**दंतेवाड़ा**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य और भाजपा मंडल महामंत्री रामू नेताम ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि जगदलपुर के लालबाग मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में ऐतिहासिक जनसमर्थन जुटने की सूचना से कांग्रेस पार्टी और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सत्ता हाथ से जाती दिखाई दे रही है ,जिसकी वजह से वह बेहद डरे हुए हैं।



श्री नेताम ने आगे कहा है कि आदिवासी समाज के नाम पर कांग्रेसी नेताओं के जरिए प्रधानमंत्री के सभा के दिन बंद आयोजित किया जा रहा है। बस्तर की जनता कांग्रेस की इस राजनीति से परिचित हैं इसलिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके इशारे पर बंद बुलाने वाले तथाकथित आदिवासी नेता मुंह की खायेंगे और प्रधानमंत्री की सभा में ऐतिहासिक जनसमर्थन जुटेगा। श्री नेताम ने सांसद और पीसीसी चीफ दीपक बैज पर भी जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि श्री बैज पर ही कांग्रेस की हार का ठीकरा फोड़ा जायेगा और इसलिए कांग्रेस ने ऐन चुनाव से पहले उन्हें पीसीसी चीफ बनाया है। रामू नेताम ने कहा कि दीपक बैज बस्तर में अफवाह फैला रहे हैं कि केंद्र सरकार नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण कर रही है जबकि इसी कांग्रेस ने बस्तर में स्टील प्लांट का विरोध किया था। केंद्र सरकार नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण नहीं कर रही बल्कि कांग्रेस अफवाह फैलाकर बस्तर की जनता में भ्रम पैदा कर रही है। कांग्रेस के पास अपने शासन की उपलब्धियां बताने के एक भी कार्य नहीं किए हैं, सिवाय घोटाले के इसलिए भाजपा के द्वारा स्थापित नगरनार प्लांट को लेकर अफवाह फैला रही है और झूठ बोल रही है।

**■ भाजपा मंडल महामंत्री रामू नेताम का दावा**
**■ प्रदेश सरकार पर लगाए कई आरोप**

# नगरनार स्टील प्लांट को बेचना बस्तर के साथ धोखा : अवधेश

**दंतेवाड़ा**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में भी नगरनार स्टील प्लांट को बेचने के विरोध में आयोजित संभागीय बंद का समर्थन किया जा रहा है। जिला कांग्रेस ने इस अपना पूरा समर्थन दिया है। इस दौरान पूरा दंतेवाड़ा जिला बंद रहेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम ने कहा है कि 3 अक्टूबर का बस्तर बंद नगरनार स्टील प्लांट और बस्तर को बचाने के लिए है।

आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने बताया कि बस्तर के आदिवासियों ने अपनी ज़मीन एनएमडीसी के नगरनार स्टील प्लांट को दी थी। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के ज़रिए इस जमीन का मकसद बस्तर का विकास था, आदिवासियों ने अपनी ज़मीन मुआवजे के लिए नहीं दी थी बल्कि इसलिए दी थी कि आने वाले समय में उनको रोजगार मिल सके और साथ ही क्षेत्र का विकास हो। आदिवासी जानते हैं कि नक्सलवाद से लड़ने के लिए इसी तरह के विकास की ज़रूरत है। यह बात प्रदेश का हर व्यक्ति जानता है, इसीलिए तो तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि यदि नगरनार स्टील प्लांट का विनिवेश किया गया तो बस्तर और दंतेवाड़ा में नक्सलवाद पर काबू करना मुश्किल होगा, लेकिन केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की मंशा बस्तर के आदिवासियों के लिए अच्छी नहीं है, उनकी सरकार ने 2016 से ही नगरनार प्लांट को विनिवेश की सूची में डाल दिया है। यानी वे इसे बेचना ही चाहते हैं।

नगरनार स्टील प्लांट को विनिवेश सूची में डाले जाने पर मजदूर संगठनों, किसानों में भारी नाराजगी दिखाई थी।

श्री गौतम ने आगे बताया कि इसके विरोध में वर्तमान मुख्यमंत्री और तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल के नेतृत्व में विशाल पदयात्रा निकाली गई, जिसमें 10 ग्राम



**■ विरोध में बस्तर बंद का दंतेवाड़ा में भी समर्थन**
**■ अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं मोदी**
**■ आज का बंद नगरनार स्टील प्लांट और बस्तर को बचाने के लिए**

पंचायत के प्रभावित किसान 12 गांवों के हितग्राही और संयुक्त मजदूर किसान संगठन, स्टील श्रमिक यूनियन भी शामिल थे। कांग्रेस, सीपीआई, बहुजन समाज पार्टी के साथ-साथ सर्व आदिवासी समाज ने धरना-प्रदर्शन किया था। कांग्रेस की ओर से सरकार बनने से पहले विधानसभा अशासकीय संकल्प लाया गया था और सरकार बनने के बाद बकायदा शासकीय संकल्प लाकर इसके बेचने का विरोध किया गया था। उस संकल्प में कांग्रेस सरकार की ओर से कहा गया था कि अगर मोदी सरकार इसे बेचना ही चाहती है तो इसे राज्य सरकार को सही कीमत लेकर बेच दे और राज्य सरकार इसे चलाएगी, लेकिन केंद्र सरकार ने नियमों में परिवर्तन करके राज्य सरकार को बोली लगाने से रोक दिया है।

साफ है कि मोदी सरकार इसे अपने मित्र उद्योगपतियों को बेचना चाहते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता अब इस मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं। कांग्रेस भाजपा के बस्तर के और पूरे छत्तीसगढ़ के नेताओं से पूछना चाहती है कि वे नगरनार को बेचने के विरोध में हैं या नहीं ? अगर भाजपा के नेताओं ने नगरनार को बेचने का खुला विरोध नहीं किया तो बस्तर के आदिवासी और गैर आदिवासी दोनों इसका जवाब ठीक तरह से देंगे। कांग्रेस पार्टी नगरनार को बचाने के लिए कृतसंकल्प है, इसीलिए तीन अक्टूबर को बस्तर बंद का आव्हान किया गया है। बस्तर के आदिवासियों को भाजपा सरकार सिर्फ़ शोषण का पात्र समझती है, यह उसकी भूल है। बस्तर नगरनार को नहीं बिकने देगा। नगरनार को बचाएंगे, बस्तर को बचाएंगे। पत्रवार्ता में विधायक देवती कर्मा, राजकुमार तामो, विमल सलाम, सलीम रजा उस्मानी, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा भी उपस्थित थे।

# दिव्यांग आदिवासी बालिका को हॉस्टल में जगह नहीं देना निंदनीय

**कोण्डागांव**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुकेश मण्डावी जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी महासभा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके नियमों का हवाला देकर दिव्यांग उसपर से एक आदिवासी बालिका को हॉस्टल में जगह नहीं देने को घोर नींदनीय बताया है।

उन्होंने आगे बताया कि उनके संज्ञान में मानवता को शर्मसार कर देने का एक ऐसा ही मामला जिले के फरसगांव विकास खंड के बोरगांव से सामने आया है, जिसमें दोनों पैरों से नि:शक्त और पढ़ने की ललक एवं बुलंद हौंसले के साथ एक दिव्यांग आदिवासी छात्रा के किराए के घर में रहकर अपनी पढ़ाई कर रही है। इस आदिवासी छात्रा को पिछले वर्ष कक्षा 12 वीं में कृषि संकाय से पूरक आने के बाद दोबारा श्रेणी सुधार के लिए स्कूल में एडमिशन तो मिल गया, लेकिन सरकारी नियमों का हवाला देकर हॉस्टल अधीक्षिका ने उसे हॉस्टल में जगह नहीं दिया। जिसपर आदिवासी छात्रा बोरगांव में किराए के घर में रहकर अपनी पढ़ाई कर रही है।



विकास खंड फरसगांव के अंदरूनी क्षेत्र ग्राम तोरण्ड निवासी रामचंद नेताम की सुपुत्री प्रिती नेताम ग्राम बोरगांव में स्थित कस्तूरबा बालिका आश्रम में रहकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरगांव में कक्षा 12 वीं की पढ़ाई कर रही है। प्रीती ने बताया कि तबियत खराब होने के कारण पिछले वर्ष परीक्षाफल पूरक आया जिससे वह संतुष्ट नहीं है, इसलिये वह दोबारा कक्षा 12 वीं में पढ़ाई करने की सोच लेकर विद्यालय में एडमिशन लिया, परंतु कस्तूरबा आश्रम की अधीक्षिका ने फेल होने पर नियम का हवाला देकर हॉस्टल में जगह नहीं दिया। जिसपर वह बोरगांव में ही किराए का कमरा लेकर अपनी पढ़ाई कर रही है।

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा जिला अध्यक्ष मुकेश मंडावी की तरह ही प्रकाष में आए उक्त मामले में सामाजिक कार्यकर्ता शैलेष ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जहां एक ओर लगभग हर सरकारी विभाग/कार्यालयों में नियमों को ताक में रखकर बड़े-बड़े भ्रश्टाचार कर दिए जा रहे हैं, सरकारी नियुक्तियों में बड़ी-बड़ी धांधलियां की जा रही है। वहीं दुसरी ओर आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग में एक दिव्यांग उपर से आदिवासी समुदाय की बालिका को नियमों का हवाला देकर हॉस्टल में स्थान नहीं देना इंसानियत को षर्मसार करने वाला है। इस तरह नियम दिखाकर आदिवासी छात्रा को हॉस्टल में जगह नहीं देने जैसे कृत्य की कड़ी निन्दा होनी चाहिए। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा जिला अध्यक्ष मुकेश मंडावी एवं सामाजिक कार्यकर्ता षैलेष ने जिला कलेक्टर कोण्डागांव से आग्रह किया है कि दिव्यांग आदिवासी छात्रा को हॉस्टल में जगह देने के लिए सरकारी नियम को षिथिल करें और दिव्यांग आदिवासी छात्रा को हॉस्टल में एडमिषन दिलाएं।

# आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बोरगांव वृद्धजन दिवस पर हुआ विशेष योग सत्र

**कोण्डागांव**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बोरगांव में 1 अक्टूबर रविवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया।



आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.योगेश विश्वकर्मा ने बताया कि आयुष विभाग आयुर्वेद और योग द्वारा वृद्ध जनों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने कृत संकल्पित है और प्रत्येक गुरूवार को वृद्ध जनों के लिए विशेष ओपीडी सियान जतन क्लीनिक का आयोजन तो किया ही जा रहा है, इसके साथ ही रविवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर को बुजूर्गों के लिए समर्पित करते हुए विशेष योग सत्र में वृद्धजनों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखकर योग प्रशिक्षक डिसेंद यादव द्वारा बड़े आराम से और आसानी से किए जा सकने वाले योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराकर नियमित तौर पर योग करने प्रेरित किया गया।

योग सत्र उपरांत सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुष काढ़ा एवं जरावस्था में लाभकारी आमलकी एवं शतावरी चूर्ण का वितरण किया गया। कहा गया कि बुजूर्गों का अनुभव और ज्ञान भावी पीढ़ी के लिए किसी वरदान से कम नहीं, जिसका लाभ सभी को लेना चाहिए और उनके प्रति सम्मान और अटूट प्रेम के साथ ही उनकी ऐसी अवस्था में उनके साथ होना महत्वपूर्ण है, जब वे असहाय और अक्षम होते हैं।

# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा विभिन्न ग्रामों में किया गया परिचर्चा का आयोजन

**जगदलपुर**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन्य जीव सप्ताह के तारतम्य में सोमवार 2 अक्टूबर को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा राष्ट्रीय उद्यान के आसपास के ग्रामों में वन्यजीवों के संरक्षण में ग्रामीणों और वन विभाग की भूमिका तथा वन विभाग और ग्रामीणों की साझेदारी से वन्य जीवों का संरक्षण विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम मावलीपदर, कोलेंग, भाडरीमहू, नेतानार, मूंडागढ़ तथा कोटमसर के ग्रामीणों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया । ग्रामीणों द्वारा भविष्य में वन और वन्य जीव संरक्षण हेतु साथ मिलकर कार्य करने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने की बात रखी गई। राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशिल

गणवीर ने बताया कि राष्ट्रीय उद्यान द्वारा वन एवं वन्य जीव के संरक्षण में ग्रामीणों की सहभागिता के लिए सतत प्रयास किया जा रहे हैं। इस वर्ष की वन्य जीव संरक्षण सप्ताह की थीम च्साझेदारी से वन्य जीव का संरक्षणज्ज है, जिसके अनुरूप इस वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भूपेश राज में बस्तर में आई...

आदिवासियों को वादा किये थे की जेल में बंद बेगुनाह आदिवासियों को छोड़ा जायेगा, सरकार बनते ही सबसे पहले बेगुनाह लोगों को छोड़ने का काम किया गया। आने वाले समय में पुन: कांग्रेस का हाथ मजबूत करते हुए पार्टी को समर्थन देते हुए प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है।

**जनचौपाल में सुनी समस्या**

भेंट मुलाकात कार्यक्रम में कवासी लखमा कोर्रापाड़ पहुंचकर पेड़ के नीचे चौपाल लगाई और ग्रामीणों से उनका हाल चाल जाना। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनी। अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। मंत्री कवासी लखमा को अपने बीच पाकर ग्रामीण काफी खुश नजर आए।

### एनएचआरसीसीबी ने दिया...

इलाकों को स्वच्छ रखेंगे तो निश्चित ही पूरा देश स्वच्छ होगा, और स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के लिए कितनी जरूरी यह सबको पता है। स्वच्छता एक जीवन शैली है जिसे हम सबको अपने जीवन में लाना ही होगा। इसी के तहत आज एनएचआरसीसीबी के सदस्यों ने आड़ावाल क्षेत्र में सफाई की। इस अवसर पर संगठन के जगमोहन सोनी, मनीषा देवांगन, एकांश राव, गणेश राव, अरुण सरदार, श्रीनिवास सोनी, युवराज देवांगन व शिवप्रकाश सीजी सहित अन्य मौजूद रहे।

### कांग्रेस सरकार अंतिम व्यक्ति...

सौ रुपए में धान खरीदी करेंगे वहीं 2028 के चुनाव में 3600 सौ रुपए में खरीदी कर किसानों को लाभ पहुंचाने का काम करेंगे। हमारी सरकार अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम कर रही है।

# कांग्रेस सरकार की भरोसा यात्रा निकली

**कोण्डागांव**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुबह 8 बजे कांग्रेसजन स्थानीय कांग्रेस भवन में एकत्रित होकर महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, मंत्री मोहन मरकाम एवं जिला अध्यक्ष झूमुक दिवान द्वारा उनके कार्यों को मौजूद जनों के बीच साझा किया, साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के दिशा निर्देश पर कांग्रेस सरकार की भरोसा यात्रा कांग्रेस भवन से निकलकर पलारी, डोंगरीगुड़ा, बफना, चिपावंड, मालगांव, अमरावती, बीजापुर होते हुए अनतपुर पहुंची जहाँ पर मंत्री मोहन मरकाम की मौजूदगी में हजारों की संख्या में मौजूदजनों के मध्य सभा को सम्बोधित करते जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान, जिला पंचायत सदस्य हेमलाल बघेल, सांसद प्रतिनिधि चन्दर बघेल, बिंगू कश्यप ने कहा आज भरोसे की यात्रा लेकर कोंडागांव से माकड़ी ब्लॉक अनतपुर पहुंची। इस यात्रा में शामिल समस्त कांग्रेसजन यात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचा रहे रहे हैं। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने जनता के हितों को ध्यान में रखकर कार्य किया है, इसीलिए आज भरोसे के साथ भरोसा यात्रा निकाल रहे हैं। 15 सालों में भाजपा ने छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया। कांग्रेस की सरकार ने पौने पांच साल में जनता के भरोसे के अनुरूप काम किया है। गरीब किसान, मजदूर, युवा, महिला, बेरोजगार सभी के हितों का समुचित ध्यान रखा है। आगामी चुनाव में पुन: कांग्रेस की सरकार स्थापित करने के लिए आपके आशीर्वाद की जरूरत है, कोंडागांव विधान सभा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में विकास की गति निरंतर जारी रहेगी मंत्री मोहन मरकाम ने कहा परम् पुज्य महात्मा गाँधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी कांग्रेस पार्टी के हम सिपाही हैं। कोंडागांव विधानसभा के किसी भी गांव पारा टोला को हमने विकास से दूर न रहे, ऐसा प्रयास किया है। यह प्रयास आगे भी जारी रहेगी, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की अगुआई में कांग्रेस पार्टी की सरकार ने काम के मामलों में भारत में प्रथम मुख्य मंत्री का दर्जा हासिल किया है। यह सब आपके आशीर्वाद का नतीजा है, पुन: कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाकर विकासशील प्रदेश को विकसित प्रदेश के रूप में बदलने में सहयोग करेंगे। इस भरोसे की रैली में भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता नेता मौजूद रहे।



# महिला से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार



**कोण्डागांव**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी आशिष कोर्राम को जिला कोण्डागांव में एस.पी. वाय अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन में एडि.दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन में एवं एस.डी.ओ.पी.कोण्डागांव निमितेश सिंह के नेतृत्व में कोण्डागांव पुलिस ने 02 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थिया अपनी छोटी बहन के साथ 1 अक्टूबर 2023 को सरगीपालपारा कोण्डागांव का गणेश विसर्जन जुलूस देखने के लिए गई थी, प्रभात चैक सरगीपाल के पास जुलूस पहुंचा था, उसी समय सरगीपालपारा का लडका आशिष कोर्राम आया और प्रार्थिया की छोटी बहन को बुरी नियत से छेड़खानी करने लगा। तब प्रार्थिया व गवाह इशान ठाकुर को आरोपी आशिष कोर्राम के द्वारा अश्लील गाली गलोच कर हाथ मुक्का एवं पत्थर से फेंककर मारकर चोट पहुंचाया व जान से मारने की धमकी दिया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध कमांक 341/2022 धारा 354, 294, 323, 506 भादंवि कायमकर विवेचना में लिया गया और आरोपी आशिष कोर्राम पिता गोविन्द कोर्राम 20 वर्ष निवासी सरगीपालपारा कोण्डागांव को गिरफ्तार करके न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।


परिवर्तन महासंकल्प रैली
मुख्य अतिथि
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
दिनांक- 03 अक्टूबर 2023, समय- सुबह 11:00 बजे
स्थान- लालबाग, जगदलपुर, बस्तर
आप सभी सादर आमंत्रित हैं
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

उल्टा पुल्टा

पूजा के समय पत्नी ने पति से पूछा।
**पत्नी-** सुनो जी आपको आरती याद है न?
**पति-** हां... वो पतली सी, वही न?
इसके बाद भगवान की बाद में , पति की 'पूजा' पहले हुई।

## संपादकीय

### भीड़ में छिपे अपराधी

*हाल ही में समाप्त हुए गणेश विसर्जन की झांकियों के दौरान रायपुर पुलिस ने अपने कर्तव्य पालन का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 52 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से चाकू, कैंची, ब्लेड, उस्तरे, पेंचकस आदि बरामद हुए। कुछ के पास से बरामद शराब की बोतलों के कारण उन्हें भी गिरफ्त में लिया गया। ये लोग भीड़ में शामिल सादी वर्दी में पुलिस वालों द्वारा पकड़े गये जो ऐसे लोगों पर नज़र रखने के लिये ही तैनात किये गये थे। अन्य शहरों की पुलिस को भी इस तरीके को अपनाना चाहिये। इससे होने वाले अपराधों की रोकथाम तो हो ही सकेगी, पहले कहीं और अपराध कर चुके तत्वों के भी हाथ लगने की सम्भावना होती है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग आदि जैसे बड़े शहरों में इस तरह के कई आयोजन सारे साल होते रहते हैं। इस तरीके को स्थायी प्रक्रिया बनाना चाहिये।*

*अक्सर ही किसी भी पर्व या त्यौहारों में निकलने वाले जुलूसों या भीड़-भाड़ वाले स्थलों में असामाजिक तत्व हथियार लेकर घुसते हैं। वे आपराधिक मंशा से ही इनमें शामिल होते हैं। नये कृत्यों को अंजाम देने के लिये ये भीड़ में शामिल होते हैं और उनका मकसद पकड़े जाने पर इनसे हमला कर निकल भागने का होता है अथवा वे आपसी रंजिश को भुनाने के लिये हथियारों के साथ घुसते हैं। इसके चलते कई बार बड़े झगड़े या मारपीट होती है। ऐसे में लोगों पर ये तत्व अपने पास रखे हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकते। कई बार निर्दोषों पर भी ये तत्व हमला कर देते हैं। दुर्ग में ही गणेश विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच हुई मारपीट इतनी बढ़ गई कि राहुल साहू नामक एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसके तीन साथी गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। ऐसी घटनाओं को देखते हुए कहा जा सकता है कि लोगों के पास रखे सभी तरह के ऐसे हथियार या सामग्रियां पहले ही जब्त हो जानी चाहिये जिनसे किसी का नुकसान हो सकता है। हर साल और लगभग सभी तरह के आयोजनों में ऐसी घटनाएं होती हैं।*

*पुलिस के पास ऐसा कोई उपाय नहीं है कि वह किसी भी आयोजन में शामिल लोगों की जांच-पड़ताल कर सके। ऐसे में सबसे अच्छा उपाय यही हो सकता है कि भीड़ में शामिल होकर पुलिस वाले इन पर निगरानी करें और शक होने पर खतरनाक व अवैध वस्तुओं को अपने कब्जे में ले। इसके साथ ही ऐसे तत्वों पर होने वाली कानूनी कार्रवाई से भविष्य में होने वाले अपराध घटेंगे। धीरे-धीरे अगर असामाजिक तत्वों को भीड़ में पुलिस के छिपे होने का डर बैठेगा तो वे आईंदा से हथियार लेकर आना ही बंद कर देंगे। अन्य शहरों की पुलिस को भी इसका अनुसरण होना चाहिये।*

# राजधानी की चारों विधानसभा में निकली भरोसा यात्रा





**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आज रायपुर शहर के अंतर्गत आने वालों चारों विधानसभाओं में भी भरोसा यात्रा निकाली गई। कांग्रेस ने यात्रा के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार किया साथ ही भाजपा सरकार द्वारा पिछले 15 वर्षों में किए गए भ्रष्टाचार और उनके कुशासन को भी आम जनता से अवगत कराया।25 किलोमीटर से भी अधिक बाईक रैली के माध्यम से यह यात्रा विधानसभा के हर गली मोहल्ले तक पहुंची।चौक चौराहा में नुक्कड़ सभा किया गया एवं राज्य सरकार की योजनाओं का पंपलेट एवं पोस्टर भी आम जनता को बांटा गया।

उत्तर विधानसभा में यात्रा की शुरुआत नमस्ते चौक से की गई। बाइक रैली के माध्यम से कांग्रेस के कार्यकर्ता हाथों मे कांग्रेस का झंडा लिए रघुपति राघव राजा राम का भजन करते हुए निकले। नमस्ते चौक से शुरू की गई इस यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया यात्रा का समापन स्टेशन चौक में किया गया जहां वरिष्ठ नेताओं ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।विधायक कुलदीप जुनेजा शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ब्लॉक अध्यक्ष अरुण जंघेल दीपा बग्गा संजय सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

दक्षिण विधानसभा में यात्रा की शुरुआत कांग्रेस भवन गांधी मैदान से की गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात सैकड़ो की संख्या में बाइक रैली के माध्यम से कार्यकर्ता दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गली मोहल्ले में घूमते रहे साथ ही सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी किया गया। इस अवसर पर शहर

## नुक्कड़ सभा करके कांग्रेस सरकार की योजनाओं का किया प्रचार

अध्यक्ष गिरीश दुबे महापौर एजाज ढेबर सभापति प्रमोद दुबे, प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा सुमित दास प्रशांत ठेंगड़ी नवीन चंद्राकर सचिन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**जनता की उम्मीदो पर खरा उतरने ग्रामीण में निकाली गई भरोसा यात्रा**

रायपुर ग्रामीण विधानसभा में भरोसा यात्रा विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में निकाली गयी।भरोसा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में युवा कांग्रेस की बाइक रैली निकली। वही जगह-जगह पर भरोसा यात्रा का स्वागत भी किया गया। ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत भरोसा यात्रा की शुरुआत बंजारी माता की पूजा अर्चना के साथ बंजारी मंदिर से की गई। तत्पश्चात स्वागत का क्रम शुरू हुआ।बिरगांव व्यास तालाब, मां कर्मा माता चौक, सरोरा, गोगांव, गोंदवारा, मोवा, दलदल सिवनी, सड्डू, अवंती विहार, पुरैना, अमलीडीह, देवपुरी, माता कौशल्या बिहार, बोरिया खुर्द, डुडा, सेजबहार में सभा के एवं भूमि पूजन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। भरोसा यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सभाएं भी रखी गई थी।जिसमें ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर एक अटूट भरोसा है। भूपेश सरकार ने अपने जनघोषणा में किये गये वादों में से लगभग सभी वादे पूरे किए है और जनता का भरोसा बरकरार रखा है। आज छत्तीसगढ़ में हर



वर्गों के लिए कांग्रेस सरकार ने सैकड़ो जन कल्याणकारी योजनाएँ बनाई। जिसमें सभी वर्ग जैसे महिला, बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं को इसका लाभ मिल रहा है।जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि जनता का विश्वास और प्रेम कांग्रेस पार्टी एवं भूपेश बघेल की सरकार से बना हुआ है। निश्चित तौर पर आने वाले चुनाव में एक बार फिर जनता कांग्रेस पार्टी को आशीर्वाद देगी और प्रदेश के साथ-साथ ग्रामीण विधानसभा में कांग्रेस को विजय बनाएगी।

**पश्चिम विस में विकास ने निकाली भरोसा यात्रा**

विधायक विकास उपाध्याय द्वारा रायपुर पश्चिम विधानसभा में सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों के साथ छत्तीसगढ़ की जनता के विश्वास और उम्मीद पर खरा उतरने बाइक रैली कर ''कांग्रेस भरोसा यात्रा'' निकाला गया। साईंस कॉलेज हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर बाइक रैली की शुरूआत हुई। जो आमापारा से होते हुए गुरु घासीदास प्लाजा, अग्रसेन चौक, कबीर चौक रामनगर, पहाड़ी चौक शुक्रवारी बाजार, गुढ़ियारी पड़ाव होते हुए मारूति मंगलम, खमतराई दुर्गा मंदिर, अंडर ब्रिज, महतारी चौक, कोटा, मोहबा बाजार, टाटीबंध, सरोना, रायपुरा, गोल चौक होते हुए डंगनिया से तात्यापारा, रामसागर पारा, तेलघानी नाका चौक होते हुए वापस एनआईटी के सामने यात्रा का समापन हुआ। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार द्वारा जो जनहितकारी कार्य लगातार साढ़े चार वर्षों में किये गए हैं, उन्हीं कार्यों की सफलता की यात्रा है ''कांग्रेस भरोसा यात्रा''।

# अनुज शर्मा के खिलाफ स्थानीय नेता लामबंद

## बगावत की दी चुनौती



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)।भारतीय जनता पार्टी कल विधानसभा प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। इसी बीच संभावित सूची को लेकर विवाद शुरू हो गया है। दरअसल सूत्रों की माने तो सिने स्टार अनुज शर्मा के संभावित धरसीवा से प्रत्याशी बनाए जाने के पहले ही आज क्षेत्र के दर्जनों दावेदारों ने बैठक की। दावेदारों का कहना है कि यदि बीजेपी अनुज को प्रत्याशी बनाती है तो एकतरफा विरोध का सामना करेगी। इतना ही नहीं कार्यकर्ताओं का भी कहना है कि 30-32साल से पार्टी के लिए समर्पित रूप से काम कर रहे कार्यकर्ताओं को पैराशूट लैंडिंग पसंद नही आएगी। वे अंततः पार्टी छोड़ना पसंद करेंगे या फिर अंदरूनी रूप से अनुज का विरोध करके हरा देंगे है। ये है देवदार-अरविंद ठाकुर, महेश नायक, श्रीमती चंद्रकांति वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, शिवशंकर वर्मा, गुलाब टिकरिहा, सोहन धीवर, डॉ लखन धीवर, अनिल सोनी, बबलू शर्मा, रोबिन साहू, राकेश यादव, अभिनेष बॉबी कश्यप, अंजय शुक्ला, जी एस मिश्रा।

# छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : भूपेश

## नक्सल वारदातों में आयी कमी, छत्तीसगढ़ चिटफंट का पैसा लौटाने वाला देश का एकमात्र राज्य

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के ध्येय के साथ काम करते हुए राज्य में न्याय, विश्वास व सुरक्षा के मूल मंत्र पर आगे बढ़ते हुए पिछले पांच वर्षों में जीरो टालरेंस की नीति अपनायी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में राज्य की बेसिक पुलिसिंग ने जनता का भरोसा जीता है और जीरो टालरेंस से राज्य में अपराधों पर अंकुश भी लगा है।

छत्तीसगढ़ में 2015 से 2018 की तुलना में 2019 से अब तक महिला अपराधों में 40 फीसदी की कमी आयी है। महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाल ही में एक बड़ी घोषणा की है जिसमें महिलाओं से दुष्कर्म के आरोपियों को शासकीय नौकरी देने पर रोक लगा दी गयी है। महिला अपराध पर अंकुश लगाने के लिए राज्य के 4 जिलों में अलग से महिला थाना की स्थापना की गयी है। जबकि 455 पुलिस थानों और चौकियों में महिला सेल का संचालन किया जा रहा है।



**नक्सल वारदातों में कमी**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में छत्तीसगढ़ पुलिस को विशेष संबल मिला है इसी का नतीजा है कि वर्ष 2018 से लेकर वर्ष 2022 तक नक्सल वारदातों में 52 फीसदी की कमी आई है। नक्सल क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या शिक्षा की थी। नक्सलियों के द्वारा स्कूलों को निशाना बनाया गया था।

नक्सली हिंसा के कारण डेढ़ दशक से बंद पड़े 314 स्कूलों का मुख्यमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति से फिर से संचालन शुरू किया गया है। इसके साथ ही 589 गांव भी नक्सल मुक्त हो चुके है और 5.74 लाख से अधिक लोग हिंसा और दहशत से मुक्त हुए हैं।

**आनलाइन जुआ पर नकेल, चिटफंट का पैसा लौटाने वाला देश का एकमात्र राज्य**

छत्तीसगढ़ में जुआ सट्टा के प्रभाव को रोकने के लिए राज्य में जुआ प्रतिषेध अधिनियम में कड़े प्रावधानों को शामिल किया गया जिसमे आनलाइन जुआ के लिए भी सजा का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ पुलिस नशीले पदार्थों को लेकर विशेष अभियान चला रही है जिससे नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सका है। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जो चिटफंड कंपनियों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवाने वालों का पैसा लौटा कर उनके साथ न्याय कर रहा है।

# खड़गे 4 को रायगढ़ में, 6 को प्रियंका का कांकेर दौरा

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। 4 अक्टूबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। वहीं प्रियंका गांधी 6 अक्टूबर को दौरे पर आ रहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे रायगढ़ में होने वाले भरोसे के सम्मेलन शामिल होंगे। वहीं प्रियंका कांकेर में होने वाले पंचायती राज्य एवं नगरीय निकाय सम्मेलन में शामिल होंगी। चुनावी साल में खड़गे का यह पांचवा छत्तीसगढ़ दौरा है। साथ ही प्रियंका गांधी भी चौथी बार प्रदेश के दौरे पर रहेंगी। खड़गे 28 सितंबर को ही बलौदाबाजार पहुंचे थे।





**राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह पांचवां दौरा होगा-** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस साल पांचवीं बार छत्तीसगढ़ आएंगे। खड़गे का पहला दौरा नवा रायपुर में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में हुआ था। इसके बाद जांजगीर में उनकी सभा आयोजित की गई थी। यहां भरोसे का सम्मेलन में मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए थे।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा अनुसूचित जाति वर्ग बहुल जांजगीर-चांपा जिले की सीटों को ध्यान में रखकर कराई गई थी। खड़गे का तीसरा दौरा राजनांदगांव जिले में हुआ था। यहां भी भरोसे का सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसके बाद चौथी बार वे 28 सितंबर को बलौदाबाजार पहुंचे थे। जहां वे कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में शामिल हुए।

# पीएससी मामले में सरकार क्यों नहीं कर रही जांच : मूणत

## राज्य सरकार को स्वयं अपने ऊपर भरोसा नहीं है

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने ईडी की कार्रवाई, भ्रष्टाचार, पीएससी मामलें को लेकर राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, सरकार भ्रष्टाचारियों को सरंक्षण दे रही है। खनिज माफियाओं, दारू माफियाओं को कांग्रेस पार्टी पर भरोसा हो गया है। सीजीपीएससी का इतना बड़ा घोटाला आने के बाद सरकार संज्ञान में लेकर जांच क्यों नहीं करती ? हाईकोर्ट के निर्णय आने के बाद भी मुख्यमंत्री संज्ञान में लेकर जांच की घोषणा क्यों नहीं कर सकते हैं ?

एकात्म परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में हीरापुर के जरवाय में गायों की मौत मामले में राजेश मूणत ने कहा, गौठान को लेकर भाजपा पूरे ने प्रदेश में मुद्दा उठाया। कहीं भी चारा, पानी, शेड नहीं, गौठान को पैसा कमाने का यंत्र बना दिये हैं। गौठान में गायों को फफूंद लगा चारा खिलाया जा रहा। परिवर्तन की लहर चारों तरफ दिख रही है। भरोसे की यात्रा पर मूणत ने कहा, सरकार को स्वंय अपने ऊपर भरोसा नहीं है, मंत्रियों की आपस में बातचीत नहीं है।

**बस्तर में कांग्रेस कुछ किया हो तो बताएं**

प्रधानमंत्री प्रवास के दिन बस्तर बंद कर रही कांग्रेस, इस सवाल पर मूणत ने कहा, दुरुस्त अंचल में वन बंधुओं का अपना क्षेत्र है।55 साल में उनका जीवन स्तर, वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक हो, आदिवासी को उनका मूल हक मिले, ये विचार कर रहें। कांग्रेस ने कुछ किया हो तो बताएं।नगरनार प्लांट की आमदनी छत्तीसगढ़



के बस्तर के विकास में लगेगी हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।बस्तर विकास की बात करते हैं, कांग्रेस पार्टी को विकास करना नहीं है। मुख्यमंत्री संभावना व्यक्त कर रहे हैं निजी हाथों में बेच दिया जाएगा, इस पर मूणत ने कहा, सरकार गौठान तो चला नहीं पा रही, गौठान सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, उसे तो चला नहीं पा रही, जब वो नहीं चला पा रहे तो प्लांट कैसे चला पाएंगे ?

**भरोसा यात्रा के जवाब में भाजपा शुरू करेगी दूरबीन से विकास ढूंढो अभियान**

कांग्रेस कीभरोसा यात्रा के जवाब में भाजपा आज दूरबीन से विकास ढूंढो अभियान शुरू करेगी।

भाजपा कल दोपहर 12 बजे रायपुर पश्चिम विधानसभा की सभी चारों दिशाओं में जाकर दूरबीन के माध्यम से कांग्रेस के शासनकाल में हुए विकास कार्यों को ढूंढने का प्रयास करेगी।

राजेश मूणत ने बताया कि मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश भर में घूम-घूम कर झूठ बोल रहे हैं कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास कार्य किए गए हैं, जबकि उनका कोरा झूठ छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा आसानी से पकड़ सकता है।

श्री मूणत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए जितने भी बड़े कार्य हुए हैं, वह सभी भाजपा शासनकाल की देन हैं। अगर मैं केवल रायपुर शहर और रायपुर पश्चिम की बात करूं,तो कांग्रेस के पास एक भी काम नही है,जिसे वह गिना पाए। बीते 5 साल के दौरान कांग्रेस ने रायपुर को राजधानी से खोदापुर में तब्दील कर दिया है, जो विकास कार्य भाजपा के शासनकाल में हुए थे।

कांग्रेस उन्हें भी संभाल नहीं पाई है, क्योंकि कांग्रेस का सारा ध्यान केवल जनता की कमाई लूटने पर केंद्रित है।

श्री मूणत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भरी सभा में जनता के सामने यह झूठ बोला था कि उनके 3 महीने के कार्यकाल में भाजपा के 15 साल के कार्यकाल की तुलना में अधिक कार्य हुए हैं। इसके बाद मैंने उनसे अपने साथ रायपुर पश्चिम विधानसभा में एक साथ घूम कर विकास कार्य को साबित करने के लिए आमंत्रण भेजा था किंतु भूपेश बघेल उम्मीद के मुताबिक भयभीत नजर आए और खुद के झूठ में फंस गए है।

# गौठानों में लगातार हो रही मवेशियों की मौत, अब एक्शन में भूपेश सरकार



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के सरकारी गौठानों में एक के बाद एक मवेशियों की मौत हो रही है। इसको लेकर सियसात गरमाने लगी है। इस बीच सरकार ने गोठानों में मवेशियों की उचित देखभाल को लेकर निगम आयुक ?तों और मुख?य नगर पालिका अधिकारियों को एक निर्देश जारी किया है। नगरीय प्रशासन विभाग की तरफ से जारी इस आदेश में साफ कहा गया है कि विभाग को मवेशियों के अकारण मौत की सूचना प्राप ?त हो रही है, जबकि गोठानों के प्रबंधन को लेकर पहले ही स ?पष ?ट दिशा-निर्देश जारी किया गया था। इसके बावजूद मवेशियों की अकारण मौत हो रही है।

बता दें कि बिलासपुर जिले के कोटा क्षेत्र के ग्राम नेवरा के गोठान से लगे पम्प हाउस में दम घुटने से 13 मवेशियों की मौत फिर रायपुर के जरवाय गोठान में 6 गायों की मौत को लेकर पूरे प्रदेश भर में बवाल मचा है। लगातार आरोप लग रहे कि जानवरों को रखने और चारा-पानी के लिए शासन से मिलने वाले फंड को गोठानो के कर्ताधर्ता खुद खा जा रहे जिससे मवेशियों की मौते हो रही है।

# भाजपा ने गांधी प्रतिमा के सामने किया भजन




**रायपुर** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने गांधी जयंती के अवसर पर रायपुर पश्चिम विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आज़ाद चौक स्थित गांधी प्रतिमा के सामने बैठकर कांग्रेस की सदबुद्धि के लिए प्रार्थना किया।

श्री मूणत ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी को स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

तत्पश्चात रायपुर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लगातार गौठानो में सामने आ रही अव्यवस्थावश हो रही गायों की मृत्यु पर दुख प्रकट करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया।

इस दौरान मूणत ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी पार्टी कांग्रेस सरकार ने गौमाता की सेवा का झूठे प्रचार करके गौठानो के माध्यम से भारी भ्रष्टाचार किया है। चाहे जरवाय की घटना हो या नया रायपुर में राहुल गांधी की सभा के बाद बड़ी संख्या में गायों की मृत्यु का मामला हो, कांग्रेस को उसपर लगे गौहत्या पर जवाब देना ही चाहिए, लेकिन बेशर्म कांग्रेस को अपनी करनी पर जरा भी अफसोस नही हो रहा है।

महात्मा गांधी सच्चाई के रास्ते पर चलते थे। भाजपा के लोग गांधी के विचारों को आज भी साथ लेकर चलते हैं,लेकिन खुद को गांधीवादी बताने वाली कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार के आकंठ में इस कदर डूब चुकी है कि गौमाता के जीवन की भी परवाह नहीं है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस को अगले चुनाव में करारी शिकस्त मिलेगी, यही उनके पापों का परिणाम होगा।

श्री मूणत ने गांधी की प्रतिमा के पास भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में रामधुन पर रघुपति राघव राजा राम भजन भी गया, कांग्रेस की लिए सद्बुद्धि की प्रार्थना की।

## कांग्रेस की सदबुद्धि के लिए की प्रार्थना

*कांग्रेस की भरोसा यात्रा के जवाब में भाजपा शुरू करेगी दूरबीन से विकास ढूंढो अभियान*

श्री राजेश मूणत ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश भर में घूम-घूम कर झूठ बोल रहे हैं कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास कार्य किए गए हैं, जबकि उनका कोरा झूठ छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा आसानी से पकड़ सकता है।

श्री मूणत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए जितने भी बड़े कार्य हुए हैं, वह सभी भाजपा शासनकाल की देन हैं। अगर मैं केवल रायपुर शहर और रायपुर पश्चिम की बात करूं,तो कांग्रेस के पास एक भी काम नही है,जिसे वह गिना पाए।

मूणत ने कहा कि बीते 5 साल के दौरान कांग्रेस ने रायपुर को राजधानी से खोदापुर में तब्दील कर दिया है, जो विकास कार्य बीजेपी के शासनकाल में हुए थे।

कांग्रेस उन्हें भी संभाल नहीं पाई है,क्योंकि कांग्रेस का सारा ध्यान केवल जनता की कमाई लूटने पर केंद्रित है। श्री मूणत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भरी सभा में जनता के सामने यह झूठ बोला था कि उनके 3 महीने के कार्यकाल में बीजेपी के 15 साल के कार्यकाल की तुलना में अधिक कार्य हुए हैं। इसके बाद मैंने उनसे अपने साथ रायपुर पश्चिम विधानसभा में एक साथ घूम कर विकास कार्य को साबित करने के लिए आमंत्रण भेजा था किंतु भूपेश बघेल उम्मीद के मुताबिक भयभीत नजर आए और खुद के झूठ में फंस गए है। धरना स्थल में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ओंकार बैस प्रफुल्ल विश्वकर्मा अशोक पांडे गोवर्धन खंडेलवाल प्रभा दुबे चन्नी वर्मा सत्यम दुआ रमेश ठाकुर गोपी साहू नवीन शर्मा शैलेंद्र परगनिया आशु चंद्रवंशी अमित महेश्वरी कमलेश्वरी बसंत वर्मा सरिता दुबे दीपक जायसवाल भोलाराम साहू मनीष ध्रुव कामिनी देवांगन गज्जू साहू पुरुषोत्तम देवांगन बसंत बाग पुष्पेंद्र उपाध्याय बजरंग खंडेलवाल दीनबंधु ठाकुर अनिल सोनकर प्रीतम ठाकुर भूपेंद्र ठाकुर श्रीनिवास राव नीलम सिंह मनोरमा हनोतिया राजू श्रीवास रोहित द्विवेदी संजय सिंह संतोष साहू विकास सेठिया पवन केसरवानी सनी मोहल्ले गजानन साहू दिनेश शर्मा अशोक भल्ला एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजीव लोचन फाउंडेशन ने वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर राजीव लोचन फाउंडेशन ने विप्र नगर रायपुरा के पूजा सदन में वरिष्ठ नागरिकों का *राजीव लोचन सम्मान* से सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त वरिष्ठ नागरिकों सर्वश्री इंजी रवि प्रकाश शुक्ला, इंजी प्रमोद मिश्रा, पूर्व शिक्षक नरेंद्र मिश्रा, पूर्व डीएसपी विनोद मिश्रा, पूर्व सहकारिता अधिकारी अरुण मिश्रा, पूर्व जिला कोषालय अधिकारी अरविंद मिश्रा, इंजी मुकेश मिश्रा का पुष्पमाला के साथ तिलक लगाकर अभिनंदन पत्र व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान करने वालों में मुख्य रूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित मिश्रा, महासचिव संजय मिश्रा, अतुल मिश्रा, सचिव आलोक मिश्रा, अजय मिश्रा, आशुतोष मिश्रा ,संगठन सचिव आशीष मिश्रा तथा सुमित मिश्रा सहित पदाधिकारी शामिल थे।

# इप्टा द्वारा 'मां मुझे टैगोर बना दे...' का एकल मंचन शिक्षण संस्थानों में

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। इप्टा छत्तीसगढ़ द्वारा 3 से 7 अक्टूबर तक रायपुर , भिलाई तथा बिलासपुर की विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जम्मू के युवा अभिनेता व निर्देशक लक्की जी गुप्ता की एकल प्रस्तुति 'मां मुझे टैगोर बना दे' का प्रदर्शन होगा। इन तीनों शहरों में इस मंचन के कुल 15 प्रदर्शन किए जाएंगे।



लक्की जी गुप्ता जम्मू शहर के एक भ्रमणशील एकल अभिनेता हैं और पिछले पच्चीस वर्षों से जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और भारत के अन्य हिस्सों में विभिन्न थिएटर समूहों, कंपनियों के साथ एक अभिनेता, निर्देशक के रूप में थिएटर कर रहे हैं। उनका एकल प्रदर्शन 'मां मुझे टैगोर बना दे' पिछले तेरह वर्षों से सबसे लंबा चलने वाला प्रोडक्शन है। वर्ष 2023 में पूरे देश में इसके बारह सौ शो पूरे हो गए हैं। नाटक स्वर्गीय मोहन भंडारी की पंजाबी कहानी से प्रेरित है, नाटक के लेखक और निर्देशक वे ही हैं।

भारत के 25 राज्यों के 800 शहरों और कस्बों में पांच लाख किलोमीटर से अधिक की यात्रा और विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और कई अन्य स्थानों के साठ लाख से अधिक छात्रों को इस नाटक ने बेहद प्रेरित किया है। एनएसडी (नई दिल्ली) छात्र संघ ने 2017 में, मध्य प्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा ने 2013, 2015 और 2017 में उन्हें इस शो के लिए आमंत्रित किया था। इस नाटक ने भारत में सौ से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय थिएटर महोत्सव में भी भाग लिया है। उन्होंने इसे चलती ट्रेन, बसों में, रेलवे प्लेटफार्म पर, बस स्टॉप पर, छतों पर, रेस्तरां में कई शो में, लिविंग रूम में प्रदर्शित किया है।

'मां मुझे टैगोर बना दे' का अभिनय अंतरंग शैली में है और दर्शकों की भागीदारी पर आधारित है। इसमें कई किरदार दर्शकों द्वारा निभाए जाते हैं। यह छात्रों, युवाओं, वरिष्ठ दर्शकों के लिए एक अनोखा अनुभव होगा। यह नाटक दर्शक के हिसाब से अपना रूप बदलता है, जैसे दर्शक वैसा अनुभव , खास कर स्टूडेंट के लिए एक लाइफ चेंजिंग परफॉर्मेंस है।

# कांग्रेसी ही छग को अपराध का गढ़ बना रहे : कौशिक

## पूर्व विस अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बदहाल कानून व्यवस्था पर कसा तंज

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि न्यायधानी में सरेआम पिस्टल से फायरिंग किया जा रहा है इससे पहले भी जिसने पिस्टल चलाई उसने किसान को जान से मारने की धमकी दी थी जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। इसके बाद भी कांग्रेस ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया था इसी कांग्रेस की लापरवाही व गुंडागर्दी के कारण आज छत्तीसगढ़ की जनता अपने आप असुरक्षित महसूस कर रही है, और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहते है छत्तीसगढ़ सुरक्षित राज्य है पर जमीनी हकीकत यह है कि आज छत्तीसगढ़ पुरी तरह से अपराध गढ़ बन चुका है हाल ही में राजधानी में सरेआम तलवार से केक काटा जा रहा है। तालिबानी अंदाज में सड़कों पर हथियारों के साथ जुलूस निकाला जा रहा है। यह हथियार किसी पर भी चल भी सकते हैं। किन्तु सरकार इस पर कार्यवाही करना छोड़ केवल आरोप लगाने में व्यस्थ है। मनेन्द्रगढ़ जिले में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के गुंडापुत्र के हाथों एक युवक की हत्या हो गयी थी और अनेक कांग्रेसियों के गुंडागर्दी. की खबर लगातार अखबारों में पढ़ने को मिलता है।



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक छत्तीसगढ़ में ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था के लिए भूपेश बघेल सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि बहुत संवेदनशील स्थिति है कि छत्तीसगढ़ में मानव जीवन किस प्रकार संकट में पहुंच रहा है। किस तरह अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके हैं। सरेआम सड़क पर दहशतगर्द कैसे दहशतगर्दी फैला रहे हैं। आज छत्तीसगढ़ की माता- बहने शर्मसार हो चुकी है, लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देने वाली प्रियंका गांधी आयी थी उन्होंने दुनिया भर की बातें कही लेकिन छत्तीसगढ़ में इतने हैवानियत हादसे हो रहे है इस मामले में एक शब्द नहीं कही उन्होंने केवल उन्हीं बातों का जिक्र किया जो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें लिख कर दिया था। भाजपा बार-बार कहती है कि यह सरकार तुष्टीकरण के आधार पर चल रही है। क्या अब उस पिस्टल का भी तुष्टिकरण होगा, जो लोगों की जान ले लेती है। गोली लग जाती है। इस तरह के कृत्य बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसका कड़ा विरोध करेंगे। निश्चित रूप से यह भयावह स्थिति जो आज है, यह कांग्रेस पार्टी, इसके गृहमंत्री, मुख्यमंत्री सारे लोग 2023 की छटपटाहट में सब भूल गए हैं। इस सरकार ने सारी छूट दे दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी घटनाओं की निंदा करती है और अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग करती है।

## सार-संक्षेप

**नगरी जनपद सदस्य सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष उमेश देव का ग्रामीण ने किया भव्य स्वागत**

**मगरलोड,** 2 अक्टूबर। दुर्गा महोत्सव ग्राम समिति घुटकेल में ग्राम के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष बिरेन्द्र यादव, सचिव बिज्जू मरकाम ग्राम पटेल प्रफूल ठाकुर एवं सभी ग्रामवासी की सभा में उमेश देव जनपद सदस्य नगरी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज का भव्य स्वागत किया गया तथा उमेश देव द्वारा सभा को संबोधन कर छत्तीसगढ़ सरकार माननीय मुख्यमंत्री जी के सभी योजनाओं का किसान हितैसी,मजदूर, भूमि हीन मजदुर को मिल रहा लाभ, शिक्षा व सभी समाजिक परम्परागत त्यौहार खेल के बारे में बताया गया।



## निधन

**डेरहा राम**

**कुम्हारी,** 2 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ कलार समाज के वरिष्ठ सदस्य डेरहा राम का आकस्मिक निधन सोमवार 2 अक्टूबर सुबह 8.30 को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास वार्ड क्र. 2 कुम्हारी बस्ती से निकल कर मुक्तिधाम में समाप्त हुई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित परिवार के घनश्याम सिन्हा, नोबल सिन्हा भी शामिल हुए।



# मुख्यमंत्री ने गांधी-शास्त्री की जयंती पर किया नमन

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री और शायर हाजी हसन अली की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी उपस्थित थे ।



मुख्यमंत्री बघेल ने महात्मा गांधी के देश के लिए अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि गांधी जी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। उन्होंने देश में जिस ग्राम स्वराज की कल्पना की थी, छत्तीसगढ़ सरकार उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए कहा कि शास्त्री जी ने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया। वास्तव में वे सच्चे गांधीवादी थे। उन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय देश को कुशल नेतृत्व प्रदान किया और 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर जनता का मनोबल बढ़ाया, जिससे सारा देश एकजुट हो गया। बघेल ने कहा कि शास्त्री जी जैसे कर्मयोगी सदा लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने हसन के उर्दू भाषा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान को याद करते हुए कहा है कि हाजी हसन अली 'हसन' ने उर्दू भाषा को जनप्रिय बनाने के लिए कई काम किए। हाजी हसन ने हिन्दी से उर्दू पढ़ना-लिखना सीखने के लिए कई किताबें लिखी, इससे दोनों भाषाओं को सीखने और समझने में रूचि रखने वालों को आसानी हुई है। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में राज्य अलंकरण की स्थापना की है। बघेल ने कहा है कि उनका साहित्य उर्दू भाषा को जानने और जनसामान्य में प्रचलित करने के लिए हमेशा रौशनी देता रहेगा।

# राबिन बने मि. संभाग, मिस संभाग बनी संजन्ना



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एवं पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में बॉडी बिल्डिंग में मि.संभाग रायपुर बने राबिन सिंह एवं मिस संभाग रायपुर संजन्ना भन्नेट मि एंड मिस कपल बॉडी बिल्डिंग में मुरली वैष्णव और संजन्ना भन्नेट को खिताब से नवाजा गया रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग के जज महेंद्र टेकाम छग प्रदेश बॉडी बिल्डर एसोसिएशन के महासचिव अरविंद सिंह हेमंत परमाले शशि साहू निर्मल भारती ने निर्णायकी की भूमिका अदा की विजयी बॉडी बिल्डिंग इस प्रकार है 50 किलो में 1 मनीष कुर्रे 2 चेतन दीप 3 शशि बाघ 55 किलो मे 1 सुमित वर्मा 2 मनोज निहाल 3 सूरज निषाद 60 किलो में 1 विद्या तांडी 2 विक्रांत साहू 3 चंद्र दीप भारती 65 किलो में 1 लक्की नेताम 2 जल्ला उपेंद्र राव 70 किलो में 1 देवेश कुमार धीवर 2 दीपक मसीह 3 सुहैल राणा 75 किलो मे 1 सिद्धांत दुबे 80 किलो में 1 राबिन सिंह 85 किलो में 1रवि नेताम दिव्यांग बॉडी बिल्डर 1 दुष्यंत कुमार ध्रुव 2 वेद प्रकाश साहू मास्टर ग्रुप में 1कन्हैया ग्वाल 2 मुरली वैष्णव मेंस फिजिक मॉडल में 1 सिद्धांत दुबे 2 लक्की नेताम 3 विशाल दुबे 4 मोहन कुमार 5 सौरभ तिवारी कार्यक्रम का संचालक अमित रामटेके ने किया जबकि आभार सोहन वर्मा ने की।

# उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान



**कुरुद,** 2 अक्टूबर (देशबंधु)। नगर पंचायत कुरूद 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती एवम स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालो का सामान करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। तत्पश्चात नगर के मुख्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन के माध्यम से नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया तथा सभी ने स्वच्छता शपथ भी लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पार्षद एवम नगर के स्वच्छता लीग कैप्टन मनीष कुमार साहू, पार्षद राखी चंद्राकर, चुम्मन दीवान, उत्तम साहू, सीएमओ दीपक खाड़े, उप अभियंता भोजराज सिन्हा, पीआईयू कुलदीप साहू, एपीएम राशि शर्मा, नगर पंचायत के सफाई मित्र, स्वच्छता दीदी, समस्त कर्मचारी एवम नगर के नागरिकों की सहभागिता रही।

# पुस्तक लोकार्पण समारोह, श्रीमद्भागवत गीता का छत्तीसगढ़ी भावानुवाद

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल के सचिव श्री तेजपाल सोनी की पुस्तक 'श्रीमद्भगवत गीता का छत्तीसगढ़ी भावानुवाद' का लोकार्पण टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर के पहले, श्री राम जानकी मंदिर, रायपुर में किया गया। डॉ. सुशील त्रिवेदी, मुख्य अतिथि थे।आचार्य अमरनाथ त्यागी ने अध्यक्षता की। अन्य अतिथि गण थे डॉ. मानिक विश्वकर्मा नवरंग, डॉ. जे के डागर, शिलकांत पाठक, अंबर शुक्ला अंबरीश। पुस्तक की समीक्षा डॉ. मृणालिका ओझा एवं श्री अंबर शुक्ला अंबरीश ने की।

तेजपाल सोनी ने अनुदित कुछ पंक्तियों का पाठ किया जिनमें से प्रमुख हैं..

धृतराष्ट्र ह बोलिस...
कुरुक्षेत्र भुइयां में जुरियाय के,
जुध के साध ल मन में धरे हवंय
मोर औ पांडव के लइका मन ह
है संजय काय कुछु करत हवंय।
संजय ह बोलिस...
जउन बियुह रूप म ठाढ़े हवय
तउन देखव पांडव मन के सेना
द्रोणाचारज के तिर में जायके
तब दुर्योधन ह बोलिस बैना।
रन भुइयां में हवे जोधा बड़े बड़े
भीम अर्जुन जइसन धनुधारी
उदयुधान द्रुपद कस बिकट जोधा
विराट असन हवय बलकारी।
अर्जुन ह कहिस..
छिटके असन लगत हे सबो अंग ह मोर
अउ मुंह ह घलो सुखावत हे
सब्बो तन ह कांपत हावय
अउ रुआं मन ह घुरघुरावत हे।
गांडीव हाथ ले छूटत हे



अउ खंडरी ह अगियावत
हे
मैं ठाढ़ घलो नहीं हो सकंव
मूंड़ मोर चकरावत हे।
जान परत हे सबो उल्टा उल्टा
हे कृष्ण इहां जम्मो लच्छन
नहीं दिखत हे कलयान कुछु
ए रन म मारे जाही भाई मन।
श्री कृष्ण से अर्जुन ह पुछिस..
सुरूज ह पहली जनमिस
अउ तैं ह पाछु जनम पाय हवस
फेर कईसे हम जानन तैंहर
सुरूज ल गियान सुनाय हवस
श्री कृष्ण ह कहिस..
ये सुन ले अर्जुन तोर अउ मोर
अब ले कतकोन जनम बीतगे हावय
तैं ओखर बिसे म कुछु नहीं जानस
पर वो सब मोला मालूम हावय।

## तेजपाल सोनी द्वारा अनुदित

पुस्तक की समीक्षा डॉ सुशील त्रिवेदी, आचार्य अमरनाथ त्यागी, शीलकांत पाठक, डॉ. मृणालिका ओझा एवं श्री अंबर शुक्ला अंबरीश ने की।

डॉ. मृणालिका ओझा की समीक्षा..

इस पुस्तक के माध्यम से कठिन कार्य को परिणति दी गई है। आध्यात्मिक तत्वों का जितना गहन एवं विशद तत्वार्थ संस्कृत शब्दों में उपलब्ध है, उतना छत्तीसगढ़ी शब्दों में नहीं है, किंतु छत्तीसगढ़ी शब्दों में जो लोकाभिव्यक्ति की क्षमता है, वह संस्कृत में नहीं है। संस्कृत में बहुत बड़े - बड़े संधी शब्द होते हैं जो छत्तीसगढ़ी में बिल्कुल नहीं होते। अत: पुस्तक लेखक की साहित्यिक क्षमता प्रतिबिंबित करता है।

अंबर शुक्ला अंबरीश की समीक्षा..

कविता के रूप में किया गया अनुवाद, निश्चित रूप से अनुवादों की कड़ी में एक नया प्रयास है जिसके परिणाम स्वरुप छत्तीसगढ़ की आम बोली, भाषा जानकारी और समझ रखने वाले लोगों के लिए गीत की गंगा को उनके दिलों दिमाग और घर तक पहुंचाने का एक प्रयास माना जा सकता है।संचालन सुनील पांडे ने किया।

इस अवसर पर अंबर शुक्ला अंबरीश, डॉ. चंद्रावती नागेश्वर, वीरेंद्र तिवारी, डॉ. राजीव तिवारी, डॉ. हर्षवर्धन तिवारी, डॉ. रीता तिवारी, रितेश साहू, नीलिमा तिवारी, राम नारायण साहू, संजीव ठाकुर, शिवानी मैत्रा, डॉ. जे के डागर, लतिका भावे, शिव सोनी, डॉ. महेंद्र ठाकुर, अनिल श्रीवास्तव, गोपाल सोलंकी, राजेंद्र ओझा, यशवंत यदु, रिकी बिंदास, वीर अजीत शर्मा, शोभा मोहन श्रीवास्तव, संतोष सिंह, मोहन श्रीवास्तव, कुसुम सोनी, अमित सोनी, पूजा सोनी, अर्चना सोनी, संध्या सोनी, राकेश सोनी, पुष्पेंद्र साहू, अशोक पैकरा, अनुपमा सोनी, किरण सोनी, रिमझिम, गुनगुन,एकाग्र, कुशाग्र, वान्या, रमेश सोनी, शकुन सोनी, एन पी विश्वकर्मा, तिलोत्तमा पांडे, कौशल महंत कौशल, नरेंद्र वैष्णव, भानु प्रकाश साहू, गोपाल सोलंकी, आशा पाठक, डॉ. रामकुमार बेहार, राजेंद्र ओझा, दिलीप वाजपेई, रिकी बिंदास, मन्नूलाल यदु, दिलीप, शिवा वाजपेई, डॉ. अर्चना पाठक, सूर्यकांत प्रचंड, उज्जवल तिवारी, भी उपस्थित थे।

## इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला

# आरोपी कारोबारियों से करोड़ों की होगी वसूली

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला प्रकरण में शामिल कारोबारियों से अब सख्ती से करोड़ों की वसूली की तैयारी है। पिछले दिनों न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत ने मामले की सुनवाई कर अभियोजन को जल्द ही रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था, जिस पर महा अधिवक्ता संदीप दुबे ने सात अक्टूबर को पूरी रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

दरअसल बैंक घोटाले के 12 आरोपित किसी न किसी बहाने पेशी में कोर्ट नहीं आ रहे है। इसके कारण मामला लंबा खिंच रहा है। महा अधिवक्ता की इस शिकायत पर अब न्यायाधीश ने भी आरोपितों की जमानत निरस्त करने के संकेत दिए हैं। नार्को टेस्ट और ब्रेन मैपिंग टेस्ट के आधार पर अब तक जांच चल रही है। अब इस घोटाले में कुछ भाजपा नेताओं को आरोपित बनाने की भी तैयारी है।

**सात अक्टूबर को अभियोजन पक्ष कोर्ट में पेश करेगा रिपोर्ट**

महा अधिवक्ता संदीप दुबे ने बताया कि इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला मामले में सिटी कोतवाली पुलिस की ओर से जय बजरंग प्रालि बजरंग पावर एंड इस्पात के डायरेक्टर, रजिस्ट्रार आफ कंपनी बिलासपुर, शांति विजय प्रालि के डायरेक्टर, नर्मदा इंफ्राटेक आफ विद्युत लिमिटेड के डायरेक्टर, टूंड पावर लिमिटेड सिलतरा, उरला के डायरेक्टर, छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक सिटी कंपनी प्रालि सिलतरा के डायरेक्टर, नैक्सेस बिल्डकान प्रालि सेक्टर पांच देवेंद्रनगर के डायरेक्टर, इंड एग्रो सेनर्जी लिमिटेड सिविल लाइन, नागपुर (महाराष्ट्र) के डायरेक्टर, उमा प्लांटेशन नागपुर के डायरेक्टर, गणपति स्पंज आयरन लिमिटेड नगर निगम कालोनी अग्रसेन चौक को नोटिस जारी कर लेनदेन संबंधी जानकारी मांगी है।

वहीं रायपुर के डायरेक्टर, प्रकाश मेटालिक समता कालोनी के डायरेक्टर, मेसर्स नवकार प्रालि सदर बाजार के डायरेक्टर, बलदेव एलाइज प्रालि चौबे कालोनी के डायरेक्टर, जय बजरंग व्यापारा प्रालि के डायरेक्टर, एनआरआइ पावर अग्रसेन चौक बिलासपुर के डायरेक्टर, रूंगटा इंफोटेक प्रालि दुर्ग के डायरेक्टर, छत्तीसगढ़ पैकेजिग के डायरेक्टर, छत्तीसगढ़ पावर बाक्स प्रालि, जय माता दी पावर मिल तरपोंगी के डायरेक्टर, इस्कान स्टील प्रालि भाठागांव के डायरेक्टर आदि को नोटिस जारी कर लेनदेन संबंधी जानकारी मांगी है। आने वाले समय में सभी कंपनियों से सख्ती से वसूली की जाएगी।

# पीड़ित-शोषित किसानों ने फुंडहर से आजाद चौक तक पदयात्रा निकाली



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर नया रायपुर के भू अर्जन के बाद मुआवजा न मिलने से पीड़ित तथा परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी की मांग करते हुए आज गांधी जयंती के पावन पर्व पर फुंडहर से पदयात्रा प्रारंभ होकर राम मंदिर चौक तदपश्चात शास्त्री चौक, शारदा चौक होते हुए आजाद चौक महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया। नया रायपुर के किसानों के मुआवजा व बेरोजगारों को रोजगार देने के संबंध में लगाकर विरोध किया जा रहे हैं। किसान संयुक्त मोर्चा के नेता रूपम चंद्राकर, कामता रात्रे, ललित यादव के नेतृत्व में पदयात्रा निकल गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार झा एवं अनुसूचित जाति अध्यक्ष परमानंद जांगडे ने आंदोलन का समर्थन किया है। उन्होंने उच्च न्यायालय का आदेश का पालन करते हुए चार गुना मुआवजा जमीन का देने की मांग की अन्यथा जमीन को वैसे ही मुक्त किया जाए जैसे रविशंकर विश्वविद्यालय के अर्जित भूमि को वापस करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट से हुआ था।

**मुआवजा व नौकरी की मांग**

# पुलिस ने घुमक्कड़ चोर को पकड़ा



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना गंज पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई की थाना गंज क्षेत्रांतर्गत तेलघानी नाका स्थित राजपूताना होटल के पास एक व्यक्ति अपने पास मोबाईल फोन रखा है तथा सस्ते दामों में बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी गंज को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित कियाा गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पहुंच कर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नरेन्द्र सागर निवासी कोतवाली रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पास 08 नग मोबाईल फोन रखा होना पाया गया। मोबाईल फोन के संबंध में दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में घुम-घुम कर मोबाईल फोन चोरी करना बताया गया। जिस पर आरोपी नरेन्द्र सागर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का 08 नग मोबाईल फोन जुमला किमती लगभग 1,50,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में धारा 41(1+4) जा.फौ/379 भादवि. का अपराध पंजिबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# अवमानना मामले में पूर्व गृह सचिव व पूर्व डीजीपी ने हाईकोर्ट से मांगी माफी



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। अवमानना के एक मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व गृह सचिव सुब्रत साहू और रिटायर हो चुके पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी ने हाईकोर्ट से लिखित में माफी मांगी है इसके बाद कोर्ट ने अवमानना याचिका निराकृत कर दी है।

2010 में पुष्पेन्द्र सिंह सेंगर सहित अन्य 35 याचिकाकर्ताओं की पुलिस विभाग हेड कॉन्सटेबल (नर्सिंग) और सहायक प्लाटून कमांडर (एपीसी) नर्सिंग के पद पर भर्ती हुई थी, लेकिन प्रमोशन चैनल नहीं होने की वजह से याचिकाकर्ताओं ने बिलासपुर हाईकोर्ट की शरण ली। 26 नवंबर 2019 को हाईकोर्ट ने तत्कालीन गृह सचिव सुब्रत साहू और तत्कालीन डीजीपी डीएम अवस्थी को 6 महीने के भीतर मामले के निराकरण का आदेश दिया था। लेकिन 6 महीना बीत जाने के बाद भी हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया, जिस पर याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की। अवमानना नोटिस जारी होने पर तत्कालीन गृह सचिव सुब्रत साहू ने मामले का निराकरण कर दिया। याचिकाकर्ताओं के वकील अभिषेक पाण्डेय और गीता देवनाथ ने हाईकोर्ट के सामने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा समय सीमा में हाईकोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करने से लगातार अवमानना याचिकाएं प्रस्तुत करनी पड़ रही है। हाईकोर्ट के आदेश का विलंब से पालन करने के लिए पूर्व गृह सचिव सुब्रत साहू और पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी ने क्षमा याचना की, जिसके बाद न्यायालय ने अवमानना याचिका को निराकृत कर दिया।

# देश की एकता के लिए जनसंगठनों, ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। बापू आज भी जिंदा हैं के नारे के साथ, भाईचारा प्रेम और सद्भाव की रक्षा के लिए तथा नफरत, घृणा और हिंसा फैलाने वाली वर्तमान केंद्र में सत्तासीन राजनीति के खिलाफ, ट्रेड यूनियनों और जनसंगठनों के कार्यकर्ताओं ने आजाद चौक में गांधी प्रतिमा के समक्ष 12बजे से 2 तक सामूहिक उपवास और सभा कर महात्मा गांधी) को याद किया और उनके मूल्यों और आदर्शों को अमल में लाने का संकल्प लिया।

सीटू, आरडीआईइयू, एस एफ आई, जनवादी नौजवान सभा, किसान सभा, सी जी एस पी यू, स्वंत्रतता संग्राम उत्तराधिकारी संघ सहित कई जनसंगठनों के कार्यकर्ता आज दोपहर 12 बजे आजाद चौक गांधी प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए और गांधीजी कि प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा सांप्रदायिकता और नफरत फैलाने वाली राजनीति के खिलाफ ओजस्वी नारेबाजी के बाद 2 घंटे का सांकेतिक सामूहिक उपवास कर सभा की। सभा की शुरुआत में जनगीत भी गाए गए। सभा को धर्मराज महापात्र, डा विक्रम सिंघल, डा राजेश अवस्थी, शीतल पटेल, प्रदीप मिश्र, केके साहू, अतुल देशमुख, सुरेंद्र शर्मा, गर्व गभने, हर्ष सिंघानी, ओंकार ध्रुव, गजेंद्र पटेल, संदीप सोनी, करण सोनकर, महेंद्र बिसेन, गांधीवादी संतोष सोनी, महेश दुबे ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने गांधी जी की प्रासंगिकता को रेखांकित किया तथा गांधी जी के हत्यारों की विचारधारा के द्वारा फिर से देश भर में नफरत और घृणा फैला कर देश तोड़ने की साजिशों पर चिता व्यक्त की। वक्ताओं ने एक स्वर से सांप्रदायिकता की भाजपा, संघ की राजनीति की तीव्र आलोचना की। समाज को धर्म एवं जाति के नाम पर बांटने की नीतियों के खिलाफ लड़ने की उपस्थित जनों ने शपथ ली और बापू के जीवन मूल्यों को लोगों के बीच प्रसारित करने का आव्हान किया। दोपहर 2 बजे सांप्रदायिकता विरोधी नारों के साथ इस श्रद्धांजलि सभा का समापन किया गया।

# 5 किलो गांजा के साथ मध्यप्रदेश के 2 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। 5 किलो गांजा के साथ मध्यप्रदेश के 2 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नेहरू नगर स्थित चांदनी चौक पास 02 व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विनीत दुबे को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया।

पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम भोले विश्वकर्मा एवं पप्पू विश्वकर्मा निवासी शहडोल मध्यप्रदेश का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनेके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 05 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 50,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 394/23 धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

# समाजवादी पार्टी सभी विधानसभाओं में निकालेगी मतदाता निवेदन यात्रा



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी हर मतदाता तक पहुंचने सभी 90 विधानसभा में मतदाता निवेदन यात्रा निकालेगी। निवेदन यात्रा में मतदाताओं को प्रदेश की कांग्रेस और पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के बारे में बताया जाएगा। यात्रा की शुरूआत पहले चरण में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके मंत्रिमंडल के मंत्रियों विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा। सपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे।

**कांग्रेस और भाजपा के कारनामों के बारे जनता को देंगे जानकारी**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने बताया कि निवेदन यात्रा के जरिए पार्टी हर मतदाता के पास पहुंचने का प्रयास करेगी। उन्हें कांग्रेस द्वारा जन घोषणा पत्र में किए गए वायदों को पूरा न कर वादाखिलाफी बारे में बताया जाएगा। साथ की कांग्रेस सरकार के द्वारा किए गए शराब घोटाला, रेत माफियाओं को संरक्षण देने, पीडीएस के राशन में गडबड़ी जैसे मामलों के बारे में बताया जाएगा। वहीं केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा ने कैसे देश के संसाधनों को लूटाने का काम किया उसके बारे में पूरा ब्यौरा दिया जाएगा। हर विधानसभा क्षेत्र में इसे लेकर समाजवादी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जाएंगे।

### 15 को आएंगे अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 15 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। रायपुर के साईंस कॉलेज स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन में प्रदेश भर के कार्यकर्ता जुटेंगे। श्री यादव 15 अक्टूबर सुबह रायपुर पहुंचेंगे। वे दोपहर 12 से 2 बजे तक कार्यकर्ता सम्मेलन में विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**खेल अकादमी खुलने से प्रदेश प्रतिभाओं को निखरने का मिल रहा पूरा अवसर : भूपेश**

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज दुर्ग जिले के नगर पालिका अमेलश्वरडीह में राज्य स्तरीय एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में लगभग 64 टीम भाग ले रही हैं। जिसमें से पुरुष वर्ग की 40 और महिला वर्ग की 24 टीम शामिल हैं। प्रतियोगिता में शामिल टीमों के लिए आकर्षिक पुरस्कार भी दिया जाएगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने महिला खिलाड़ी टीम के सदस्यों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। गौरतलब है कि शिव शक्ति क्रीडा मंडल और नगर पालिका अमलेश्वरडीह छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

मुख्यमंत्री ने शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर पालिका बनने के बाद पहली बार यह खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने नगरवासियों को नगर पालिका बनने पर शुभकामनाएं दी। श्री बघेल ने कहा कि यहां वर्षों से कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित होती रही है और इस आयोजन को लेकर हमेशा खासा उत्साह रहा है। उन्होंने आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। प्रदेश में टेनिस, तीरंदाजी, हॉकी सहित विभिन्न खेल अकादमियों की शुरुआत की गई है। जिससे छत्तीसगढ़ के खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिल रहा है। प्रदेश के खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धाओं के लिए हो रहा है। श्री बघेल ने कहा कि परंपराओं को सहेजने के क्रम में छत्तीसगढ़िया ओंलपिक की शुरूआत की गई है और भौंरा, बाटी, पिट्ठूल, कबड्डी, खो-खो, फुगड़ी जैसे परंपरागत खेलों को इसमें शामिल किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए सरकार ने पिछले 5 सालों में उल्लेखनीय काम किए हैं। प्रदेश सरकार की योजनाओं से लोगों के जीवन में खुशहाली आयी है। श्री बघेल ने इस मौके पर पंजाब और हरियाणा से आये खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ में स्वागत और अभिवादन किया। सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का संदेश देते हुए और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# महापौर ने भक्त माता कर्मा वार्ड में हितग्राहियों को किया पट्टा वितरित



**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। महापौर एजाज ढेबर ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार भरोसे की सरकार है। राजीव गाँधी आश्रय योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में आवासहीन गरीबों को किया गया आवासीय पट्टे का वितरण प्रारम्भ करवाकर किया गया वायदा पूरा किया।

महापौर एजाज ढेबर ने राजीव गाँधी आश्रय योजना के तहत नगरीय क्षेत्र में आवासहीन गरीबों को भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 में वार्ड पार्षद उत्तम साहू सहित सामाजिक कार्यकर्त्ताओं जोन 5 जोन कमिश्नर सुशील कुमार चौधरी, अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में 50 पात्र आवासहीन गरीबों को योजना के तहत आवासीय पट्टे वितरित किया। सभी सम्बंधित पट्टाधारी हितग्राहियों के चेहरे मुस्कान से खिल उठे। महापौर एजाज ढेबर ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड, जोन क्षेत्र सहित रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में कोई भी पात्र आवासहीन गरीब व्यक्ति राजीव गाँधी आश्रय योजना के तहत आवासीय पट्टे को प्राप्त करने से कदापि वंचित ना रहे। यह सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाये। महापौर एजाज ढेबर ने वार्ड 67 के विभिन्न 5 स्थानों पर जाकर लगभग 51 लाख की स्वीकृत लागत से नई रोड, नाली, पुलिया एवं विविध नवीन विकास कार्यों को प्रारम्भ करने वार्ड पार्षद उत्तम साहू सहित वार्डवासियों के साथ मिलकर श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया।

# सिंधी काउंसिल का राष्ट्रीय युवा सम्मेलन लखनऊ में 7-8 को

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय युवा सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया राष्ट्रीय युवा सम्मेलन का नाम यूथ कॉन्क्लेव जिसका उद्घाटन 7 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगे। साथ में पूरे देश भर के सिंधी समाज के प्रमुख संतो की उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है 8 अक्टूबर को सुबह देश भर के सिंधी समाज के प्रमुख उद्योगपति का एक सेमिनार रखा गया है जिसमे सिंधी समाज के युवा स्टार्टअप पे कैसा अपना भविष्य बना सकते है। साथ में प्रमुख वक्ता गण संबोधित करेंगे दूसरे सेशन में सिंधी समाज के आईएएस एवम आईपीएस का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। उसके बाद फिल्म डायरेक्टर राजकुमार हिरानी जो मुन्ना भाई फिल्म बनाए है उनका एक घंटे का कार्यक्रम है। साथ में इंडियन बिलियर्ड्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी द्वारा युवा खेल में कैसा अपना भविष्य बनाए उसपे चर्चा करेंगे इस युवा सम्मेलन में 20 अलग अलग प्रदेश के युवा हिस्सा लेंगे और साथ में एक पूरे भारत में सिंधी समाज के युवा के लिए रोड मैप बनाया जाएगा। यह कार्यक्रम एक निजी होटल में रखा गया है। 8 अक्टूबर को युवा सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। साथ में उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल के सदस्य भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे इंदौर सांसद शंकर लालवानी कार्यक्रम में अध्यक्षता करेंगे लखनऊ में सिंधी काउंसिल युवा विंग अध्यक्ष रवि ग्वालानी महामंत्री सुनील वाधवा पूरी युवा टीम के साथ 7 को लखनऊ पहुचेंगे। साथ में प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ सिंधी एकेडमी के अध्यक्ष राम गिडलानी, गौरव मंधानी, नरेश पंजवानी और पूरी टीम भी लखनऊ जा रही है

# मांगें पूरी नहीं होने पर छग परिवहन कल्याण संघ ने किया चक्काजाम



**मौके पर पहुंची पुलिस समझाइश देकर हटाया**

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन कल्याण संघ द्वारा हाइवा और हाइवा मालिकों के खिलाफ अनुचित कार्यवाही और शासन के गलत नीतियों के विरोध में सांकेतिक प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन के बाद आज दोपहर 01 बजे से नवागांव के पास राष्ट्रीय राज मार्ग पर चक्का जाम किया गया। चक्का जाम की खबर मिलते ही आरंग के उच्चाधिकारी व पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और समझाइश देकर प्रदर्शनकारियों को हटाया।

संघ द्वारा अपनी मांगों के संदर्भ में 15 सितम्बर को कलेक्टर रायपुर से मुलाकात कर अपनी समस्याओं और चार सूत्रीय मांगो से अवगत कराते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग की गई थी, लेकिन इस संबंध में कोई भी निराकरण नहीं हो सका था। जिसके चलते संगठन 25 सितम्बर से नवागांव मैदान, मंदिर हसौद में धरना प्रदर्शन शुरू कर अपना विरोध प्रगट कर रहा था। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई पहल नही किये जाने से नाराज संघ के सदस्यों ने चक्का जाम आंदोलन शुरू कर दिया। जिसमे रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। पुलिस की समझाइश के बाद आवागमन प्रारंभ हो सका।

देशबन्धु रायपुर, मंगलवार, 3 अक्टूबर 2023 



## संपादकीय

### भीड़ में छिपे अपराधी

*हाल ही में समाप्त हुए गणेश विसर्जन की झांकियों के दौरान रायपुर पुलिस ने अपने कर्तव्य पालन का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 52 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से चाकू, कैंची, ब्लेड, उस्तरे, पेंचकस आदि बरामद हुए। कुछ के पास से बरामद शराब की बोतलों के कारण उन्हें भी गिरफ्त में लिया गया। ये लोग भीड़ में शामिल सादी वर्दी में पुलिस वालों द्वारा पकड़े गये जो ऐसे लोगों पर नज़र रखने के लिये ही तैनात किये गये थे। अन्य शहरों की पुलिस को भी इस तरीके को अपनाना चाहिये। इससे होने वाले अपराधों की रोकथाम तो हो ही सकेगी, पहले कहीं और अपराध कर चुके तत्वों के भी हाथ लगने की सम्भावना होती है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग आदि जैसे बड़े शहरों में इस तरह के कई आयोजन सारे साल होते रहते हैं। इस तरीके को स्थायी प्रक्रिया बनाना चाहिये।*

*अक्सर ही किसी भी पर्व या त्यौहारों में निकलने वाले जुलूसों या भीड़-भाड़ वाले स्थलों में असामाजिक तत्व हथियार लेकर घुसते हैं। वे आपराधिक मंशा से ही इनमें शामिल होते हैं। नये कृत्यों को अंजाम देने के लिये ये भीड़ में शामिल होते हैं और उनका मकसद पकड़े जाने पर इनसे हमला कर निकल भागने का होता है अथवा वे आपसी रंजिश को भुनाने के लिये हथियारों के साथ घुसते हैं। इसके चलते कई बार बड़े झगड़े या मारपीट होती है। ऐसे में लोगों पर ये तत्व अपने पास रखे हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकते। कई बार निर्दोषों पर भी ये तत्व हमला कर देते हैं। दुर्ग में ही गणेश विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच हुई मारपीट इतनी बढ़ गई कि राहुल साहू नामक एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसके तीन साथी गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। ऐसी घटनाओं को देखते हुए कहा जा सकता है कि लोगों के पास रखे सभी तरह के ऐसे हथियार या सामग्रियां पहले ही जब्त हो जानी चाहिये जिनसे किसी का नुकसान हो सकता है। हर साल और लगभग सभी तरह के आयोजनों में ऐसी घटनाएं होती हैं।*

*पुलिस के पास ऐसा कोई उपाय नहीं है कि वह किसी भी आयोजन में शामिल लोगों की जांच-पड़ताल कर सके। ऐसे में सबसे अच्छा उपाय यही हो सकता है कि भीड़ में शामिल होकर पुलिस वाले इन पर निगरानी करें और शक होने पर खतरनाक व अवैध वस्तुओं को अपने कब्जे में ले। इसके साथ ही ऐसे तत्वों पर होने वाली कानूनी कार्रवाई से भविष्य में होने वाले अपराध घटेंगे। धीरे-धीरे अगर असामाजिक तत्वों को भीड़ में पुलिस के छिपे होने का डर बैठेगा तो वे आईंदा से हथियार लेकर आना ही बंद कर देंगे। अन्य शहरों की पुलिस को भी इसका अनुसरण होना चाहिये।*

## उल्टा पुल्टा

पूजा के समय पत्नी ने पति से पूछा।
पत्नी- सुनो जी आपको आरती याद है न?
पति- हां... वो पतली सी, वही न?
इसके बाद भगवान की बाद में , पति की 'पूजा' पहले हुई।

# दुर्ग शहर से गजेन्द्र यादव व ग्रामीण से ललित चंद्राकर होंगे भाजपा प्रत्याशी

## कांग्रेस से दुर्ग शहर से अरूण वोरा व ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू के नाम भी लगभग तय



- दुर्ग शहर से फिर एक बार अगड़ा पिछड़ा आमने-सामने
- ग्रामीण से साहू-कुर्मी के मध्य मुकाबला

**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले की तीन विधानसभा सीटों पर चुनावी मुकाबले की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा गजेन्द्र यादव का चयन कर लेने के बाद अब माना जा रहा है कि एक बार फिर शहर में वोरा विरूद्ध यादव आमने सामने होगें। बिसेराम यादव और हेमचंद यादव के बाद अब फिर एक बार गजेन्द्र यादव और अरूण वोरा आमने सामने होगें। इसी तरह दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से ललित चंद्राकर की टिकिट भाजपा से लगभग तय हो जाने के बाद अब गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू कांग्रेस के सामने ललित चंद्राकर भाजपा प्रत्याशी होगें। जिले की एक महत्वपूर्ण पाटन विधानसभा सीट पहले ही भाजपा ने सांसद विजय बघेल को प्रत्याशी बनाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनौती दी है।

भारतीय जनता पार्टी ने दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खादी परिवार बिसराराम यादव के सुपुत्र गजेन्द्र यादव को प्रत्याशी बना दिया है। एमए राजनीति तक शिक्षित 45 वर्षीय गजेन्द्र यादव अपनी बाल्यावस्था से ही आरएसएस की शाखाओं से जुड़े है। वे वर्ष 2003 से 2008 तक नगर निगम दुर्ग में भाजपा पक्ष से पार्षद रहे है। वे स्काउट गाईड से भी जुड़े हुए है। भाजपा की गतिविधियों में भी वे वर्षो से लगे रहे है। श्री यादव पूरे प्रदेश में सबसे कम उम्र के पार्षद रहे है।

श्री यादव ने देशबन्धु द्वारा पूछे जाने पर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उन पर बहुत बड़ा विश्वास जताया है। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# छग सरकार ने अपनी जनहितैषी नीतियों के चलते लोगों का भरोसा जीता : ताम्रध्वज



- दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भरोसा यात्रा में उमड़े लोग, गांव-गांव में स्वागत

**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम नगपुरा से शुरू हुई भरोसा यात्रा में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। यात्रा के दौरान क्षेत्रीय विधायक और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू समेत पार्टी के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन.जन को अवगत कराया। साथ ही केंद्र सरकार की नाकामियों तथा 15 सालों के रमन सरकार के कुशासन को भी प्रचारित किया। मोटरसाइकिल रैली औररथ के साथ आज निकली भरोसा यात्रा में दुर्ग ग्रामीण के हजारों कार्यकर्ताओं शामिल हुए। इस भरोसा यात्रा में प्रमुख रूप से दुर्ग ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन प्रभारी झुमुक लाल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# धूमधाम से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

## भाजपाइयों ने महापुरूषों की मूर्तियों की साफ-सफाई



**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में आज महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती विभिन्न सेवाभावी कार्यो के साथ ही नये संकल्पों के साथ मनाई गई। अलग अलग संगठनों द्वारा गांधी-शास्त्री पर केन्द्रित कार्यक्रम किये गये। शहर की अनेक शिक्षा संस्थाओं, सहकारी, सरकारी एवं सेवा संस्थाओं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा भी कार्यक्रम कर इन दोनों नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में लगी महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया गया।

**भाजपा :** भाजपा गंजपारा सदर मंडल द्वारा हिन्दी भवन के सामने गांधी प्रतिमा, चंडी शीतला मंडल भाजपा द्वारा वार्ड 10 में स्थित बाबा साहेब आम्बेडकर तथा कसारीडीह बोरसी मंडल द्वारा लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा की साफ सफाई की गई। इस अभियान का नेतृत्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, ललित चंद्राकर, उपाध्यक्ष विनायक नातू, राजा महोबिया, डॉ. सुनील साहू, विजय ताम्रकार, चतुर्भुज राठी, डॉ. शरद अग्रवाल, श्याम शर्मा, शिवेन्द्र परिहार, महेन्द्र लोढ़ा, सहित अनेक नेता सक्रिय रहें।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज दुर्ग में

## बार रूम-4 का करेगें भूमिपूजन, ई लाईब्रेरी का उद्घाटन

**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। अधिवक्ता परिषद दुर्ग द्वारा कल 3 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में बार रूम क्रमांक 4 के लिये भूमिपूजन तथा ई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जायेगा। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस गौतम भादुरी एवं महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम संख्या साढ़े 4 बजे जिला न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया है।

उक्त जानकारी जिला अधिवक्ता परिषद की अध्यक्ष नीता जैन, सचिव रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, महिला उपाध्यक्ष सुनीता कसार कोषाध्यक्ष अनिल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# हत्या के 24 घंटे के भीतर आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

- 3 वयस्क व 5 विधि से संघर्षरत किशोरों की गिरफ्तारी हुई

**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। गणेश विसर्जन के दौरान गत रात्रि शिवनाथ नदी के पास चाय पैर पर गिरने को लेकर हुए झगड़े में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या के मामले में पुलिस ने आज घटना के 24 घंटों में 3 आरोपियों के साथ विधि से संघर्षरत 5 किशोरों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों के नाम विवेक चौधरी, समीर खान, पुरूषोत्तम राव है। ये सभी खुर्सीपार भिलाई के रहने वाले है।

उल्लेखनीय है कि गत रात्रि शिवनाथ नदी पुलगांव में गणेश विसर्जन करने के लिये विभिन्न गणेश समितियों के अलावा दो समितियां ग्रीन चौक गणेशोत्सव समिति एवं खुर्सीपार गणेश उत्सव समितियों के लोग भी वहां पहुंचे थे। यहां पर वृंदावन होटल के सामने रात में ही चाय पीते हुए एक व्यक्ति के पैर में चाय गिर जाने से दोनों पक्षों के बीच झगड़ा शुरू हुआ जिसने मारपीट का रूप ले लिया। इसी बीच ग्रीन चौक गणेश उत्सव समिति के युवक राहूल साहू को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां से उसे शंकराचार्य अस्पताल ले जाया गया। यहां डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना के तुरंत बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शोभोदेवी बाघमार का निधन उपरांत किया गया नेत्र व देहदान



**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। महावीर कालोनी निवासी शोभादेवी बाघमार के निधन उपरांत नवदृष्टि फाउण्डेशन की पहल पर बाघमार परिवार ने उनके नेत्रदान व देहदान का एक मिसाल पेश की। इस हेतु उनके परिजनों में पुत्र सुधीर बाघमार, पुत्री सुषमा वीरेन्द्र बराडिया, बहु जयश्री बाघमार, पौत्र हर्ष एवं पौत्री वर्षा ने परस्पर सहमति दी। पश्चात शंकराचार्य मेडिकल कालेज की डॉ. प्रत्रा ताम्रकार व नेत्र सहायक विवेक कसार ने कार्निया कलेक्ट किया। इसके पश्चात मेडिकल कालेज के एनोटामी विभाग की एचओडी डॉ. अंजली बांजारी की उपस्थिति में देहदान की प्रक्रिया पूरी की गई।

इस पूरे अवसर पर नवदृष्टि फाउण्डेशन के अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, हरमन ढुलाई, सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रहें।

# आरोग्यम् नगपुरा का स्थापना दिवस सोल्लास मनाया



**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज 2 अक्टूबर को श्री लब्धि. विक्रम. राज आरोग्यम् संस्थान द्वारा श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ परिसर नगपुरा में गांधी जयंती, शास्त्री जयंती के साथ ही आरोग्यम् का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के अध्यक्ष गजराज पगारिया की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि हिमांशु भाई दोशी, हेमेन्द्र भाई दोशी चेन्नई ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि पीयूष भाई दोशी एवं अन्य अतिथियों का आरोग्यम् प्रबंधन की ओर से डॉ. दानेश्वर टंडन मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वागत कर स्मृतिचिन्ह भेट किया। तीर्थ की ओर अतिथियों को अध्यक्ष गजराज पगारिया ने स्मृति चिन्ह भेट किए, आरोग्यम् स्थापना दिवस पर संस्थान के उद्देश्यों एवं अब तक संपादित सेवा कार्यों की जानकारी दी गई।

आरोग्यम् के संस्थापक स्व. रावलमल जैन मणि को स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर डॉ. दानेश्वर ने आरोग्यम् की सेवाओं से जुड़े रहे चिकित्सक गण पद्मश्री डा पुखराज बाफना डॉ. भवानी प्रसाद, डॉ. जगदीश उपाध्याय, डॉ. सुरेन्द्र जैन, डा. वर्मा, डॉ. सुधीर पंड्या, डॉ. संतोष पांडेय, डॉ. संस्कृति सिंह, डॉ. संतोष बर्मन, डॉ. शिखा भुवाल, डॉ. गणेश अय्यर, डॉ. हरेन्द्र साही, डॉ. भूमिका साहू के सेवाओं का अनुमोदना करते हुए सभी सेवाभावियो के योगदान को स्मरण किया। उल्लेखनीय है कि आरोग्यम् नगपुरा की स्थापना 2 अक्टूबर 1997 को हुई थी, तब से अब तक देशभर के हजारों साधक विभिन्न जटिलरोगों का उपचार प्राप्त कर आज स्वस्थ जीवन जी रहें हैं। आरोग्यम् में प्राकृतिक चिकित्सा के विभिन्न विधाओं के साथ पंचकर्मए फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंचर आदि विधाओं के माध्यम से जटिल असाध्य रोगों का उपचार किया जाता है। आरोग्यम् स्थापना दिवस पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. पूजा भेसले ने प्राकृतिक चिकित्सा पर अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आरोग्यम में साधनारत अतुल श्रीवास्तव, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# डेढ़ सौ से अधिक बच्चों ने गांधी बनकर उनके भजनों व संदेशों का किया स्मरण



- मैं गांधी बन जाऊं, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन

**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी जयंती के अवसर पर हमर दुर्ग लोककला मंच द्वारा सोमवार को गांधी प्रतिमा के पास मैं गांधी बन जाऊंशीर्षक पर फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चे गांधी जी की वेशभूषा में उत्साह के साथ शामिल हुए। बच्चों ने प्रतियोगिता में गांधी जी के भजनों व संदेशों को व्यक्त कर अपनी कला क्षमता का भी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, राज्य मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, समाजसेवी महेन्द सक्सरिया, कमल रुंगटा, गया पटेल ने अतिथि के रूप में शामिल होकर प्रतिभागी बच्चों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार श्रेष्ठ ताम्रकार डीएवी पब्लिक स्कूल ग्रुप ने प्राप्त किया। ए वर्ग में प्रथम स्थान आकाश कुमार यदु विश्वदीप स्कूल, द्वितीय पुरस्कार निहाल यादव प्राथमिक पाठशाला कैलाश नगर, तृतीय पुरस्कार आकृति ताम्रकार ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# तीन दिवसीय भरतनाट्यम पदम कार्यशाला आज से

**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग और शासकीय डॉक्टर वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय भरतनाट्यम पदम कार्यशाला का आयोजन 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक महाविद्यालय में किया गया है। नृत्य आचार्य डॉक्टर जी रतीश बाबू नृत्यति कला क्षेत्रम कार्यशाला लेंगे। कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यशाला में डॉक्टर रतीश बाबू स्टूडेंट को भरतनाट्यम से जुड़े शास्त्र और उसकी पद्धतियों पर विस्तार से जानकारी देंगे। कला अकादमी के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशीलचंद्र तिवारी ने यह जानकारी दी।

# दुर्ग में 17 पुलिसकर्मियों का तबादला

**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने जिले के 17 पुलिस कर्मियों का तबादला किया है। जिसमें 4 सहायक उप निरीक्षक, 6 प्रधान आरक्षक और 7 आरक्षक शामिल है। इसका आदेश भी जारी कर दिया गया है। एसपी के मुताबिक जल्द ही और पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर कर सकते हैं।

सहायक उप निरीक्षक मनोज साहू को मचांदूर से पाटन भेजा गया है। एएसआई नेमन साहू को उतई से मचांदूर, जितेंद्र चंद्राकर को जामगांव .आर से पाटन और एएसआई सुंदरलाल नेताम को अंडा से जामगां व आर भेजा गया है।

**प्रधान आरक्षकों का स्थानांतरण**

प्रधान आरक्षकों में अभिषेक पांडेय को उतई से मचांदूर, नोहर सिंह आर्य को नियंत्रण कक्ष से जामगांव आर, ब्रह्मानंद देशलहरे को उतई से पाटन भेजा गया है। वहीं प्रधान आरक्षक अब्दुल महफूज खान को पुलगांव से अंडा, प्रधान आरक्षक बेंजामिन खलखो को अंडा से पुलगांव और प्रधान आरक्षक धन्नूराम कृषाण अंडा से नगपुरा भेजा गया है।

**7 आरक्षक भी इधर से उधर**

आरक्षक तेजेश्वर साहू को नगपुरा से अंडा, टोपेंद्र निर्मलकर रानी तराई से पाटन, आरक्षक लव कुमार पांडे को दुर्ग से अमलेश्वर, आरक्षक शोभित सिंह को एसीयू से पाटन, आरक्षक बालमुकुंद साहू को एसीयू से अंडा, आरक्षक प्रशांत पाटणकर को पद्मनाभपुर से जामगांव और आरक्षक किशोर सोनी को पद्मनाभपुर से लिटिया सेमरिया भेजा गया है।

# मातृशक्ति संगठन का पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू



**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मातृशक्ति संगठन की महिलाओं ने आज गांधी जयंती से मानस भवन के पास आमरण अनशन शुरू कर दिया है। ये महिलाएं पूर्णतया शराबबंदी की मांग कर रही है। जिला पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुकी लक्ष्मी साहू आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। श्रीमती साहू ने मांग की है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आचार संहिता लागू होने के पूर्व पूर्ण शराबबंदी की घोषणा कर दें। ये महिलाएं मानस भवन के पास धरने पर बैठी है। श्रीमती साहू ने बताया कि मातृशक्ति संगठन ने पूर्व में ही कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर पूर्ण शराबबंदी की मांग की है। उन्होंने बताया कि शराब न सिर्फ दुर्ग जिला बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में एक घातक रूप ले चुका है। इसकी चपेट में आकर अनेक परिवार बर्बाद हो चुके है। श्रीमती साहू ने बताया कि पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर उनके संगठन ने पूर्व में डोंगरगढ़ से मुख्यमंत्री निवास तक पदयात्रा कर मुख्यमंत्री का ज्ञापन भी सौंपा था। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था जिसे अभी तक नहीं निभाया गया।

# सामायिक स्वाध्याय संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन



**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश के विभिन्न हिस्सों से 14 वें सामायिक स्वाध्याय संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने राजस्थान पंजाब गुजरात महाराष्ट्र मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश बेंगलुरु तमिलनाडु चेन्नई के विभिन्न शहरों से लोग जुटे और प्रबल प्रेरक शीतल मुनि के दर्शन वंदन किए।

महेश कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण मंडप में सामायिक स्वाध्याय सम्मेलन में सभी उपस्थित लोग सामायिक वेशभूषा में सामायिक व्रत लिया।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए जैन संत शीतल मुनि ने कहा समायिक के साथ अच्छे ग्रंथों का स्वाध्याय करना पवित्र सामयिक के लिए अत्यंत आवश्यक है तभी तभी उत्कृष्ट सामयिक की साधना हो सकती है, संयमित जीवन जीने का ज्ञान स्वाध्याय के द्वारा ही प्राप्त कर सकते हैं। सामाजिक स्वाध्याय संघ के अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में संतोष पुजारी रायपुर अजीत मेहता पूर्व विधायक टोंक राजस्थान अशोक पटवा रायपुर संतोष अग्रवाल बागबाहरा सुरेश कांकरिया चेन्नई सोहन वैद्य बालाघाट मदन बरडिया कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साधना से शिखर तक ग्रंथ आधारित धार्मिक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में 1200 लोगों ने हिस्सा लिया। अखिल भारतीय सामाजिक स्वाध्याय संघ के द्वारा साधना से शिखर तक ग्रंथ पर आधारित धार्मिक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजन किया गया। सुरेश कुमार इंदरगढ़ ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# वोरा के नेतृत्व में निकली भरोसा यात्रा का जगह-जगह स्वागत



**दुर्ग,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर जिला कांग्रेस द्वारा आज सुबह कांग्रेसजन राजीव भवन में एकत्रित हुए। वहां गांधी व शास्त्री जी का स्मरण करते हुए दोनों महान नेताओं को नमन किया। पश्चात राजीव भवन से भरोसा यात्रा के रूप में रैली निकाली गई। नगर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए भरोसा यात्रा उतई चौक स्थित गांधी प्रतिमा पहुंचकर बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण के पश्चात विसर्जित हुई।

भरोसा यात्रा राजीव भवन से शनिचरी बाजार, गांधी चौक, मोती काम्पलेक्स, होटल मान, फरिश्ता काम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड होते हुए डिपरापारा पहुंची जहां पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पश्चात कांग्रेसजन यात्रा के रूप में ही ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी, स्व शास्त्री व शायर हाजी को किया नमन



**भिलाईनगर**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री और शायर हाजी हसन अली की जयंती पर उनके पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महात्मा गांधी के देश के लिए अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि गांधी जी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। उन्होंने देश में जिस ग्राम स्वराज की कल्पना की थी, छत्तीसगढ़ सरकार उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए कहा कि शास्त्री जी ने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया। वास्तव में वे सच्चे गांधीवादी थे। उन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय देश को कुशल नेतृत्व प्रदान किया और जय जवान जय किसान का नारा देकर जनता का मनोबल बढ़ाया। जिससे सारा देश एकजुट हो गया। श्री बघेल ने कहा कि शास्त्री जी जैसे कर्मयोगी सदा लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने श्री हसन के उर्दू भाषा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान को याद करते हुए कहा है कि श्री हाजी हसन अली हसन ने उर्दू भाषा को जनप्रिय बनाने के लिए कई काम किए। श्री हाजी हसन ने हिन्दी से उर्दू पढ़ना-लिखना सीखने के लिए कई किताबें लिखी, इससे दोनों भाषाओं को सीखने और समझने में रूचि रखने वालों को आसानी हुई है। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में राज्य अलंकरण की स्थापना की है।

गांधी-शास्त्री जयंती पर परिचर्चा का आयोजन

भिलाईनगर, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण प्रतिष्ठान एवं आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन में अतिथियों व उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने कहा कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत उनके गांधी जी चश्मा एवं तस्वीर को शौचालय में लगा दिया गया था। उन्होंने जब जनहित याचिका लगाई तो कोर्ट में पक्ष में फैसला दिया और देश में इसका पालन किया गया। समाजवादी नेता प्रदीप चौबे ने कहा कि गांधी किसी एक देश के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए आए थे और गांधी को समझना आज भी अबूझ पहेली की तरह है। उनके विचारों को आत्मसात करने वालों की संख्या दिन.ब.दिन बढ़ती ही जा रही है। संस्थापक अध्यक्ष आर पी शर्मा ने कहा कि देश में श्रम के अवमूल्यन को बचाने गांधी और आम आदमी को दो वक्त की रोटी मुहैया कराने में शास्त्री का योगदान नहीं भुलाया जा सकता। सभा को श्रमिक नेता प्रमोद मिश्रा, बीएन सिंह में भी संबोधित किया। आभार सहदेव देशमुख ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रीत शर्मा, डीपी सिंह, शिवकुमार प्रसाद, जीवनंदन राय, जयकुमार पासी, देवदास, एमआर रजक, एसके सोनी, एसजे कुरैशी, सत्यनारायण गुप्ता, नंदकिशोर साहू, रेखा शर्मा, जीनत परवीन, अनीता सिंहए रंजुता दास, मंजुला नायक, माया सिंह, सिमरन सिंह, रमेश भगत, राजकुमार सिंह, शमशेर आलम, अरविंद यादव,, सुभाष चौधरी, सुनीता दत्त, शफाली दत्त, कामिनी कुंटे, राजलक्ष्मी उपस्थित थे।

# मोटर सायकल चलाकर मुख्यमंत्री पहुंचे पाटन



**भिलाईनगर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज पाटन में कहा कि बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट में विनिवेशीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, 5-6 उद्योगपति सर्वे करके जा चुके हैं। लगातार अधिकारी स्तर और केंद्रीय मंत्रियों से बात कर मैंने कहा है कि एनएमडीसी का निजीकरण नहीं होना चाहिए। उसे सेल या बीएसपी को देना चाहिए। इससे भिलाई और छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। चूंकि एनएमडीसी आदिवासियों के जमीन पर बनाया गया है। इसका निजीकरण किया जाना बस्तर के लोगों के साथ धोखा होगा। हम प्रधानमंत्री से आश्वासन चाहते हैं कि निजीकरण नहीं हो, इसके विरोध में सर्व आदिवासी समाज और पिछड़ा वर्ग के लोगों ने आज धरना प्रदर्शन किया है। कल कांग्रेस के कार्यकर्ता निजीकरण के विरोध में वहां प्रदर्शन करेंगे। सीजीपीएससी के मामले पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा और एबीवीपी के लोग इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमने उनसे कहा कि कोई प्रामाणिक शिकायत है तो दी जाए। अगर किसी तरह की खामियां हैं तो उसकी हम जांच कराएंगे। छत्तीसगढ़ में जब भाजपा के कार्यकाल में सीजीपीएससी का एग्जाम हुआ और उसके विरोध में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के खिलाफ फैसला दिया तो भाजपा की तात्कालीन सरकार सुप्रीम कोर्ट चले गई और किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। हम बार बार कह रहे कि लगाए जा रहे आरोप का कोई प्रमाणिक दस्तावेज है तो उपलब्ध कराएं। सरकार जांच कराने को तैयार है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि निश्चित तौर पर चुनाव हमेशा चुनौती पूर्ण होता है। पहले कांग्रेस के द्वारा छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने की चुनौती थी। 68 सीट जीत कर कांग्रेस छत्तीसगढ़ की सत्ता में आई और पांच उपचुनाव जीतने के बाद हमारी सीटें और भी बढ़ गईं। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी 75 सीट पार करने की चुनौती को लेकर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की हर विधानसभा में भरोसे की यात्रा का शुभारंभ हो गया है। हजारों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता बाईक पर सवार हो भरोसे की यात्रा में शामिल हो रहे हैं। आज मुख्यमंत्री स्वयं कार्यकर्ताओं के साथ मोटरसाइकिल पर सवार हो मुख्यमंत्री गाड़ाडीह, जामगांव और रानी तराई होते हुए पाटन पहुंचे और यहां यात्रा का समापन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 5 वर्ष में छत्तीसगढ़ के लोगों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। यहां स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा सहित सड़क, पुल पुलियों का निर्माण, नये स्कूल, कॉलेज, अस्पताल खोलने का काम लगातार सरकार कर रही है जिससे क्षेत्र का विकास हो रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्यां में कांग्रेसी कार्याकर्ता भी उनके साथ यात्रा में शामिल हुए।

## मारपीट में जामुल थाना में अपराध दर्ज

**भिलाईनगर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। छावनी बस्ती के सतनामी पारा में विसर्जन के दौरान कल कुछ युवकों ने जमकर उत्पात मचाया है। मोहल्ले के ही ड्राइवर ने जब उन्हें मना किया तो आरोपी युवक नाराज हो उसे ही पीटने लगे। बीच.बचाव करने आई ड्राइवर की पत्नी सहित मोहल्ले के अन्य 4 लोगों से भी मारपीट कर लगभग आधा दर्जन आरोपी मौके से भाग निकले हैं। इस मामले में जामुल पुलिस ने आरोपी महेश, साहिल, देवेंद्र और उनके साथियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323 और 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। जामुल थाना ने बताया कि जागृति स्कूल के पास निवासी ड्रायवर परमानंद मोहल्ले में गणेश विसर्जन कार्यक्रम में अपनी पत्नी मनीषा, मोहल्ले के सुखु बंजारे, हर्ष बंजारे, नुतेश्वरी बंजारे, प्रकाश बंजार के साथ पहुंचा था। वही यह विवाद हुआ। मामले में पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# शिविर में 204 लोगों ने रक्तदान किया




**भिलाईनगर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। कनेक्ट टू एक्ट कॉन्टेक्ट भिलाई द्वारा स्टील क्लब में 13 वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पुरुषों के साथ साथ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती के अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस एक दिवसीय रक्तदान शिविर में कुल 394 लोगों ने पंजीयन करवाया और 204 पुरुष एवं महिलाओं ने रक्तदान किया। प्रातः 9 से संध्या 5.00 बजे तक चले इस रक्तदान शिविर में रक्त दान के साथ अन्य परीक्षण भी किये गये। रक्त समूह की जांच के साथ, एच बी टेस्ट, ब्लड शूगर, दंत रोग जांच और नेत्र परीक्षण का भी लोगों ने लाभ उठाया। शुगर हीमोग्लोबिन और रक्तचाप जांच के अलावा डाइट संबंधी सलाह की भी व्यवस्था की गई थी। इस शिविर के आयोजन में रेड क्रॉस सोसायटी के रेड क्रॉस ब्लड बैंक रक्त संकलन में सहयोगी रहा। संस्था के अध्यक्ष शिखर तिवारी ने बताया कि इस बार के शिविर के आयोजन में संयंत्र, स्टील क्लब के साथ पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, मंगलंम हास्पिटल, स्पर्श हास्पिटल, बालाजी नेत्रालय, सेफ स्माईल डेंटल क्लिनिक, सिमर कालेज, लिकिस्टोर नेहरू नगर का सहयोग रहा। इसके साथ ही एस एस बी भिलाई यूनिट, बी एस एफ, भिलाई यूनिटय सी आई एस एफ, भिलाई यूनिट और सी आई एस एफ, आर टी सीए उतई का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के सदस्यों, उनके परिवार के सदस्यों के साथ सिमर कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपना योगदान दिया है। शिविर में 204 ब्लड यूनिट का संकलन हुआ। इसके साथ 55 व्यक्तियों ने दांतों की जांच, 45 व्यक्तियों ने आंखों की जांच, 95 व्यक्तियों ने डाइट प्लान की सलाह प्राप्त की। 250 लोगों ने एच बी टेस्टए 250 लोगों ने ब्लड शूगर और 150 लोगों ने ब्लड ग्रुप की जांच की गई।



**भिलाईनगर।** अंबिकापुर में 23वे राज्य स्तरीय शतरंज प्रतिस्पर्धा में अंडर 19 बालिका वर्ग में पांच राउंड के खेल के बाद घोषित परिणाम में 4.5 पॉइंट के साथ एंजेल वैली स्कूल भिलाई की कक्षा 11वी की छात्रा रिद्धिमा तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनायी। प्रतियोगिता में डायरेक्टर शेष रतन जायसवाल एवं आर्बिटर सुबोध कुमार सिंह एवं अब्दुल समीम रहे। रिद्धिमा, मुकेश कुमार तिवारी एवं श्रीमती रेखा तिवारी की सुपुत्री है। स्कूल प्रबंधन समिति, प्राचार्य, शिक्षको ने रिद्धिमा की इस उपलब्धि की प्रसंशा करते हुए आगे राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाये दी है।

# इस्पात बिरादरी ने वरिष्ठजनों को दी आत्मीय शुभकामनाएं



**भिलाईनगर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सियान सदन में रहने वाले 19 वरिष्ठजनों को गुलाब भेंट कर स्वागत किया वरिष्ठजन दिवस की शुभकामनाएं दी और उनके चरण स्पर्श कर आशिर्वाद लिया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सदस्यों द्वारा सियान सदन में रहने वाले सभी वृद्धजनों को उपहार स्वरूप गर्म नाश्ता भेंट किया। सियान सदन में वर्तमान में 19 वरिष्ठजन निवासरत हैं। इस कार्य में संयंत्र के सी.एस.आर विभाग के कर्मी आशुतोष सोनी, सुश्री सीता सिन्हा एवम सुश्री व्ही विजय लक्ष्मी ने प्रत्येक वरिष्ठजनों को आत्मीयता के साथ वंदन कर आशीर्वाद लिया। सी एस आर विभाग के आत्मीय और स्नेही व्यवहार से सभी वरिष्ठजनों ने सी एस आर विभाग और संयंत्र बिरादरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जताई। इसी कड़ी में कल शनिवार को संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्रए सेक्टर .9 के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम विश्वनाथन के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने सभी वरिष्ठजनों का चिकित्सकीय परीक्षण किया और उपचार किया गया। इसी कड़ी में कला मंदिर में वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है।

# उत्पादन में इजाफे के बाद भी बीएसपी में कर्मचारियों को मिल रही प्रताडना : एचएस मिश्रा



**भिलाईनगर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्र व्यापी श्रमिक यूनियन एचएमएस से संबद्ध भिलाई श्रमिक सभा के अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने कहा कि उत्पादन में लगातार इजाफा होने के बावजूद कर्मचारियों को उनके हक से वंचित रखा गया है। वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं भिलाई श्रमिक सभा के अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र में 1956 से उत्पादन प्रक्रिया शुरू हुई। शुरुआती दौर में यहां लगभग 60 हजार नियमित कर्मचारी थे। तब एक काम तीन से चार लोग मिलकर करते थे। लेकिन इन 67 सालों में परिस्थितियां बदलती गई और अब 14 हजार के लगभग नियमित कर्मचारी रह गए हैं। इसके साथ ही तीन से चार काम की जिम्मेदारी एक आदमी को दी जा रही है। बावजूद इसके उत्पादन में लगातार इजाफा होने से संयंत्र और सेल प्रबंधन को आर्थिक रूप से मजबूती मिली है। फिर भी कर्मचारियों को सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि संयंत्र कर्मचारियों के इंक्रीमेंट रोकने और सीआर खराब कर देने की बात कही जा रही है। प्रबंधन कर्मचारियों को क्षमता से अधिक काम करने का कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिल रहा है। प्रबंधन कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने और मनोबल बढ़ाने के बजाय उनकी सुविधाओं में लगातार कटौती कर रहा है। इससे कर्मचारी परेशान हो रहे हैं। प्रबंधन का काम बिना किसी अड़चन के सुचारू रूप से चल रहा है। इससे उसे आर्थिक लाभ मिल रहा है। फिर भी कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक रुख समझ से परे है। श्री मिश्रा ने बताया कि संयंत्र कर्मचारियों के पदोन्नति नीति में बहुत विसंगति है। पूरे देश में डिप्लोमा होल्डर को किसी भी इकाई अथवा विभाग में जूनियर इंजीनियर या ओवर सियर का पद दिया जाता है। लेकिन सेल प्रबंधन की गलत नीतियों के कारण यहां डिप्लोमा होल्डर टेक्नीशियन के पद तक सीमित हैं। प्रबंधन को अपनी हठधर्मिता छोड़ डिप्लोमा होल्डर को जूनियर इंजीनियर का पद नाम देना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में जो वेतन समझौता होना था वह समय से नही हुआ। 2021 अक्टूबर में एक एमओयू हुआ। जिसका लाभ अभी तक कर्मचारियों को नही मिला। और पूर्ण वेतन समझौता अभी तक लागू नही हुआ। वहीं एचआरए ए नाईट एलाउंस और 39 महीने का एरियर्स भुगतान नहीं हो पाया है। कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चंदेल ने बताया कि सेल देश के नवरत्न कंपनियों में से एक है। एचएमएस के नेता डीके सिंह, राष्ट्रीय महासचिव संजय बधावकर और कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने दिल्ली में सेल चेयरमैन से मुलाकात कर पूर्ण वेतन समझौता लागू करने एनजेसीएस की बैठक जल्द से जल्द बुलाने का आग्रह किया था। जिस पर सेल चेयरमैन ने शीघ्र बैठक बुलाने की बात कही थी।

# हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

**भिलाईनगर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की साप्ताहिक बैठक सेक्टर-2 में संपन्न हुई। बैठक में पदाधिकारियों ने उपस्थित सदस्यों को जिलाधीश दुर्ग के द्वारा प्रेषित प्रभारी निदेशक बीएसपी को 4 सितम्बर के पत्र के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा बताया कि उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के लीज स्कीम के संबंध में सन 2011 में दिए गए। निर्णय अभी तक प्रभावशील है जिसका तात्पर्य लीज स्कीम जो बिना राज्य शासन के सहमति से लागू की गई थी वह गलत थी तथा रजिस्ट्री प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ टाउनशिप के समस्त आवासीय क्षेत्र के विकास के लिए उपरोक्त पत्र शहर वासियों के पक्ष में हैं। प्रबंधन की नीतियों का दुष्परिणाम आज न केवल कर्मचारी बल्कि पूर्व कार्मिक व्यापारी सहित सभी प्रकार से रहने वाली जनता भोग रही है। प्रबंधन को अब अतिशीघ्र उक्त जमीन राज्य शासन को सौप देनी चाहिए। प्रबंधन इस बारे में श्वेत पत्र जारी करें। 33000 हजार आवासों में मात्र 50 प्रतिशत कार्मिक लगभग 6000-7000 अब कंपनी आवास में रहते हैं। तब इन आवासों का बंदर बाँट बरसों से वह कैसे करती रही। पानी टंकी का गिरना, डेंगू, स्वाइन फ्लू, बैकलाइन की सफाई, साफ पानी नही दे पाने के लिए प्रबंधन नही दे रहा है। समिति मुख्यमंत्री एवं विधायक द्वारा भिलाई के लिए हर पहल कदमी का स्वागत करती है तथा आगे शहर की लड़ाई जो अस्तित्व बचाने की लड़ाई ही है वह निरंतर जारी रहेगी। आज की बैठक में पीआर वर्मा, गजानंद चौधरी, रमेश पाल, राजेंद्र शर्मा, के.आर. साहू, राधे लाल मोटघरे, केपी तिवारी, राघवेंद्र राव, श्री मांडल सहित अनेको लोग उपस्थित थे। यह जानकारी राजेंद्र परगनिहा अध्यक्ष ने दी है।

# प्रेम प्रकाश तीज मिलन कार्यक्रम में हुए शामिल



**भिलाईनगर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई नगर। प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने खुर्सीपार बापू नगर में आयोजित तीज मिलन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने माताओं-बहनों और वार्डवासियों से भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही वार्ड के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया। उन्होंने कहा कि वार्ड एक परिवार की तरह है और इस परिवार को आने वाले चुनाव में सही का चुनाव कर वार्ड सहित पूरे भिलाई के विकास की दिशा तय करनी है। बापू नगर वार्ड 43 में आयोजित तीज मिलन समारोह को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि तीज सभी माताओं-बहनों के लिए एक त्योहार की तरह है। उसी तरह आने वाले 1-2 महीनों में लोकतंत्र का त्योहार आने वाला है। जिसमें आप सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है। आने वाले समय में आप सभी को पहले और आज के काम की तुलना कर सही नेतृत्व को चुनना है। उन्होंने कहा कि आप सभी को निश्चित ही अपने मत का प्रयोग करना है और सही का चुनाव करना है। आप मतदान ही भिलाई के विकास की दिशा को तय करेगा। श्री पाण्डेय ने वार्ड के वरिष्ठजनों का सम्मान किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने लोगों से आव्हान किया कि वे अपने मौलिक अधिकार मतदान का अवश्य उपयोग करे। कार्यक्रम के दौरान नवाअंजोर संगीत समिति द्वारा रंग झाझर की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद सरिता बघेल, भागवत गुप्ताए खिलावन, विनोद गुप्ता, एसएन प्रसाद, जेलीराम, खेदुराम, दुरविजय चौहान, राम अनुज, राजेश, श्रीराम गौतम, सागर शुक्ला पूर्व महापौर निर्मल यादव सहित हजारों की संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## हथियार सहित अरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर।** पुराना बस स्टैण्ड सुपेला के पास आम जगह में धारदार हथियार चाकू लेकर आन-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा युवक को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति पुराना बस स्टैण्ड सुपेला के पास धारदार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जहां आरोपी उपेन्द्र 29 साल निवासी सुपेला को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला, उनि रजनीकांत दीवान, प्र.आर. संतोष शर्मा, आर.रवि साव, सुरेन्द्र पटेल, श्यामजी मिश्रा, सूर्यप्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

# स्वयंसिद्धा समूह ने चलाया मतदाता जागरुक अभियान



**भिलाईनगर** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। साड़ी और शराब के बदले हम अपना कीमती वोट नहीं देंगे। हम मजदूरों के पास भी अब अपनी बुद्धि है। हम गृहिणियों से कोई कुछ नहीं पूछता लेकिन देश की सरकार हमसे पूछ कर ही बनती है इसलिए हम अपना वोट देने जरूर जाएंगे। युवा पीढ़ी के बच्चे अपनी आजादी के लिए तो दिन रात बहस करते हैं लेकिन अपना कीमती वोट देने मतदान केंद्र क्यों नहीं जाते। बूढ़े हो या जवान सबका अधिकार है मतदान ऐसे प्रभावी संवादों के साथ कल शाम सिविक सेंटर में। भिलाई की बहूओं ने जागरूकता अभियान चलाया। मतदान के लिए जागरूक करने का नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसे दर्शकों ने तालियों से सराहा। स्वयंसिद्धा समूह की सदस्यों ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत यह नुक्कड़ नाटक पेश किया एवं रैली निकालकर पूरे सिविक सेंटर में आमजन को जागरूक किया। संस्था की डायरेक्टर डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि स्वयंसिद्धा हमेशा से जागरूकता अभियानों में आगे रही है और मतदान से बड़ा लोकतंत्र का पर्व और दूसरा नहीं है। भिलाई जैसे शहरी जगह पर 50 प्रतिशत भी मतदान नहीं होते हैं यह बेहद चिंताजनक बात है इसीलिए वोट डालना जरूरी है। इस नुक्कड़ नाटक में लक्ष्मी साहू, नीरा लखेरा, अनीता चक्रवर्ती, सुशीला साहू, रीता वैष्णव, अर्चना सेनगुप्ता, बिपाशा हालदार, गीता चौधरी, देबजानी मजूमदार, ममता बिस्वाल, रंजना सूरज, वैशाली संतोष, रत्ना दुफारे, रूमा देएवीणा द्विवेदी, अक्षुणा वैष्णव, सीमा कनौजिया, राजश्री नायर, नमिता त्रिपाठी, स्वयंसिद्धा के संरक्षक डॉ.रजनी नेल्सन, डॉ.पूर्णिमा लाल, नीलिमा शुक्ला मौजूद थी।

# हिंदी पखवाड़ा में विजेता का किया गया सम्मान

**भिलाईनगर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्टील ऑथरिटी ऑफ़इंडिया लिमिटेड के तकनीकि सलाहकार संस्थान सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेल सी.ई.टी. भिलाई उप केंद्र में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन तक किया गया। इस दौरान राजभाषा हिंदी को प्रोत्साहन देने कार्यालय में कविता पाठ, हिंदी प्रश्नोत्तरी जैसे विविध स्पर्धाएं आयोजित किया गया। समापन अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र नराकास सदस्य संस्थानों से पधारे साथ ही सेट भिलाई उप केन्द्र के कार्मिकों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सी.ई.टी. भिलाई उप केंद्र में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक बिपिन कुमार गिरी थे।



कार्यक्रम के प्रारंभ में उप केन्द्र प्रभारी प्रणय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने स्वागत भाषण में कहा कि सी.ई.टी भिलाई के सभी कार्मिक अपना समस्त कार्यालयीन कार्य हिंदी में करते है। तकनीकि संस्थान होते हुए भी यहां के सभी कार्मिक अधिकाधिक कार्य हिंदी में करते है। परिणाम स्वरूप सी.ई.टी. भिलाई उप केन्द्र को अपना सर्वाधिक कार्य हिन्दी में निष्पादन करने हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नराकास भिलाई-दुर्ग द्वारा प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता रहा है इस वर्ष भी राजभाषा अग्रदूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया हैण् मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रणय कुमार के स्वागत भाषण पश्चात सेट भिलाई द्वारा हिंदी में किये गये कार्यो व प्रगति पर प्रेजेंटेशन दिया गया। प्रस्तुततिकरण के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अथिति बिपिन कुमार गिरी अधिशासी निदेशक ने कहा कि सी.ई.टी. एसेल का उच्चस्तरीय तकनीकि सलाहकार संस्थान है। सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी इस नाम से ही लगता कि यहां हिन्दी में काम करने की कोई गुंजाईश ही नहीं है किंतु सेट भिलाई के कार्मिकों ने इसे गलत साबित कर दिखाया है और हिंदी में काम करके दिखाया है और समिति के निरीक्षण बाद पुरस्कार प्राप्त किया है। अधिशासी निदेशक बिपिन गिरी ने कहा कि सेट एक संगठित संस्थान है। नराकास भिलाई-दुर्ग का एक सम्मानीय सदस्य संस्थान होने के नाते अपना कार्यालयीन कार्य हिंदी में करके दिखाया है। परिणामस्वरूप अपने स्थापना काल से ही ई.डी., एम.डी., सी.ई.ओ.य डायरेक्टर इंचार्ज के द्वारा हिंदी सेवा के लिए सम्मानित हो रहा है। सेट में हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विविध स्पर्धाएं आयोजित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रणय कुमार द्वारा कार्मिकों को पुरस्कृत किया गयाण सह.सांत्वना पुरस्कार से एस.के. राजा, श्रीमती मंजू हरिदास, ए.के.श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला,चैतन्य वेकटेश्वर, पुनीत चौबे, संदीप कुमार, अभय अग्रवाल, तरुण कुमार, पारमिता मोहन्ति, धीरज शाह, विनय कुमार यादव, दयानंद साहू, गोपिकृष्णन, सुधीर अग्रवाल, नितिन चौबे, इरेनी वेंकटेश, श्रीमती प्रेमलता मोहन, मोहन उमरे, तोरण लाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पारमिता मोहंती एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रणय कुमार द्वारा किया गयाण

# चतुर्थ पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि...



जन्म :
06 जुलाई 1957

निर्वाण :
03 अक्टूबर 2019

## स्व. सरदार दलबीर सिंग, (बीरा सिंग जी)

आपके मार्गदर्शन से ही जीवन के उतार चढ़ावों को पार करने की ताकत मिलती रही है।
आपके मार्गदर्शन से ही आज हम इस मुकाम पर हैं। जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपसे ही मिली है।
**आज आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर आपको स्मरण कर सादर नमन करता हूं।**




**10 इलेक्ट्रानिक ट्राइसिकल चतुर्थ पुण्यतिथि पर नि:शुल्क प्रदान की जायेगी**



## SBS HOSPITAL
### SHRI BIRA SINGH
INFRASTRUCTURE

उपलब्ध सुविधाएं :-

- डाइलेसिस की सुविधा न्यूनतम दरों पर सिर्फ 999/-
- एक साल में 200 से ज्यादा डाइलेसिस नि:शुल्क.
- अब तक 2000 से ज्यादा OPD तथा 700 से ज्यादा भर्ती मरीजों की ईलाज न्यूनतम दर पर किया गया.
- OPD फीस मात्र 200 रुपये.
- अस्पताल के द्वारा मरीजों के लिए 24X7. नि:शुल्क एंबुलेंस सुविधा.
- 24X7 गंभीर मरीजों के लिए Fully Occupied ICU. तथा Train Staff एवं Doctor एवं 24X7 मेडिकल स्टोर.
- अब तक 400 से ज्यादा ऑपरेशन जिसमें युरोलॉजी. न्यूरोलॉजी. कैंसर. प्लास्टिक सर्जरी. LSCS. Ortho. आदि शामिल हैं.
- हॉस्पिटल में जटिल आर्थोसर्जरी के अलावा घुटना प्रत्यारोपण की सुविधा भी बहुत ही कम दरों पर किया जाता है.
- Best Trama Unit.
- 24X7 आपातकालीन सुविधा.
- आयुष्मान तथा TPA की सुविधा उपलब्ध.
- ICU की विशेष व्यवस्था.

## स्वास्थ्य आपका, जिम्मेदारी हमारी

**रिश्तों की नीव रखे एक अच्छी स्वास्थ्य के साथ।**



**OPD Facilities :**
जनरल मेडिसीन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, आर्थोपिडिक सर्जरी विशेषज्ञ, न्यूरो सर्जरी विशेषज्ञ

SBS Hospital # A/2 Vijay Complex, Camp-2
G.E. Road, Power House, Bhilai-Durg, C.G. 490011
**Contact: 0788 4340208**

24x7 Doctors and Medicine available

**श्रद्धानवत् :- सरदार इन्द्रजीत सिंग (छोटू), हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी एवं समस्त परिवार**

## अजाक्स राजनंदगांव के ब्लॉक इकाई का गठन आज

**राजनांदगांव,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। अजाक्स राजनांदगांव के ब्लॉक इकाई का गठन कल 3 अक्टूबर को डॉ. अम्बेडकर सांस्कृतिक भवन, सिविल लाइन, राजनांदगांव में संध्या 6 बजे होना है।अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) शासन से मान्यता प्राप्त संगठन है। जिसमें प्रांत, जिला एवं ब्लॉक इकाई तक का संगठनात्मक ढांचा है।



# अध्ययन अवकाश के नाम पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ बेग ने शासन को लगाया लाखों का चूना

**राजनांदगांव,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपाई मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोई न कोई व्यवस्था को लेकर हो या भ्रष्टाचार या अन्य अनियमिताओ को निश्चित रूप से सुर्खियों में बना रहता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अस्पताल प्रशासन पर अनियमिताओं के मामले आते रहे हैं और उंगलियां उठती भी रही है। पर मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप बेग के खिलाफ अत्यंत ही गंभीर और शासन को आर्थिक रूप से कमजोर करने की साजिश और इसकी आड़ में भ्रष्टाचार और लाखों के आर्थिक अनियमितताओं का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में स्वास्थ्य विभाग के ही नियमों को दरकिनार कर आर्थिक स्त्रोतों के उपार्जन को लेकर ऐसी युक्ति अख्तियार की गई जिससे शासन के लाखों रूपयो को जबरदस्त तरीके से बंदरबांट कर सरकार को आर्थिक रूप से कमजोर करने मे जुट गए।आखिर क्या कारण है की स्वास्थ्य जैसे अति संवेदनशील विभाग में भ्रष्टाचार और आर्थिक अनियमिताओं के षड्यंत्र को लेकर जिम्मेदार अधीक्षक क्यों निडरता पूर्वक कृत्यों को अंजाम देने में अडिंग है इसके पीछे



आखिर कौन सी ताकत खड़ी है यह भी शोध का विषय है। डॉ प्रदीप बेक अधीक्षक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल राजनांदगांव द्वारा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नियम विरुद्ध 3 (तीन)वर्षों का वेतन भुगतान किया गया श्री बेक ने अपने कार्यकाल में शासकीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दो वर्ष के स्थान पर पांच वर्षों तक जनरल नर्सिंग ट्रेनिंग हेतु अध्ययन अवकाश में भेजा गया जबकि छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आदेश दिनांक 16 /10/ 2014 के अनुसार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को मात्र दो वर्ष तक ही अध्ययन अवकाश की पात्रता है ।लेकिन बहुताय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को चार से पांच वर्षों तक अध्ययन अवकाश की पात्रता दी गई जिसकी एवज में उपरोक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अनाधिकृत रूप से अनुचित लाभ के दृष्टिगत वेतन जानबूझकर भुगतान लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया जाता रहा। जिससे शासन को लाखों रुपए की हानि हुई है जिससे ऐसा प्रतीत होता है की अधिकारी द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग कर संबंधित महिला कार्यकर्ताओं को अनुचित लाभ दिया गया। यहां यह भी उल्लेख करना लाजमी होगा कि डॉ बेग जिले में पदस्थ दिनांक से गंभीर वित्तीय एवं प्रशासन की अनीयताओं के लिए जाने जाते है। उपरोक्त गंभीर लाखों की अनीमिताओं को लेकर जो आरोप लगाए जा रहे है उससे संबंधित प्रमाणित दस्तावेज और सबूत च्देशबन्धु समाचार पत्रज्ज के पास मौजूद है। सबसे बड़ी बात है कि इस गंभीर आर्थिक अनियमिताओं की उच्च स्तरीय जांच अगर स्वास्थ के उच्च अधिकारी या स्वास्थ्य मंत्री करते हैं तो संबंधितों के खिलाफ दोष सिद्ध होने के साथ अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जाने की स्थिति से इंकार नहीं किया जा सकता। स्वास्थ जैसे विभाग के संवेदनशील मामले को लेकर अब जांच को लेकर आखिर मंत्रालय और शासन क्या कदम उठाता है जिसका इंतजार रहेगा।

# पूर्व सांसद मधु ने लखोली वार्ड में आयोजित सफाई अभियान में सेवा एवं सहभागिता प्रदान की

**राजनांदगांव,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के उपलक्ष्य मे पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने स्थानीय वार्ड नंबर 36 लखोली के दुर्गा चौक स्थित क्षेत्र में प्रात: सुबह उपस्थित होकर श्रमदान किया। इस दौरान पूर्व सांसद मधु ने वार्डवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वार्ड के सफाई अभियान में सेवा एवं सहभागिता प्रदान की। सफाई अभियान का आरंभ पूर्व सांसद मधुसूदन ने वार्डवासियों के समक्ष सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करके एवं उनके जीवन चरित्र एवं आदर्शो को नमन करते हुवे किया, जिसमे स्थानीय वार्डवासीगण की श्रमदान में स्वस्फूर्त भागीदारी देखने को मिली । इस दौरान पूर्व सांसद मधु के साथ मुख्य रूप से वार्ड नंबर 36 के पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे, पूर्व पार्षद मिथिलेश्वरी वैष्णव, भाजपा महिला मोर्चा नेत्री देववती साहू, हीरोबाई साहू, एवं तोषणबाई साहू, वार्ड के बीजेपी कार्यकर्तागण एवं गणमान्य नागरिकगण संतोष साहू, दलेश्वर साहू, अरविंद साहू, राकेश साहू, चंद्रिका साहू, मांगन साहू, सतीश साहू, हितेश साहू, सुंदर खरे, तिलेश साहू, जितेंद्र रजक, शुभम साहू , तुलसी यादव, तरुण साहू, मिलिंद साहू एवं अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कड़ी धूप में सफाई अभियान की पूर्णता के पश्चात स्थानीय वार्डवासियों के अनुरोध पर भाजपा नेता मधु ने लखोली वार्ड की संकरी गलियों में पैदल भ्रमण कर भाजपा के पक्ष में जनसंपर्क किया और लोगों की समस्याओं से अवगत हुए । भाजपा नेता मधु ने लखोली वार्ड के चक्कीपारा (शीतला मंदिर चौक), लखोली बस्ती तालाब एवं नाईपारा (चक्कीपारा) के साथ वार्ड में अपशिष्ट डंप करने हेतु चिन्हांकित संजयनगर लखोली की रिक्त भूमि का भी निरीक्षण किया। पूर्व सांसद को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए लखोली वार्ड के रहवासियों ने मुख्य रूप से बताया कि लखोली बस्ती स्थित तालाब में जलकुंभी की बहुलता के कारण निस्तारी हेतु उपलब्ध जल बहुत दूषित हो गया है जिसे साफ कराया जाना अति आवश्यक है। इसके साथ ही नाईपारा में नल जल योजना के अंतर्गत लगी टंकी का बोर खराब होने के कारण निस्तारी एवं पेयजल की समस्या का वार्डवासियों को लंबे समय से सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सांसद ने उक्त समस्याओं पर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए यथोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



# गरीब छात्रों के लिए होगी राजपूत भवन में आवासीय व्यवस्था, सांसद ने भवन मरम्मत कार्य के लिए दिए 5 लाख

**राजनांदगांव,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के सामाजिक भवन में अब गरीब छात्रों के लिए आवासीय व्यवस्था उपलब्ध होगी. समाज के अध्यक्ष अजय सिंह परिहार व श्री राष्ट्रीय करणी सेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने इसकी पहल करते हुए सामाजिक बंधुओं के समक्ष प्रस्ताव रखा था, जिस पर सहर्ष स्वीकृति मिल गई है. इसके साथ ही इस काम को व्यवस्थित तरीके से करने के लिए लोकसभा सांसद संतोष पांडे ने भी पहल करते हुए महाराणा प्रताप भवन के मरम्मत कार्य के लिए 5लाख देने की घोषणा की है. इस राशि से महाराणा प्रताप भवन में मरम्मत कार्य एवं गरीब छात्रों के लिए आवासीय व्यवस्था बनाने का काम किया जाएगा.



न्यू चंद्र कॉलोनी स्थित छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के भवन का जल्द ही कायाकल्प होगा. भवन में गरीब बच्चों के लिए आवासीय व्यवस्था बनाने का काम शुरू किया जाना है. राजपूत समाज के पदाधिकारी ने विगत दिनों बैठक लेकर फैसला लिया था कि समाज के महाराणा प्रताप भवन में गरीब बच्चों के लिए आवासीय व्यवस्था बनाई जाए. अध्यक्ष अजय सिंह परिहार ने इसके लिए पदाधिकारी के सामने प्रस्ताव रखा था. जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया. भवन में आवासीय व्यवस्था बनाने के लिए भवन की मरम्मत एवं निर्माण कार्य कराए जाने की आवश्यकता है इसके लिए अध्यक्ष अजय सिंह परिहार ने लोकसभा सांसद संतोष पांडे से भवन मरम्मत के लिए राशि की मांग की थी इस पर सांसद संतोष पांडे ने अपनी सहमति दे दी है. सामाजिक बंधुओं से मिलकर उन्होंने 5लाख भवन मरम्मत कार्य के लिए देने की घोषणा की है.

**प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात**- भवन मरम्मत कार्य के लिए राशि की मांग करने के लिए सामाजिक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद संतोष पांडे से मुलाकात की. इस दौरान सांसद ने 5 लाख देने की घोषणा भी मौके पर की है. इसके साथ ही आश्वासन दिया है कि आने वाले समय में गरीब बच्चों के लिए आवासीय व्यवस्था बनाने जिस तरीके के भी सहयोग की आवश्यकता होगी, वे करेंगे. इस दौरान अध्यक्ष अजय सिंह परिहार, श्री राष्ट्रीय करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह, जय नारायण सिंह, बीर सिंह, जिला अध्यक्ष गोल्डी भदोरिया, संजय सिंह राजपूत, कपिल सिंह चौहान, महादेव चंदेल, रवि किशन सिंह, चंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# 20 लाख की लागत से बनेगा सर्व आदिवासी समाज का भवन, नवाज ने किया भूमिपूजन

**छुरिया,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के खुज्जी विधानसभा अंतर्गत आने वाले शहीद ग्राम बादराटोला में जल्द ही सर्व आदिवासी समाज का भवन निर्माण शुरु होने जा रहा है। सोमवार को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ समाजिक भवन के लिए भूमिपूजन किया। ज्ञात हो बैंक अध्यक्ष नवाज के प्रयासों से ही समाज को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से 20 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

उल्लेखनीय है कि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज ने बीते कुछ समय में विभिन्न समाज को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भवन के लिए आर्थिक सहायता दिलाई है। इसी कड़ी में अब खुज्जी विस के शहीद ग्राम बदराटोला में सर्व आदिवासी समाज का भवन के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक भोलाराम साहु, गिरधारी लाल साहु ,लादूराम तुमरेकी जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष हरिराम पूजेरी,क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार



चंद्रवंशी,जिला जिला महामंत्री नरेश शुक्ला,उर्मिला साहु, अग्नू राम,शरद चंद्राकर, राम साहु,रामगुलाल गावड़े,हिरेंद्र साहु,लक्ष्मी नारायण,कामता साहु, उदे राम कंवर, ढाल सिंग मंडावी,पार्वती साहु,गुहरी राम कुंजाम,शोभा राम साहु, उषा बाई चंद्रवंशी,कुमारी बाई वामन,गिरीश सोनवानी,तुकाराम राम श्याम,हेमंत कौशल, रेवा राम यादव,दयाराम कौशल,चित्ररेखा साहु,सर्व आदिवासी समाज एवं बादराटोला के सभी ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शहीद रामाधीन की प्रतिमा पर माल्यार्पण

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज ने ग्राम बादराटोला पहुंचकर शहीद रामाधीन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन परिचय के बारे में ग्रामीणों को बताया और कहा की हम सबको उनके बताए मार्गो पर चलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि गांव में समाज के भवन बनने पश्चात सैकडो लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

### गांधीजी के विचारों से गांव बनेगा विकासोन्मुख

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बैंक अध्यक्ष नवाज ने कहा छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार में सुराजी गांव योजना शुरू कर नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी को नये रूप में विकसित किया जा रहा है। इस योजना के तहत बने गौठान अब आजीविका केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। गोधन न्याय योजना के माध्यम से पशुपालकों और ग्रामीणों से गोबर और गोमूत्र खरीदा जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आधार मिला है।

### हर समाज को बढ़ाने का किया काम

नवाज ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने हर समाज को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि जब-जब भी वे किसी समाज के लिए मदद लेने सीएम के पास पहुंचे है, खुले मन से सीएम ने भी उनकी सहायता की है। नवाज ने बताया कि यही कारण है कि वनांचल इलाको में भी अब समाज अपने भवन बनवाने में सफल हो पा रहें है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आगे भी सभी समाज को बढ़ाने का काम करती रहेगी।

# शासन का ड्रीम प्रोजेक्ट गौठान शमशान मे संचालित, अपने तरह की गजब परिवर्तित हुई योजना





**राजनांदगांव,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरकार योजनाओं का कोई भी पिटारा क्यों न शुरू करे उसे संचालित कर क्रियान्वयन करने वाले अगर अधिकारी ही अपनी मनमानी पर आमादा हो जाए तो कोई भी योजना धरातल पर दम तोड़ने में ज्यादा समय नहीं लगती राजनांदगांव जिले का सोमानी हाईवे पर स्थित है और यह ऐसा गांव है जहां से हर वीआईपी इसी गांव के रास्ते राजनांदगांव जाता है और राजनांदगांव से राजधानी भी पर अगर सुध लेने की इच्छा शक्ति की कमी अधिकारियों में हो और इस सब ड्रीम प्रोजेक्ट को बेहतर नियंत्रण करने का दावा करने वाले जिले के कलेक्टर ही मॉनिटरिंग कर पाने में असमर्थ हो तो फिर सरकार की योजना आखिर जमीन में किस स्तर पर होगी इन बातों को विपक्ष चिल्ला चिल्ला कर लंबे अरसे से कह रहा है और यही वजह है जिसके कारण विपक्ष अपने मुहिम में गठानों का लगातार दौरा कर आ गया।ग्राम पंचायत सोमनी में इन दिनों शमशान को ही गौठान बना कर पशु रखा जा रहा है,पिछले डेढ़ वर्षो से ग्राम सोमनी में गौठान निर्माण शासन द्वारा प्रस्तावित है ,परन्तु सोमनी पंचायत में शासन की बड़ी योजना रोका ,छेका,गरवा ,बाड़ी का दुर्गत होने का सबसे बड़ा उदाहरण ग्राम पंचायत सोमनी बना हुआ है, जगह जगह सरकारी जमीन अतिक्रम के भेंट चढ़ने की वजह से गौठान नही बनाया जा सका बेतहाशा सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण के चलते सरकारी भवन गौठान जैसे विकास कार्य मे बाधा उत्तपन हो रही ,कई मद से शासन द्वारा सोमनी पंचायत में फंड जारी हो चुके है ,परन्तु सोमनी पंचायत की उदासीनता के चलते निर्माण कार्यों का क्रियान्वयन नही कराया जा सक रहा है,जिसका परिणाम है की शासन के दबाव में आनन फानन में शमशान में ही पशुओं को रख कर गौठान का काम चलाया जा रहा ,शासन के महत्वपूर्ण योजना की इससे ज्यादा दुर्गति क्या होगी पूरे राज्य में सोमनी पंचायत में देखने को मिलेगा ,कहने को सोमनी में ग्रामीण कांग्रेस के बड़े नेता निवास करते है,पर शासन की महत्वपूर्ण योजना को पूरे प्रदेश में इतना बदहाल हालात में पहुचते देख आंख मुंदे हुए है।शमशान में गौठान चराना पड रहा,ग्राम सचिव से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो वर्षों से 21906 किलो गोबर खरीदी की जा चुकी है आगे खरीदी की जा रही है, इसमें भी हेरा फेरी की आशंका जताई ग्रामीणों ने,गोबर खरीदी ग्रामीणों के कागजो में नाम दर्ज को आधार बना कर डेरी फार्म से गोबर खरीदने की शिकायत भी सामने आई है,पुराने पंचायत भवन को गोबर रखने का घुरवा बना दिया गया है,सोमनी के हालात ऐसे बन चुके है अंधेरे नगरी चौपट राजा वाले ,जैसे कि ग्राम पंचायत कोई शासन की संस्था नही प्राइवेट संस्था हो ऐसे चल रहा ग्राम पंचायत के हालात, लोग जगह जगह जहां मन चाहे सड़को पर जहाँ खाली पड़े जमीन में सरकारी जगहों पर कोई रोक टोक किये बिना अतिक्रमण कर चुके जिससे सरकारी जगहों का आभाव उत्तपन्न हो गया निर्मान कार्य के लिये सरकारी जगह नही बच रही जिसे कोई रोक टोक करने वाला नही , अतिक्रमण की हो तो भी पंचायत द्वारा सांठ गांठ कर लेंन देन कर अतिक्रमण को संरक्षण देने का कई मामला प्रकाश में आते रहता है शिकायत होती है स्टे होने के बाद साठ गांठ कर मामले को ठंडे बस्ते में डालने लेन देन कर पंचायत उन मामलों में उदासीन हो जाती है और सरकारी जगह कब्जा धारी के कब्जे में डाल दी जाती है,इन विषयों पर ग्रामीणों ने जानकारी दी है, आज ग्राम सोमनी पंचायत में विकास कार्यो के लिए सरकारी जमीन का अभाव हो गया और ग्राम विकास में बाधा उत्तपन हो रहा जिसका ही परिणाम है, शासन के दबाव में श्मशान घाट पर ही गौठान चलाना पड़ रहा, कल शाम सोमनी एक प्रतिष्ठित परिवार के दाह संस्कार कार्यक्रम में दूर दूर से लोग मिक्ति धाम आये बड़ी संख्या में गामीण जन मौजूद रहे गांव का ऐसा तस्वीर देख कर घोर आस्चर्य में पड़ गए ऐसे हालत की जितनी निन्दा की जाय कम है चर्चा का विषय बन गया था,और शासन तक ग्रामीणों ने इस विषय पर शिकायत की बात कही जांच का विषय है शासन का इतने महत्वपूर्ण पूर्ण योजना का पूरे प्रदेश में इससे ज्यादा दुर्गत हालात कहि नही देखा जा सकता।

**विपक्ष के नेता क्या कहते है**

इस विषय पर भाजपा के ग्रामीण महामंत्री कृष्णा तिवारी द्वारा क्षेत्र के विधायक पूर्व मुख्य मंत्री डॉ. रमन सिंह के संज्ञान में लाकर शिकायत की बात कही उनके द्वारा इस मामले को शासन को अवगत करा कर ऐसे हालात पर कार्यवाही की बात रखेंगे।

# खुज्जी विस में 40 किमी की भरोसा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**राजनांदगांव,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर खुज्जी विधानसभा में कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाली गई। 40 किमी की इस यात्रा में लोकसभा प्रभारी सुजीत बघेल, विधानसभा प्रभारी हबीब खान, विधायक छन्नी चंदू साहू के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। निर्धारित रुट में जगह ङ्क जगह यात्रा का भव्य स्तर पर स्वागत हुआ। कांग्रेसी नेताओं के साथ ही ग्रामीणों ने भी उत्साह दिखाया और यात्रा का हिस्सा बने।

सोमवार की सुबह 10 बजे यात्रा का शुभारंभ छुरिया नगर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर हुआ। विधायक छन्नी साहू के साथ कांग्रेसी पदाधिकारियों ने माता के सामने माथा टेका और उन्हें चुनरी चढ़ाई। यहां माता के जयकारों से कांग्रेस का भरोसा यात्रा का कारवां आगे बढ़ा। विधायक छन्नी साहू अपनी मोपेड में सवार होकर दर्जनों बाईक में सवार कार्यकर्ताओं के साथ कारवां लेकर आगे बढ़ीं।

यात्रा के तहत कई जगहों पर सभाएं आयोजित हुई। इन्हें संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी सुजीत बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि ङ्क पूरे प्रदेश में आखिरी गांव तक.. आखिरी व्यक्ति तक कांग्रेस सरकार की योजनाएं पहुंची है। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो इस सरकार की योजनाओं से वंचित हो। ये कीर्तिमान हमारी सरकार ने की है। भाजपा ने आपको 15 सालों तक ठगा। वो जुमला देते हैं और हम काम करके दिखाते हैं।

विधानसभा प्रभारी हबीब खान ने कहा कि - हर वर्ग का भरोसा हमारी कांग्रेस सरकार ने बरकरार रखा है। उसी के फलस्वरूप कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है और आने वाले समय मे हमे पुन: कांग्रेस की सरकार पर भरोसा कायम रखना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास मुद्दे नहीं रह गए। इस सरकार ने जो विकास गढ़ा है उससे आर्थिक, सांस्कृतिक तरक्की हुई है। ऐसी खुशहाली प्रदेश में पहले कभी नहीं दिखी।



- अपनी मोपेड पर सवार विधायक छन्नी साहू के साथ चला कारवां
- छुरिया से शुरु हुई यात्रा का कुमरदा में हुआ समापन

सभाओं में अपने संबोधन में विधायक छन्नी साहू ने कहा कि - कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग का ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। किसानों के लिए न्याय योजनाएं ये सरकार लेकर आई। स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराने भी हमने कई योजनाएं शुरु की। गांव-घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही है। युवाओ को रोजगार मिल रहा है, बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है। किसानों के कर्ज माफी की बात हो या फिर नए सोसाइटी खोलने की बात हो या कि गौठान के माध्यम से महिलाओ को सशक्त बनाना हो... हर वर्ग के लिए हमारी सरकार ने बेहतरीन कार्य किया है। यह कार्य व भरोसा निरन्तर जारी रहेगा। बस आप सब कांग्रेस सरकार पर भरोसा बनाये रखे।

उन्होंने कहा कि - बीजेपी ने हर बार लोगो को ठगा है। वो अपने मंसूबो पर कामयाब नही हो पाएंगे और छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस की सरकार बनाएगी। भाजपा की सरकार के जुल्म कोई भूल नहीं सका है। किसानों की आत्महत्या, नान जैसे घोटाले और कुशासन को जनता ने नकारा है और कांग्रेस का चुना है। आप सभी को फिर संकल्प दोहराना है और कांग्रेस को फिर एक बार चुनना है।

# भाजपा राज मे आदिवासी महुआ सड़कों पर फेंकन मजबूर थे, आज भूपेश है तो छत्तीसगढ़ मे भरोसा है

**राजनांदगांव,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के साथ भाजपा सरकार द्वारा अपने विगत 15 वर्षो के कार्यकाल में छत्तीसगढ़वासियों के साथ किए गए वादाखिलाफी व केन्द्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों के उजागर को लेकर 02 अक्टूबर को ली प्रेसवार्ता।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद व राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी पीआर खुंटे ने कहा कि आज देश की जो हालत बिगड़ी है उसका जिम्मेदार केन्द्र में बैठी भाजपानीत मोदी सरकार है। सत्ता में आने से पहले मोदी जी ने बड़े-बड़े वादे किए जो आज तक पूरी नहीं हो पाई। 15-15 लाख रूपए हर गरीबों के खाते में डालेंगे कहा आज तक एक रूपया भी नहीं डाल पाएं। काला धन लाएंगे बोले वह भी आज तक पता नहीं न जाने किए वादे किए जो आज तक नहीं पूरा नहीं हुआ। वहीं राज्य में पौने पांच साल की सरकार भरोसे की सरकार साबित हुए। भूपेश सरकार लगातार जनहितकारी योजनाएं शुरू कर प्रदेश के हजारों लोगों को रोजगार दिया वहीं कृषि के प्रति लोगों में रूझान बढ़ाया और किसानों को सबसे ज्यादा समर्थन मूल्य देने वाला राज्य बन चुका है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज प्रदेश की हर विधानसभा में गांधी और शास्त्री जयंती पर कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन किया गया। कांग्रेस सरकार में आज छत्तीसगढ़ के हर समाज का व्यक्ति कह रहा है कि उसे कांग्रेस पर भरोसा है क्योंकि उसने जो कहा वो किया। दूसरी ओर जब रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के 15 बरस पूरे होने जा रहे थे तो समाज का हर वर्ग उनसे दुखी थे, भाजपा का हर नेता कमीशनखोरी में डूबा हुआ था, खुद रमन सिंह भाजपा में कैसे कमीशनखोरी से दुखी थे। इसीलिए तो उन्हें कहना पड़ा था, च्एक साल कमीशनखोरी छोड़ दो तीस साल तक सत्ता से कोई नहीं हटा सकता'।

भाजपा के 15 साल में किसानों को न 2100 रुपए प्रति चिंटल का दाम मिला और न हर साल बोनस का वादा पूरा हुआ। दूसरी ओर कांग्रेस ने आते ही कर्ज़ माफ़ी का वादा पूरा किया और प्रदेश के 18 लाख किसानों के 9000 करोड़ का कर्ज़ माफ़ किया। किसानों को 2500 रुपए प्रति चिंटल देने का वादा निभाया. और इस साल तो 2640 रुपए मिल रहे हैं। भाजपा की मोदी सरकार ने बोनस पर रोक लगाई तो कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना देना शुरु किया. लागू करके इनपुट सब्सिडी किसानों के खाते में डाले जा रहे हैं आज छत्तीसगढ़ का किसान देश का सबसे खुशहाल किसान है।



- प्रेसवार्ता लेकर छग की कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं व मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों व पूर्ववर्ती भाजपा की राज्य सरकार की भ्रष्टाचार , कमीशनखोरी को किया उजागर

श्री खुंटे ने आगे कहा कि भाजपा के राज में आदिवासी महुआ सड़कों पर फेंकने पर मजबूर थे, अब कांग्रेस सरकार महुआ 30 रुपए किलो में ख़रीदती है. इतना ही नहीं अब 7 की जगह 67 तरह के लघु वनोपज समर्थन मूल्य पर ख़रीदती है। तेंदूपत्ता के संग्राहक खुश हैं कि 2500 की जगह 4000 रुपए प्रति मानक बोरा मिल रहा है। भाजपा के शासन काल में लाखों लोगों के राशनकार्ड कटवाए गए थे, कांग्रेस की सरकार ने सबके राशन कार्ड बनवाए. इसलिए प्रदेश में 99 प्रतिशत से अधिक लोगों के राशन कार्ड बन गए हैं और हर परिवार को 35 किलो चावल हर माह मिल रहा है. आदिवासी इलाक़ों में नमक और गुड़ भी मिलता है। विधानसभा प्रभारी बृजेश शर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा शासनकाल में 3000 स्कूल बंद किए गए थे, कांग्रेस ने न केवल बंद स्कूलों को खोला बल्कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना से 700 से अधिक स्कूल खोले. पूरे प्रदेश के स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए 1100 करोड़ रुपए दिए गए। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज भी खुले और प्रदेश को चार नए मेडिकल कॉलेज भी मिले। स्वास्थ्य के नाम पर भाजपा शासनकाल में अंखफोड़वा कांड, नसबंदी कांड, गर्भाशय कांड, नकली दवा कांड ही था। कांग्रेस के शासनकाल में हाट बाज़ार क्लिनिल, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और दाई दीदी क्लिनिक जैसी चलित अस्पताल की सुविधाएं मिल रही हैं. कांग्रेस सरकार में धनवन्तरी दवा दुकानें शुरु की गईं जिसमें लाखों लोगों को 71 प्रतिशत तक सस्ती दवाओं की सुविधा मिली है. शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पौने पांच साल में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से आम जनमानस में भरोसा जीता है। कांग्रेस की सरकार बनते ही प्रदेश के हर घर में बिजली बिल हाफ़ कर दिया है जिससे ज़रूरतमंद परिवारों की बहुत बचत हुई है। कांग्रेस की सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लौटाई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से लेकर सहायिकाओं तक सबकी तनख्वाह बढ़ाई. भाजपा के शासनकाल में बरसों से नौकरियां नहीं निकल रही थीं जबकि कांग्रेस सरकार में हज़ारों पदों पर भर्तियां हुईं। बेरोज़गारों को हर माह 2500 रुपए का भत्ता मिल रहा है जिससे उनकी आगे की पढ़ाई में काम आ रही है। प्रदेश में उद्योग व्यापार भी बढ़ा है. अकेले राइस मिल की बात करें तो प्रदेश में 500 नए राइस मिल खुले हैं। इससे यह सिद्ध है कि भाजपा की रमन सिंह सरकार ने जनता का भरोसा गंवा दिया था और कांग्रेस की भूपेश सरकार ने जनता का भरोसा जीता है, हर वर्ग का भरोसा जीता है। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, छग अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान, महापौर हेमा देशमुख, छग खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, ब्लॉक अध्यक्षद्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री/प्रवक्ता अमित चंद्रवंशी, मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा, मोतीलाल साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, प्रतिमा बंजारे, पार्षद मनीष साहू, शैलेष रामटेके, संदीप जायसवाल, राहुल देवांगन, राहुल गजभिये, प्रियेश मेश्राम उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

**डॉक्टर-** चश्मा किसके लिए बनवाना है?
**बबलू-** टीचर के लिए।
**डॉक्टर-** पर क्यों?
**बबलू-** क्योंकि उन्हें मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

संपादकीय

## भीड़ में छिपे अपराधी

हाल ही में समाप्त हुए गणेश विसर्जन की झांकियों के दौरान रायपुर पुलिस ने अपने कर्तव्य पालन का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 52 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से चाकू, कैंची, ब्लेड, उस्तरे, पेंचकस आदि बरामद हुए। कुछ के पास से बरामद शराब की बोतलों के कारण उन्हें भी गिरफ्त में लिया गया। ये लोग भीड़ में शामिल सादी वर्दी में पुलिस वालों द्वारा पकड़े गये जो ऐसे लोगों पर नज़र रखने के लिये ही तैनात किये गये थे। अन्य शहरों की पुलिस को भी इस तरीके को अपनाना चाहिये। इससे होने वाले अपराधों की रोकथाम तो हो ही सकेगी, पहले कहीं और अपराध कर चुके तत्वों के भी हाथ लगने की सम्भावना होती है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग आदि जैसे बड़े शहरों में इस तरह के कई आयोजन सारे साल होते रहते हैं। इस तरीके को स्थायी प्रक्रिया बनाना चाहिये।

अक्सर ही किसी भी पर्व या त्यौहारों में निकलने वाले जुलूसों या भीड़-भाड़ वाले स्थलों में असामाजिक तत्व हथियार लेकर घुसते हैं। वे आपराधिक मंशा से ही इनमें शामिल होते हैं। नये कृत्यों को अंजाम देने के लिये ये भीड़ में शामिल होते हैं और उनका मकसद पकड़े जाने पर इनसे हमला कर निकल भागने का होता है अथवा वे आपसी रंजिश को भुनाने के लिये हथियारों के साथ घुसते हैं। इसके चलते कई बार बड़े झगड़े या मारपीट होती है। ऐसे में लोगों पर ये तत्व अपने पास रखे हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकते। कई बार निर्दोषों पर भी ये तत्व हमला कर देते हैं। दुर्ग में ही गणेश विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच हुई मारपीट इतनी बढ़ गई कि राहुल साहू नामक एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसके तीन साथी गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। ऐसी घटनाओं को देखते हुए कहा जा सकता है कि लोगों के पास रखे सभी तरह के ऐसे हथियार या सामग्रियां पहले ही जब्त हो जानी चाहिये जिनसे किसी का नुकसान हो सकता है। हर साल और लगभग सभी तरह के आयोजनों में ऐसी घटनाएं होती हैं।

पुलिस के पास ऐसा कोई उपाय नहीं है कि वह किसी भी आयोजन में शामिल लोगों की जांच-पड़ताल कर सके। ऐसे में सबसे अच्छा उपाय यही हो सकता है कि भीड़ में शामिल होकर पुलिस वाले इन पर निगरानी करें और शक होने पर खतरनाक व अवैध वस्तुओं को अपने कब्जे में ले। इसके साथ ही ऐसे तत्वों पर होने वाली कानूनी कार्रवाई से भविष्य में होने वाले अपराध घटेंगे। धीरे-धीरे अगर असामाजिक तत्वों को भीड़ में पुलिस के छिपे होने का डर बैठेगा तो वे आईंदा से हथियार लेकर आना ही बंद कर देंगे। अन्य शहरों की पुलिस को भी इसका अनुसरण होना चाहिये।

# करणी कृपा और भोरिंग को नगर पंचायत बनाए जाने के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने किया चक्काजाम

**महासमुंद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। छग संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 353 पर चार घंटे से बैठकर विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर को चर्चा के लिए बुलाने की मांग करते रहे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि व कार्यालय प्रतिनिधि ने आंदोलनकारियों से चर्चा करनी चाही लेकिन आंदोलनकारियों ने विधायक के अलावा किसी और से चर्चा करने से इंकार कर दिया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि विधायक विनोद चंद्राकर ने छग संयुक्त किसान मोर्चा से मुलाकात करने का समय 2 अक्टूबर को निर्धारित किया था। किंतु जब मोर्चा के कार्यकर्ता विधायक से मिलने उनके निवास पहुंचे तो वे भरोसा यात्रा पर जा चुके थे। इसलिए वे निवास में मौजूद नही थे जिसका आंदोलनकारियों ने पुरजोर विरोध करते हुए विधायक को बुलाने की मांग करते रहे और हाईवे जाम कर सड़क पर बैठ गए। पुलिस ने यातायात बहाली के लिए वाहनों को दूसरे मार्गों से डायवर्ट करना शुरू किया। इससे जाम की स्थिति तो नही बनी किंतु नगर के अन्य मार्गो पर वाहनों के दबाव बढ़ने से यातायात व्यवस्था। प्रभावित हुआ। और लोगों को जाम में फंसना पड़ा। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक आंदोलनकारी किसान बस स्टेंड के पास हाईवे पर डटे हुए है।



किसान मोर्चा के जागेश्वर प्रसाद ने कार्याकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज किसानों को बुलाकर जनप्रतिनिधि विधायक, किसानों से नही मिल रहे है। प्रशासन पर उन्होंने आरोप लगाया कि करणी कृपा उद्योग को लगत तरीके से लगाए जा रहा है और इसमें सभी की मिलीभगत है और तो और कोडार बांध के पानी को करणी कृपा प्लांट को लेने का अनुबंध भी कर लिया गया है। पूर्व में जब किसान विधायक से मिलने पहुंचे थे तो उन्होंने जांच का आश्वासन दिया था और स्थानीय लोगों को रोजगार देने का वायदा भी किया था किंतु करणी कृपा प्लांट में स्थानीय लोगों के स्थान पर करीब 4 सौ व्यक्ति बिहार, आसम, उड़ीसा, बंगाल, त्रिपुरा के काम कर रहे है। जैसे जैसे समय बढ़ता जा रहा था लोगों का आक्रोश पनपता रहा और विधायक और मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जाती रही। धरना में शामिल लोगों ने ग्राम भोरिंग को नगर पंचायत बनाए जाने का भी जमकर विरोध किया और प्रस्ताव वापस लेने की मांग की। इस आंदोलन में करीब 32 गांव के प्रभार्वित किसान, भोरिंग, जोबा गढ़सिवनील, अछोला, परसाडीह, लहंगर, खैरझिटी, गुरूडीह, कौवाझर, मालीडीह, कांपा, तुमगांव, अछोली, अछरीडीह आदि के महिला पुरूष शामिल हुए।

## नगर अध्यक्ष व पार्षदों ने श्रमदान किया



**नवापारा राजिम,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्रमदान दिवस के रूप मे 1अक्टूबर को नगर अध्यक्ष श्रीमती रेखा राजू सोनकर की अध्यक्षता मे, पार्षदगण इत्यादि के द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड मे साथ ही साथ विभिन्न चयनित स्थानों जैसे श्मसान घाट, राजीव लोचन मंदिर, गायत्री मंदिर, रेस्ट हाउस, नदी घाट जैसे स्थानों मे वृहद मात्रा मे लोगों के साथ पूरे जोश से एक घंटा श्रमदान कार्यक्रम का संचालन कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

साथ ही साथ नगर अधिकारी अशोक सलामे, उप अभियंता दुर्गेश मालाकार, लेखापाल वेद प्रकाश साहू, जिला समन्वयक ओमप्रकाश भारद्वाज एवं समस्त सहयोगी उपस्थित रहे. श्रमदान कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलने से लोगो मे स्वछता के प्रति जागरूकता साथ ही साथ गंदगी करने से पहले उसके दुसपरिणाम को जानना जरुरी है अत: सभी नागरिकों से निवेदन है की स्वछता मे हमेशा आगे रहे स्वस्थ रहे जय छत्तीसगढ़ जय राजीव लोचन।

## नपा अध्यक्ष मध्यानी ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाया

**नवापारा राजिम,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगरपालिका परिषद गोबरा नवापारा द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत हरिहर हाई स्कुल मैदान में सुबह 11.30 बजे नगरपालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी द्वारा विद्यार्थीयों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण कराया गया. जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा उपाध्यक्ष चतुर जगत स्वच्छता सभापति अजय साहू, पार्षद हेमन्त साहनी, तथा हरिहर स्कुल के प्राचार्य श्रीमती संध्या शमा, श्रीमती एफके. दानी, विनोद साहनी, एसएन देवांगन, विजय गिलहरे एवं स्टॉफऔर नगरपालिका अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



स्वच्छता ही सेवा के तहत् दिनांक 01 अक्टूबर को 01 घंटे का श्रमदान कार्यक्रम गोबरा नवापारा के सभी 21 वार्डो में सफाई अभियान किया गया। जिसमें गोवरा नवापारा के क्षेत्रान्तर्गत मंदिर, अस्पताल, स्कुल, कालेज, मुक्तिधाम नदी के किनारे, तालाब के चारो सफाई किया गया। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, उपाध्यक्ष, चतुरसिंह जगत, अजय कोचर, श्रीमती ओमकुमारी संजय साहू, मायाराम साहू, हेमन्त साहनी, प्रसन्न शर्मा, श्रीमती अनिता रामेश्वर देवांगन, वार्ड पार्षद, एल्डरमेन, अधिकारी एवं नगरपालिका के समस्त कर्मचारीगण, सफाई मित्र दीदी उपस्थित थी साथ ही श्रमदान करने हेतु आर्ट ऑफलिविंग के ब्रांड एंबेसडर श्री संत निरंकारी सेवा मंडल, सिंधु सेवा मंडल, कपड़ा व्यापारी संघ, भामाशाह साहू सदभाव समिति, एस.बी.आई. बैंक के कर्मचारी, और वार्डवासी उपस्थित थे।

नगरपालिका परिषद गोबरा नवापारा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। 02 अक्टुबर महात्मा गांधीजी की जयंती पर नगरपालिका के समस्त अधिकारी / कर्मचारी के द्वारा नेहरूघाट से सोमवारी बाजार पुल तक नदी एवं नदीतट की सफाई किया गया। उक्त कार्यक्रम के संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी के द्वारा ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से किये जाने की अपील की गई, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, नगरपालिका के अधिकारी / कर्मचारी एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# पुल निर्माण कार्य के लिए संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन

**महासमुंद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। बरोंडाबजार से लाफिनखुर्द मार्ग में सितली नाला पर तीन करोड़ 81 लाख 73 हजार की लागत से उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराया जाएगा। ग्राम बरोंडाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूजा.अर्चना कर पुल निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। रविवार की शाम ग्राम बरोंडाबाजार में पुल निर्माण व सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष गोविंद साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलावन साहू, हुलासगिरी गोस्वामी, किशन देवांगन, लीलू साहू, सरपंच छन्नू लाल ध्रुव, मोहन लाल साहू, सहदेव चक्रधारी, मोती साहू, देवकुमार टंडन मौजूद रहे। सर्वप्रथम संसदीय सचिव श्री चंद्राकर



ने पूजा अर्चना कर पुल निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। क्षेत्रवासियों को पुल निर्माण की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि पुल बनने से बरोंडाबाजार से लाफिनखुर्द मार्ग में आवाजाही में ग्रामीणों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सहित किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है। खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है। अब किसानों के हित में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए निर्धारित लिमिट को बढ़ाकर समितियों के जरिए अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी करने का ?सला लिया है। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार जब से छतीसगढ में आई है तब से गांव, गरीब, किसान खुशहाल है। सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के लोगों का विकास करना है। आज प्रदेश सरकार पूरे देश मे सबसे ज्यादा कीमत पर किसानों का धान खरीद रही है। किसान पुत्र मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर वर्ग का समुचित विकास किया है। किसानों के हित में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जीवनदास मानिकपुरी, महेंद्र साहू, डेरहा निषाद, जितेंद्र साहू, कोमल चक्रधारी, खोजूराम साहू, गोपाल साहू, डेरहा निषाद, मानिक साहू, भुनेश्वर साहू, शत्रुघन साहू, खेलूराम, धनीराम साहू, चंदन साहू, जितेंद्र टंडन, संतोष विश्वकर्मा, दुकालू टंडन, नंदू साहू, हेमलता साहू, नंदनी साहू, डिगेश्वरी, फुलेश्वरी साहू, संगीता ध्रुव, जमुना बाई, फानी साहू, छबी साहू, भगेला देवांगन, परस साहू, भूषण विश्वकर्मा, छगन विश्वकर्मा, जागेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने बुजूर्गों का साल श्रीफल से सम्मानित कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया।

## विभिन्न निर्माण कार्यों का नपा अध्यक्ष एवं पार्षदों ने किया भूमिपूजन

**बलौदाबाजार,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्डो में विकास कार्यो को गति प्रदान करते हुये अधोसंरचना मद से स्वीकृत किये गये कार्यो का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्षा चित्तावर जायसवाल



एवं पार्षद अमितेष नेताम, गौतम ठेठवार, रिटा केशरवानी, सविता साहू एवं कमल टण्डन के द्वारा भूमिपूजन कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर के द्वारा दिये गये कार्यादेश अनुरूप 67.33 लाख से कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर भूमिपूजन करते हुये अलग-अलग वार्डो में पूजन किया गया।

वार्ड क्रमांक 02,04,06,11 एवं 13 में मांग अनुरूप विभिन्न निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया था, जिसकी स्वीकृति उपरांत भूमि पूजन किया गया। इस दौरान लखेपाल जायसवाल, आलोक अग्रवाल, रमेश गुप्ता, सूरज सोनी, जीमी सलूजा, जयप्रकाश वर्मा, रविन्द्र नामदेव, कृपाराम वर्मा, गौरव जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप साहू, महेश कुमार गुप्ता, संकेत शुक्ला, सतीष पटेल, मनजीत कौर सलूजा, मनोजकांत पुरैना, पंकज मरैया (गोल्डी) पूर्व केन्द्रीय सदस्य अनिल बघेल, एल्डरमेन हेमचंद >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## लावारिस कुत्तों का आतंक बाप-बेटा को काटा

**नवापारा राजिम,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार की सुबह लावारिस कुत्तों की झुंड ने नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी नवाडीह के थानु निर्मलकर एव घनाराम निर्मलकर दोनों बाप बेटा



को बुरी तरह से काट कर घायल कर दिया जिसका उपचार अस्पताल में किया गया ज्ञात हो कि नगर में इन दोनों कुत्तों का आतंक बढ़ने लगा है सभी मोहल्ले में लावारिस कुत्तों का झुंड देखने को मिल रहा है सुबह हो या रात इन कुत्तों से डरे सहमें रहते हैं इनकी संख्या भी पिछले कुछ दिनों से बढ़ती जा रही है देर रात गली मोहल्ले में सफर करने पर भोंकते हुए दौड़ते हैं इसी तरह सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलने वाले लोग भी इन लावारिस कुत्तों के झुंड से डरे हुए रहते हैं.

## नपं भटगांव में गांधी जयंती पर किया गया स्वच्छता सम्मान समारोह

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत भटगांव में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर 1 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम मनाया गया। जिसके अंतर्गत समस्त नगर वासियों ने प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार सुबह एकजुट होकर 10 बजे से 11 बजे तक श्रमदान कर नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और एक घंटा श्रमदान कर शहर को साफरखने में अपनी अहम भूमिका निभाई। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मधुलिका सिंह चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष-श्रीमती नर्मदा अमित कौशिक, उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, उप अभियंता




तारकेश्वर नायक, समस्त पार्षद गण एवं ऐल्डरमेन, समस्त कर्मचारी गण तथा नगर वासी मौजूद थे।

दूसरे दिन गांधी जयंती के अवसर पर कार्यालय नगर पंचायत भटगांव में सफाई कर्मचारी वृद्ध जन के साथ-साथ स्कूली बच्चे जो स्वच्छता अभियान रैली के दिन नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छता अभियान को लेकर रंगोली एवं ड्राइंग बनाए थे उन सभी का भी सम्मान श्रीफल व साल के साथ किया गया। वहीं स्कूली बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। जिसमें आत्मानद अंग्रेजी स्कूल वह लोटस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं शामिल थे। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, पार्षद शीला संजू साहू एल्डरमैन दिलाराम साहू, एल्डरमैन सुध राम यादव, पार्षद जान मोहम्मद, सहित सभी पाषर्दगण व अधिकारी कर्मचारीगण प्रमुख रूप से शामिल थे।

# बलौदाबाजार स्काउट-गाइड ने किया सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

**बलौदाबाजार,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ बलौदाबाजार के दिशा निर्देश में स्थानीय संघ बलौदाबाजार द्वारा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में स्काउट्स, गाइड्स तथा स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाधार पटेल अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड बलौदाबाजार ने किया। जहां विशेष अतिथि के रूप में नरेश केशरवानी जिला मुख्यालय आयुक्त एवं स्थानीय संघ अध्यक्ष, खोडस राम कश्यप सहायक राज्य संगठन आयुक्त, श्रीमती वंदना तिवारी जिला आयुक्त गाइड, उपाध्यक्ष द्वय नीरज बाजपेयी, पीयूष मिश्रा, नरेंद्र वर्मा जिला सचिव,



### दशहरा मैदान परिसर में किया गया स्वच्छता अभियान

रामकुमार सेन जिला कोषाध्यक्ष, सूरज कसार जिला संगठन आयुक्त स्काउट, राजेन्द्र टण्डन सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जगदीश हीरा साहू एएलटी स्काउट, चूड़ामणि वर्मा विकासखण्ड सचिव, गंगा राम वर्मा, पारथ नाथ वर्मा, चंद्रकांत वर्मा, तिलक वर्मा, माधुरी श्रीवास, आर.एन. मनहरे आदि ने अपनी महती भूमिका निभाई। सर्वधर्म प्रार्थना सभा के पूर्व समस्त अतिथियों का स्कॉर्फसे स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना सभा के विषय में खोडस राम कश्यप ने प्रकाश डाला।

तत्पश्चात संगीतमय सर्वधर्म प्रार्थना जगदीश हीरा साहू के नेतृत्व में किया गया। आतिथ्य उद्बोधन में सभी अतिथियों ने स्वच्छता का महत्व, पुस्तक पढ़ने की उपयोगिता, सर्वधर्म समभाव, मानवता के ऊपर विस्तृत विचार रखी गई। आभार प्रदर्शन विकासखण्ड सचिव चूड़ामणि वर्मा तथा मंच संचालन जगदीश हीरा साहू के द्वारा किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना के पश्चात स्वच्छता अभियान के तहत नगर के दशहरा मैदान परिसर में स्काउट गाइड द्वारा तन्मयता से साफसफाई की गई।

## गायत्री महिला मंडल की बहनों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कटगी/बलौदाबाजार,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन के 9 साल के उपलक्ष में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी को सही रूप से स्वच्छान्जली देने हेतु ग्राम कटगी में गायत्री महिला मंडल की बहनों एवं बाल संस्कार शाला



के बच्चों द्वारा 1 घंटे का स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी द्वारा भारत के नागरिकों से अपील की गई थी कि वे सभी स्वच्छता अभियान के तहत 1 घंटे का श्रमदान करें। उन्हीं के मार्गदर्शन में चलते हुए ग्राम कटगी के गायत्री महिला मंडल की बहनों द्वारा गायत्री मंदिर परिसर एवं महादेव बाह्य मंदिर प्रांगण की साफसफाई की गई। श्रीमती प्रतिभा देवांगन द्वारा महिला मंडल की बहनों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संवर्धन के बारे में विशेष जानकारी दी गई और माह में एक दिन सार्वजनिक स्थल पर साफसफाई करने का संकल्प दिलाया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में विभाग स्तरीय गणित-विज्ञान मेला का समापन



**महासमुंद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय भलेसर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विभागस्तरीय तीन दिवसीय गणित ध्विज्ञान मेला का समापन संपन्न हुआ। समापन के अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हेमेंद्र आचार्य प्राचार्य स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम विद्यालय महासमुंद कार्यक्रम की अध्यक्षता भूपेंद्र राठौर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सचिव मानिक लाल साहू राजीम विभाग समन्वयक, सुरेश कुमार यादव, विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती राजश्री ठाकुर एवं प्रधानाचार्य श्रीमती कृष्णा चंद्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के छाया चित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती कृष्णा चंद्राकर द्वारा करवाया गया अतिथि परिचय के बाद अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सुरेश कुमार यादव ने प्रतिवेदन पठान करते हुए कहा कि इस विज्ञान मेले में राजीव विभाग के तीन जिला महासमुंद धमतरी गरियाबंद से 302 छात्र छात्राएं 21 दीदी आचार्य एवं साथ निर्णायक उपस्थित हुए तीन दिनों तक विज्ञान मेले में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया । इस विभाग स्तरीय गणित एवं विज्ञान मेला में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राएं प्रांतीय गणित एवं विज्ञान मेला में सरस्वती शिशु मंदिर राजीव एवं डोंगरगढ़ में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हेमेंद्र आचार्य ने कहा कि आचार्य अपने आचरण से शिक्षा देते हैं चारों वेद को जानने वाले आचार्य कहलाते हैं विद्यालय वह इकाई है जहां समाज के गुणों को समाहित कर शिक्षा दी जाती है। जब आप अपने आप में कोई नवीन खोज करने के विषय में जिज्ञासा जागृत नहीं करेंगे तो नई खोज नहीं कर पाएंगे इसके लिए प्रतिदिन नए गानो को अपनाकर नवीन प्रयोग के द्वारा प्रेक्टिकल कर नई खोज कर सकते हैं मॉडल बनाने में थोड़ा गतिमान होना चाहिए। अपने भाव को जगा कर नए भाव को जागृत कर नए प्रयोग के द्वारा मॉडल बन सकते हैं आने वाले दिनों में जीवित रहने के नए प्रयोग शुरू हो जाएंगे आज के समय में जिस व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है उसे उसे भी जीवित करने का नवीन खोज शुरू हो जाएगी साथ ही उन्होंने छात्र.छात्राओं से प्रश्न उत्तर भी पूछे और छात्र.छात्राओं ने बड़ी सरलता से उत्तर भी दिए। अध्यक्षता कर रहे भूपेंद्र राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी छात्र.छात्राएं ऐसे ही अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहें और अपने विद्यालय का अपने परिवार का नाम रोशन करें और जीवन में आगे बढ़े। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं गणित प्रयोग शिशु वर्ग से दुष्यंत साहू, द्वितीय स्थान बाल वर्ग से दीपेश कुमार गजेंद्र द्वितीय स्थान, किशोर वर्ग से हर्ष चक्रधारी प्रथम स्थान, विश्व पटेल, गणित प्रदर्श में काव्या गोस्वामी, भूपेंद्र कुमार साहू, सिद्धार्थ कन्नौजे, बाल वर्ग से जीविका देवांगन, किशोर वर्ग से शौर्य, यामिनी साहू, खुशी तारक, योगिता ध्रुव, तरुण वर्ग से अमर्त्य शर्मा, छाया साहू, जागृति देवांगन। इसी प्रकार विज्ञान प्रश्न मंच में खुशबू पटेल, निहाल पटेल, शिवम गोस्वामी प्रथम स्थान। विज्ञान प्रयोग में वर्षा प्रजापति तृतीय स्थान, बाल वर्ग से यामिनी साहू द्वितीय स्थान, किशोर वर्ग से ख्याति यादव, प्रथम स्थान तरुण वर्ग से गीतांजलि पटेल सूरज सेन, हिमांक साहू। विज्ञान प्रदर्श से आराध्या ठाकुर द्वितीय स्थान, कुणाल ठाकुर बाल वर्ग से वर्षा कन्नौजे द्वितीय स्थान, अनुष्का साहू प्रथम स्थानए तरुण वर्ग से अश्वनी पटेल द्वितीय स्थान, मानसी साहू द्वितीय स्थान, भावेश ध्रुव द्वितीय स्थान। विज्ञान पत्र वाचन शिशु वर्ग भगत वर्मा प्रथम स्थान, बाल वर्ग शौर्य सिन्हा ने स्थान प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती राजश्री ठाकुर द्वारा किया गया। संचालन विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या श्रीमती मनोज साहू एवं वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन ने किया।

# प्राथमिक विद्यालय करनापाली में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**सरायपाली,** 2 अक्टूबर (देशबंधु)। शासकीय प्राथमिक विद्यालय करनापाली में शाला परिवार के समस्त विद्यार्थी, शिक्षक ,शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय समुदाय महिला स्व सहायता समूह , राजीव गांधी युवा मितान क्लब द्वारा शासकीय भवनों के आसपास गांव गली ,चौंक चौराहों, हैंडपंप निर्मला घाटों आदि जगहों की साफ-सफाई किया गया।



इसके अलावा स्वच्छता हेतु शपथ, जागरुकता रैली, नशा मुक्ति,दीवाल लेखन जैसे अनेक अभियान चलाया गया। प्रधान पाठक गिरधारी साहू ने संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व को बताया गया। साथ ही द्वय शिक्षक वीरेंद्र कुमार कर, दूधनाथ साहू जी ने भी संक्षिप्त उद्बोधन दिया। सरपंच खीरसागर पटेल ने भी घर के आसपास को साफ सुथरा रखने तथा सदैव शौच के लिए शौचालय का उपयोग करने की अपील की। ग्रामीणों ने भी इस अभियान की खूब प्रशंसा करते हुए स्वच्छता की शपथ ली।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ओमप्रकाश पटेल, गजानंद सिदार, सुलोचना पटेल (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता), कमला नेताम, कार्तिकमति नेताम, संजना नेताम,सुरित नेताम, गंगाबाई सिदार (मितानिन), डोला कुमारी पटेल(मितानिन), वीणा पटेल (मितानिन), महेश पटेल,रतिलाल यादव,गोरा पटेल, रामलाल पटेल,कमल पटेल ,हेमचरण सिदार (स्वीपर), जुगुत राम दीवान, सुमित्रा दीवान, मीरा सिदार,बिन्नू पटेल ,रामकिर्तन पटेल, भागीरथी दीवान,जगतराम दीवान, रेशम पटेल,भोजो नेताम,खुलासराम यादव, शोभाराम, गंगाधर नेताम (सचिव) ,भीखम पटेल,लोभा यादव, संतोष पटेल, अमरुद पटेल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख वीरेंद्र कुमार कर जी ने दी।

# देवरी में धूमधाम से मनाया गया गाँधी व शास्त्री जयंती

**बागबाहरा,** 2 अक्टूबर (देशबंधु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत देवरी के गाँधी चौक में स्थित रंगमंच भवन में ग्रामीणों एवं महिलाओं द्वारा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबसे पहले गाँधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। ततपश्चात किसान -मजदूर संघ बागबाहरा के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर, उपसरपंच यशवंत साहू, गांव के वरिष्ठ नागरिक हीरालाल चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर एवं शैलेष चंद्राकर द्वारा राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत देश के उक्त दोनों नेता सच्चे देशभक्त थें। जिन्होंने भारत देश को अंग्रेज़ो से आज़ादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तथा नए भारत का निर्माण कर हमारे देश को विकास की ओर ले गए। इसी के चलते हम सब भारतवासी आज उक्त दोनों महान नेता के हर साल गुणगान कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं। इन महान नेताओं के जयंती कार्यक्रम में देवरी गांव के संतोष चक्रधारी, क़ामता दल, रिखी राम साहू, राजाराम साहू, गीत कुमार, प्रीतू राम श्रीवास, मिलाप राम साहू, सरिता चंद्राकर, चैन लाल चंद्राकर, रूप सिंह निषाद , कौशल चंद्राकर , पुरानिया बाई यादव, देव कुमार निर्मलकर, सोहन निषाद समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थें।



# नर्रा के छात्र-छात्राओं ने शाला परिसर एवं गांव में किया साफ-सफाई

**बागबाहरा,** 2 अक्टूबर (देशबंधु)। जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यक्रम अधिकारी कामता प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में शाला परिसर के साथ गांव के मुख्य चौक में साफ-सफाई कर श्रमदान किया। छात्रों ने साफ-सफाई कर चौक में स्थित विभिन्न ठेले, गुमटी एवं दुकानदारों से डस्टबिन उपयोग करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र शाला से स्वच्छता संबंधी नारा लगाते हुए गांव के मुख्य चौक तक पहुंचे। तथा पानी टंकी के आसपास, बस स्टैंड के पास तथा स्कूल मार्ग में साफ सफाई का कार्य किए। छात्रों के इस कार्य में आसपास स्थित दुकान मालिकों तथा ग्रामीणों ने खूब सराहा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र टीकम, गोविंद, ओमकार, वीरेंद्र, रोशन, प्रणव, अजय, संजू, मिथलेश, रूपेश, भेखरम, गजेंद्र, दीपेश, प्रियंका, प्रतिभा, तेजस्वी,जान्हवी, दुर्गा, लक्ष्मी, मंजू, अनिता, यामिनी, कामिनी,काजल, जास्मीन, जमुना रागिनी,लोकेश्वरी, चंद्रिका, गयाराम, भेखराम आदि ने श्रमदान कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया।



# अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्ध मतदाताओं का सम्मान कर निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया

**बागबाहरा,** 2 अक्टूबर (देशबंधु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर जिला महासमुंद के निर्देशानुसार खल्लारी विधान सभा के बागबाहरा के मतदान केंद्रों के वृद्ध जन मतदाताओं का सम्मान कार्यक्रम अंतराष्टीय वृद्धजन दिवस पर बागबाहरा के ह्रदय स्थल एवं मतदान केंद्र पर रखा गया। जिसमे प्रमुख रूप से 100 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदान केंद्र 94 तेन्दूलोथा के मतदाता गंगाराम यादव को श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया , साथ ही रघुवीर सिंह छाबड़ा, कुलदीप सिंह छाबड़ा, रुपेश तिवारी, मोहम्मद बशीर परमार, हबीब खान के साथ 41 मतदाताओं का सम्मान तिलक एवं श्रीफल के साथ तहसीलदार लीलाधर कँवर एवं अतिरिक्त तहसीलदार भवानी शंकर सव बागबाहरा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वृद्ध मतदाताओं द्वारा सम्मान की खुशी जताई गई। तथा शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। मतदाता रुपेश तिवारी द्वारा वृद्ध सम्मान दिवस पर प्रकाश डालते हुए राज्य एवं देश के विकास के लिए निष्पक्ष निर्वाचन की जिम्मेदारी मतदाताओं को बताया गया। वही तहसीलदार बागबाहरा लीलाधर कँवर एवं अतिरिक्त तहसीलदार बी एस साव द्वारा वृद्ध मतदाताओं को बिना भय एवं लालच के मतदान करने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बागबाहरा नगर पालिका परिषद् बी एल बर्मन, स्वीप नोडल राजेश कौशिक, बद्रिका ध्रुव, शहर बागबाहरा के समस्त मतदान केंद्रों के बी एल ओ, अभिहित अधिकारी, कार्यालय तहसीलदार बागबाहरा के स्टाफ उमेश यादव, भुनेश्वर ध्रुव, शुभम साहू, विवेक कुमार, बसंत के साथ नगर के मतदाता शामिल रहें।



# परसूली गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान



**बागबाहरा,** 2 अक्टूबर (देशबंधु)। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा के तहत 1 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के तहत जनपद पंचायत बागबाहरा के उपस्वास्थ्य केंद्र परसूली मे यह अभियान चलाया गया । जिसमें उपस्वास्थ्य केंद्र परसूली के सीएच ओ खिलेश्वरी ठाकुर, आरएचओ पदमन साव द्वारा ग्राम पंचायत परसूली के वाडों के गली -मोहल्लों मे फावड़ा एवं झाड़ू चलाकर साफ-सफाई किया गया । उन्होने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने हेतु अपने घरो तथा आसपास मे गंदगी न फैलाने की सलाह ग्रामीणों को दी गई । वही गंदगी के कारण फैलने वाली बीमारियों मे मलेरिया, उल्टी दस्त, सर्दी-खांसी, बुखार से बचाव के लिए साफ- सफाई एवं साबुन से हाथ धोकर खाना खाने के लिए प्रेरित किया गया । स्वच्छता पखवाडा मे ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान मितानिन एशन पटेल, कलावती, देवकी पटेल, ग्राम पंचायत परसूली की सरपंच श्रीमती मोतीन बाई आनंद राम चक्रधारी, पंचायत सचिव सुश्री सुनीता सोनवानी, उपसरपंच भोजराम चक्रधारी, पंचायत के पंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें ।

# सशक्त लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी विषय पर एक दिवसीय सेमिनार एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विगत 29 सितंबर को प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के समस्त छात्र.छात्राओं के लिए एक दिवसीय सेमीनार एवं पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन ष् सशक्त लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी विषय पर रखा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल, डॉ दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी , डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग,श्रीमती सीमा रानी प्रधान सहायक प्रध्यापक हिंदी , केसर चंद्रवनपाल सहायक प्रध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग, विजय कुमार मिर्चे की उपस्थिति में संपन्न हुआ । सर्वप्रथम सरस्वती माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजन कर किया गया। सरस्वती वंदना कुण्कुसुमलता साहू तृतीय सेमेस्टर व कु लक्ष्मी साहु प्रथम सेमेस्टर द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुत किया गया । सभी प्राध्यापकों का पुष्प गुच्छ , बैच एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। डॉ मालती तिवारी के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया । जिसमें विभाग से संबंधित कैलेंडर की जानकारियां प्रदान की गयी । तत्पश्चात् छात्र. छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर का विमोचन प्राचार्य एवं उपस्थित प्राध्यापकों के करकमलों से किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए प्रोफेसर डा अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण में युवाओं को भागीदार बनना चाहिए । युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि मतदाता सूची में पंजीकृत सभी मतदाताओं को जातिवाद, भाषावाद एवं क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर अधिक से अधिक मतदान करना चाहिए । जिससे स्वच्छ व्यक्तित्व के प्रतिनिधि चुनकर जाए। इस अवसर पर डॉ मालती तिवारी ने सशक्त लोकतंत्र में युवाओं के भागीदारी पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत का यह गौरव है की विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र देश है लोकतंत्र मूल्यों पर अपनी मौलिकता बरकरार रखें वर्तमान में लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने में युवाओं की सकारात्मक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सके। मजबूत भागीदारी ही लोकतंत्र की पहली सीढ़ी है ।सभी युवाओं को मतदान कार्य में भाग लेना चाहिए । डॉ् दुर्गावती भारतीय ने कहा कि आगामी दिनों विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव संपन्न होने हैं जिसमें हम सबको अधिक से अधिक मतदान करने होंगे और युवा होने के नाते हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें ताकि वे मतदान केंद्र जाकर मतदान करें। सेमिनार में तृतीय सेमेस्टर से सोनम साहू , नेमीचंद , कुसुम लता साहू , नम्रता निषाद , दामिनी दीवान , पुरुषोत्तम प्रजापति तथा प्रथम सेमेस्टर से हर्ष चंद्राकर , जानू परवीन , टिकेश्वरी , सना बानों , पूनम पटेल , प्रेमज्योति ढीढी, हिना साहू इत्यादि छात्र.छात्राओं ने भी अपने विचार रखें।



# सार्वजनिक स्थलों,चौक चौराहे की साफ-सफाई

**महासमुंद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु) ।स्वच्छता ही सेवा अभियान और स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर 1 अक्टूबर को जिले के सभी नगरी निकायों के सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया । जिसमें सफाई कर्मी के साथ.साथ जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, गणमान्य नागरिक ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नगरीय निकायों के वार्डों में सार्वजनिक स्थलों जैसे चौक चौराहा, गलियां, तालाब ,धार्मिक स्थलों और कार्यालय की भी सफाई की गई। इसी तरह सभी जनपद पंचायतों के एक एक ग्राम पंचायत में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 01 अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर समस्त नागरिकों को समय निकालकर श्रमदान के इस अभियान में सहयोग की अपील की थी और गांधी जयंती के अवसर पर राज्य के हर गली मोहल्ले को सेवाग्राम बनाने में अपना योगदान देने हेतु प्रयास करने का आव्हान किया था। 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे, छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शहरों में स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान का आह्वान किया गया था। विदित है कि छत्तीसगढ़ राज्य को लगातार स्वच्छतम राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिससे स्वच्छता का छत्तीसगढ़ मॉडल सफल हो रहा है। हर नगरीय निकाय ने स्वच्छता अभियान के लिए हर वार्ड में स्थलों का चयन किया था।



# मुख्यमंत्री बघेल ने पाँच साल में छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों का गंगा बहा दिया: द्वारिकाधीश यादव

**बागबाहरा,** 2 अक्टूबर (देशबंधु) ।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने पांच साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को विकास कार्यों की एक बहुत बड़ी उपलब्धि एवं सौगातें दी है। जिसके कारण प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों की गंगा बह रही है। उनके कार्यकाल से सभी वर्गों के लोग खुश हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की तकदीर एवं तस्वीर बदल दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने हाथों में बागडोर संभालते ही प्रदेश की जनता को लाभान्वित करने अनेक प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है। जो प्रदेशवासियों के लिए संजीवनी का काम कर रही है। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के व्यापारी , किसान, मजदूर, गरीब , युवा, महिला , छात्र-छात्राएं , बेरोजगारों एवं अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बहुत कुछ कार्य किये हैं। जिससे उनको अच्छा खासा लाभ मिल रहा है। यह सब भूपेश सरकार की देन है। प्रशासन तंत्र कांग्रेस सरकार में मजबूत एवं सक्रिय हुआ है। तभी तो लोग कहते हैं कि छत्तीसगढ़ में भूपेश है तो भरोसा है। मुख्यमंत्री भूपेश ने अपने पाँच सालों में वायदों से ज्यादा काम करके जनता को दिखा दिया है। उन्होंने जो कहा था , वो सब काम करके जनता को आईना की तरह दिखा दिया है। उक्त बातें छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं खल्लारी क्षेत्र के लोकप्रिय युवा विधायक द्वारिकाधीश यादव ने नगर के मंडी प्रांगण में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित कर रहे थे।



संसदीय सचिव श्री यादव ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा 15 सालों तक सरकार में रही। लेकिन उन्होंने आम जनता के लिए कोई विकास कार्य नहीं किया। यहाँ विकास कार्य की गति शून्य रहा है। सत्तासीन भाजपा के नेता केवल अपने झोली भरकर स्वार्थ सिद्धि में करने में लगे रहे। उन्हें उस दौरान जनता के विकास का कोई ख्याल नहीं रहा। भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता भ्रस्टाचार में डूबे रहे। जब हाथ से सत्ता चली गई तो वे लोग बिन पानी के मछली की तरह छटपटाने लगे। आज जब विधानसभा चुनाव एकदम नजदीक आ गया, तब वे लोग फिर से झूठ बोलकर पुन: सत्ता हथियाने की कोशिश में लगे हुए हैं। लेकिन यहाँ की जनता उन्हें कभी सत्ता नहीं सौंपेगी। प्रदेश की जनता 15 सालों तक भाजपा की सरकार को अच्छी तरह से देख चुकी है। छत्तीसगढ़ की जनता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फिर से कांग्रेस सरकार बनाना चाहती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सहयोग एवं मेरे अथक प्रयास से बागबाहरा नगर समेत पूरे खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में विभिन्न विकास कार्यों का सर्वांगीण एवं चहुंमुखी विकास हुआ है। जिससे आम जनता काफी खुश एवं प्रसन्नचित है। मुख्यमंत्री ने यहाँ विकास कार्यों का पिटारा खोल दिया है। हर क्षेत्र में विकास ही विकास कार्य हुआ है। जिसे जनता देख रही है। और भाजपा को नकार रही है।

नगर पालिका बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत कुल 08 करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य होंगे। नगर में स्वीकृत कार्य वार्ड क्रमांक 1 भानपुर में खेल मैदान का उन्नयन 1 करोड़, वार्ड क्रमांक 9पुष्पवाटिका निर्माण 70 लाख, वार्ड क्रमांक 12 में युवा खेल मैदान 2 करोड़, वार्ड क्रमांक 1 भानपुर में सीसी रोड 8लाख 36 हजार, वार्ड क्रमांक 1 में नाली निर्माण 10 लाख 93 हजार, वार्ड क्रमांक 1 से 5 में नाली निर्माण कार्य 12लाख 64 हजार, वार्ड क्रमांक 6 से 10 में नाली निर्माण कार्य 6 लाख 72 हजार, वार्ड क्रमांक 11 से 15 तक नालीनिर्माण कार्य 17 लाख 32 हजार, वार्ड क्रमांक 10 में विद्युत विस्तारीकरण कार्य 13 लाख 51 हजार ,वार्ड क्रमांक 10में सीसी रोड निर्माण 10 लाख 45 हजार, वार्ड क्रमांक 10 में टॉयलेट ब्लॉक 4 सीटर 8लाख 64 हजार, वार्ड क्रमांक 12में पायलट ब्लॉक 5 सीटर 13 लाख 91 हजार, वार्ड क्रमांक 15 में टॉयलेट ब्लॉक 8 लाख 64 हजार, वार्ड क्रमांक 2 मेंमहिला जिन भवन निर्माण 15 लाख 28 हजार, वार्ड क्रमांक 15 में सीसी रोड निर्माण 8लाख 25 हजार, वार्ड क्रमांक 9में सीसी रोड निर्माण 18 लाख 80 हजार, वार्ड क्रमांक 9 में सीसी रोड निर्माण 10लाख 45 हजार , वार्ड क्रमांक 1,6 एवं11 में ट्यूबलर पोल कार्य 59 लाख 30 हजार, वार्ड क्रमांक 1 में इंदिरा गांधी चौक निर्माण 22 लाख 30 हजार, वार्डक्रमांक 2 में चौक सौंदर्यकरण 17 लाख 19 हजार, वार्ड क्रमांक 12 में बीटी रोड निर्माण कार्य 22 लाख 66000, वार्डक्रमांक 10 में पश्चिमी निर्माण कार्य 2 लाख, वार्ड क्रमांक 10 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 5 लाख, मेहर समाजहेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 04 लाख, यादव समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 4 लाख। इस तरहनगर में कुल 8 करोड़ रूपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया ।जिसमें प्रमुख रूप सेमहेन्द्र चन्द्राकर , तेजन चन्द्राकर , भूपेन्द्र ठाकुर, हीरा सेतराम बघेल, संतोष पटेल, लखबीर छाबड़ा, पुष्पेन्द्र चन्द्राकर,देवेश साहू, हेमसिंग नायक, भक्त राम मांझी, गणेश शर्मा,सुश्री दुर्गा सागर, हरिराम यादव, ताम्रध्वज बघेल, नवनीत सलुजा, मंताराम यादव, फुलसिंह ध्रुव, देवनाथ साहू आदि उपस्थित थें ।

# गांधी जयंती पर गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद करना राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि : डडसेना



**बिलाईगढ़,** 2 अक्टूबर (देशबंधु)। विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कारीपाट के प्रधान पाठक विनोद कुमार डडसेना ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर घुमंतू जाति के लोगों के बीच उनके डेरा में पहुंच कर मच्छरदानी, बेडशीट व तिरपाल दान किये।

विनोद डडसेना ने इसके पहले भी अन्य घुमन्तु जाति के लोगों को ठंड के समय गर्म कपड़े व वृद्धाश्रमों में जाकर राशन दान कर चुके हैं, कोरोना टीकाकरण जागरूकता जैसे अनेकों समाज सेवा के कार्य करते रहते हैं ।

शिक्षक विनोद कुमार डडसेना ने बताया कि जब वे स्कूल जा रहे थे तो उनकी नजर रास्ते में एक जंगल के पास घुमंतू जाति के लोगों का डेरा बना हुआ था उन पर पड़ी तो उन्होंने अपनी गाड़ी रोककर उनके पास जाकर उनके हाल-चाल पूछे और पता चला कि रात में ऐसे जगह सोने से बहुत खतरा रहता है जैसे साँप , बिच्छु जहरीले कीड़े और मच्छर से बचने के लिए उनके पास मच्छर दानी तक नहीं हैउनके छोटे -छोटे बच्चे के साथ असुरक्षित रूप से रात बिताते हैं। तब शिक्षक ने उन लोगों की थोड़ी मदद करने के लिए गांधी जयंती के अवसर पर उन लोगों को मच्छरदानी, बेडशीट व उनके डेरा को ढकने के लिए तिरपाल दान किये।

आगे विनोद डडसेना ने बताया कि अगर आज के दिन गरीब जरूरतमंद लोगों की थोड़ी मदद कर देने से हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि देना है।

करीब 11 परिवार एक साथ डेरा लगाए हुए हैं जो गाँव -गाँव मे जाकर मांगते हुए, व कुछ लोग हाथ विचारने का काम करके जीवन यापन चलाते हैं। घुमन्तु परिवार के लोगों में श्रवण जोशी, कालेश्वरी ,बरसाती ,गंगोत्री, रमेश जोशी ,गंगाबाई ,राजेश ,ओम बाई, ड्रावल जोशी, पदुंम बाई ,नेतराम जोशी ,विमला बाई, पप्पू टकेश्वरी, अनिल ,कविता बाई ,विजय जोशी, शैलेंद्र ,गुड्डू, हीराबाई, राजू जोशी, ज्वाला बाई तथा उनके बच्चे सिवाना, तमन्ना, उगेश, तनु ,राजा ,उमेश, शिव नारायण आदि लोगों ने शिक्षक विनोद डडसेना के इस पहल के लिए धन्यवाद दिए तथा आवश्यक सामग्री मिलने पर उनके चेहरों में एक नई खुशी देखने को मिल रही थी। ये सभी लोग ग्राम लावर बलौदाबाजार भाटापारा के रहने वाले है ये लोग छतीसगढ़ी व मराठी बोलते हैं। प्रधान पाठक विनोद डडसेना को अभी हाल ही में 5 सितम्बर को ऐसी ही नेक कार्य व नवाचारी गतिविधियों के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार भी मिला है।

शिक्षक विनोद डडसेना के इस नेक कार्य के लिये काव्य कलश कला व साहित्य मंच खरसिया ,शिक्षक कला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ व मानव कल्याण संस्था छतीसगढ़ के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों ने तथा परिवारजन मित्र गण शिक्षक साथियों ने मिलकर हार्दिक बधाई दिए और ऐसे ही भविष्य में नेक कार्य करने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

# मंत्री डॉ. डहरिया आरंग को दे रहे एक और बड़ी सौगात

## आरंग में बन रहा छग का पहला रेन वाटर हार्वेस्टिंग पार्क

**आरंग,** 2 अक्टूबर। आरंग नगर में कलई रोड किनारे छत्तीसगढ़ का पहला रेन वाटर हार्वेस्टिंग पार्क बन रहा है। इसकी लागत करीब 18 करोड़ रुपये अनुमानित है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने बताया कि करीब साढ़े 11 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किए जा रहे रेन वाटर हार्वेस्टिंग पार्क से आरंग में पर्यटन को बल मिलेगा। गौरतलब है कि भारत में एकमात्र कौशल्या माता मंदिर आरंग विधानसभा क्षेत्र के चंदखुरी में स्थित है। चंदखुरी, आरंग, सिरपुर, बारनवापारा एक रूट पर पर्यटन सर्किट बनता है तो प्राचीन नगर आरंग में पर्यटन की अपार संभावनाएं रहेगी। आरंग के सबसे बड़े झलमला तालाब में पाथ-वे बनाकर पर्यटकों के लिए तैयार किया जा रहा है। वहीं, रेन वाटर हार्वेस्टिंग पार्क (एडवेंचर स्पोर्ट्स और वाटर हार्वेस्टिंग) की परिकल्पना आरंग क्षेत्र के विकास में सहायक साबित होगी। नगरीय प्रशासन, श्रम एवं विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया के विशेष प्रयास से तीन चरणों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पार्क को विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है।



प्रथम चरण में करीब चार एकड़ क्षेत्र में जल संग्रहण, म्यूजिकल फाउंटेन, 5 डी थियेटर, बच्चों और बड़ों के लिए अलग-अलग खेल मैदान, कॉटेज और रेस्टोरेंट बनाया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। दूसरे चरण में वाटर स्पोर्ट्स, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, मछलीघर विकसित करने की कार्ययोजना है। तीसरे चरण में रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल को मूर्तरूप दिया जाएगा। करीब तीन एकड़ क्षेत्र में हरियाली का आनंद लिया जा सकता है।

यह एक ऐसा स्थान होगा, जहां बच्चों से बड़ों तक सबके लिए कुछ न कुछ मनोरंजन का साधन उपलब्ध हो सकेगा। एमएम फनसिटी की तरह यहाँ वाटर स्पोर्ट्स की व्यवस्था होगी। बच्चे यहां 5 डी थियेटर में रोमांच का आनंद ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि आरंग में हाथी पाव (फाइलेरिया) की समस्या विकराल रूप ले रही थी। नगर के सबसे बड़े तालाब झलमला ताल में गंदगी की वजह से यह बीमारियों का गढ़ बन रहा था। इस तालाब के पानी का सैम्पल लेकर अहमदाबाद भेजा गया। मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया की दूरागामी सोच से वाटर हार्वेस्टिंग और झलमला तालाब का वाटर रिचार्ज करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसका लाभ क्षेत्रवासियों को बहुत जल्दी मिलने लगेगा।

# उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान



**कुरुद,** 2 अक्टूबर (देशबंधु)। नगर पंचायत कुरूद 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती एवम स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालो का सामान करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। तत्पश्चात नगर के मुख्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन के माध्यम से नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया तथा सभी ने स्वच्छता शपथ भी लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पार्षद एवम नगर के स्वच्छता लीग कैप्टन मनीष कुमार साहू, पार्षद राखी चंद्राकर, चुम्मन दीवान, उत्तम साहू, सीएमओ दीपक खाड़े, उप अभियंता भोजराज सिन्हा, पीआईयू कुलदीप साहू, एपीएम राशि शर्मा, नगर पंचायत के सफाई मित्र, स्वच्छता दीदी, समस्त कर्मचारी एवम नगर के नागरिकों की सहभागिता रही।

# कांग्रेस की भरोसे की पदयात्रा सिरपुर तक



**सरायपाली,** 2 अक्टूबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं किस्मतलाल नंदविधायक के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय भरोसा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भरोसा यात्रा के पर प्रभारी नरेंद्र सेन एवं प्रदेश समन्वय अजय नंद, पीसीसी प्रतिनिधि महेंद्र बाघ के संचालन में भरोसे का सम्मेलन पदयात्रा की शुरुआत सरायपाली पुरानी मंडी प्रांगण से शुरू होकर कुटेला चौक से तोरेसिहा होते हुए सेमलिया से सिरपुर तक नुक्कड़ सभा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अभियान के माध्यम से सरायपाली विधानसभा क्षेत्रों में 25 से 30 किलोमीटर की यात्रा करते हुए ग्राम पंचायत का भ्रमण कर राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ भाजपा सरकार द्वारा अपने विगत 15 वर्षों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़ वासियों के साथ किये गये छल से आमजनता को अवगत कराने का प्रयास किया गया। गांव गांव पहुचकर राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को अवगत कराया गया। इस अवसर पर सरायपाली विधानसभा सभा के कांग्रेस कमेटी चारो ब्लॉक अध्यक्ष गण, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, सरायपाली विधानसभा राजिव युवा मितान क्लब, सहकारी समिति अध्यक्ष, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकगण सम्मेलन में शामिल हुए।

# मौलीपारा में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा दिवस



**फिंगेश्वर,** 2 अक्टूबर। शासकीय प्राथमिक शाला मौली फिंगेश्वर में स्वच्छता पखवाड़ा दिवस मनाया गया गांधी जयंती के अवसर पर स्कूल परिसर सहित आसपास के परिसर की विशेष साफ-सफाई की गई इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठिका हेमलता साहू शिक्षिका मंजू गोस्वामी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की उपस्थिति के बीच प्रमुख चौंक, नाली सड़क आदि स्थानों की साफ-सफाई की गई जिसमें प्रमुख रूप से बिसाहिन विश्वकर्मा, फिरन ध्रुव, वीणा निषाद, खिलेश्वरी ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव आंगनवाड़ी सहायिका गीता ध्रुव पलकगण एवं बच्चें उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### नगरी जनपद सदस्य सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष उमेश देव का ग्रामीण ने किया भव्य स्वागत

**मगरलोड,** 2 अक्टूबर। दुर्गा महोत्सव ग्राम समिति घुटकेल में ग्राम के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष बिरेन्द्र यादव, सचिव बिज्जू मरकाम ग्राम पटेल प्रफूल ठाकुर एवं सभी ग्रामवासी की सभा में उमेश देव जनपद सदस्य नगरी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज का भव्य स्वागत किया गया तथा उमेश देव द्वारा सभा को संबोधन कर छत्तीसगढ़ सरकार माननीय मुख्यमंत्री जी के सभी योजनाओं का किसान हितैसी,मजदूर, भूमि हीन मजदुर को मिल रहा लाभ, शिक्षा व सभी समाजिक परम्परागत त्यौहार खेल के बारे में बताया गया।



## निधन

### डेरहा राम



**कुम्हारी,** 2 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ कलार समाज के वरिष्ठ सदस्य डेरहा राम का आकस्मिक निधन सोमवार 2 अक्टूबर सुबह 8.30 को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास वार्ड क्र. 2 कुम्हारी बस्ती से निकल कर मुक्तिधाम में समाप्त हुई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित परिवार के घनश्याम सिन्हा, नोबल सिन्हा भी शामिल हुए।

# बैकोनी सरपंच गोपाल यदु को रायपुर आयुक्त से मिला स्टे

**सिमगा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिमगा ब्लॉक के ग्राम बैकोनी के सरपंच गोपाल यदु के खिलाफ कुछ माह पूर्व पंचायत के राशि की हेराफेरी की भारती मिरी पंच एवं 09 अन्य ग्रामीण पंचायत बैकोनी के द्वारा शिकायत अनुविभागीय अधिकारी सिमगा एवं कलेक्टर बलौदाबाजार के पास किया गया था जंहा अधिवक्ता का तर्क एवं प्रकरण संलग्न दस्तावेजों को सूक्ष्मता से परीक्षण किया गया अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अनावेदक के विरुद्ध प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन जांच दल के कथन के अलावा प्रकरण में संलग्न अन्य दस्तावेजों के आधार पर यह पाया गया कि अनावेदक द्वारा बिना प्रस्ताव पारित किये राशि आहरण एवं व्यय किया गया है बिना निविदा एवं पंचायत प्रस्ताव के बिना सामाग्री क्रय कर राशि आहरण कर भुगतान किया जाना आर्थिक अनिमियता किये जाने एवं पदीय कर्तव्य निर्वहन के प्रति घोर उपेक्षा पाये जाने से छ.ग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) प्रावधान के अनुसार गोपाल यदु को सरपंच पद से हटाने का आदेश 28 .4 . 2023 को पारित करते हुए आर्थिक अनिमियता की कुल राशि 14, 01, 666 रूपये अनावेदक से वसूली किये जाने हेतु आदेशित किया गया था इस आदेश के विरुद्ध सरपंच गोपाल यदु ने रायपुर आयुक्त के पास अपील किया गया था जहां शिकायतकर्ता के शिकायत के आधार पर जांच प्रतिवेदन में आरोपित आरोप प्रमाणित नहीं हुआ है चूंकि जांचकर्ता अधिकारी हरिशचंद साहू एवं दुर्गेश साहू ने प्रति परीक्षण में बताया कि शिकायत की जांच उनके द्वारा नहीं किया गया है शिकायतकर्ता गण के शिकायत के आधार पर ही जांच प्रतिवेदन तैयार किया गया है ।

प्रकरण में उभय पक्ष अधिवक्ता को पंजीयन एवं स्थगन के बिंदु पर सुना गया पुनरीक्षण याचिका स्थगन आवेदन एवं उत्तर वादी के जवाब के साथ प्रकरण का अवलोकन किया गया अवलोकन पश्चात पाया गया कि पुनरीक्षणकर्ता लोकतांत्रिक विधि से निर्वाचित सरपंच है और अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन करते आ रहा है तथा स्थापन्न सरपंच के निर्वाचन आदेश जारी होने मात्र से उसे विधि अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता तथा आदेश दिनांक 28 .4 . 2023 के विरुद्ध न्यायालय कलेक्टर बलौदा बाजार भाटापारा के न्यायालय में प्रकरण प्रचलित है जिसकी इस न्यायालय में प्रस्तुत पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर बलौदाबाजार - भाटपारा और अनुविभागीय अधिकारी सिमगा के प्रकरण की परीक्षण की आवश्यकता होगी ऐसी स्थिति में पुनरीक्षण व उत्तर वादी अधिवक्ता को सुनने के बाद आवेदन में उल्लिखित तथ्यों के आधार पर न्याय के उद्देश्य सुविधा का संतुलन बनाए रखने हेतु प्रस्तुत पुनरीक्षण के परिपेक्ष में अधीनस्थ न्यायालय का अधिकार की प्राप्ति तक अनुभाग्य अधिकारी तिरंगा के प्रकरण क्रमांक 202209211000002 अ - 89 वर्ष 2021- 22 में पारित आदेश दिनांक 28 . 4 2023 की क्रियान्वयन को आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है ।

# मंत्री डॉ. डहरिया की अनुशंसा से स्कूल भवन व आंगनबाड़ी तक पहुंच मार्ग की मिली स्वीकृति

**आरंग,** 2 अक्टूबर। विधानसभा क्षेत्र आरंग के स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्रीय विधायक व केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से जनसंपर्क एंव जनदर्शन के माध्यम से पहुंच मार्ग (सी.सी. रोड़) निर्माण की मांग की गई थी। जिस पर नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा एवं प्रयासों से लोक निर्माण विभाग के द्वारा आरंग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनांतर्गत पहुंच मार्ग निर्माण हेतु एक करोड़ 15 हजार रूपयें की प्राशासकीय स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम बनरसी में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कुल तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 231मीटर हेतु 15.52 लाख, चिखली में शासकीय हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण लम्बाई 173 मीटर हेतु 11.72 लाख, तुलसी में शासकीय हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण, लम्बाई 230 मीटर हेतु 15.51 लाख, भैंसा में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 252मीटर हेतु 15.51 लाख, देवरतिल्दा में शासकीय हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 140 मीटर हेतु 9.40 लाख, परसवानी (घोरभट्ठी) में आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र.01 तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 41 मीटर हेतु 4.90 लाख, एवं आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र.02 तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 41मीटर हेतु 4.20 लाख, कोसरंगी में आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र. 04 तक पहुंच मार्ग, लम्बाई 41 मीटर हेतु 3.33 लाख, कुसमुंद में आंगनबाड़ी भवन तक पहुंच मार्ग लम्बाई 167 मीटर हेतु 11.24 लाख, तथा परसवानी (पंडा) में शासकीय प्राथमिक शाला भवन में पहुंच मार्ग, लम्बाई 130 मीटर हेतु 8.82 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। उक्त निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने हर्ष के साथ मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के प्रति आभार व्यक्त किये हैं। जिसमें प्रमुख रूप से खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, हेमलता डुमेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जनपद ज.पं. आरंग, खेदूराम (धोनी) डहरिया जनपद सदस्य, योगेन्द्र साहू जनपद सदस्य, संजय चेलक जनपद सदस्य, कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाल कांग्रेस कमेटी आरंग, मोहन साहू उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, खेलूराम साहू सरपंच बनरसी, जयकांत वर्मा सरपंच चिखली, कुमारीबाई परदेश साहू सरपंच तुलसी, डुगेश्वर साहू सरपंच भैंसा, ईश्वर साहू सरपंच देवरतिल्दा, सतंराम बर्मन सरपंच परवानी (घोरभट्ठी), रामेश्वरी हरेन्द्र साहू सरपंच कोसरंगी, नंदू साहू पूर्व सरपंच कुसमुंद हैं।

# गांधी चौक में गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई



**नवापारा राजिम,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर में नवापारा नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में महात्मा गांधी , लाल बहादुर शास्त्री व सुंदरलाल शर्मा जी की प्रतिमा पर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू जी के द्वारा माल्यार्पण किया गया इस अवसर पर चंद्रशेखर साहू , रमेश पहाड़िया , अशोक गंगवाल , ब्रह्म दत्त शास्त्री , उमेश यादव , नवल साहू , श्रीमती अन्नपूर्णा देवांगन , अजीत चौधरी , इमरान सोलंकी , पारसमल राय सोनी , मुश्ताक सुलडा , प्रतीक शर्मा , कैलाश देवांगन सहित कार्यकर्ता व आम लोगों की उपस्थिति रही।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विभिन्न निर्माण कार्यों का नपा...

केशरवानी एवं सुखदेव साहू, उपअभियंता विनोद यादव, कार्यसहायक रामनरेश मतावले, प्रदीप साहू, रविन्द्र नामदेव, राजू सलूजा, लक्ष्मी साहू, मोहन देवांगन, भोला ठाकुर, रजिन्दर सिंह, संजीत सिंह, शुभ जायसवाल गुरूदत्त तिवारी सहित वार्डवासी एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

# बिधनखोल में नुआखाई मिलन व सम्मान समारोह

**पिथौरा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिंझवार समाज कौड़िया राज द्वारा ग्राम बिधनखोल में नुआखाई मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कौड़िया राज,बार राज, सोनाखान राज,सुवरमाल राज, से बड़ी संख्या में सामाजिकजनों सहित बिलाईगढ़ राज के सामाजिक प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम मां विध्यवासिनी की पूजा अर्चना कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मंच पर राज अध्यक्ष दयाराम बरिहा, जिला अध्यक्ष गोड समाज मनराखन ठाकुर, पूरन बरिहा, अर्जुन बरिहा, दशरथ बरिहा, हेमसागर बरिहा, सुधराम बरिहा, जनक बरिहा, बासुदेव बरिहा, शिवकुमार बरिहा, भगतराम बरिहा, मूलचंद बरिहा, गोपाल बरिहा आदि मंचासीन थे! कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दशरथ बरिहा ने कहा कि नवाखाई मिलन समारोह के माध्यम से प्रतिवर्ष एकत्रित होते हैं, इससे समाज की एकता, अखण्डता व सामाजिक समरसता का परिचय और विकास होता है। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होकर ईष्ट देव की विशेष-पूजा अर्चना करते हैं। आदिवासी संस्कृति में नवाखाई महोत्सव का विशेष महत्व है। आदिकाल से यह परंपरा चली आ रही है। नई फसल आगमन की खुशी में यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कहा कि नवाखाई पर्व आदिवासियों का सबसे प्रमुख त्यौहार है। खेती-किसानी के काम के बाद जब नई फसल पककर तैयार होती हैं, तो पहला भोग ईष्ट देव को चढ़ाते है। ईष्ट देव की कृपा से ही आदिवासी संस्कृति समृद्ध हो रही है। मनराखन ठाकुर ने कहा कि बिंझवार समाज की यह पहल पूरे समाजजनों को एकता के सूत्र में बांधती है। आदिवासी संस्कृति के निर्वाह के लिए व्यक्ति चाहे कहीं भी निवासरत हों नवाखाई पर्व में घर जरूर आते हैं। हेमसागर बरिहा ने समारोह में पधारे समस्त सामाजिक बंधुओं को नुआखाई की शुभकामनाएं देते हुए कहा की इस तरह के आयोजन से लोगों में आपसी भाईचारे की भावना जागृत होती है तथा एक दूसरे को समझने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने मातृशक्ति समाज को आह्वान करते हुए कहा कि सामाजिक नियमावली को पालन कराने में उनकी बड़ी भूमिका हो सकती है। उन्होंने सामाजिक जनों से सामाजिक आयोजनों में मदिरा पान का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक हम सब एक नहीं होंगे, समस्त एक दूसरे के सहयोग नहीं करेंगे समाज का विकास नहीं होगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्तिक राम बरिहा एवं आभार प्रदर्शन परशुराम बरिहा ने किया! कार्यक्रम में हेमसागर बिंझवार, रेवाराम बिंझवार ,नैनसिंग बिझवार ,रामायण बिंझवार सुवरमाल राज, बँशीलाल बिझवार,रामदयाल बिंझवार कौड़ियाराज 02,मनीराम बरिहा,उमाशंकर बरिहा,बाबूलाल बरिहा,फागूलाल बरिहा,जगबंधु बरिहा,भगतूराम खड़िया, बारराज,पवन बरिहा बिलाईगढ़ राज, तुलसीराम दीवान, जगबंधु कोंध तिलक बरिहा, सेतकुमार बरिहा, संतु बरिहा, ताराचंद बरिहा, रुपसिंग बरिहा,श्रीमती ताराकांती बरिहा, राजेश्वरी बरिहा, चंद्रकांती बरिहा, कुमुदिनी बरिहा, सुकांति बरिहा, पुरन सिंग बरिहा, अर्जुन बरिहा, बालकराम बरिहा, महादेव बरिहा,गजेन्द्र बरिहा, कार्तिकराम बरिहा (संचालन), सुभाष बरिहा सोनु बरिहा, आनंद बरिहा सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे!



# शा. पूमावि बांसउरकुली में स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन



**बिलाईगढ़,** 2 अक्टूबर (देशबंधु)। विकास खण्ड बिलाईगढ़ से लगे ग्राम पंचायत बांसउरकुली में 2 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रपिता महात्मगांधी जी के जयंती पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बांसउरकुली में स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। शिक्षक दिनेश कुमार साहू द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया।गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने हेतु उपस्थित बच्चो को प्रेरित किए।इस अवसर पर शाला भवन,शाला परिसर, शाला भवन के आसपास की साफ सफाई का कार्य किया।तथा अपने आसपास,घर,विद्यालय,परिसर आदि सभी जगहों को स्वच्छ रखने की सुझाव व उनके लाभ को बताया गया।उक्त कार्यक्रम में शिक्षक दिनेश कुमार साहू, राजेन्द्र प्रसाद केवट,भारत लाल वर्मा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कार्तिक राम पटेल,अनिल कुमार यादव सफाई कर्मी ने भाग लिए तथा विद्यालय के विद्यार्थीयो ने स्वेच्छा से भाग लिए तुषार यादव,अभय दास,भानु, कुंदन,गंगा यादव,दीपमाला यादव,माधुरीपटेल,निकिता,रोशनी,कारण,मंजू व हर्ष केवट आदि ने भाग लिए।

# जागरूकता रैली निकाल नपा अध्यक्ष गफ्फू ने दिया स्वच्छता का संदेश






**गरियाबंद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत सोमवार को नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने अपनी पूरी टीम के साथ नगर में जागरूकता रैली निकाली। प्रेरणादायी नारों से लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। तिरंगा चौक में सफाई कर लोगों को अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। नपा अध्यक्ष मेमन ने स्वच्छता अभियान में शहर के सभी व्यापारियों, आमजनों से नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग देने की अपील की। बैनर पोस्टर के साथ नपा कार्यालय से निकली रैली बस स्टैंड, तिरंगा चौक होते हुए मंगल भवन पहुची। यहां स्वच्छ्ता रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिताआयोजित की गई। कार्यक्रम में स्वच्छ्ता मित्र, स्वच्छ्ता दीदियों, स्वच्छतम विद्यालय, स्वच्छतम व्यावसायिक प्रतिष्ठान, स्वच्छ कार्यालय को प्रशास्ति पत्र व श्रीफ़ल से सम्मानित किया गया। रंगोली चित्रकला के सहभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा गरियाबंद शहर को स्वच्छतम शहर बनाने स्वच्छ्ता शपथ दिलाई गई।

**सफाईकर्मी नहीं सफाई मित्र कहा जाए : गफ्फू मेमन**

**सफ़ाईकर्मी नहीं सफ़ाई मित्र - गफ़्फ़ू मेमन**

नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने कहा की हमारे कर्मचारी सफ़ाईकर्मी नहीं सफ़ाई मित्र है। इसे सफाई मित्र ही कहा जाए। इनके बिना स्वछता अभियान की कल्पना नहीं की जा सकती। ये स्वच्छता अभियान के सच्चे प्रहरी है। ऐसे में इनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए सफाई कर्मियों को जिला स्तर पर विशेष ट्रेनिंग देकर दक्ष किया जाएगा। जिस प्रकार से सैनिक देश की सीमाओं से दुश्मनों को दूर भगाते है, उसी प्रकार से सफाई कर्मी देश के अंदर से गंदगी रूपी राक्षस को भगाते हैं। इसलिए देश निर्माण में सफाई कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान है। उनसे ही आज गरियाबंद स्वच्छ सुंदर है। मेमन ने कहा कि आज 2 अक्टूबर को महात्मा गाँधी जी की जयंती है। बापू ने स्वच्छता को अपनाने के साथ स्वच्छ भारत की कल्पना की थीं। सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए और श्रमदान कर अपने परिसर को स्वच्छ बनाने में भागीदारी देना चाहिए।

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, आसिफ मेमन, वंशगोपाल सिन्हा, संदीप सरकार, पद्मा यादव, ज्योति साहनी, बिमला साहू, प्रतिभा पटेल, जैनब बी, सीएमओ आशीष तिवारी, इंजी केषनाथ साहू, दुष्यन्त साहू, सरिता साहू, सपना मिश्रा, पुरषोत्तम चंद्राकर, अश्वनी वर्मा, भूपेन्द्र कश्यप, धरम वर्मा, आकाश तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आरोपी को रिपोर्ट के 24 घंटे के अंदर किया गया गिरफतार



**भाटापारा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण अमित पाटले के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण के अपराध क्रमांक 510/2023 धारा 379 भादवि के आरोपी को गिरफतार किया गया।

नाम आरोपी - दीपक भारद्वाज पिता जेठूराम उम्र 30 साल साकिन कुकदा थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ0ग0 कौशल ध्रुव पिता प्रेमसिंह ध्रुव उम्र 35 साल साकिन बेंदरी थाना भाटापारा ग्रामीण दिनांक 01.10.2023 को थाना आकर आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका स्वंय के खेत ग्राम खैरी खार में है जिसके आसपास इसके गांव के मंशाराम ध्रुव तथा ग्राम कुकदा के कमलेश कोसले का खेत है जिसमें पानी पलाने के लिए पास के खेत वाले मंशाराम ध्रुव ग्राम बेंदरी से विद्युत कनेक्शन लेकर अपने खेत तक सर्विस वायर करीबन 400 मी.लगाया था तथा पास के खेत वाले कमलेश कोसले के बोर पंप में लगे केबल तार 15 मी तथा मंशाराम ध्रुव के खेत में लगे बोर पंप के 15 मीटर केबल वायर को काटकर दिनांक 30.09.2023 को दोपहर करीबन 1.00 बजे से 02.00 बजे के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उक्त सर्विस वायर, केबल वायर को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 510/2023 धारा 379 भादवि कायम कर अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया गया कि मुखबीर से सूचना मिला संदेही दीपक भारद्वाज पिता जेठूराम उम्र 30 साल साकिन कुकदा थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ0ग0 को थाना लाकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करते हुए अपने मेमोरंडम कथन मे चोरी किये 1. एक बण्डल सर्विस वायर 400 मी. 2. केबल वायर 30 मी. को आरोपी अपने घर ग्राम कुकदा में रखना बताया जिसे गवाहो के समक्ष जप्त कर बरामद किया गया आरोपी दीपक भारद्वाज के विरुद्ध अपराध धारा सदर का घटित करना साक्ष्य पाये जाने से आरोपी को दिनांक 02-10-2023 को गिरफतार कर न्यायालय से न्यायिक रिमांड प्राप्त किया गया है।

# मैट्स कंप्यूटर लवन में मनाई गई गांधी जयंती



**लवन,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मैट्स कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र लवन में 2 अक्टूबर को गांधी पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। गांधी जयंती पर डिजिटल पेंटिंग व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने कंप्यूटर के माध्यम से डिजिटल पेंटिंग एवं ड्रॉइंग से पोस्टर बनाया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख श्रीमति कविता साहू ने महात्मा गांधी राष्ट्रपिता के जीवनी पर प्रकाश डाला। सहायक शिक्षक लिकेश छत्रीय ने कहा कि प्रतियोगिता से छात्रों में कलात्मक अभिरुचि का विकास होता हैं छात्रो को जीवन मे सभी कला का ज्ञान होना चाहिये, कंप्यूटर के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बौद्धिक विकास को बढ़ाने इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# स्काउट-गाइड संघ ने मनाई गांधी-शास्त्री जयंती




**सरायपाली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स स्थानीय संघ ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सामूहिक रूप से सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया संरक्षक प्रदीप गुप्ता अध्यक्ष अमृतलाल पटेल, उपाध्यक्ष महेंद्र बाघ, पुरुषोत्तम अग्रवाल, पुष्पलता चौहान, बीईओ एवं पदेन सहायक जिला आयुक्त (स्काउट) प्रकाशचंद्र मांझी, ग्रुप लीडर (स्काउट) प्राचार्य के जुवां सी.एल.पुहुप, साधारण सदस्य प्रतिनिधि सतीश स्वरूप पटेल, प्राचार्य मोहदा टीकमचंद पटेल, पूर्व जिला सचिव शैलेन्द्र कुमार नायक, जिला प्रतिनिधि स्काउटर किशोर कुमार पटेल, सचिव हेमन्त चौधरी, सहसचिव यशवंत कुमार चौधरी, संयुक्त सचिव सविता साहू, स्काउटर बिंदुप्रकाश चौधरी, चक्रधर प्रसाद डडसेना, भोलानाथ नायक, कैलाशचन्द्र पटेल, धर्मेन्द्रनाथ राणा, शाखा प्रभारी निरंजन कोसरिया, विश्वनाथ एवं रोवर मनीष प्रधान, डूलेश साहू, ओमप्रकाश भोई, देवराज सिदार, देवराज मलिक, मनीष दीप, मोनीष साहू, विकास राणा, लीलाधर पटेल, उपेंद्र साहु, आयुष, कौशल साहू, मोहित राणा, प्रेमसागर भोई, रेंजर वैष्णवी साहू, मनिषा राणा, पुष्पांजलि निर्मलकर, सबीना बानो, असलीशा खान, अनीशा नायक, तनीशा नायक सहित रोवर्स रेंजर्स स्काउट गाइड का कार्यक्रम में उपस्थिति एवं सहभागिता रही। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत स्काउटिंग परंपरा अनुसार स्कार्फ से किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा महात्मा गांधीजी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की तैल्य छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया गया तथा हारमोनियम, ढोलक, मंजिरा, तबला की संगत सहित सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया एवं क्रमशः गीतों को लयबद्ध तरीके से गायन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने क्रमशः बापूजी एवं शास्त्री जी के बारे में बताते हुए उनके द्वारा सुझाए गए मार्गों पर चलने और इन महापुरुषों के संदेशों को आत्मसात करने की अपील की गई। सभी ने सामुहिक स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता ही सेवा के बारे में जनजागरुकता अभियान चलाया। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र नायक ने एवं आभार प्रदर्शन यशवंत कुमार चौधरी द्वारा किया गया। उक्त जानकारी स्थानीय संघ के सचिव हेमंत चौधरी द्वारा दिया गया।

# राजमाता खल्लारी देवी की पूजा-अर्चना कर धूमधाम से शुरू हुई कांग्रेस की भरोसा यात्रा



**बागबाहरा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी का भरोसा यात्रा आज सोमवार को प्राचीन देवी एवं पर्यटन स्थल खल्लारी (भीमखोज) से कार्यकर्ताओं एवं नेताओ ने बाजे-गाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए उत्साहपूर्वक भरोसा यात्रा निकाली गई। जहाँ भरोसा यात्रा में निकले पदयात्रियों का गांव-गांव में ग्रामीणों द्वारा जोशीला स्वागत किया गया। कांग्रेस पार्टी के इस भरोसा यात्रा को गांव में देखकर ग्रामीणजन गदगद हो गए। तथा नेताओं का स्वागत सत्कार करने में लग गए। छत्तीसगढ़ शासन के जनकल्याणकारी योजनाओ से प्रभावित होकर लाभान्वित लोगों ने खुशी जाहिर कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आज 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय भरोसा यात्रा की शुरुआत खल्लारी क्षेत्र की राजमाता मां खल्लारी देवी की विधिवत पूजा -अर्चना कर इस यात्रा का शुरूआत की गई। इस भरोसा यात्रा की अगुवाई छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के द्वारा किया गया। तत्पश्चात संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में यह भरोसा यात्रा अपने निश्चित रूट चार्ट पर प्रस्थान हुई। जिसके अंतर्गत खल्लारी से चलकर यह भरोसा यात्रा बागबाहरा के दैहानीभांठा पहुंची। जहाँ से दैहानीभांठा से हरनादादर, नवाडीह, जामगांव, बोकरामुडा, छिंददादर, घोटियापानी होते हुए हाथीबाहरा में इसका समापन किया गया। इस भरोसा यात्रा के दौरान पड़ने वाले गांव में निवास कर रही जनता को राज्य सरकार के द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी न्याय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा अपने विगत 15 वर्षों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़वासियों के साथ किए गए छल कपट की राजनीति के विषय में भी आम जनता को अवगत कराया गया। भरोसा यात्रा के शुभारंभ के दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र चंद्राकर, रवि निषाद, भूपेंद्र ठाकुर, बलविंदर सिंह सलूजा, करण दीवान, संतोष पटेल, तेजन चंद्राकर, बसंता ठाकुर, रामेश्वर चक्रधारी, गणेश शर्मा, दुर्गा सागर, डुमरौतीन ठाकुर, प्रीतम साहू, नवनीत सलूजा, मंता राम यादव, हेमसिंह नायक, लेखराम दीवान, लालाराम मांझी, ईश्वर ध्रुव, नवनीत नाग, नितेंद्र बनर्जी, देवेश साहू, हरिशंकर यादव, दुर्गेश यादव, चंदूलाल साहू, पुष्पेंद्र चंद्राकर, गोपी साहू, मिनेश्वर साहू, उमेश यादव, प्रदीप यादव, हबेलाल यादव, राजेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश चक्रधारी, सेवाराम साहू, केशव साहू, शहजान पाशा, फूलसिंह ध्रुव, परसराम सोनवानी, मयंक शर्मा, रविशंकर साहू, कांति तिवारी, अनुकी सेन, अनमोल छाबड़ा, बंसीलाल चंद्राकर, सतवीर दुआ, राजू चंद्राकर, दामोदर विश्वकर्मा, भक्तराम माँझी, किशोर चतुर्वेदी, राहुल सबर, हेमलाल दीवान, मनहरण गुप्ता, खोमेश साहू, ओमप्रकाश साहू, जीवन निर्मलकर, हीरादास टंडन, राहुल बंछोर, रोहित सिन्हा, आरती नायक, मधु साहू, रेखा साहू, अंजोर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# अब सीताफल के बीज और पत्तियों से जैविक कीटनाशक



**खत्म होगी मैनी, दीमक और चींटी**

**भाटापारा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरसों की खेती की तैयारी कर रहे किसानों के लिए खुशखबरी। सीताफल के बीज और पत्तियों की मदद से खतरनाक कीट मैनी का हमला न केवल रोका जा सकेगा बल्कि समूल खत्म भी किया जा सकेगा।

मैनी। एक ऐसा सूक्ष्म कीट, जो सरसों की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। सब्जी की फसलों पर यदि इसने प्रवेश कर लिया तो फसल को बचा पाना लगभग नामुमकिन ही होता है। दवाइयां तो हैं लेकिन असर न केवल उत्पादन पर होता है बल्कि भूमि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह घटती उर्वरा शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। लिहाजा अनुसंधान में ऐसे जैविक कीटनाशक की खोज में सफलता मिली है, जो इन दुष्प्रभावों से मुक्त है।

**ऐसे बनाएं जैविक कीटनाशक:** बेहद सरल है सीताफल के बीज, पत्तियों और फल से जैविक कीटनाशक बनाना। बीज और पत्तियों को अच्छी तरह सूखा लेना होगा। हरे फल को भी ऐसे ही तेज धूप में सूखाना होगा। सूखने के बाद पीसना होगा। पाउडर का रूप लेने के बाद छानना होगा। 500 ग्राम पाउडर को 20 लीटर पानी में 24 से लेकर 42 घंटे तक रखें। तैयार है जैविक कीटनाशक। स्प्रे के दौरान ध्यान रखें कि छिड़काव पत्तियों और तनों तक हों ताकि जड़ों तक आसानी से पहुंच सके।

**होंगे खत्म ये कीट:** सीताफल के बीज और पत्तियों से बने जैविक कीटनाशक के इस स्प्रे से मैनी, मिलीबग, टरमाइट और चींटी की आबादी नियंत्रण में रखी जा सकेगी। समूल खात्मा में भी इसे सक्षम पाया गया है। दिलचस्प यह कि शत्रु कीट की लगभग हर प्रजाति को रोका जा सकता है।

**जरूरी यह सावधानी:** सीताफल के बीज और पत्तियों से बना यह जैविक कीटनाशक बेहद खतरनाक है। बच्चों और पालतू जानवरों की पहुंच से इसे दूर रखना है। छिड़काव करते वक्त त्वचा पर बूंदें न पड़ें, इसका ध्यान रखना बेहद जरूरी होगा।

सीताफल एक स्वादिष्ट फल होने के साथ-साथ कीटनाशक भी है द्य सीताफल के बीज, पत्तियों, छाल और जड़ों में निहित रसायनों में बहुत प्रभावी कीटनाशक गुण होते हैं द्य सीताफल के बीज में ऐसिटोजेनिन होता है, जिसमें कीटनाशक, तंत्रिका तंत्र प्रभावी एवं जीवाणुनाशक गुण होते हैं द्य

**- अजीत विलियम्स, वैज्ञानिक (वानिकी), बीटीसी कॉलेज आफ एग्रीकल्चर एवं रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# गांधी जयंती, लाल बहादुर जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन



**खरोरा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय खरोरा में आज 2 अक्टूबर को गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक व्याख्याता शाहिना परवीन व श्वेता शर्मा थे। जिसमे प्रात: स्मरामि, सरस्वती वंदना, गुरु महिमा, रामधुन, व्यक्तिगत आस्था प्रार्थना, मौन प्रार्थना, के साथ साथ व्ही शैल ओवरकम, हर देश में तू हर भेष में तू, साथ ही शांति पाठ, सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां 9वी के दिवंगत छात्र केतन बघेल के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई व मौन प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि गांधी जी ने अहिंसा की उद्दात नीति द्वारा विपक्षी को सद्भावना के अस्त्र द्वारा पराजित करके भारत को स्वतंत्रता दिलवाया।

उपप्राचार्य हरीश देवांगन ने कहा महात्मा गांधी के चिंतन की आधारशिला स्वावलंबन थी, इसका व्यवहारिक रूप विकेंद्रीकरण था, अर्थ के क्षेत्र में चरखा उनका प्रतीक था और राजनीति के क्षेत्र में ग्राम पंचायत उनके विकेंद्रीकरण की इकाई थी, दोनो को मिलाकर आत्मनिर्भर की परिकल्पना की थी।

व्याख्याता पी देवांगन के कहा कि गांधी जयंती की व्यक्तित्व कृतित्व उनकी तपस्या, उनकी स्वच्छता संबंधी जागरूकता की हमे सीखने की जरूरत है, इस कार्यक्रम में, बच्चो द्वारा महात्मा गांधी की जीवनी पर, एवम साथ ही साथ स्वच्छता पर नाटक की प्रस्तुति भी की गई।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, पी देवांगन व्याख्याता शाहिना परवीन (व्याख्याता), श्वेता शर्मा (व्याख्याता),, डी. एस.यादव, एम.के.साहू, योगेंद्र त्रिपाठी, आर.के.वर्मा, अमर बर्मन एवं हिंदी एवम अंग्रेजी माध्यम के सैकड़ों छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

# गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत व स्वच्छता ही सेवा का संदेश






**नवापारा** - राजिम, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पारागांव में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब ने संयुक्त रूप से एक दिवसीय शिविर लगाया। शिविर के प्रथम सत्र में सद्भावना रैली निकालकर लोगों को च्स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारतज्ञ एवं च्स्वच्छता ही सेवा हैज्ञ का संदेश दिया। चौक - चौराहों पर नुक्कड़ नाटक, नृत्य, गीत एवं प्रहसन के माध्यम से अशिक्षा, स्वरोजगार एवं नशामुक्ति पर स्वयंसेवकों ने अपनी प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरवर रात्रे (सरपंच), प्यारे लाल रात्रे (सचिव), लक्ष्मी नाथ बांसवार (सेवानिवृत्त व्याख्याता), रोहित बांसवार, अविनाश शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर.के. रजक सहित सैकड़ों ग्रामीणों व स्वयंसेवकों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही च्स्वच्छता ही सेवा हैज्ञ का शपथ लिया।

दूसरे सत्र में शिविरार्थियों के दल ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा की समझाइश दी, साथ ही लोगों से आह्वान किया कि कही भी गंदगी नजर आए तो उसे जलाकर नष्ट करें गांधी जी के विचारों पर मंथन करते हुए लक्ष्मी नाथ बांसवार ने कहा कि वर्तमान सरकार कुपोषण पर विशेष ध्यान दें रही है। हजारों - लाखों लोग इस मिशन में लगे है। हमारे युवा पीढ़ी इसे अपना कर्तव्य मान कर जन - जन तक पहुंचा रहे हैं। गिरवर रात्रे ने कहा कि स्वयंसेवक प्रति वर्ष हमारे गांव में आते है और एक नया संकल्प देकर जाते है। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा का संकल्प दिलाए है। रोहित बांसवार एवं अविनाश शर्मा ने संयुक्त रूप से स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि आज सभी आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लें। सरकार के द्वारा चलाये जा रहे स्वरोजगार योजना से सीख लेकर आगे बड़े स्वच्छता से निजात पाने के लिए इसे प्रथम कर्तव्य मानते हुए, गांधी जी के सोच को आत्मसात करते हुए एक मिशन बनाकर अभियान चलायें। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर.के. रजक ने कहा कि आज पूरे विश्व में गांधी जी के विचारधारा अप्रासंगिक होते हुए जरूरी नजर आ रहे है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक ठाकुर राम साहू, रोहित साहू, विकास साहू, रेखचंद साहू, खिलेश साहू, राजेश्वर ढीढी, रंजित राय एवं दीपक साहू, विनय, परमानंद, डिकेश, अगेश, साक्षी, क्षमा, डाली, देविका, सहित महाविद्यालय के 87 स्वयंसेवको की उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन मितेश साहू, आभार प्रदर्शन धनेंद्र साहू ने किया।